आज
३.००
तीन रुपये मात्र

# आज

गौरवशाली परम्परा

१०७ वर्ष

तकनीक का गलत इस्तेमाल यौन उत्पीड़न जैसा
जान्हवी कपूर



वाराणसी, शनिवार १० अक्तूबर, २०२६ सौर २४, आश्विन कृष्ण ३०, २०८३ वि.। वाराणसी, गोरखपुर, प्रयागराज ( रीवा संस्करण ), कानपुर ( झांसी संस्करण ), लखनऊ, आगरा, बरेली, हल्द्वानी, पटना ( कोलकाता संस्करण ), रांची ( धनबाद संस्करण ) तथा जमशेदपुर से प्रकाशित * काशी संस्करण पृष्ठ १२, मूल्य ३.०० रुपये

# नरेन्द्र मोदी इंटरनेशनल एयरपोर्ट हुआ जेवर हवाई अड्डेका नाम

## यूपी कैबिनेटका फैसला : उज्जवला लाभार्थियों को अब निःशुल्क दो सिलेंडर



लखनऊ (आससे)। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट, जेवर अब 'नरेन्द्र मोदी इंटरनेशनल एयरपोर्ट' के नाम से जाना जायेगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में शुक्रवार को हुई उत्तर प्रदेश कैबिनेट की बैठक में एयरपोर्ट के नामकरण का प्रस्ताव पारित किया गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सार्वजनिक जीवन में 25 वर्ष पूरे होने के अवसर पर लिए गये इस निर्णय को मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री के प्रति प्रदेश सरकार की कृतज्ञता और उत्तर प्रदेश के विकास में उनके मार्गदर्शन एवं योगदान के सम्मान का प्रतीक बताया। कैबिनेट बैठक के बाद आयोजित प्रेस वार्ता में मुख्यमंत्री ने बताया कि कैबिनेट ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष पूरे होने पर अभिनंदन प्रस्ताव भी पारित किया है। 7 अक्टूबर को ( शेष पृष्ठ नौ पर )

### राज्य कर्मचारियों के लिए योगी सरकार की बड़ी सौगात

लखनऊ (आससे)। योगी सरकार ने प्रदेश के राज्य कर्मचारियों के कल्याण और उनके परिवारों की सामाजिक एवं आर्थिक सुरक्षा को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की है। सचिवालय प्रशासन विभाग, उत्तर प्रदेश शासन और एक्सिस बैंक के बीच एमओयू किया गया है। इसके तहत प्रदेश के राज्य सरकारी कर्मचारियों के लिए विशेष रूप से तैयार सैलरी अकाउंट के साथ कई अतिरिक्त सुरक्षात्मक और कल्याणकारी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। एमओयू के तहत पात्र राज्य कर्मचारियों को एक करोड़ रुपये तक का व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा कवर उपलब्ध होगा। इससे आकस्मिक परिस्थितियों में कर्मचारी और उनके परिवार ( शेष पृष्ठ नौ पर )

# मैं कारोबार नहीं, एकाधिकार के खिलाफ-राहुल गांधी

नयी दिल्ली (आससे)। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने शुक्रवार को कहा कि भारत में ऐसा माहौल होना चाहिए, जहां हर कारोबार को प्रतिस्पर्धा करने का उचित अवसर मिले। उन्होंने कहा कि कांग्रेस राजनीतिक संरक्षण वाले पूंजीवाद की व्यवस्था को खत्म करने, नवाचार और मेहनत पर आधारित अर्थव्यवस्था बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। राहुल गांधी का यह बयान अमेरिकी कारोबारी एलन मस्क के साथ सोशल मीडिया मंच एक्स पर हुई बातचीत के एक दिन बाद आया है। मस्क ने स्टारलिंक की सैटेलाइट इंटरनेट सेवाओं को लेकर चल रहे विवाद के बीच सवाल उठाया था कि क्या रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी भारत के असली बॉस हैं। राहुल गांधी ने गुरुवार को मस्क की पोस्ट पर जवाब देते हुए कहा था भारत में आपका स्वागत है, एलन। दूसरे शख्स के बारे में जानने के बाद इंतजार कीजिए। इसके एक दिन बाद राहुल गांधी ने अपने व्हाट्सएप चैनल पर एक अन्य पोस्ट में कहा कि भारत को ऐसे समान अवसर वाले माहौल की जरूरत है, जहां हर कारोबार को प्रतिस्पर्धा करने का उचित मौका मिले। उन्होंने कहा कांग्रेस पार्टी और मैं क्रोनी कैपिटलिज्म की इस व्यवस्था को तोड़ने और ऐसी अर्थव्यवस्था बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं, जो नवाचार और कड़ी मेहनत से आगे बढ़े, न कि राजनीतिक संरक्षण से। राहुल गांधी ने इस पोस्ट के साथ एक वीडियो भी साझा किया। इसमें एलन मस्क के साथ उनकी बातचीत के अंश शामिल थे। वीडियो में राहुल गांधी कहते हैं, मैं कारोबार के खिलाफ नहीं हूं, मैं एकाधिकार के खिलाफ हूं। स्टारलिंक की सैटेलाइट ( शेष पृष्ठ नौ पर )



### मस्क को न्योता देने के बाद दिया बयान

# प्रदर्शनसे पूर्व छावनी बनी दिल्ली, राज्यकी सीमाओंपर अलर्ट




नयी दिल्ली (आससे)। दिल्ली पुलिस मुख्यालय में 10 अक्तूबर को जंतर मंतर पर सीजेपी के प्रदर्शन के आह्वान से पहले एक उच्च-स्तरीय बैठक हुई। वहीं दिल्ली से लेकर एनसीआर तक सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। नोएडा, गाजियाबाद और फरीदाबाद के बॉर्डर पर पुलिस ने चौकसी बढ़ा दी है। जहां मेट्रो स्टेशन बंद रहेंगे तो वहीं ट्रेनों को कैंसिल कर दिया गया है। इसके अलावा बॉर्डरों पर बैरिकेट्स भी लगाए जा रहे हैं। ऐसे में पूरी दिल्ली को छावनी में तब्दील कर दिया गया है। पूर्वोत्तर दिल्ली के पुलिस उपायुक्त राहुल अलवाल ने युवाओं से उन स्थानों पर प्रदर्शन न करने का आग्रह किया जहां अनुमति नहीं मिली है। उन्होंने मस्जिदों और मौलवियों से भी इस संदेश को फैलाने की अपील की। दिल्ली पुलिस ने जंतर मंतर पर सीजेपी प्रदर्शन के मद्देनजर विशेष सुरक्षा व्यवस्था की है। कनॉट प्लेस में शनिवार को संभावित विरोध-प्रदर्शन को देखते हुए कनॉट प्लेस के सभी दुकानदारों, कार्यालयों और रेस्तरां संचालक एहतियातन अपने प्रतिष्ठान बंद रखेंगे। कारोबारियों ने शनिवार को किसी अप्रिय स्थिति से बचने और ( शेष पृष्ठ नौ पर )

### प्रदर्शनको लेकर सुप्रीमकोर्ट सख्त, कहा-पूर्वी दिल्लीमें पूरी तरह बन्द नहीं होगी मेट्रो सेवाएं

नयी दिल्ली (आससे)। सुप्रीम कोर्ट ने 10 अक्टूबर को प्रस्तावित प्रदर्शन से पहले दिल्ली में मेट्रो और अन्य रेल सेवाएं पूरी तरह बंद नहीं करने का निर्देश दिया है। शीर्ष अदालत ने केंद्र सरकार से कहा कि सेवाओं का नियंत्रित संचालन जारी रखा जाए, ताकि आम लोगों को परेशानी न हो। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची तथा न्यायमूर्ति वी. मोहना की पीठ ने शुक्रवार को यह आदेश दिया। यह प्रदर्शन मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार की जवाबदेही तय करने की मांग को लेकर कॉक्रोच जनता पार्टी (सीजेपी) ने प्रस्तावित किया है। सुनवाई के दौरान सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने आश्वासन दिया कि अधिकारी प्रतिबंधों पर पुनर्विचार करेंगे और मेट्रो व रेल सेवाओं को नियंत्रित तरीके से चलाने की अनुमति देंगे। इस पर अदालत ने स्पष्ट किया कि ( शेष पृष्ठ नौ पर )

# यूपीमें राज्यसभाके सभी उम्मीदवार निर्विरोध जीते

लखनऊ (आससे)। उत्तर प्रदेश की 10 राज्यसभा सीटों पर भाजपा के आठ और समाजवादी पार्टी के दो उम्मीदवार निर्विरोध निर्वाचित हो गये हैं। नामांकन पत्रों की जांच में दो निर्दलीय उम्मीदवारों



### भाजपा को आठ, सपा को दो सीटोंपर सफलता

के पर्चे खारिज होने और नाम वापसी की अंतिम तिथि तक किसी के पीछे न हटने से 10 सीटों के लिए ठीक 10 वैध उम्मीदवार रह गये। इसके चलते 16 अक्तूबर को निर्धारित मतदान की जरूरत नहीं पड़ी। भाजपा के निर्वाचित सदस्यों में राज्य मंत्री धर्मपाल सिंह, पार्टी के ओबीसी मोर्चा प्रमुख प्रकाश पाल, श्रुति गंगवार, विद्यासागर सोनकर, प्रियंका सिंह रावत, राधाकांत ओझा, गोपी कृष्ण पांडेय और राम प्रताप सिंह चौहान शामिल हैं। सपा की ओर से वरिष्ठ नेता राम गोपाल यादव और रिलायंस इंडस्ट्रीज के कार्यकारी धनराज परिमल नथवानी चुने गये। इन सीटों पर मौजूदा सदस्यों का कार्यकाल 25 नवम्बर को समाप्त हो रहा है। खाली हो रही 10 सीटों में से आठ भाजपा, एक सपा और एक बसपा के पास थीं। विधानसभा के मौजूदा संख्याबल के ( शेष पृष्ठ नौ पर )

### कच्छमें ट्रक-पिकअपकी टक्कर में सातकी मौत

भुज (एजेंसी)। गुजरात के कच्छ जिले में शुक्रवार तड़के एक ट्रक और पिकअप वाहन बोलेरो कैंपर की आमने-सामने टक्कर हो गयी जिससे सात मजदूरों की मौत हो गयी, जबकि 20 से ज्यादा लोग घायल हो गये। इनमें छह लोग सीतापुर जिले के निवासी हैं। हादसे की सूचना मिलते ही मृतकों के गांवों में शोक की लहर दौड़ गयी। जानकारी के अनुसार, रामपुर मथुरा क्षेत्र के बिंद्रा पुरवा निवासी कुलदीप और संदीप, दहला निवासी दिनेश और अनिल, बरूवा बेहड़ा निवासी अनूप तथा खनेवा निवासी देशराज की हादसे में मौत हुई है। पुलिस के मुताबिक, हादसा खावड़ा के पास स्थित रिन्यूएबल एनर्जी पार्क के अंदर सुबह करीब तीन से चार बजे के बीच हुआ। खावड़ा पुलिस थाने के उपनिरीक्षक एमबी चावड़ा के मुताबिक, ट्रक और बोलेरो कैंपर (पिकअप वाहन) विपरीत दिशाओं से आ रहे थे। इसी दौरान दोनों की आमने-सामने टक्कर हो गयी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बोलेरो कैंपर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।

# विपक्ष ने राष्ट्रपति को सौंपा वोट चोरीका ज्ञापन

नयी दिल्ली (आससे)। इंडिया गठबंधन के नेताओं ने शुक्रवार को राष्ट्रपति से मुलाकात कर वोट चोरी के आरोपों पर ज्ञापन सौंपा और देश में दोबारा बैलट पेपर से चुनाव कराने की मांग की। विपक्षी नेताओं ने आरोप लगाया कि मोदी, शाह और मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार मिलकर लोकतंत्र को खत्म कर रहे हैं। उन्होंने राष्ट्रपति से मामले में कार्रवाई की मांग की।कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि पिछले चार दिनों से चल रहे वोट चोरी विरोधी आंदोलन के बारे में राष्ट्रपति को जानकारी दी गई है। राष्ट्रपति ने सबूत मांगे हैं, जिन्हें एकत्र कर सौंप दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि राष्ट्रपति ने उन्हें आश्वासन दिया है। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा कि राष्ट्रपति ने अपने स्तर पर मामले की जांच करने की बात कही है। उन्होंने भी सबूत मांगे हैं। ममता ने दावा किया कि इंडिया गठबंधन देश के 60 प्रतिशत से अधिक लोगों का प्रतिनिधित्व करता है।



### बैलट से चुनाव कराने की मांग

### बंगालमें एसआईआर की १.७० लाख अपीलें लंबित, सुनवाई १६ को

नयी दिल्ली (आससे)। पश्चिम बंगाल में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) से जुड़ी करीब 1.70 लाख अपीलें लंबित हैं। सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में 16 अक्टूबर को सुनवाई करने का आश्वासन दिया है। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ताओं ने अदालत को बताया कि नवंबर में राज्य के कई नगर निगमों में चुनाव होने हैं, इसलिए लंबित अपीलों का जल्द निपटारा जरूरी है। पश्चिम बंगाल सरकार के अनुसार, पिछले छह महीनों में करीब 1.20 लाख मामलों का निपटारा किया गया है। याचिकाकर्ताओं के वकील गोपाल शंकरनारायणन ने बताया कि मतदाता सूची में नाम जोड़ने से संबंधित एक लाख से अधिक अपीलों पर फैसला हो चुका है। इनमें करीब 93 प्रतिशत आवेदकों को पात्र पाया गया है। सुप्रीम कोर्ट ने नगर निगम चुनावों को देखते हुए संबंधित क्षेत्रों में नाम जोड़ने की अपीलों को प्राथमिकता देने पर भी विचार किया।

# सीजेपी के विरोधमें उतरी 'लाल हिट जनता पार्टी'

नयी दिल्ली (आससे)। जंतर-मंतर पर 10 अक्टूबर को कॉक्रोच जनता पार्टी (सीजेपी) के प्रस्तावित प्रदर्शन से पहले शुक्रवार को जनपथ पर 'लाल हिट जनता पार्टी' के बैनर तले कुछ लोगों ने प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ कथित आपत्तिजनक नारों और दिल्ली पुलिस से अभद्रता का विरोध करते हुए दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। 'लाल हिट' नाम का इस्तेमाल कॉक्रोच जनता पार्टी पर व्यंग्यात्मक पलटवार के तौर पर किया गया। प्रदर्शन में शामिल अयान भटनागर ने कहा कि प्रधानमंत्री, जवानों, नायकों और दिल्ली पुलिस के खिलाफ अपमानजनक भाषा बर्दाश्त नहीं की जानी चाहिए। उन्होंने ऐसे लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। गौरतलब है कि सीजेपी ने 10 अक्टूबर को मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ( शेष पृष्ठ नौ पर )




### मोदीके समर्थनमें प्रदर्शन

### मंदिर पुजारी की पीट-पीटकर हत्या

सोनीपत (एजेंसी)। सोनीपत जिले के गांव कथूरा में एक देवी मंदिर के पुजारी सचिन की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। यह घटना भाई के साथ अभद्रता की अफवाहों के चलते हुई। पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, 25 वर्षीय सचिन पिछले तीन साल से कथूरा गांव के देवी मंदिर में पुजारी के तौर पर रह रहा था। रविवार को, भाई के साथ अश्लील अफवाहों के चलते कुछ लोगों ने कथित तौर पर सचिन को बेरहमी से पीटा। मारपीट के बाद सचिन गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलने पर चिकित्सक पहुंचे, जिन्होंने सचिन को मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही बरोदा पुलिस और फॉरेंसिक साइंस लेबोरेटरी (एफएसएल) की टीम मौके पर पहुंच गई और सबूत जुटाने का काम शुरू कर दिया। कैथल जिले के गांव रोहेड़ा निवासी भाई अमन ने पुलिस में प्राथमिकी दर्ज कराई है, जिसमें अज्ञात लोगों पर हत्या का आरोप लगाया गया है।

# उपचुनाव : बंगालमें भाजपा-तमिलनाडुमें टीवीके को दो-दो सीट

नयी दिल्ली (आससे)। प. बंगाल, तमिलनाडु, पुडुचेरी की 5 विधानसभा सीटों और असम की एक लोकसभा के उपचुनाव के नतीजे शुक्रवार को आ गए। पश्चिम बंगाल की नंदीग्राम और रेजीनगर सीटें भाजपा ने जीत ली है। वहीं तमिलनाडु की दो सीटों पर टीवीके ने कब्जा किया।उधर, पुडुचेरी की एक विधानसभा सीट पर एनडीए ने जीत हासिल की। वहीं, असम के नगांव लोकसभा सीट पर भाजपा आगे चल रही है। नंदीग्राम सीट पर बजेपी प्रत्याशी हसीरानी रथ 122753 वोटों से जीत गईं हैं। उन्हें कुल 164427 वोट मिले। हसीरानी ने इस सीट पर सीएम शुभेंदु अधिकारी का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। हसीरानी ने 1,22,753 वोटों के अंतर से जीत दर्ज की। यह 1967 के सीट के अस्तित्व में आने के बाद जीत का सबसे बड़ा अंतर है। इससे पहले सबसे बड़ी जीत का रिकॉर्ड 2016 में शुभेंदु अधिकारी के नाम था। तब उन्होंने टीएमसी के टिकट पर सीपीआई के अब्दुल कबीर शेख को 81,230 वोटों से हराया था।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ( शेष पृष्ठ नौ पर )

### असम लोस चुनावमें भाजपा जीती, पुडुचेरीमें एनडीए प्रत्याशी विजयी

### अमेठी : दो बाइकोंकी टक्करमें तीनकी मौत

अमेठी (एजेंसी)। उत्तर प्रदेश के अमेठी जिले में शुक्रवार को भीषण सड़क हादसा हो गया। गौरीगंज क्षेत्र में टांडा-बांदा मार्ग पर बनी के पास दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर हो गयी। हादसे में बाइक सवार तीन लोगों की मौत हो गयी। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक, दोनों बाइकों की टक्कर इतनी जोरदार थी कि तीन लोगों की जान चली गयी। हादसे में जान गंवाने वालों की अभी पहचान नहीं हो सकी है। घटना की जानकारी मिलने के बाद संबंधित अधिकारी मामले की जानकारी जुटा रहे हैं। मृतकों की पहचान और हादसे के कारणों को लेकर विस्तृत जानकारी का इंतजार है।

# भारतवंशी नवी पिल्लईको शांति का नोबेल पुरस्कार

नार्वे (एजेंसी)। दक्षिण अफ्रीका की जानी-मानी न्यायविद् नवनीनम 'नवी' पिल्लई को वर्ष 2026 का नोबेल शांति पुरस्कार दिया गया है। यह घोषणा नॉर्वे की राजधानी ओस्लो में की गई। उन्हें शांति और अंतरराष्ट्रीय कानून को



### युद्ध अपराधों में न्याय दिलाने के लिए चुनी गयीं नवनीतम

बढ़ावा देने के प्रयासों के लिए यह सम्मान दिया गया है। नवी पिल्लई ने अपने लंबे करियर में अंतरराष्ट्रीय कानून के दायरे और प्रभाव को व्यापक बनाने में ऐतिहासिक भूमिका निभाई है। रवांडा के अंतरराष्ट्रीय न्यायाधिकरण में जज रहते हुए उनके प्रभाव से ही यह अभूतपूर्व कानूनी सिद्धांत स्थापित हुआ कि दुष्कर्म और यौन हिंसा को मानवता के खिलाफ अपराध और नरसंहार का ( शेष पृष्ठ नौ पर )




# धोखेबाजी का खेल, शिक्षा विभाग स्वयं में फेल

## इण्टर फेल इण्टर कालेज में बन गया शिक्षक

गाजीपुर (ह.स.)। जिले में शिक्षा विभाग में एक ऐसे फर्जीवाड़ा की पोल खुली है जिसमें इन्टरमीडिएट फेल व्यक्ति इण्टर कालेज में एलटी ग्रेड में शिक्षक की नौकरी करता रहा। शिक्षा अधिकारी, विद्यालय के प्रबन्धक और उस धोखेबाज ने मिलकर कूटरचित कागजातों के आधार पर नौकरी हासिल कर ली और विद्यालय में विद्यार्थियों को पढ़ाता रहा। अब फ्राड का पर्दाफाश होने पर उस मामले से जूड़े लोग जवाबदेही से बचते नजर आ रहे हैं। यह आरोप लगाया है जिले के मरदह क्षेत्र के बरही गांव निवासी अंगद सिंह यादव पुत्र स्व.सर्वदेव सिंह यादव ने। उन्होंने बाकायदे हलफनामा देकर, फर्जीवाड़े से जूड़े सारे कागजातों के




साथ उत्तर प्रदेश शासन तथा अपर सचिव माध्यमिक शिक्षा परिषद क्षेत्रीय कार्यालय वाराणसी को प्रेषित कर दोषी शिक्षक तथा इस मामले में लिप्त लोगों के विरुद्ध विधिक कार्यवाही की मांग उठाई है। उन्होंने कहा कि यथोचित कार्रवाई न करने तथा आरटीआई में मांगी गयी सूचनाएं उपलब्ध न कराने पर अंगद यादव ने राज्य सूचना आयोग लखनऊ का दरवाजा खटखटाया और तथ्यों सहित अपील दाखिल की। आयोग के विद्वान न्यायाधीश सुधीर कुमार सिंह ने अपील संख्या एस -2 /0344/ए2025 में जिला विद्यालय निरीक्षक गाज़ीपुर को आयोग के समक्ष स्वयं उपस्थित होकर सूचना उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। इसके बावजूद जिला विद्यालय निरीक्षक गाज़ीपुर द्वारा सूचनाएं उपलब्ध नहीं कराई गईं। तब प्रतिवादी जिला विद्यालय निरीक्षक गाज़ीपुर द्वारा अपीलकर्ता को सूचनाएं न उपलब्ध कराने पर उनके विरुद्ध सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 की धारा 20(1) के तहत पच्चीस हजार रुपए का अर्थदण्ड भी अधिरोपित किया तथा निबन्धक उत्तर ( शेष पृष्ठ नौ पर )

### गड्ढे भरे पानी में डूबकर दो सगे भाइयों की मौत

मनेर (पटना)(आससे)। पटना जिले के मनेर थाना क्षेत्र के सादिकपुर गांव में शुक्रवार को एक दर्दनाक हादसे में दो सगे भाइयों की डूबने से मौत हो गई। सोन नदी में आई बाढ़ के पानी से भरे एक गड्ढे में नहाने के दौरान तीन बच्चे डूबने लगे। ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए एक बच्चे को बचा लिया, लेकिन दोनों भाइयों को नहीं बचाया जा सका। इस घटना से पूरे गांव में शोक की लहर है। मृतकों की पहचान चंदन कुमार पासवान के पुत्र डब्लू कुमार (10) और बबलू कुमार (12) के रूप में हुई है। ग्रामीण तैराकों की मदद से दोनों के शव पानी से बाहर निकाले गए। एक ही परिवार के दो बच्चों की मौत से परिजनों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है।

यहां भी पढ़ें
-:Website:-
www.ajhindidaily.com
-:For e-Paper:-
www.ajhindidaily.com/

### मौसम

सूर्योदय : ०५.५३
सूर्यास्त : ०५.३६

तापमान
अधि. : ३१.०
न्यून. : २२.०

# भागते समय मंगई नदी में लापता का शव बरामद

मोहम्मदाबाद, गाजीपुर। नोनहरा चक कमरैरा गांव में पैमाइश को लेकर पुलिस प्रशासन और ग्रामीणों के बीच हुई मारपीट के बाद भागते समय मगई नदी में लापता हुए बाबूराम उर्फ विक्की का शव शुक्रवार की सुबह करीब पांच बजे सम्मनपुर नदी से बरामद हो गया। घटना को लेकर गांव में आक्रोश व्याप्त है। बताया जा रहा है कि पिछले दिनों 7 अक्टूबर को पैमाइश के दौरान पुलिस प्रशासन और ग्रामीणों के बीच जमकर मारपीट हुई थी। इसी विवाद के दौरान भागते समय बाबूराम उर्फ विक्की मगई नदी में जा गिरा और लापता हो गया था। इस घटना के बाद से ही क्षेत्र में तनातनी का माहौल बना हुआ था।शव मिलने की सूचना मिलते ही ग्रामीणों और महिलाओं में आक्रोश फूट पड़ा। ग्रामीणों ने शव को लेकर धरना-प्रदर्शन शुरू कर दिया। मौके पर भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। एसपी ग्रामीण और एडीएम (वित्त एवं राजस्व) वेद सिंह चौहान मौके पर पहुंचे और प्रदर्शनकारियों को समझाने-बुझाने में जुटे हैं। प्रशासनिक अधिकारी ग्रामीणों को शांत कराने और मामले की निष्पक्ष जांच का भरोसा दिलाने का प्रयास कर रहे हैं। पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है।

## भाजपा नेता को जान से मारने की धमकी, प्राथमिकी दर्ज

करीमुद्दीनपुर/गाजीपुर। अंसारी परिवार को लेकर की गई टिप्पणी के बाद राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है। भाजपा नेता मनोज राय को फोन पर गाली-गलौज करने और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़ित की तहरीर पर करीमुद्दीनपुर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, करीमुद्दीनपुर थाना क्षेत्र के जोगा मुसाहिब निवासी भाजपा नेता मनोज राय ने पुलिस को दी गई शिकायत में बताया कि सात अक्टूबर की देर रात करीब 12:09 बजे उनके मोबाइल पर एक अज्ञात व्यक्ति का फोन आया। फोन करने वाले ने अंसारी परिवार के संबंध में उनकी टिप्पणी वाले वीडियो पर आपत्ति जताई। आरोप है कि बातचीत के दौरान फोन करने वाले ने उनके साथ गाली-गलौज की और गंभीर परिणाम भुगतने के साथ जान से मारने की धमकी दी।घटना के बाद मनोज राय ने करीमुद्दीनपुर थानाध्यक्ष को फोन से सूचना दी। इसके बाद लिखित तहरीर देकर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। घटना के बाद क्षेत्र में राजनीतिक चर्चाएं तेज हो गई हैं। फिलहाल पुलिस आरोपी की पहचान और मामले से जुड़े तथ्यों की पड़ताल कर रही है। धमकी दिए जाने के आरोपों की पुष्टि जांच और साक्ष्यों के आधार पर होगी।



ग्रामीणों द्वारा सड़क पर शव रखकर जाम लगाने का दृश्य। छाया:आज

## प्रचार अभियान शुरू

बरही, गाजीपुर। विधानसभा वाराणसी मिर्जापुर स्नातक खंड के समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी आशुतोष सिन्हा के प्रचार अभियान में आज मरदह ब्लॉक के कई गांव में भ्रमण किया गया जिस समय मुख्य रूप से चुनाव के जिला प्रभारी विधान परिषद के सदस्य पद के पूर्व प्रत्याशी नन्हकू यादव जी शिक्षक संघ के मंडल प्रभारी श्री सूर्यनाथ यादव प्रधानाचार्य पूर्व प्रत्याशी महेंद्र चौहान जी पूर्व जिला पंचायत सदस्य राम नारायण यादव की श्री पप्पू लाल श्रीवास्तव जी श्री जयप्रकाश यादव जेपी श्री ओम प्रकाश यादव श्री सुबब्न राजभर श्री जितेन्द्र राम श्री मुलायम यादव जी श्री विनोद यादव शिवपाल यादव प्रधान श्री चंद्रभान यादव प्रधान मुन्ना प्रधान श्री अकालू प्रधान जी शामिल रहे।




एमएलसी निर्वाचन की समीक्षा करते डीएम। छाया:आज

## डीएम की मौजूदगी में एनआईसी में हुई प्रक्रिया

गाजीपुर। एमएलसी निर्वाचन-2026 को निष्पक्ष, पारदर्शी और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन ने चुनावी तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में शुक्रवार को एनआईसी कार्यालय में माइक्रो ऑब्जर्वर और मतदान कार्मिकों का प्रथम रैंडमाइजेशन कराया गया। प्रात: 10 बजे एनआईसी कार्यालय में एडीआईओ, एनआईसी की ओर से रैंडमाइजेशन की प्रक्रिया पूरी की गई। इस दौरान जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अनुपम शुक्ला तथा मुख्य विकास अधिकारी और प्रभारी अधिकारी कार्मिक आलोक प्रसाद मौजूद रहे। इसके अलावा एडीईओ निर्वाचन और परियोजना निदेशक, जिला ग्राम्य विकास अभिकरण भी उपस्थित रहे। निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप चुनाव की तैयारियों को आगे बढ़ाया जा रहा है। मतदान प्रक्रिया को सुचारु रूप से संपन्न कराने के लिए कार्मिकों और माइक्रो ऑब्जर्वर के रैंडमाइजेशन को महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

## जर्जर खड़ंजा मार्ग टूटने से आने जाने में परेशानी

जखनिया,गाजीपुर । उत्तरी केबिन के पूर्वी क्षेत्र के रेलवे सड़क से तहसील की ओर जाने वाला खड़ंजा मार्ग लंबे समय से टूट कर परेशानी का सबब.बन है । मार्ग की ईंटें उखड़ गयी रास्ता टूट गया है,। जिससे लोगों का आवागमन कठिन हो गया है। रात के समय स्थिति और भी गंभीर हो जाती है। अंधेरे में टूटे-फूटे मार्ग पर दुर्घटना का खतरा बना रहता है। गिरकर लोग.चोटिल हो रहे है। मार्ग की दुर्दशा को देखते हुए तहसी बिकास संघर्ष समिति के अध्यक्ष देवनारायण सिंह ने खंड विकास अधिकारी कौतुभ मणि पाठक को पत्रक सौंपकर आरसीसी सड़क का निर्माण कराने की मांग की।

## खाद्य सुरक्षा टीम ने दुकान से घी, नमकीन का लिया नमूना

नंदगंज-गाजीपुर। नंदगंज बाजार में विगत दिवस को खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम के पहुंचते ही ऐसा नजारा देखने को मिला, मानो बाजार में कोई बड़ी आफत आने वाली हो। टीम के कदम बाजार में पड़े नहीं कि किराना और मिठाई की दुकानों के शटर धड़ाधड़ गिरने लगे। कुछ ही देर में बाजार की तस्वीर बदल गई। जो दुकानें अभी तक ग्राहकों से गुलजार थीं, वहां अचानक सन्नाटा पसरने लगा। देखने वालों को पहले तो समझ में ही नहीं आया कि आखिर माजरा क्या है, लेकिन थोड़ी देर बाद पता चला कि खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम खाद्य पदार्थों के नमूने लेने आई है। इसके बाद तो बाजार में मानो 'शटर गिराओ, मुसीबत भगाओ' का अघोषित अभियान चल पड़ा। दुकानदार एक-दूसरे की देखा-देखी अपनी दुकानें बंद करने लगे। चर्चा रही कि बाजार के कुछ बड़े किराना कारोबारियों को ऐसी टीमों के आने की खबर पहले ही मिल जाती है। लिहाजा वे समय रहते अपनी दुकान बंद कर लेते हैं। फिर छोटे दुकानदारों और मिठाई विक्रेताओं में भी शटर गिराने की होड़ मच जाती है। हालांकि, इस बार पारस गली स्थित दीपक गुप्ता की एक किराना दुकान टीम को खुली मिल गई। फिर क्या था, टीम सीधे दुकान में जा धमकी। करीब आधे घंटे तक खाद्य पदार्थों की एक्सपायरी डेट सहित अन्य सामानों का निरीक्षण करते हुए इसे वापस करने का निर्देश दिया। इसके बाद घी तथा नमकीन का नमूने लिये गये।इसके बाद टीम आगे चली गई।

## ट्रैक के सुदृढ़ीकरण और मेंटेनेंस का कार्य जारी

जमानियां,गाजीपुर। ट्रेनों के सुरक्षित एवं सुगम संचालन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से रेल प्रशासन द्वारा रेलवे ट्रैक के सुदृढ़ीकरण और मेंटेनेंस का कार्य लगातार चलाया जा रहा है। इसी क्रम में दिलदारनगर प्रभाग के अंतर्गत समपार फाटक गेट संख्या 88/ए की अप लाइन पर इंजीनियरिंग विभाग द्वारा व्यापक स्तर पर ट्रैक अनुरक्षण कार्य कराया गया। यह संपूर्ण कार्य वरिष्ठ प्रशाखा अभियंता (रेल पथ) दिलदारनगर, दिलीप कुमार के प्रत्यक्ष निरीक्षण और देखरेख में संपन्न हुआ।मेंटेनेंस कार्य के लिए विभाग द्वारा पूर्वाह्न 11:35 बजे से दोपहर 1:05 बजे तक विधिवत ट्रैफिक ब्लॉक लिया गया था।

## कूड़े का अंबार लगाने और संक्रामक बीमारी फैलने की आशंका

जमानियां,गाजीपुर। कोतवाली अंतर्गत काशीराम आवासीय कालोनी पटखौलिया में कूड़े का अंबार लगाने और संक्रामक बीमारी फैलने की आशंका के मामले में पुलिस ने नगर पालिका चेयरमैन, अधिशासी अधिकारी व सफाई कर्मियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। प्रभारी निरीक्षक योगेंद्र सिंह ने बताया कि हल्का लेखपाल विनीत सिंह की तहरीर के आधार पर नगर पालिका अध्यक्ष जयप्रकाश गुप्ता, अधिशासी अधिकारी संतोष कुमार, सफाई कर्मी रमेश राम तथा अन्य अज्ञात कर्मचारियों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता के विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। प्रभारी निरीक्षक योगेंद्र सिंह ने बताया कि काशीराम आवासीय कालोनी के निवासियों नूर मोहम्मद, नागेन्द्र राम, सोनी, उषा देवी आदि ने उपजिलाधिकारी के जनता दर्शन में प्रार्थना पत्र देकर शिकायत की थी कि कालोनी के आसपास कूड़े का ढेर लगाया जा रहा है, जिससे दुर्गंध उठ रही है और संक्रामक बीमारियां फैलने का गंभीर खतरा बना हुआ है।जांच के दौरान एसडीएम, तहसीलदार व राजस्व टीम ने मौके का निरीक्षण किया। राजस्व टीम व अधिकारियों द्वारा मना किए जाने के बावजूद नगर पालिका प्रशासन द्वारा वहां लगातार कूड़ा डंप कराया जाता रहा, जिससे स्थानीय जनता में भारी आक्रोश था। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि तहरीर के आधार पर एफआईआर पंजीकृत कर ली गई है।

## फोन-पे का मोबाइल दिखाकर दुकानदार से कपड़े लेकर फरार

बरही, गाजीपुर। मरदह थाना क्षेत्र के कछुहड़ा गांव निवासी नागेंद्र यादव, जो बरही चट्टी पर कपड़े की दुकान चलाते हैं, साइबर ठगी के एक मामले का शिकार हो गए। बताया जा रहा है कि एक अज्ञात व्यक्ति ग्राहक बनकर उनकी दुकान पर पहुंचा और फोन-पे से भुगतान करने का झांसा दिया। ठग ने दुकानदार को मोबाइल पर भुगतान का स्क्रीन दिखाया और इसी दौरान कपड़े लेकर फरार हो गया। घटना के बाद दुकानदार को ठगी का एहसास हुआ तो उन्होंने आसपास के लोगों को इसकी जानकारी दी। घटना को लेकर क्षेत्र के दुकानदारों और ग्रामीणों में नाराजगी है। लोगों ने ऐसे जालसाजों से सतर्क रहने की अपील की है।

## नवागत एसपी का एक्शन शुरू, पुलिस कार्यालय का किया औचक निरीक्षण

गाजीपुर। नवागत पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह ने कार्यभार संभालने के बाद पुलिस कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न शाखाओं की कार्यप्रणाली का जायजा लेते हुए अभिलेखों के रखरखाव, लंबित मामलों और जनशिकायतों के निस्तारण की स्थिति की समीक्षा की। साथ ही संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने आईजीआरएस सेल, शिकायत प्रकोष्ठ, आंकिक शाखा, स्थानीय अभिसूचना इकाई, साइबर सेल सहित पुलिस कार्यालय की विभिन्न शाखाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने शाखा प्रभारियों से लंबित फाइलों और प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की जानकारी लेते हुए कार्यों को निर्धारित समयसीमा में पूरा करने पर जोर दिया। एसपी ने निर्देश दिया कि आईजीआरएस पोर्टल और अन्य माध्यमों से प्राप्त जनशिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। शिकायतों के निपटारे में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कार्यालय में अभिलेखों को व्यवस्थित ढंग से रखने और परिसर में साफ-सफाई बनाए रखने की भी हिदायत दी। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि कार्यालय में अपनी समस्याएं लेकर आने वाले फरियादियों के साथ शालीनता और सहयोगपूर्ण व्यवहार किया जाए।

## गृहकर की जबरन वसूली को लेकर आक्रोश

जमानियां,गाजीपुर। स्थानीय नगर पालिका परिषद में नवीन गृहकर की कथित जबरन वसूली को लेकर नगर पालिका प्रशासन और सभासदों के बीच टकराव कम होने का नाम ही नही ले रहा है। इस मनमानी और प्रशासनिक आदेशों की अनदेखी के विरोध में अनिश्चितकालीन धरना के दूसरे दिन शुक्रवार को आक्रोशित सभासदों ने नगर पालिका चेयरमैन के खिलाफ खूब नारेबाजी की। एक कचौड़ी दो समोसा नगर पालिका अध्यक्ष पर नहीं भरोसा आदि नारों के शोर से नपा कार्यालय गूंज उठा। सभासदों ने पालिका अध्यक्ष जय प्रकाश गुप्ता के तानाशाहीपूर्ण और वादा खिलाफी का करार देते हुए पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच और दोषियों पर दंडात्मक कार्रवाई की मांग की है। साथ ही चेतावनी दी कि यदि उनकी छह सूत्रीय मांगों पर तत्काल कार्रवाई नहीं हुई, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।जनप्रतिनिधियों का कहना है कि जनता के हितों की रक्षा करना उनकी पहली जिम्मेदारी है और जबरन वसूली से शहरवासियों में गहरा असंतोष फैल रहा है, जिसे देखते हुए जिला प्रशासन को तुरंत हस्तक्षेप करना चाहिए।



परिजनों को चेक प्रदान करते अधिकारी। छाया:आज

## प्रशासन ने पीड़ित परिवार को दिया चार लाख रुपये का चेक

गाजीपुर। नोनहरा थाना क्षेत्र के चक कमरौरा गांव में जमीन की पैमाइश और कब्जा दिलाने पहुंची राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम पर हमला करने का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। सात अक्तूबर को हुई इस घटना में उपनिरीक्षक समेत पांच लोग घायल हो गए थे। वहीं, घटना के बाद मगई नदी में डूबे युवक रामबाबू (25) की मौत हो गई। करीब 36 घंटे की तलाश के बाद शुक्रवार सुबह उसका शव समनपुर घाट के पास नारायणी नदी में मिला। घटना के बाद परिजनों और ग्रामीणों ने विरोध जताते हुए संबंधित दरोगा के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने, परिवार के एक सदस्य को नौकरी और मुआवजा देने की मांग की। इस बीच जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला के निर्देश पर प्रशासन ने मृतक के पीड़ित परिवार को चार लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की है।जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला के निर्देश पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व वेद सिंह चौहान ने मृतक रामबाबू के पिता चन्द्रमा राम के परिवार से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया।



निरीक्षण कर आते एसपी। छाया:आज

## कामरेड इकबाल की श्रद्धांजलि कल

कासिमाबाद (गाजीपुर)। क्षेत्र के दिवंगत सामाजिक एवं जनपक्षधर व्यक्तित्व स्वर्गीय कामरेड इकबाल अहमद की सातवीं पुण्यतिथि 11 अक्टूबर 2026, दिन रविवार को श्रद्धा, सम्मान एवं भावपूर्ण स्मरण के साथ मनाई जाएगी। इस अवसर पर ब्लॉक मुख्यालय स्थित महाराणा प्रताप सभागार में पूर्वाह्न 11 बजे श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया है।

**पूर्व मध्य रेल**

**डीडीयू डिविजन में फेज वाइज तरीके से फीडर मास्ट पर ओएचई को शिफ्ट करना और साथ ही पुरानी हो चुकी कैंटिलीवर को बदलने का कार्य**

**खुली ई-निविदा सूचना सं०- टीआरडी-ओ०टी०-17-फीडर-सीएल-26-27**

नीचे दिये कार्य के लिए प्रमाणित अनुभवी वैद्युतिक लाईसेंस रखने वाले और वैध दस्तावेज द्वारा समर्थित सुदृढ़ वित्तीय क्षमता रखने वाले ख्यातिलब्ध ठेकेदार से ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती है:

**क्र०सं० : 1. कार्य का नाम और स्थान :** डीडीयू डिविजन में फेज वाइज तरीके से फीडर मास्ट पर ओएचई को शिफ्ट करना और साथ ही पुरानी हो चुकी कैंटिलीवर को बदलने का कार्य। **2. अनुमानित रकम :** रू० 5,38,06,753.00, **3. बयाना राशि :** रू० 1076100.00, **4. निविदा जमा करने की अंतिम तिथि व समय :** दिनांक 29/10/2026 को 15:00 बजे तक, **5. वेबसाईट का विवरण जहाँ ई-निविदा की पूर्ण जानकारी उपलब्ध है : www.ireps.gov.in**

**वरीय मंडल बिजली इंजीनियर/क०वि०**
**पूर्व मध्य रेल, डीडीयू**
**पीआर/1084/डीडीयू/ईएलईसीटी/टी/26-27/32**

**पूर्व मध्य रेल**

**ई-नीलामी सूचना**

भारत के राष्ट्रपति के तरफ से मण्डल रेल प्रबन्धक (वाणिज्य), पूर्व मध्य रेल, पं. दीन दयाल उपाध्याय मंडल के अधीन 53 रेलवे स्टेशनों पर समय सारणी, किराया तालिका एवं अन्य फ्लेक्स बोर्डों की स्थापना एवं रखरखाव का कार्य।" विस्तृत विवरण निम्न है :- 1. AA/1. कार्य का नाम, स्थान एवं पूर्ण अवधि : "पं. दीन दयाल उपाध्याय मंडल के अधीन 53 रेलवे स्टेशनों पर समय सारणी, किराया तालिका एवं अन्य फ्लेक्स बोर्डों की स्थापना एवं रखरखाव का कार्य।" तीन वर्षों के लिए। ई-नीलामी कैटलॉग संख्या : COM-ADV-DDU-26, ई-नीलामी लॉट संख्या : ADVT-DDU-DDU-OSN-68-26-1, ई-नीलामी की तिथि एवं समय : ई-नीलामी दिनांक 21.10.2026 को 10:00 बजे शुरू होगी और 10:30 बजे बंद होगी। 2. वेबसाईट का पता जहाँ ई-नीलामी का पूर्ण विवरण उपलब्ध है : www.ireps.gov.in (E-auction Leasing).

मण्डल रेल प्रबन्धक (वाणिज्य)/
पूमरे/पं. दीन दयाल उपाध्याय
पीआर/1093/डीडीयू/वा./एन/26-27/32

## यात्री निवास पर अवैध कब्जा कर खोल दी गयी दूकान

हंसराजपुर, गाजीपुर। शादियाबाद थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले हंसराजपुर बाजार में अतिक्रमण चरम पर है। यात्रियों की सुविधा के लिए बनाये गये वाहन स्टैण्ड के पास यात्री निवास पर कुछ लोगों द्वारा तिरपाल और बांस लगाकर दूकान खोल दिया गया है। आलम यह है कि यात्री बरसात के मौसम में बारिश में भींगकर और गर्मी के मौसम में चिलचिलाती धूप में खड़े होकर वाहनों का इंतजार करते हैं लेकिन दूकानदारों को तनीक भी इनके ऊपर तरस नहीं आती। प्रशासन द्वारा बनाये गये यात्री निवास पर अवैध रूप से कब्जा कर दूकान खोल दिया गया है। कुछ गणमान्य लोगों द्वारा इसका विरोध करने पर वह मारपीट पर उतारु हो जाते हैं। जबकि हंसराजपुर मार्केट में ही शादियाबाद थाना क्षेत्र से संबद्ध पुलिस चौकी भी है फिर भी पुलिस प्रशासन को यात्रियों की यह समस्या दिखायी नहीं दे रही है।



## धनुष भंग और परशुराम-लक्ष्मण संवाद ने मोहा दर्शकों का मन

गाजीपुर। अतिप्राचीन श्रीरामलीला कमेटी हरिशंकरी के तत्वावधान में गुरुवार की शाम श्रीराम चबूतरा पर रामलीला के तीसरे दिन धनुष यज्ञ, सीता स्वयंवर तथा परशुराम-लक्ष्मण संवाद की लीला का भव्य मंचन किया गया। शाम सात बजे प्रभु श्रीराम के सिंहासन पर विराजमान स्वरूप की कमेटी के मंत्री ओमप्रकाश तिवारी सहित पदाधिकारियों ने आरती-पूजन किया। इसके बाद राजा भैया आदर्श श्रीरामलीला मंडल के कलाकारों ने मंचन शुरू किया।लीला में दिखाया गया कि महाराज जनक के राजमहल में भगवान शिव का विशाल धनुष रखा था। एक दिन सीता जी ने सहज भाव से उस धनुष को उठाकर दूसरे स्थान पर रख दिया। पुत्री की अद्भुत शक्ति देखकर महाराज जनक ने उनके स्वयंवर की घोषणा की। शर्त रखी गई कि जो वीर भगवान शिव के धनुष पर प्रत्यंचा चढ़ाकर उसे तोड़ेगा, उसी के साथ सीता का विवाह होगा। देश-विदेश से आए अनेक राजा-महाराजा धनुष उठाने में असफल रहे। इसके बाद महामुनि विश्वामित्र की आज्ञा पाकर श्रीराम ने धनुष उठाया और प्रत्यंचा चढ़ाते ही वह टूट गया। धनुष भंग होते ही स्वयंवर पूरा हुआ और परिसर जय श्रीराम के उद्घोष से गूंज उठा। धनुष टूटने की आवाज महेंद्र पर्वत पर तपस्या कर रहे भगवान परशुराम तक पहुंची। क्रोधित परशुराम जनकपुर पहुंचे और धनुष तोड़ने वाले के बारे में पूछताछ की। श्रीराम ने विनम्रता से उत्तर दिया, लेकिन परशुराम का क्रोध शांत नहीं हुआ। इस दौरान लक्ष्मण ने अपने तीखे और व्यंग्यपूर्ण संवादों से प्रसंग को रोचक बना दिया। लक्ष्मण ने कहा कि बचपन में उन्होंने कई धनुष टूटते देखे, लेकिन तब किसी को इतना क्रोध नहीं आया, फिर इस पुराने धनुष के टूटने पर इतना मोह क्यों? लक्ष्मण के जवाबों से परशुराम और क्रोधित हो गए। दोनों के बीच तीखा संवाद चलता रहा। अंत में श्रीराम ने विनम्रता से लक्ष्मण को शांत रहने का संकेत देते हुए परशुराम से कहा कि वे बालक की बातों का बुरा न मानें। इसके बाद परशुराम ने श्रीराम के दिव्य स्वरूप को पहचान लिया और उन्हें अपना धनुष सौंपकर प्रत्यंचा चढ़ाने को कहा। श्रीराम के प्रभाव से परिचित होने के बाद परशुराम ने उन्हें प्रणाम किया और तपस्या के लिए महेंद्र पर्वत की ओर प्रस्थान कर गए।धनुष भंग और परशुराम-लक्ष्मण संवाद के सजीव मंचन ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। लीला के समापन पर पूरा परिसर जय श्रीराम के उद्घोष से गूंज उठा।

# रामगोविंद चौधरी बलिया की पहचान, क्रांतिकारियों की आवाज थे-अखिलेश यादव

**गोसाईपुर पहुंचकर पूर्व मुख्यमंत्री ने दिवंगत नेता को दी श्रद्धांजलि, परिजनों से मिलकर जताई संवेदना, एयरपोर्ट के निजीकरण और अयोध्या में चढ़ावे की कथित चोरी को लेकर सरकार पर साधा निशाना**





सिकंदरपुर (बलिया)। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव शुक्रवार को सिकंदरपुर क्षेत्र के गोसाईपुर गांव पहुंचे। यहां उन्होंने समाजवादी पार्टी के दिवंगत वरिष्ठ नेता एवं पूर्व नेता प्रतिपक्ष रामगोविंद चौधरी के पैतृक आवास पर पहुंचकर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इसके बाद उन्होंने शोक संतप्त परिजनों से मुलाकात कर अपनी संवेदना व्यक्त की। अखिलेश यादव का हेलीकॉप्टर दोपहर 12:52 बजे चेतन किशोर मैदान में उतरा। उनके साथ शिवपाल सिंह यादव भी पहुंचे। इसके बाद अखिलेश यादव सड़क मार्ग से गोसाईपुर स्थित राम गोविंद चौधरी के आवास पहुंचे। वहां पहले से मौजूद बड़ी संख्या में सपा कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने नारेबाजी कर उनका स्वागत किया। श्रद्धांजलि अर्पित करने और परिजनों से मुलाकात के बाद उन्होंने लोगों की मांग पर आवास की छत से उपस्थित जनसमूह को संबोधित भी किया। पत्रकारों से बातचीत के दौरान अखिलेश यादव ने राम गोविंद चौधरी को याद करते हुए कहा कि उनके नाम में राम भी था और गोविंद भी। उन्होंने कहा कि वह ऐसे जमीनी नेता थे, जिन्हें सदन के भीतर और बाहर दोनों जगह बलिया की समस्याओं की गहरी जानकारी थी। बलिया के कोने-कोने से उनका जुड़ाव था और वे जिले के क्रांतिकारियों की आवाज हमेशा बुलंद करते रहे। अखिलेश यादव ने कहा कि ऐसे नेता का निधन समाजवादी पार्टी के साथ ही बलिया के लिए भी बड़ी क्षति है। उन्होंने कहा कि राम गोविंद चौधरी के निधन से उनके परिवार को हुई क्षति की भरपाई तो नहीं की जा सकती, लेकिन समाजवादी पार्टी आने वाले समय में उनके परिवार के साथ खड़ी रहेगी और हरसंभव सहयोग करेगी। एयरपोर्ट के नाम बदलने और निजीकरण से जुड़े सवाल पर अखिलेश यादव ने केंद्र सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि एयरपोर्ट का निर्माण होने के बावजूद सरकार उनका निजीकरण कर रही है। उनके मुताबिक, सरकार की नीतियों के कारण छोटे-बड़े एयरपोर्ट निजी हाथों में जा रहे हैं और भविष्य में अन्य एयरपोर्ट भी इस प्रक्रिया का हिस्सा बन सकते हैं। उन्होंने कहा कि नाम बदलने की राजनीति करने वाली सरकार को जनता जवाब देगी।

### अयोध्या में चढ़ावे की चोरी का लगाया आरोप

अखिलेश यादव ने अयोध्या में श्रद्धालुओं के चढ़ावे से जुड़ी कथित चोरी का मुद्दा उठाते हुए सरकार पर सवाल खड़े किए। उन्होंने आरोप लगाया कि श्रद्धालुओं द्वारा चढ़ाए गए चढ़ावे में चोरी की घटनाएं हुई हैं। उन्होंने कहा कि अयोध्या के लोग भी भाजपा सरकार की नीतियों पर सवाल उठा रहे हैं। अखिलेश यादव के संबोधन के दौरान समर्थकों ने नारेबाजी की। बाद में समाजवादी पार्टी के एक वरिष्ठ नेता की अपील पर कार्यकर्ताओं ने नारे बदलते हुए 'राम गोविंद चौधरी अमर रहें' और 'स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव अमर रहें' के नारे लगाए। इससे पूरा क्षेत्र नारों से गूंज उठा।

### श्रद्धांजलि देने पहुंचे सपा के दिग्गज नेता

सिकंदरपुर। दिवंगत सपा नेता राम गोविंद चौधरी को श्रद्धांजलि देने शुक्रवार को पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव और वरिष्ठ नेता शिवपाल सिंह यादव गोसाईपुर पहुंचे। इस दौरान उनके पुत्र रंजीत चौधरी समेत परिवार के अन्य सदस्य मौजूद रहे। श्रद्धांजलि सभा में पूर्व मंत्री अंबिका चौधरी, संग्राम सिंह यादव, विधायक मोहम्मद जियाउद्दीन रिजवी, विधायक संग्राम सिंह यादव, नीरज सिंह गुड्डू, मदन राय, चंद्रमा यादव, रामजी यादव, जिलाध्यक्ष सुनील मौर्या, मनीष सिंह परिहार, ओमप्रकाश सिंह, शिवशंकर चौहान, पूर्व चेयरमैन संजय उपाध्याय, सपा के प्रदेश सचिव अकमल नईम खां मुन्ना सहित बलिया एवं आसपास के जिलों से आए कई वरिष्ठ सपा नेता और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**रामगोविंद चौधरी के नाम पर होगा बड़ा कार्य-अखिलेश यादव**

सिकंदरपुर। दिवंगत सपा नेता राम गोविंद चौधरी की श्रद्धांजलि सभा में पहुंचे सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी राष्ट्रीय महापुरुषों के नाम पर पार्क सहित विभिन्न जनहित के कार्य कराती रही है। इसी तरह राम गोविंद चौधरी के नाम पर भी सरकार बनने पर कोई बड़ा कार्य कराया जाएगा। उन्होंने दिवंगत नेता के योगदान को याद करते हुए उनके नाम को सम्मान देने की बात कही।

### एक घंटे दो मिनट गोसाईपुर में रहे अखिलेश यादव

सिकंदरपुर। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का हेलीकॉप्टर शुक्रवार दोपहर 12:52 बजे चेतन किशोर ग्राउंड में उतरा। गोसाईपुर में दिवंगत नेता राम गोविंद चौधरी को श्रद्धांजलि देने और उनके परिजनों से मुलाकात के बाद वह दोपहर 1:54 बजे हेलीकॉप्टर से रवाना हो गए। इस दौरान उन्होंने पत्रकारों से बातचीत भी की और उपस्थित लोगों को संबोधित किया। इस अवसर पर लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा

## खनन विभाग ने की काररवाई, ६० वाहनों पर ३०.५१ लाख रुपये का जुर्माना

बलिया। उत्तर प्रदेश शासन एवं जिलाधिकारी के निर्देश पर जिला खनन अधिकारी सौरभ कुमार ने अवैध खनिज परिवहन के खिलाफ सघन अभियान चलाकर बड़ी कार्रवाई की है। 6 अक्टूबर से 8 अक्टूबर तक चले तीन दिवसीय विशेष चेकिंग अभियान के दौरान करीब 500 वाहनों की जांच की गई। इस दौरान बिना वैध अंतरराज्यीय परिवहन प्रपत्र (आईएसटीपी) के मौरंग, गिट्टी सहित अन्य उप-खनिजों का परिवहन करते पाए गए 60 वाहनों के खिलाफ विधिक कार्रवाई की गई। इन वाहनों पर कुल 30 लाख 51 हजार 760 रुपये का अर्थदंड लगाया गया, जिसे मौके पर ही जमा भी करा लिया गया। खनन विभाग की प्रवर्तन टीम ने अभियान के तहत बिहार से उत्तर प्रदेश की सीमा में प्रवेश करने वाले खनिज परिवहन वाहनों की गहन जांच की। जांच में उन वाहनों पर विशेष नजर रखी गई, जो आवश्यक अंतरराज्यीय परिवहन प्रपत्र के बिना उप- खनिजों का परिवहन कर रहे थे। नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की गई। जिला खनन अधिकारी ने स्पष्ट किया कि उत्तर प्रदेश की सीमा में बिना वैध आईएसटीपी एवं संबंधित आवश्यक प्रपत्रों के उप-खनिजों का परिवहन पूरी तरह अवैध है। ऐसे मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने बताया कि अवैध खनन और बिना वैध प्रपत्रों के खनिज परिवहन पर अंकुश लगाने के लिए आगे भी सघन जांच अभियान जारी रहेगा। नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों के विरुद्ध कठोर दंडात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

## एक नजर इधर भी

### किशोरी को भगाने का आरोप, प्राथमिकी दर्ज

बैरिया (बलिया)। स्थानीय थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी 13 वर्षीय किशोरी को गांव का ही एक युवक कथित तौर पर बहला-फुसलाकर एक सप्ताह पूर्व अपने साथ ले गया। काफी खोजबीन के बाद भी किशोरी का पता नहीं चलने पर उसके पिता ने बैरिया थाने में तहरीर देकर युवक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पिता ने पुलिस को दी गई तहरीर में आरोप लगाया है कि गांव का ही दिनेश वर्मा उर्फ सरल वर्मा उनकी बेटी को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया है। परिजनों ने किशोरी की काफी तलाश की, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिल सका। इसके बाद पिता ने पुलिस से गुहार लगाई। इस संबंध में बैरिया के प्रभारी निरीक्षक राजेंद्र प्रसाद सिंह ने बताया कि किशोरी के पिता की तहरीर के आधार पर गुरुवार की देर शाम आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। पुलिस किशोरी की बरामदगी के लिए आवश्यक कार्रवाई कर रही है।

### दलनछपरा में १५ लाख के सहायक उपकरण वितरित

बैरिया (बलिया)। केंद्र सरकार की वयोश्री योजना के तहत बैरिया विधानसभा क्षेत्र के दलनछपरा गांव में नि:शुल्क सहायक उपकरण वितरण शिविर का आयोजन किया गया। इसमें 120 वृद्धजनों को करीब 15 लाख रुपये मूल्य के सहायक उपकरण वितरित किए गए। उपकरण पाकर बुजुर्गों के चेहरे खिल उठे। शिविर का आयोजन अखिल भारतीय दिव्यांग संगठन के बैरिया विधानसभा अध्यक्ष एवं समाजसेवी अभिषेक सिंह गौतम के नेतृत्व में अध्यापक व समाजसेवी नंदजी यादव के दरवाजे पर किया गया। शिविर में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, भारत सरकार के अंतर्गत भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम (एलिम्को), कानपुर तथा आसरा केंद्र, बलिया के सहयोग से पात्र वृद्धजनों को उनकी आवश्यकता के अनुसार नि:शुल्क सहायक उपकरण उपलब्ध कराए गए। मुख्य अतिथि उपजिलाधिकारी रमेशचंद्र वर्मा रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में पुलिस क्षेत्राधिकारी बैरिया आलोक कुमार गुप्ता, खंड विकास अधिकारी मुरलीछपरा शकील अख्तर अंसारी, 100 शैय्यायुक्त संयुक्त चिकित्सालय सोनबरसा के चिकित्साधिकारी डॉ. देवनीति सिंह, चिकित्साधिकारी डॉ. आनंद शर्मा, थानाध्यक्ष वीरेंद्र कुमार सिंह, डॉ. राजनारायण पासवान, श्रीनिधि सिंह, अभिषेक सिंह गौतम, मंतोष यादव, राकेश यादव, भगवान यादव आदि मौजूद रहे।

### स्वच्छता अभियान चलाकर की सफाई

चितबड़ागांव (बलिया)। क्षेत्र के जमुनाराम स्नातकोत्तर महाविद्यालय, चितबड़ागांव की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) की ओर से शुक्रवार को गोद लिए गए ग्राम महारेव में 'सेवा संकल्प अभियान' के तहत 'सेवा मेरा योगदान, वृक्षारोपण अभियान' का आयोजन किया गया। इस दौरान पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्मारक अनुसंधान एवं आरोग्य केंद्र, महारेव परिसर में आम और आंवला के पौधे रोपे गए। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. पूनम राय के दिशा-निर्देश में आयोजित अभियान के दौरान राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों और स्वयंसेविकाओं ने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताई। इसके बाद परिसर और गांव की गलियों में सफाई अभियान चलाया गया। अभियान के माध्यम से लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक रहने और पर्यावरण संरक्षण में योगदान देने का संदेश दिया गया। इस अवसर पर डॉ. पूनम राय, मंदाकिनी सिंह और कृषि विभाग के प्राध्यापक आर्यन पाल आदि उपस्थित रहे।

## सरयू में समाये चार आशियाने, एक दर्जन मकानों पर खतरा

**तेजी से कट रही उपजाऊ जमीन, प्रभावित परिवार गृहस्थी समेटने में जुटे, सुरक्षित जगहों पर जा रहे लोग**



बैरिया (बलिया)। सरयू नदी का जलस्तर घटते ही सुरेमनपुर दियरांचल में कटान ने एक बार फिर विकराल रूप धारण कर लिया है। गोपालनगर टांडी में बुधवार को कटान की चपेट में आने से चार परिवारों के रिहायशी आशियाने देखते ही देखते नदी में समा गए। इससे गांव में अफरा-तफरी मच गई।कटान की जद में करीब एक दर्जन और मकान आ गए हैं। प्रभावित परिवार घरों से जरूरी सामान निकालकर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने में जुटे हैं। कटान की चपेट में लालू यादव, राजेंद्र यादव, दिशा यादव और सुरेंद्र यादव के रिहायशी आशियाने नदी में विलीन हो गए। वहीं तिलंगी यादव के मकान का करीब आधा हिस्सा कटकर नदी में समा गया, जबकि शेष हिस्सा अभी बचा हुआ है। इसके अलावा रामबाबू यादव, बलिराम यादव, शिवजी यादव, महेश यादव, बाबूराम यादव, गणेश यादव, छोटक पहलवान, हंसराज यादव और अशोक यादव समेत कई परिवारों के मकान कटान के मुहाने पर पहुंच गए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि कटान का दायरा थोड़ा भी बढ़ा तो इन मकानों का अस्तित्व भी समाप्त हो सकता है। ग्रामीणों के अनुसार अधिसिझुआ से वशिष्ठ नगर तक सरयू नदी लगातार उपजाऊ जमीन को अपने आगोश में ले रही है। गोपालनगर के बलिराम यादव, अर्जुन यादव, शिवाल मठिया के ओमप्रकाश सिंह व राकेश सिंह तथा वशिष्ठ नगर के अशोक सिंह समेत दर्जनों ग्रामीणों ने बताया कि पिछले 24 घंटे में करीब 22 से 44 फीट तक चौड़ाई में और लगभग तीन किलोमीटर लंबाई में उपजाऊ खेत नदी में समा चुके हैं। कटान का क्रम अभी भी जारी है। खेतों के बाद अब नदी की धारा आबादी की ओर बढ़ने से ग्रामीणों की चिंता बढ़ गई है। आशियाने नदी में समाने के बाद प्रभावित परिवार गृहस्थी का सामान सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने में जुटे हैं। गांव में जगह-जगह कीचड़ होने के कारण सामान निकालने और उसे बाहर ले जाने में लोगों को काफी परेशानी हो रही है। ग्रामीणों के सामने एक ओर घर बचाने की चुनौती है तो दूसरी ओर वर्षों से संजोई गृहस्थी को सुरक्षित रखने की चिंता है।

### साहित्यकारों नें शोक सभा कर दी श्रद्धांजलि

बलिया। सुप्रसिद्ध फिल्म अभिनेता नाना पाटेकर (75) के निधन का समाचार सुनकर जनपद के साहित्यकारों में शोक की लहर दौड़ गई। इसी क्रम में विकास संस्कृति साहित्य अकादमी जनपद शाखा आनंद नगर के कार्यालय पर डॉ. आदित्य कुमार अंशु की अध्यक्षता में एक शोक सभा आयोजित की गई। अध्यक्षीय उद्बोधन में डॉ. आदित्य कुमार अंशु ने कहा कि नाना पाटेकर स्वयं में एक फिल्म थे। ऊपर से जितने सख्त थे उतना ही अंदर से भावुक थे। उनका निधन साहित्यकार और कलाकार जगत की अपूर्ण क्षति है। डॉ. फतेहचंद बेचैन ने कहा कि नाना पाटेकर अपने रोबिले और दमदार अलग अंदाज के लिए हमेशा याद किए जाएंगे। डॉ. सुनील ओझा पत्रकार ने कहा कि नाना पाटेकर जैसा अभिनेता विरले ही पैदा होते हैं। डॉ. शैलेश सिंह शौर्य, डॉ. सेराज अहमद, हरिओम श्रीवास्तव, डॉ.रमाशंकर वर्मा मनहर, नंदजी नंदा, डॉ. गयाशंकर प्रेमी, जितेंद्र त्यागी, अब्दुल कैश तारविद, डॉ.जितेंद्र स्वाध्यायी, डॉ.संतोष गुप्ता, अरविंद उपाध्याय आदि उपस्थित रहे।

### अलग-अलग सड़क हादसे में सात घायल

बेल्थरारोड (बलिया)। उभांव थाना क्षेत्र अन्तर्गत विभिन्न स्थानों पर गुरुवार की शाम करीब 6 बजे तीन सड़क दुर्घटनाओं में एक महिला सहित अन्य 7 लोगो के चोटिल होने की खबर है। जानकारी के अनुसार बेल्थरारोड-नगरा राज मार्ग पर ग्राम जुमुआंव में सड़क पर बाइक मोड़ते समय पीछे से एक दूसरे बाइक ने धक्का दे दिया, जिसके कारण लालू यादव (23) ग्राम खारी थाना नगरा व विजय (30) ग्राम विग्गह थाना उभांव चोटिल हो गए। बेल्थरा रोड - नगरा राज मार्ग पर ही ग्राम अवाया में एक बाइक के धक्के से ललिता यादव (60) पुत्री इंद्रदेव यादव ग्राम अवाया जहां चोटिल हो गयी वही बाईक सवार संतोष (57) निवासी लहसनी थाना नगरा भी गम्भीर रूप से चोटिल हो गए। बेल्थरारोड-सिकन्दर पुर राज मार्ग पर ग्राम पनिसरा में उपेन्द्र (30) निवासी पनिसरा थाना उभांव में एक बाईक से बुरी तरह चोटिल हो गए, वही बाइक सवार शाह आलम (50) व उनके सगे भाई नौशाद (45) निवासी तेंदुआ थाना सिकन्दरपुर चोटिल हो गए। सभी घायलों को सीएचसी सीयर पहुंचाया गया। चिकित्सक ने संतोष, ललिता व विजय को गंभीरावस्था में जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

## लकवाग्रस्त महिला की फरियाद पर डीएम ने दिया व्हीलचेयर



बलिया। जनसुनवाई के दौरान जरूरतमंदों की समस्याओं के त्वरित समाधान के प्रति अपनी संवेदनशीलता का परिचय देते हुए जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह ने शुक्रवार को एक लकवाग्रस्त महिला की मदद के लिए तत्काल कदम उठाया। आवागमन में परेशानी से जूझ रही महिला की पीड़ा को समझते हुए जिलाधिकारी ने रेडक्रॉस सोसायटी के माध्यम से मौके पर ही व्हीलचेयर उपलब्ध कराई। साथ ही मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना बीमा योजना के तहत लंबित क्लेम के भुगतान की समस्या के समाधान के लिए संबंधित अधिकारी को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी अपने कार्यालय कक्ष में जनसुनवाई कर रहे थे। इसी दौरान ग्राम भरवलिया, धनौती, विकास खण्ड बेरुआरबारी निवासी स्वर्गीय हरिशंकर यादव की पत्नी गिरिजा देवी अपनी समस्याएं लेकर पहुंचीं। लकवाग्रस्त होने के कारण उन्हें आने-जाने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। इसके अलावा उन्होंने मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना बीमा योजना के तहत क्लेम के भुगतान में आ रही समस्या से भी जिलाधिकारी को अवगत कराया। महिला की परेशानी को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह ने तत्काल संज्ञान लिया और रेडक्रॉस सोसायटी के सहयोग से उन्हें व्हीलचेयर उपलब्ध कराई, ताकि दैनिक आवागमन में होने वाली दिक्कतों से राहत मिल सके। जिलाधिकारी की इस त्वरित पहल से जरूरतमंद महिला को तत्काल सहायता मिली। अपर जिलाधिकारी (नमामि गंगे) राजित राम गुप्ता, शैलेन्द्र पाण्डेय, इंद्रभान यादव, सुनील कुमार आदि उपस्थित रहे।

## जेपी जयंती पर सिताबदियारा में होगा विशेष कार्यक्रम



बैरिया (बलिया)। लोकनायक जयप्रकाश नारायण की जयंती के अवसर पर 11 अक्टूबर को सिताबदियारा के लाला टोला स्थित भारत सरकार के ट्रस्ट परिसर में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। रविवार को सुबह 11 बजे से आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी वर्चुअल माध्यम से जुड़ेंगे और लोकनायक के अनुयायियों तथा उपस्थित जनसमूह को संबोधित करेंगे। इस अवसर पर सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय से संबंधित विभिन्न विकास परियोजनाओं के शिलान्यास एवं लोकार्पण का कार्यक्रम भी प्रस्तावित है। लोकनायक जयप्रकाश नारायण से जुड़े ट्रस्ट के अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद वीरेंद्र सिंह मस्त ने इसकी जानकारी दी। पूर्व सांसद वीरेंद्र सिंह मस्त ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य लोकनायक के विचारों, उनके संघर्ष और लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति उनके योगदान को स्मरण करना है। उनका जीवन देश की लोकतांत्रिक चेतना,सामाजिक परिवर्तन और जनभागीदारी का प्रेरणास्रोत रहा है। कहा कि प्रस्तावित सड़क परियोजनाओं से क्षेत्र में आवागमन, सड़क संपर्क और आधारभूत सुविधाओं के विकास को गति मिलने की उम्मीद है।

## डा. ईरज राजा ने संभाला एसपी का कार्यभार

**अपराध नियंत्रण पर रहेगा जोर, एएसपी ने किया स्वागत**



बलिया। जिले के नवनियुक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. ईरज राजा ने शुक्रवार को विधि-विधान से पुलिस कार्यालय पहुंचकर अपना पदभार ग्रहण किया। इससे पहले अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी दिनेश कुमार शुक्ला और अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी संजय वर्मा ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया। पदभार ग्रहण करने के बाद नए पुलिस अधीक्षक के सामने जिले में कानून-व्यवस्था को और प्रभावी बनाने तथा अपराध नियंत्रण की चुनौती होगी। थाना स्तर पर पुलिसिंग को मजबूत करना, अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाना और पुलिस अधिकारियों की कार्यप्रणाली की नियमित निगरानी करना उनकी प्राथमिकताओं में शामिल रहेगा। जिले में लंबित विवेचनाओं का समयबद्ध निस्तारण, साइबर अपराध पर अंकुश लगाने, यातायात व्यवस्था में सुधार करने और आमजन की शिकायतों का त्वरित समाधान सुनिश्चित करना भी महत्वपूर्ण चुनौतियां होंगी। प्रभावी पुलिसिंग के माध्यम से कानून-व्यवस्था को बेहतर बनाना और जनता में सुरक्षा का भरोसा कायम रखना नए पुलिस अधीक्षक के लिए अहम होगा। इस दौरान नवागत पुलिस अधीक्षक ने सभी से परिचय प्राप्त किया और कानून व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए आवश्यक निर्देश दिए।

## पारिवारिक कलह से नाराज युवक ने लगायी गंगा में छलांग, तलाश जारी

दुबहड़ (बैलिया)। स्थानीय थाना क्षेत्र के नगवा गांव निवासी एक युवक ने शुक्रवार दोपहर पारिवारिक कलह से नाराज होकर जनेश्वर मिश्र सेतु से गंगा नदी में छलांग लगा दी। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। युवक को नदी में छलांग लगाते देख उसके मामा के लड़के ने उसे रोकने और समझाने का काफी प्रयास किया, लेकिन वह नहीं माना। घटना की सूचना मिलते ही दुबहड़ थानाध्यक्ष बृजेश सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने स्थानीय गोताखोरों और फ्लड रिलीफ पीएसी को सूचना देकर युवक की तलाश शुरू करा दी। जानकारी के अनुसार, नगवा गांव निवासी नसीम अंसारी (36 वर्ष), पुत्र अनवर अली, शुक्रवार दोपहर किसी पारिवारिक विवाद से नाराज होकर घर से निकल गया था। उसके घर से चले जाने के बाद परिजन उसकी तलाश कर रहे थे। इसी दौरान नसीम जनेश्वर मिश्र सेतु पर पहुंच गया। वहां उसके मामा का लड़का भी मौजूद था। बताया जा रहा है कि नसीम ने अपने मामा के लड़के के सामने ही गंगा नदी में छलांग लगा दी। नसीम को नदी में कूदते देख उसके मामा के लड़के ने उसे रोकने के लिए काफी अनुनय-विनय किया और समझाने का प्रयास किया, लेकिन नसीम ने उसकी बात नहीं मानी और देखते ही देखते गंगा नदी में छलांग लगा दी। इसके बाद घटना की जानकारी पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही दुबहड़ थानाध्यक्ष बृजेश सिंह अपने पुलिस दल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। नदी में युवक की तलाश शुरू कराई गई गई। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## पुण्यतिथि पर याद किये गये लेखपाल पांडेय



हल्दी (बलिया)। विकासखंड बेलहरी के ग्रामसभा बबुआपुर (कठहीं) में गुरुवार की शाम सेवानिवृत सीआरपीएफ जवान स्व. लेखनाथ पांडेय की छठवीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष संजय मिश्र ने स्व. लेखनाथ पांडेय के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर की। वक्ताओं ने स्व. लेखनाथ पांडेय के अनुशासन, समर्पण, कर्मठता और ईमानदारी को याद करते हुए उनके व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डाला। वक्ताओं ने कहा कि समाज और परिवार के प्रति उनका योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा। इस दौरान सैकड़ों गरीब और असहाय लोगों के बीच कंबल वितरित किया गया। श्रद्धांजलि सभा का आयोजन शिवशंकर पांडेय (सब इंस्पेक्टर), नारायण पांडेय (सशस्त्र सीमा बल), गोविंद नारायण पांडेय, आर्यांश पांडेय, लक्ष्य पांडेय एवं समस्त पांडेय परिवार के सौजन्य से किया गया। कार्यक्रम के दौरान सब इंस्पेक्टर शिवशंकर पांडेय ने अधिवक्ता शेषनाथ तिवारी, अधिवक्ता शंभूनाथ उपाध्याय, जय मिश्र, अशोक पांडेय, अप्पू पांडेय, हिरेन्द्र उपाध्याय,विनय पांडेय, भुआल सिंह, अभय सिंह, मनीष तिवारी, अश्विनी दुबे, शैलेश मिश्र, पिंटू मिश्र, आजाद राधाकृष्ण पाठक, गुरुजी और बसुधरपाह चौकी प्रभारी रंजीत चौरसिया को अंगवस्त्र और फूलमाला पहनाकर सम्मानित किया। अध्यक्षता निर्मल उपाध्याय व संचालन विजय सिंह ने किया। सभी उपस्थित लोगों के प्रति अधिवक्ता सुनील कुमार पाण्डेय ने आभार प्रकट किया।

## लेखपालों की हड़ताल से जनता परेशान, प्रमाणपत्र जारी होना बंद

बेरुआरबारी (बलिया)। लेखपाल संघ की हड़ताल के चलते आम जनता को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। 22 सितंबर से लेखपालों के हड़ताल पर चले जाने से राजस्व संबंधी कार्य प्रभावित हो रहे हैं। वहीं, 8 अक्टूबर से आय, जाति और निवास प्रमाणपत्र जारी होने की प्रक्रिया पूरी तरह बंद हो गई है। इससे विद्यार्थियों, नौकरी के अभ्यर्थियों और विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ लेने वाले लोगों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। प्रमाणपत्रों के अभाव में लोगों के जरूरी काम अटक गए हैं। खासकर विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति और प्रवेश संबंधी कार्यों के लिए प्रमाणपत्रों की आवश्यकता होती है। वहीं, सरकारी नौकरियों तथा अन्य योजनाओं के लिए आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों को भी परेशानी झेलनी पड़ रही है। लोग तहसील और संबंधित कार्यालयों का चक्कर लगाने को मजबूर हैं, लेकिन उन्हें राहत नहीं मिल पा रही है। हड़ताल के कारण आम लोगों की बढ़ती मुश्किलों को देखते हुए जल्द समाधान निकालने की मांग उठने लगी है। लोगों का कहना है कि लेखपालों की समस्याओं का समाधान निकालकर हड़ताल समाप्त कराई जाए, ताकि आय, जाति और निवास प्रमाणपत्र सहित अन्य राजस्व संबंधी कार्य दोबारा शुरू हो सकें। सुखपुरा निवासी सतेन्द्र यादव ने बताया की लेखपालों के हड़ताल पर चले जाने से सरकारी योजनाओं और विभिन्न कार्यों के लिए प्रमाणपत्रों की जरूरत पड़ती है। हड़ताल के कारण काम नहीं हो पा रहा है।

## सड़क मरम्मत की मांग को लेकर अनिश्चितकालीन धरना

**बसारिखपुर-सीसोटार-नवरतनपुर मार्ग की हालत सुधारने की मांग**



सिकंदरपुर (बलिया)। बसारिखपुर से सीसोटार होते हुए नवरतनपुर जाने वाले मुख्य मार्ग की जर्जर हालत से नाराज ग्रामीणों ने गुरुवार को सीसोटार गांव के चौराहे के पास अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया। भारतीय स्वतंत्र आवाज के नेतृत्व में ग्रामीण सड़क की तत्काल मरम्मत और स्थायी, गुणवत्तापूर्ण निर्माण की मांग कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि समस्या का ठोस समाधान होने तक धरना जारी रहेगा। ग्रामीणों के मुताबिक, मार्ग पर जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं। इससे राहगीरों, विद्यार्थियों, किसानों और वाहन चालकों को आवागमन में परेशानी हो रही है। उनका कहना है कि सड़क की खराब हालत के कारण दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है। ग्रामीणों ने बताया कि सड़क की मरम्मत के लिए पहले भी उपजिलाधिकारी कार्यालय में ज्ञापन दिया गया था, लेकिन अब तक प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई। भारतीय स्वतंत्र आवाज की ओर से उपजिलाधिकारी सिकंदरपुर प्रवीण यादव को दिए गए पत्र में मार्ग का स्थलीय निरीक्षण कराने, बड़े गड्ढों की तत्काल मरम्मत और सड़क का स्थायी एवं गुणवत्तापूर्ण निर्माण कराने की मांग की गई है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द मरम्मत और निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ तो आंदोलन को और व्यापक किया जाएगा। धरने में राहुल वर्मा, नीरज राय, सुमित यादव, रिपुंजय मिश्रा, अकबर अली, राहुल चौहान, अनूप राय और रोहित यादव सहित अन्य ग्रामीण शामिल रहे।

# कैथी में डंपर से दबकर बाइक सवार युवक की मौत, साथी घायल, चालक हिरासत में

चौबेपुर। क्षेत्र के कैथी टोल प्लाजा के पास गुरुवार की रात सवा आठ बजे एक डंपर ने एक बाइक सवार को टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार दोनों घायल हो गये। जिनको तत्काल एंबुलेंस के द्वारा तत्काल पंडित दीनदयाल उपाध्याय अस्पताल भेजा गया। घायल दोनों पिता पुत्र बतायें गये हैं। मृतक डॉक्टर दिनेश सिंह यादव पुत्र गंगा प्रसाद यादव ग्राम वरवा कला थाना सादात जिला गाजीपुर के निवासी थे। मिली जानकारी के अनुसार यह मेहनाजपुर सीएससी पर कार्यरत थे उसके बाद बजरंग नगर इनकी पोस्टिंग हुई और बजरंग नगर से यह अपने बेटे के साथ घर जा रहे थे जिसमें कैथी टोल प्लाजा पर और नियंत्रित डंपर बाइक सवार को साइड मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गये और रात साढ़े नौ बजे इलाज के दौरान बीएचयू ट्रामा सेंटर में उनकी मौत हो गयी। डंपर चालक को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है और आगे की कारवाई की जा रही है

## बीरापट्टी स्टेशन के पास ट्रेन से कटकर अज्ञात व्यक्ति की मौत

बड़ागाँव थाना क्षेत्र के पुरबपुर रेलवे फाटक और वीरापट्टी रेलवे स्टेशन के बीच शुक्रवार की रात ट्रेन की चपेट में आने से एक अज्ञात व्यक्ति की मौत हो गयी। सूचना पर पहुंची बड़ागांव पुलिस लाश की शिनाख्त कराने का प्रयास कराते हुए शव शिवपुर स्थित मर्चरी हाउस भेज दिया है। मिली जानकारी के अनुसार आठ अक्तूबर को रात्रि करीब दो बजे पुरबपुर रेलवे फाटक और वीरापट्टी रेलवे स्टेशन के बीच खंभा नंबर ७८५/२५ के पास एक अज्ञात व्यक्ति ट्रेन की चपेट में आ गया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गयी। सुबह ग्रामीणों ने लाश देखकर पुलिस को सूचना दिया।

## काशी विद्यापीठ शोध प्रवेश परीक्षा की द्वितीय चरण की प्रक्रिया १२ से

काशी विद्यापीठ में शोध प्रवेश परीक्षा २०२४-२५ में सफल अभ्यर्थियों एवं सम्बन्धित विषय में नेट/जे.आर.एफ. एवं समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण अभ्यर्थियों की शोध प्रवेश की द्वितीय चरण की प्रक्रिया १२ अक्टूबर से शुरू होगी। रजिस्ट्रार डाक्टर सुनीता पाण्डेय ने बताया कि उक्त अभ्यर्थियों जिन्होनें समर्थ पोर्टल पर द्वितीय चरण हेतु निर्धारित शुल्क एवं संबधित विभाग/संकाय में अपना शोध प्रस्ताव जमा कर दिया है, उनके शोध प्रस्ताव के प्रस्तुतीकरण एवं साक्षात्कार के लिए आर.डी.सी. की बैठकें संबधित विभाग में १२ से १७ अक्टूबर तक आयोजित है।

## जंसा में पशु तस्करी में लिप्त पिकअप पलटी, एक गिरफ्तार, दूसरा फरार

सेवापुरी। जंसा थाना क्षेत्र के राखी नेवादा गांव में गुरुवार की देर रात एक बजे पशु तस्करी में शामिल एक पिकअप अनियंत्रित होकर पलट गयी। वाहन में आठ गायें बेहोशी की हालत में मिलीं। ग्रामीणों ने मौके से एक संदिग्ध को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया, जबकि दूसरा अंधेरे का फायदा उठा कर फरार हो गया। जानकारी के अनुसार, गुरुवार की रात एक पिकअप की लाइट बंद थी और वह गांव से गुजर रही थी। वाहन की संदिग्ध गतिविधियों को देखकर ग्रामीणों ने उसे रोकने का प्रयास किया। इस पर चालक तेज रफ्तार में पिकअप लेकर भागने लगा। इसी दौरान कुछ दूरी पर वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया। पिकअप पलटने के बाद ग्रामीणों ने वाहन के अंदर आठ गायों को बेहोशी की हालत में देखा। इसी बीच ग्रामीणों ने एक संदिग्ध को पकड़ लिया और दूसरा मौके से अंधेरे का फायदा उठाकर फायरिंग करते हुए फरार हो गया। घटना की सूचना ग्रामीणों ने जंसा पुलिस को दी। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने पकड़े गये पिकअप के चालक चंदौली निवासी शाहजहाँ को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी। पुलिस ने घटनास्थल से पिकअप वाहन, कारतूस का खोखा और आठ गायें बरामद कीं। गायों को समीप स्थित एक मंदिर परिसर में रखवाया गया है।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से **उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर/कार्य**, वास्ते मुख्य कारखाना प्रबन्धक यांत्रिक कारखाना गोरखपुर द्वारा नीचे लिखे कार्य के लिए ऑनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती हैं। **क्र.सं. 1. ई-निविदा सूचना सं. एवं निविदा कार्य का विवरणः टेण्डर नं.:** "27-जीकेपी-एमडब्ल्यूएस-2026-27" "एएमसी ऑफ एक्सल माउंटेड डिस्क ब्रेक सिस्टम ऑफ एलएचबी कोचेज ऑफ मैसर्स फैवेले ट्रांसपोर्ट इंडिया लिमिटेड (एफटीआईएल) मेक एट मैकेनिकल वर्कशॉप, गोरखपुर"। **अनुमानित लागत(₹ में):** ₹31,55,36,908.29; **धरोहर राशि(₹ में):** ₹63,10,700/-; **निविदा समापन की तिथि एवं अवधिः** 11:00 बजे, 29.10.2026 **निविदा प्रपत्र का मूल्यः** ₹शून्य। **संविदा की अवधिः** 24 माह। उपरोक्त ई-निविदा का पूर्ण विवरण एवं निविदा में भाग लेने हेतु भारतीय रेल की वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** पर देखें।

उप मुख्य यॉत्रिक इंजी०/कार्य
मुजाधि/यांत्रिक-92 गोरखपुर

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

## शोक समाचार

'**आज**' परिवार के सदस्य राजीव गोयल के छोटे भाई जयविजय गोयल का गत दिनों ज्ञानपुर स्थित गोयल निवास में निधन हो गया। उनका अन्तिम संस्कार स्थानीय रामपुर घाट पर किया गया। मुखाग्नि उनके बड़े पुत्र नमन गोयल ने किया। वे अपने पीछे दो पुत्र, पत्नी सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गये हैं। उनकी शव यात्रा में भारी संख्या में क्षेत्रीय नागरिक, पत्रकार, जनप्रतिनिधि सहित सगे - सम्बन्धी शामिल रहे।

**समन बिनावर, इनफिसाल मुकदमा**
**(आर्डर 5 कायद 1 व 5)**
**नम्बर मुकदमा 5380/2025**
**बअदालत अपर उपजिलाधिकारी**
**सदर जिला मीरजापुर**
**धारा-2073 उ.प्र. रा. संहिता 2006**
**कम्प्यूटरराईन्ड वादं सं.**
**T202516530105380**
**रंगबहादुर सिंह आदि**
**बनाम श्याम बहादुर सिंह आदि**
**ता.पेशी 09.10.2026**
**नियत ता. पेशी 15.10.2026**

प्रतिवादी 1. श्याम बहादुर सिंह पुत्र कान्ता सिंह उर्फ कामता सिंह निवासी ग्रा. अनन्तपुर जलालपुर कसिवार मझवां सदर मीरजापुर हाल पता ज्ञान सारथी काम्प्लेक्स फ्लैट नं. सी 604 प्लाट नं. सी-2 गोखले शाला जबल सेक्टर-12 खारधर नवी मुम्बई महाराष्ट्र पिन-410210 मो.नं. 9833365886 2. सलवरी पत्नी हमीद अन्सारी निवासी ग्रा. जलालपुर कछवां मझवां सदर मीरजापुर पिन. 231501

हरगाह मैं आपके नाम नालिश के दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 15 माह 10 सन् 2026 वक्त बजे दिन के असालतन या मारफत वकील के जो मुकदमे के हालात से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और उमूरानबरून मुताल्लिका मुकदमा का जवाब दे सके या जिस के साथ और कोई सख्त हो जो कि जवाब ऐसे सवालात का दे सके हाजिर हो और जवाबदेही दावा करे और आपको लाजिम है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज पेश करे जिन पर आप बताइव अपना जबाबदेही के इस्तेमाल करना चाहते हो। आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर मजूकर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिर आपके समसूअ और होगा सख्स मेरे दस्तखत और मुहर अदालत के आज बतारीख 15 माह 10 सन् 2026 ई० जारी किया।

जज

**समन बिनावर, इनफिसाल मुकदमा**
**(आर्डर 5 कायद 1 व 5)**
**न्यायालय अपर उपजिलाधिकारी**
**सदर जिला मीरजापुर**
**नम्बर मुकदमा 8160/2023**
**धारा-144 उ.प्र. रा. संहिता 2006**
**कम्प्यूटरराईन्ड वादं सं.**
**T20231653118160 सन् 2026**
**रंगबहादुर सिंह आदि**
**बनाम सरकार आदि**
**ता.पेशी 09.10.2026**
**नियत ता. पेशी 13.10.2026**

प्रतिवादी-1. श्याम बहादुर सिंह पुत्र कान्ता सिंह उर्फ कामता सिंह निवासी ग्रा. अनन्तपुर जलालपुर कसिवार मझवां सदर मीरजापुर हाल पता ज्ञान सारथी काम्प्लेक्स फ्लैट नं. सी 604 प्लाट नं. सी-2 गोखले शाला जबल सेक्टर-02 खारधर नवी मुम्बई महाराष्ट्र पिन-410210 मो.नं. 983336588

हरगाह मैं आपके नाम नालिश के दायर की लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 13 माह 10 सन् 2026 वक्त बजे दिन के असालतन या मारफत वकील के जो मुकदमे के हालात से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और उमूरानबरून मुताल्लिका मुकदमा का जवाब दे सके या जिस के साथ और कोई सख्त हो जो कि जवाब ऐसे सवालात का दे सके हाजिर हो और जवाबदेही दावा करे और आपको लाजिम है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज पेश करे जिन पर आप बताइव अपना जबाबदेही के इस्तेमाल करना चाहते हो। आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर मजूकर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिर आपके समसूअ और होगा सख्स मेरे दस्तखत और मुहर अदालत के आज बतारीख 13 माह 10 सन् 2026 ई० जारी किया।

जज

## वर्गीकृत विज्ञापन

**सूचना**

**सूचना**-सूचित किया जाता है कि मेरा हाईस्कूल परीक्षा वर्ष 2006 अनुक्रमांक 2752328 एवं इंटरमीडिएट परीक्षा वर्ष 2008 अनुक्रमांक 1516767 का अंक पत्र व मूल प्रमाण पत्र वास्तव में खो गया है। **वीरेन्द्र सिंह यादव** पुत्र मूरत यादव ग्राम लालनपुर (मड़ई), पोस्ट महाराजगंज जिला गाजीपुर

**सूचना** -सूचित किया जाता है कि हम शपथकर्ता के डी.एल.नं. UP6120170003423 में त्रुटिवश मेरा नाम Shahsikant अंकित है, जबकि आधार कार्ड पर मेरा नाम **Shashi Kant** अंकित है जो सही व शुद्ध है। सही नाम रिकॉर्ड में दर्ज किया जाय। **शशि कान्त** पुत्र प्रेम प्रकाश ग्राम हाथीखाना, पोस्ट हुसैनपुर तहसील सदर, जिला गाजीपुर

**सूचना**

**सूचना**-सूचित हो कि मै **प्रमोद पाठक** पुत्र स्व. दयानंद पाठक निवासी जोरई ज्ञानपुर भदोही मेरे पिता स्व. दयानंद पाठक के नाम से शस्त्र लाईसेंस संख्या 6161 थाना ज्ञानपुर रस्ते में कही खो गया है।

**सूचना**-मैं प्रार्थी भूतपूर्व सैनिक रैंक नव 6358923A रैंक Ex Sep (HONYNK) SARAJU ग्राम सोनबरसा उर्फ कासिमाबाद, पोस्ट -कासिमाबाद तहसील कासिमाबाद (मोहम्मदाबाद) जिला है गाजीपुर उत्तर प्रदेश का मूल निवासी हूँ मैंने अपने पत्नी का भूलवंश रिकार्ड में शारदा (SARADHA) जन्मतिथि 01-05-1953 है, दर्ज करा दिया है जो गलत है, सही नाम **शारदा चौहान (SHARDA CHAUHAN)** जन्मतिथि 01-01-1948 जिसे मेरे रिकार्ड में अभिलेख मे दर्ज करने की कृपा करे।

**पाठकों से**

**'आज' में छपे किसी भी विज्ञापन के सम्बन्ध में पाठक स्वतः जांच करके कार्य करें। इसके सम्बन्ध में कोई भी दावा 'आज' प्रकाशन पर न होगा।**

**प्रबन्धक**

## कार्यालय नगर पंचायत अतरौलिया, जनपद-आजमगढ़

**सार्वजनिक सूचना**

नगर पंचायत अतरौलिया, आजमगढ़ में कर-संग्रह रजिस्टर में नामान्तरण हेतु दाखिल-खारिज के रूप में प्रविष्टि के लिए निम्नलिखित भवनों/भूमियों के सम्बन्ध में आवेदन पत्र प्राप्त हुए है. इन भवनों/भूमियों पर पूर्व में दर्ज हितबद्ध को सूचित किया जाता है कि इस नामान्तरण पर यदि किसी को कोई आपत्ति/सुझाव हो तो अपने प्रमाणिक साक्ष्य के साथ समाचार पत्र में प्रकाशन की तिथि से 30 दिवस के अन्दर पत्र प्रस्तुत करें। अन्यथा की स्थिति में नामांतरण की कार्यवाही कर दी जायेगी जिसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व पूर्व में दर्ज हितबद्ध का होगा, तथा प्रकाशन किये जाने में आने वाले व्यय भार का वहन आवेदक द्वारा किया जायेगा जिसका विवरण निम्नवत हैः-

| क्र0 सं0 | भवन/कर निर्धारण रजिस्टर क्रमांक वार्ड संख्या | पूर्व में दर्ज कर संग्रह रजिस्ट के हितबद्ध का नाम जिसे खारिज किया जाना है, का नाम | कर संग्रह रजिस्टर में दर्ज होने वाले हितबद्ध का नाम | नामान्तरण का आधार |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | खानपुरफतेह एकलव्य नगर वार्ड 3 गृहकर रजिस्टर क्रमांक-95 | श्री संतोष कुमार मद्धेशिया पुत्र शंकरलाल निवासी सदरबाजार पूर्वी वार्ड-9 नगर पंचायत अतरौलिया जनपद-आजमगढ़। | श्रीमती पुष्पा पत्नी स्व0 रामदुलार निवासी खानपुरफतेह एकलव्य नगर वार्ड 3 नगर पंचायत अतरौलिया जनपद-आजमगढ़। | बैनामा/विक्रय पत्र |

पत्रांकः-144/न0पं0अत0/2026-2027 दिनांकः-01.10.2026

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत अतरौलिया
आजमगढ़

## जलकल विभाग, नगर निगम, वाराणसी भेलूपुर, वाराणसी-221010

पत्रांक संख्या-272/II/(जोन-2)/ज.क.वि.न.नि.वा. दिनांक-09.10.2026

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

जलकल विभाग, नगर निगम, वाराणसी में भेलूपुर जोन-2 के अन्तर्गत सीवर/पेयजल पाइप लाइन बिछाने/बदलने का कार्य कराये जाने हेतु जलकल विभाग, नगर निगम, वाराणसी के पंजीकृत ठेकेदार जो जलकल विभाग में न्यूनतम 01 वर्ष के कार्य का अनुभव रखते हो, से दिनांक 19.10.2026 को सायं 03:00 बजे तक मुहरबन्द निविदायें आमंत्रित की जाती हैं जो उसी दिन अधोहस्ताक्षरी व उपस्थित ठेकेदारों के समक्ष सायंकाल 04:00 बजे खोली जायेंगीं। निविदा प्रपत्र कैशियर मुख्यालय, जलकल विभाग, भेलूपुर, वाराणसी से दिनांक 12.10.2026 से 19.10.2026 अपरान्ह 01.00 बजे तक निविदा प्रपत्र का मूल्य जमा करके प्राप्त किये जा सकते हैं। कार्य की धरोहर धनराशि महाप्रबन्धक, जलकल विभाग, नगर निगम, वाराणसी के नाम से बन्धक एफ. डी. आर. (मूल प्रति) के रूप में जमा कराकर निविदा लिफाफे पर उल्लेख करना आवश्यक हैं।

| क्र. सं. | कार्य का विवरण | धरोहर धनराशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य की अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | भेलूपुर जोन-2 के सीरगोवर्धनपुर वार्ड सं.-23 के अन्तर्गत श्री रामशरण के घर से श्री टकालू जी के घर तक 50 मीटर 250 एम.एम. व्यास की डी.डब्ल्यू.सी. सीवर लाइन बिछाने एवं अन्तः संयोजन का कार्य। | 10000.00 | 500.00 | 30 दिवस |
| 2. | भेलूपुर जोन-2 के सीरगोवर्धनपुर वार्ड सं.-23 के अन्तर्गत श्री संतोष सिंह के मकान से श्री परमानन्द तिवारी के मकान तक 120 मीटर 90 एम.एम. व्यास की एच.डी.पी.ई. पेयजल पाइप लाइन बिछाने का कार्य। | 5000.00 | 500.00 | 30 दिवस |
| 3. | भेलूपुर जोन-2 के अन्तर्गत वार्ड सं.-47 बिरदोपुर के प्रकाशपुरी कालोनी में 200 मीटर 110 एम.एम. व्यास की एच.डी.पी.ई. पेयजल पाइप लाइन बिछाने का कार्य। | 10000.00 | 500.00 | 30 दिवस |

नोटः- नियम व शर्ते निविदा प्रपत्र में उल्लेखित हैं।

**अधिशासी अभियन्ता (जोन-2)**
जलकल विभाग,
नगर निगम, वाराणसी।

## मोटरसाइकिल चोरी के मामले में दो के खिलाफ मुकदमा

बड़ागांव। स्थानीय पुलिस ने पुलिस कमिश्नर वाराणसी के आदेश पर आज से एक माह पूर्व चोरी हुई मोटरसाइकिल के मामले में सीसीटीवी साक्ष्य के आधार पर दो लोगों के विरुद्ध नामजद मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। पुलिस कमिश्नर को दिये गये प्रार्थना पत्र में थानाक्षेत्र के बसनी दर्जीपुर गांव निवासिनी वाहन स्वामिनी उर्मिला देवी ने आरोप लगाया है कि ९ सितंबर २०२६ की रात मेरे घर से मेरी स्प्लेंडर प्लस बाइक चोरी हो गयी। सीसीटीवी फुटेज में देखने पर पता चला कि मेरे ही गांव के बसंत लाल एवं सोनू राजभर बाइक चुरा कर ले जा रहे हैं। सूचना देने के बाद भी स्थानीय पुलिस ने मुकदमा दर्ज नहीं किया था।

**आवश्यकता है**

**सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी से सम्बद्ध केदारनाथ संस्कृत महाविद्यालय, गोपपुर, चोलापुर, वाराणसी (उ0प्र0) में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रभावी आरक्षण नियमावली के अन्तर्गत नियुक्ति हेतु दो प्रतियों में आवेदन पत्र शैक्षिक अर्हता की स्वप्रमाणित प्रतियों के साथ रूपये 1,000/- बैंक ड्राफ्ट जो प्रबंधक, केदारनाथ संस्कृत महाविद्यालय, गोपपुर, चोलापुर, वाराणसी (उ0प्र0) के पक्ष में देय होगा, विज्ञापन प्रकाशित होने के 21 दिनों के अन्तर्गत पंजीकृत डाक द्वारा प्रबन्धक, केदारनाथ संस्कृत महाविद्यालय, गोपपुर, चोलापुर, वाराणसी, (उ0प्र0), पिन कोड-221101 के पते पर प्रेषित होगा। पद एवं अर्हतायें निम्नांकित है- (1) प्राचार्य एक (01) पद अर्हता (क) साहित्य अथवा व्याकरण विषय में स्नातकोत्तर उपाधि न्यूनतम द्वितीय श्रेणी, परम्परागत (आचार्य) को वरीयता (ख) न्यूनतम आयु 30 वर्ष (ग) अध्यापन अनुभव कम से कम 5 वर्ष स्नातकोत्तर स्तर पर (घ) परम्परागत, पी0एच0डी0 उपाधि को वरीयता। (ङ) वेतन मान 15600/- से 39100/- ग्रेड पे 5400/- नोटः (1) निर्धारित तिथि के उपरान्त प्राप्त आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किये जायेगें।**

**प्रबन्धक**
**केदारनाथ संस्कृत महाविद्यालय**
**गोपपुर, चोलापुर, वाराणसी (उ0प्र0)-221101**

**वाराणसी विकास प्राधिकरण, वाराणसी**

**सार्वजनिक सूचना**

**श्रीमती कंचनलता उपाध्याय पत्नी श्री अनिल कुमार उपाध्याय निवासीगण आराजी सं. 128/2, मौजा-नेवादा, परगना-देहात अमानत, वार्ड- नगवॉं, तहसील-सदर, जिला - वाराणसी पर निर्मित "20 कमरों तक के होटल (होटल)"** से सम्बन्धित शमन मानचित्र स्वीकृति हेतु प्राधिकरण में प्रस्तुत किया गया है।
उक्त आराजी सं0-128/2, मौजा- नेवादा, परगना - देहात अमानत, वार्ड-नगवॉं, तहसील-सदर, जिला-वाराणसी महायोजना - 2031 के अनुसार भू-उपयोग "वाराणसी महायोजना 2031 में आवासीय क्षेत्र है एवं महायोजना मार्ग से प्रभावित नहीं है" उ०प्र० के विकास प्राधिकरणों हेतु मॉडल भवन निर्माण एवं विकास उपविधि तथा मॉडल जोनिंग रेगुलेशन्स - 2025 के प्रस्तर सं0-15.3.2 प्रमुख भू-उपयोग जोन्स में क्रियाओं की अनुमन्यता हेतु मैट्रिक्स के क्रम सं0-2.5 में उल्लिखित प्राविधान के अनुसार आवासीय क्षेत्र में 20 कमरों तक के होटल (होटल) का निर्माण अनुमन्य है तथा प्रस्तर - 15.1.3 समाघात शुल्क के क्रम सं.-iv में उल्लिखित प्राविधान के क्रम में शासन द्वारा निर्गत अधिसूचना सं0-आई / 1130634 / 2025- 8-3099/ 406/ 2023 पार्ट-1 दिनांक 04.11.2025 के क्रम में न्यूनतम 15 दिवस की समयावधि प्रदान करते हुए जनता से आपत्ति/ सुझाव, उचित माध्यमों से आमंत्रित किये जायेंगे एवं इन आपत्तियों एवं सुझावों के निस्तारण के उपरान्त ही स्वीकृति / अस्वीकृति की कार्यवाही की जायेगी।" प्रश्नगत प्रकरण में प्रमुख भूखउपयोग वाराणसी महायोजना 2031 में आवासीय क्षेत्र है एवं महायोजना मार्ग से प्रभावित नहीं है" एवं "20 कमरों तक के होटल (होटल)" की क्रिया इस उपयोग से इतर होने के कारण जनता से आपत्ति / सुझाव प्राप्त किया जाना आवश्यक है। अतः उक्त प्राविधान के दृष्टिगत यदि किसी हितबद्ध व्यक्ति / संस्था को प्रश्नगत होटल भवन के शमन मानचित्र के सम्बन्ध में कोई आपत्ति / सुझाव प्रस्तुत करना हो, तो सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर अपनी आपत्ति / सुझाव विन्यास अनुभाग, वाराणसी विकास प्राधिकरण, वाराणसी के कार्यालय कक्ष में प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि के उपरान्त प्राप्त होने वाले आपत्ति/ सुझाव पर विचार नहीं किया जायेगा।

Digitally signed by PRABHAT KUMAR
Date- 28.03.2026

नगर नियोजक/प्रभारी
वाराणसी विकास प्राधिकरण, वाराणसी

## कार्यालय नगर पालिका परिषद मुहम्मदाबाद, गाजीपुर

संख्या-1258/न.पा.प.मु.बाद/2026 दिनांक-09.10.2026

**(उ.प्र. नगर पालिका अधिनियम की धारा 304 के अन्तर्गत)**

**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद मुहम्मदाबाद जिला गाजीपुर अपनी कर निर्धारण सूची में पंजीकृत वसीयत/विक्रय पत्र/वरासत/अन्य के आधार पर निम्न प्रकार परिवर्तन करना चाहते है।

अतः उ.प्र. नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 147 (2) के अन्तर्गत प्रस्तावित नाम परिवर्तन में किसी भी व्यक्ति पर प्रभाव पड़ने की सम्भावना हो वह व्यक्ति लिखित आपत्ति व मय साक्ष्यो सहित प्रकाशन की तिथि से एक माह के अन्दर प्रस्तु कर सकते है। निर्धारित अवधि के बाद प्राप्त आपत्तियों पर विचार नही किया जायेगा और तद्नुसार नाम परिवर्तन की कार्यवाही कर दी जायेगी। विवरण निम्नवत है।

| क्र. सं. | भवन/आ.नं. का पता | रजिस्ट्री/वसीयत/वरासत | प्रस्तावित नाम | वर्तमान नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1 | भवन संख्या-195 वार्ड नं.-16 यूसुफपुर बाजार 43.51 वर्ग.मी. | रजिस्टी | सुनीता देवी पत्नी रामचन्द्र चौरसिया | 1-राजकुमारी पत्नी स्व. हरख नरायन-2-रवि शंकर पुत्र स्व. हरख नरायन |
| 2 | भवन संख्या-52 वार्ड नं.-01 कोइरी टोला | वरासत | हदय नरायन सिंह कुशवाहा, राधेश्याम सिंह कुशवाहा, श्याम सुन्दर, राजकुमार कुशवाहा पुत्र स्व. बसन्त कुशवाहा | श्रीमती सेवाती देवी पत्नी बसन्त राम |
| 3 | मकान संख्या-340 वार्ड नं.-17 यूसुफपुर बाजार 13.49 वर्ग.मी. | रजिस्टी | जयप्रकाश सिंह कुशवाहा पुत्र स्व. त्रिभुवन कुशवाहा | नीरज सिंह कुशवाहा पुत्र बालदेव सिंह |
| 4. | भवन संख्या-96/1 वार्ड नं.-23 अग्रवाल टोली यानि 127.13 वर्ग.मी. | रजिस्टी | मयंक अगवाल पुत्र कल्याण दास अग्रवाल | प्यारे लाल अग्रवाल पुत्र छकौरी लाल अग्रवाल |
| 5. | भवन संख्या-188 वार्ड नं.-11 गंज उत्तर पट्टी व भवन संख्या-70 वार्ड नं.-16 यूसुफपुर बाजार | वरासत | दीपेन्द्र जयसवाल, अमित कुमार जयसवाल पुत्रगण स्व. नन्दलाल | नन्दलाल पुत्र परमेश्वर व मंजू जयसवाल पत्नी नन्द लाल |
| 6. | भवन संख्या-10 वार्ड नं.-7/6 शेख टोला यानि 364.19 वर्ग.मी. | रजिस्टी | समरीन फातमा पत्नी मुहम्मद आसिफ | 1-मुहम्मद रजीउल्ला सिददकी 2-बलीउल्लाह पुत्रगण स्व. सफीउल्लाह |
| 7. | भवन संख्या-10 वार्ड नं.-10 सदर रोड मु.बाद कोट | वरासत | वैशाली अग्रवाल पत्नी स्व. प्रितेश कुमार अग्रवाल व प्रथम अग्रवाल, राजवैभव अग्रवाल पुत्र स्व. प्रितेश कुमार अग्रवाल | प्रितेश पुत्र विट्ठलदास |
| 8. | अहाता संख्या-28 वार्ड नं.-8 दर्जी मुहल्ला यानि 56.87 वर्ग.मी. | रजिस्टी | शवाना खातून पत्नी मुहम्मद इश्तियाक कुरैशी | इम्तियाज अहमद पुत्र मुहम्मद फारूक |
| 9. | मौजा चकरसीद जफरपुरा शहरी आ.न. स 278/2 रकबा 0.0460 यानि 44.14वर्ग.मी. | रजिस्टी | मेराज अहमद पुत्र मो मुर्तजा | साजिद खां पुत्र शफीर खॉ |
| 10. | मौजा काजीपुर सिराज शहरी आ.न.-674 रकबा यानि 58.55 वर्ग.मी. | रजिस्टी | गजाला परवीन पुत्री इस्तियाक अंसारी | कलावती देवी पत्नी कालीराम |
| 11. | मौजा चकरसीद जफरपुरा शहरी आ.न.-231/2 रकबा 0.1160 यानि 66.74 वर्ग.मी. | रजिस्टी | शफीकुन पत्नी रशीद कुरैशी | 1-मुजफर हुसैन खान पुत्र स्व. मुजम्मिल हुसैन 2-मुदास्सिर हुसैन खान पुत्र स्व. मुजम्मिल हुसैन |
| 12 | स्वीकृत नक्शा व पानी/मकान बील की रसीद | - | रजिया सुल्ताना पत्नी स्व. अनवर हुसैन व अफजल आलम, अबरार अहमद, बेलाल अहमद मेराज अहमद पुत्रगण स्व. अनवर हुसैन | अनवर हुसैन पुत्र स्व. अबुल हसन |
| 13 | मौजा चकरसीद जफरपुरा शहरी आ.न.-651,652,653,654, 655 रकबा 0.0390हे. आ.न.-666 रकबा-0.0730 व आ.न.-667 कुल 7 गाटा योग रकबा 0.5500 है यानि 74.35 वर्ग.मी. | रजिस्टी | सरस्तवी देवी पत्नी छोटे सिंह चौहान | परमेश्वरनाथ अग्रवाल पुत्र तारकेश्वरनाथ अग्रवाल |
| 14. | भवन संख्या-127 वार्ड नं.-17/21यूसुफपुर बाजार | वसीयतनामा | बिन्दू देवी पत्नी स्व. सुरेन्द्र प्रसाद गुप्ता | रविन्द्र गुप्ता पुत्र स्व. नंद लाल गुप्ता |
| 15. | मौजा चकलार्ड उर्फ महिपा खाता नं. 0053 आ.नं.-35/2 रकबा 0.2020 हे. यानि 47 वर्ग. मी. | रजिस्टी | पुष्पा गुप्ता पत्नी विनोद गुप्ता | हामीद सईद अख्तर पुत्र अहमदुल्ला |
| 16. | भवन संख्या-127 वार्ड नं.-1 दक्षिण मुहल्ला व भवन संख्या-129 वार्ड नं.-1 दक्षिण मुहल्ला | वरासत | निर्मला देवी, कुसुम देवी पुत्रीगण स्व. श्याम लाल | श्रीमती दुर्गावती देवी पत्नी श्याम लाल व श्री श्याल लाल पुत्र राधे श्याम |
| 17 | भवन संख्या-16 वार्ड नं.-16 यूसुफपुर बाजार यानि 38.92 वर्ग.मी. | रजिस्टी | आफताब जहॉगीर पुत्र शलाहुददीन अहमद | लाल जी गुप्ता पुत्र रघुनाथ गुप्ता |
| 18 | अहाता संख्या-143 वार्ड नं.-10 काजी टोला यानि 59.94 वर्ग.मी. | रजिस्टी | बसिरून जहॉ पत्नी नियामत अंसारी | मंसूर अहमद पुत्र अख्तर अहमद खान |
| 19 | भवन संख्या-85वार्ड नं.-3 जफरपुरा | वरासत | राबिया खातून पत्नी स्व. गुलाम साबिर मुदसिर शाह, दानिश, वसीम पुत्रगण स्व. गुलाम साबिर बाद | श्री गुलाम साबिर उर्फ धामा पुत्र गुलाम रसूल |
| 20 | मौजा चकरसीद जफरपुरा शहरी आ.नं. सं. 278 /2 रकबा यानि 97.58 वर्ग.मी. | रजिस्टी | रूकसाना खातून पत्नी महताब आलम | साजिद खां पुत्र शफीर खां |
| 21. | भवन संख्या-153ए वार्ड नं.-11 गज उत्तर पट्टी 11.89 वर्ग.मी. | दान पत्र | आफताब अहमद पुत्र रहमान अहमद | मेराज पुत्र रहमान |
| 22. | भवन संख्या-59 वार्ड नं. 21 सदर रोड चौक | वसीयतनामा | माया पुत्री स्व. गोविन्द प्रसाद गुप्ता व सुभाष चन्द्र गुप्ता पुत्र स्व. गोविन्द प्रसाद गुप्ता | श्री गोविन्द पुत्र नरायन व विमला देवी पत्नी गोविन्द |
| 23. | लोहाटिया नई बस्ती नियर न्यू खोवा मण्डी वार्ड नं. 16 /26 | स्वीकृति नक्शा | सूर्यनाथ सिंह कुशवाहा पुत्र स्व. झगरू सिंह कुशवाहा | - |
| 24. | भवन संख्या-149 वार्ड नं.-18/22 भटठी मुहल्ला | नाम न्यू ऐड करना माता के साथ पुत्रो का | नौशाद अहमद खॉ, शमशाद खॉ, नूर आलम खॉ मो. तारीक अहमद पुत्र स्व. शोहराब खॉ | |
| 25. | भवन संख्या-129 वार्ड नं. 15/20 यूसुफपुर बाजार 206.66 वर्ग.मी. | दान पत्र | अरविन्द कुमार गुप्ता पुत्र शंकर प्रसाद | शंकर प्रसाद पुत्र महाबीर प्रसाद |
| 26. | भवन संख्या-69 व 121 वार्ड नं.-22/17 सई टोला | वरासत | अजीत कुमार पाण्डेय पुत्र श्री राम पांडेय | श्री राम पांडेय पुत्र शिवपूजन व उगना देवी पत्नी श्री राम पांडेय |
| 27 | मकान संख्या-298 वार्ड नं.-17/21 यूसुफपुर बाजार यानि 107.06 वर्ग.मी. | दान पत्र | अरविन्द कुमार गुप्ता पुत्र शंकर प्रसाद | शंकर प्रसाद पुत्र महाबीर प्रसाद |
| 28. | भवन संख्या-72 व 160 वार्ड नं.-16 यूसुफपुर बाजार | वरासत | ममता वर्मा पत्नी स्व. मनोज कुमार वर्मा व सौरव कुमार वर्मा व शशांक वर्मा पुत्र स्व. मनोज कुमार वर्मा | मनोज पुत्र हरिहर |
| 29. | अहाता संख्या-134 वार्ड न.-10 काजीटोला यानि 52.04 वर्ग.मी. | रजिस्टी | तमन्ना पत्नी शमशुद्दीन राईनी | बादशाह जहां बख्त पुत्र सैययद मुहम्मद अख्तर व मंसूर अहमद पुत्र अख्तर अहमद |
| 30. | मौजा चकलार्ड उर्फ महिपा आ.न.-64 सं रकबा 0.1520 हे.0 यानि-78.54 वर्ग मी. | रजिस्टी | विनय कुमार पुत्र कोमल प्रसाद | श्रीमती गीता देवी पत्नी केदार प्रसाद गुप्ता |
| 31 | भवन संख्या-10 वार्ड नं. 7/6 शेख टोला यानि 144.98 वर्ग मी. | रजिस्टी | मु. युसुफ अली अंसारी पुत्र फखरूददीन अंसारी | समरीन फातता पत्नी मुहम्मद आसिफ |
| 32 | भवन संख्या-358 वार्ड नं. 17 यूसुफपुर बाजार यानि 52.16 वर्गमी. | रजिस्टी | कहकशा नाज पुत्री सुएब खान पत्नी शाहिद अंसारी | अब्दुल हई अंसारी पुत्र स्व. अब्दुल हमीद अंसारी |
| 33. | मौजा चकलार्ड उर्फ महिपा आ.न.-16स खाता संख्या-00106 | नक्शा स्वीकृति | सबिर अली पुत्र अब्दुल मजीद | - |
| 34. | मकान संख्या-90 वार्ड नं.-15/20 सिनेमा रोड यानि 23.23 वर्गमी. | दान पत्र | आशा वर्मा पत्नी संतोष कुमार वर्मा | विनोद कुमार वर्मा पुत्र त्रिवेणी प्रसाद वर्मा |
| 35. | मकान पक्का 73 वार्ड नं.-23/24 सदर रोड चौक यानि 129.5वर्गमी. | दान पत्र | संतोष कुमार वर्मा पुत्र त्रिवेणी प्रसाद वर्मा | विनोद कुमार वर्मा पुत्र त्रिवेणी प्रसाद वर्मा |
| 36. | भवन संख्या-24 वार्ड नं.-18 जफरपुरा | वरासत | अशोक कुमार पाण्डेय सुनील पाण्डेय पुत्र जगदीश | जगदीश पाण्डेय पुत्र भगवान पाण्डेय |
| 37. | भवन संख्या-75 वार्ड नं.-12 यूसुफपुर बाजार दक्षिण पट्टी | रजिस्टी | कैलाश प्रसाद पुत्र रामायण प्रसाद | अब्दुल रहमान साजिद अंसारी पुत्र स्व. मु. खालिद अंसारी व असलम अंसारी पुत्र स्व. खालिद अंसारी |
| 38. | मौजा कल्यानपुर चकखैरूल्ला आ.न.-सं.15 रकबा 0.1980 हे. यानि-78.62 वर्ग.मी. | रजिस्टी | उत्रा देवी पत्नी स्व. मोहन प्रसाद | श्रीमती आसिया खातून पत्नी मुहम्मद शाहनवाज अहमद |
| 39. | मौजा कल्यानपुर चकखैरूल्ला आ.न.-15सं. यानि-87.36 वर्ग.मी. | रजिस्टी | रीता केशरी पत्नी रामानन्द केशरी | श्रीमती आसिया खातून पत्नी मुहम्मद शाहनवाज अहमद |

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद मुहम्मदाबाद गाजीपुर**

# पिंडदान और तर्पण के साथ लावारिसों के प्रति श्रद्धा का अर्पण

## राजघाट पर कर्मकांड के बाद संघटन कार्यालय पर ब्राह्मणों के साथ सामूहिक भोज

आजमगढ़। किसी को अपनों ने ठुकरा दिया या फिर जिनका कोई अपना नहीं उनके मरने के बाद अपना

**नेक काम**

**भारत रक्षा दल का आयोजन, १३ साल में ७०१ का किया गया दाह संस्कार**

बनता रहा है सामाजिक संगठन भारत रक्षा दल। वर्ष 2013 से शुरू सिलसिला कोरोना काल में भी नहीं थमा, भले ही गाइडलाइन के कारण संक्षिप्त कर दिया गया हो। लावारिसों का दाह संस्कार के बाद हर साल पितृ पक्ष में सभी का विधि-विधान से श्राद्ध भी किया जाता है। इसी क्रम में इस साल भी तमसा नदी किनारे राजघाट पर अनजान, अपरिचितों की आत्मा को तृप्त करने के लिए तर्पण, पिंडदान के साथ श्रद्धा



अर्पण किया गया। पंडित सभाजीत पांडेय के साथ पंडित सुजीत पाठक ने कर्मकांड कराया तो दल के प्रदेश अध्यक्ष हरिकेश विक्रम श्रीवास्तव, विनोद शर्मा, जैनेंद्र चौहान, प्रदीप चौहान, आरपी श्रीवास्तव, सुनील वर्मा, हरेंद्र यादव, अनूप श्रीवास्तव आदि ने लावारियों के वारिस के रूप में यजमान की भूमिका अदा की।

राजघाट का कर्मकांड कराने के बाद भारत रक्षा दल के कुंदीगढ़ (कटरा) स्थित केंद्रीय कार्यालय में ब्राह्मणों को भोजन के साथ अंगवस्त्र, बर्तन, दक्षिणा प्रदान करने के बाद सामूहिक भोज शुरू हुआ, जिसमें संगठन से जुड़े लोगों के अलावा सैकड़ों लोगों ने भोजन ग्रहण किया। भोजन की व्यवस्था लगभग उसी प्रकार की गई थी जैसे अपनों के श्राद्ध में किया जाता है। यानी कोहड़ा चना, पनीर की सब्जी और पूड़ी के अलावा सलाद, दही, मीठी बुनिया और पापड़ की भी व्यवस्था की गई थी। हर आने वाला लावारियों के कल्पनात्मक चित्र पर पुष्प अर्पण करने के बाद भोजन ग्रहण कर रहा था।

अनुष्ठान का नेतृत्व करने वाले भारत रक्षा दल के हरिकेश विक्रम श्रीवास्तव ने कहा कि समाज में किसी की मृत्यु हो जाने पर उनके परिजन अपने रीति रिवाज के अनुसार उनका अंतिम संस्कार करते हैं लेकिन लावारिस मृतकों को कोई पूछने वाला नहीं होता। मानव काया की दुर्गति हम सभी को देखी नहीं गई तो हम सभी ने लावारिस मृतकों का अंतिम संस्कार करने का फैसला लिया और वर्ष 2013 से निरंतर इस कार्य को किया जा रहा है। अब तक 701 लावारिसों का दाह संस्कार किया जा चुका है। हर दिन के लिए कार्यकर्ता निर्धारित होते हैं और सबसे खास बात यह कि अगर लावारिस के दाह संस्कार के दिन कोई त्योहार भी होता है तो कार्यकर्ता जिम्मेदारी से भागते नहीं हैं। हम जो भी कर पा रहे हैं उसमें कार्यकर्ताओं का समर्पण भाव सबसे महत्वपूर्ण है। इस साल खास बात यह रही कि पूरी व्यवस्था में जिलाध्यक्ष रवि प्रकाश, डा. धीर जी, विपिन गुप्ता, प्रदीप मौर्य, सोनू मिश्रा, दुर्गेश श्रीवास्तव, सचिन, आलोक शर्मा के साथ जावेद अंसारी ने भी सुबह से अपना योगदान दिया।

# अतरौलिया के सौ शैय्या अस्पताल में जल्द शुरू होगी हार्मोन की जांच

अतरौलिया, आजमगढ़। अमर शहीद राजा जयलाल सिंह 100 शैय्या संयुक्त चिकित्सालय में जल्द ही हार्मोन जांच की सुविधा शुरू होने जा

**मशीन पहुंची, किट का इंतजार, टूनेट मशीन से दो घंटे में हो रही टीबी की मुफ्त जांच**



रही है। इसके लिए अस्पताल में अत्याधुनिक मशीन पहुंच चुकी है। जांच किट उपलब्ध होते ही मरीजों को यह सुविधा मिलने लगेगी। इससे क्षेत्र के लोगों को निजी पैथोलॉजी सेंटरों में महंगे दाम पर जांच कराने और बड़े शहरों के चक्कर लगाने से राहत मिलेगी। चिकित्सालय के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा. दिनेश प्रसाद सिन्हा ने बताया कि अस्पताल में अब तक हार्मोन जांच की सुविधा उपलब्ध नहीं थी। इस समस्या को देखते हुए शासन स्तर पर मशीन उपलब्ध कराने की मांग की गई थी। इसके बाद अस्पताल को मशीन मिल गई है। अब जांच किट आने का इंतजार है। किट उपलब्ध होते ही जांच शुरू करा दी जाएगी। उन्होंने बताया कि हार्मोन संबंधी जांच की सुविधा सरकारी अस्पताल में शुरू होने से मरीजों के समय और पैसे दोनों की बचत होगी। हालांकि, इस सुविधा का लाभ उन्हीं मरीजों को मिलेगा, जिन्हें अस्पताल के चिकित्सक परामर्श के बाद जांच कराने की सलाह देंगे। इसके लिए मरीजों को पहले अस्पताल में चिकित्सक से परामर्श लेना होगा। चिकित्सक की सलाह पर ही जांच की जाएगी और इसका लाभ नियमानुसार नि:शुल्क या निर्धारित सरकारी व्यवस्था के तहत मिलेगा। उन्होंने बताया कि अस्पताल में टीबी की जांच के लिए टूनेट मशीन भी शुरू कर दी गई है। डा. सिन्हा के अनुसार करीब 15 दिन पहले शुरू हुई इस सुविधा से मरीजों को काफी सहूलियत मिल रही है। मशीन के जरिए बलगम के नमूने की जांच कर टीबी की पुष्टि की जाती है। एक बार में दो मरीजों के नमूनों की जांच हो सकती है और रिपोर्ट मात्र दो घंटे में मिल जाती है।

# पीएचसी पर कार्यरत रहे डाक्टर दिनेश की मौत, मेहनाजपुर में शोक

सिधौना, आजमगढ़। आम तौर पर सरकारी अस्पतालों में डाक्टर मरीजों के साथ ठीक से पेश नहीं

**तबादले के बाद हीरापुर मचहटी पीएचसी पर थी तैनाती**

आते, लेकिन जो मरीजों को अपने मधुर व्यवहार से राहत देते हैं उनमें शामिल थे डा. दिनेश। मेहनाजपुर पीएचसी पर तैनात रहे और वर्तमान में केराकत क्षेत्र के हीरापुर मचहटी पीएचसी पर तैनात डा. दिनेश यादव की सड़क हादसे में मौत की खबर से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। वाराणसी के सारनाथ क्षेत्र के रहने वाले डा. दिनेश गुरुवार की रात अपने बेटे के साथ अस्पताल से बाइक पर सवार होकर अपने आवास पर लौट रहे थे। वाराणसी जिले के चौबेपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत कैथी टोल प्लाजा के पास गुरुवार की रात करीब सवा आठ बजे डंपर ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार डा. दिनेश यादव और उनका बेटा गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों बीएचयू ट्रॉमा सेंटर पहुंचाया गया। वहां चिकित्सकों ने 53 वर्षीय दिनेश यादव को मृत घोषित कर दिया, जबकि उनके घायल बेटे का इलाज जारी था। चौबेपुर थाना प्रभारी अनिल कुमार शर्मा ने डा. दिनेश यादव की मौत की पुष्टि की है। एमएलसी प्रतिनिधि अनुराग तिवारी, पत्रकार राम प्रसाद मिश्रा, सूरज सिंह, आनंद सिंह, महेश मिश्रा, जय गोपाल मिश्रा आदि ने हादसे पर शोक व्यक्त किया है।

# चौपाल में बोली मानपुर की पत्नी, साहब! नहीं मिला आवास

फूलपुर, आजमगढ़। स्थानीय ब्लाक क्षेत्र के ग्राम पंचायत मानपुर व हथिनोरा में शासन की मंशानुसार गांव

**दो पंचायत सचिवालयों पर गांवों की समस्या समाधान के लिए लगी चौपाल**

की समस्या गाव में समाधान कार्यक्रम के तहत ग्राम पंचायत मानपुर के पंचायत सचिवालय पर खण्ड विकास अधिकारी फूलपुर फूलचन्द सरोज की अध्यक्षता में चौपाल लगा ग्रामीणों की समस्या शिकायतें सुनी गई तथा निस्तारण के लिए सम्बंधित कर्मचारियों को निर्देश दिया गया। ग्यारह से दो बजे तक तीन मामले आए। मानपुर की पत्नी पत्नी सेवक ने बताया कि साहब! अभी तक आवास नहीं मिला है। बीडीओ ने ग्राम पंचायत अधिकारी से जबाब मांगा तो



ग्राम पंचायत अधिकारी विजयचन्द ने बताया पत्नी पत्नी सेवक पात्रता सूची में नाम है, अतिशीघ्र शासन द्वारा लक्ष्य के सापेक्ष आवास के लिए चयन किया जाएगा। सरिता दिनेश ने बताया कि गांव में नाली की समस्या है, जिस पर ग्राम पंचायत अधिकारी ने बताया कि कार्ययोजना में नाम नहीं है। अनुपूरक कार्ययोजना में कार्य सम्मिलित कर धन उपलब्ध होने पर प्राथमिकता के आधार पर कार्य कराया जाएगा। नाली जाम की शिकायत पर खण्ड विकास अधिकारी फूलचन्द सरोज में गाव में नियुक्त सफाईकर्मी सुमन और रिंकू से एक सप्ताह के अन्दर नाली सफाई का पूर्ण कर अवगत कराएं। हथिनोरा के पंचायत भवन पर नोडल अधिकारी जितेंद बहादुर जेई एमआई की अध्यक्षता में चौपाल लगा ग्रामीणों की समस्या को सुना गया और उनके समाधान कराया गया। इस अवसर पर चार शिकायतें ग्रामीणों द्वारा रखी गयी जिसमें तीन आवास की मांग रखी गई। ग्राम पंचायत अधिकारी ने आवास सूची में नाम देखा तो मांग के सापेक्ष रेखा, नैना, चन्द्रकला का नाम पात्र सूची में है। लक्ष्य प्राप्त होते ही चयन कर आवास दिलवाया जाएगा। वृद्धा पेंशन न आने की शिकायत पाराना देवी ने किया, जिस पर नोडल अधिकारी जितेंद कुमार ने बताया खाते का केवाईसी करा लें, तब पेंशन प्राप्त होगी। शबनम पत्नी फौजदार ने शौचालय की मांग की, जिस पर ग्राम पंचायत अधिकारी अनिल कुमार ने ऑनलाइन कराने को बताया। दोनों ग्राम पंचायत अधिकारियों ने शिकायत निस्तारण की लिखित सूचना खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय को उप्लब्ध कराया।

## एक्सीडेंट मामले में अदालत उठने तक की सजा

आजमगढ़। लापरवाही पूर्वक वाहन चलाकर एक्सीडेंट के मुकदमे में सुनवाई पूरी करने के बाद ग्रामीण न्यायालय मेंहनगर के जज प्रवीण प्रियदर्शी ने शुक्रवार को एक आरोपी को न्यायालय उठने तक की सजा व 4000 रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया। अभियोजन पक्ष के अनुसार वादी मुकदमा राजकुमार निवासी वीरपुर थाना मेंहनगर ने 19 अक्टूबर 2014 को थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसके अनुसार आरोपी मनोज कुमार राजभर निवासी नवापुरा, थाना तरवां के द्वारा लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाकर वादी के पिता को एक्सीडेंट कर घायल किया गया, जिससे वादी के पिता की मृत्यु हो गई। इस मामले में सुनवाई के दौरान शुक्रवार को आरोपी मनोज ने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया। तब जुर्म स्वीकारोक्ति के आधार पर आरोपी मनोज कुमार राजभर को दोष सिद्ध पाते हुए न्यायालय उठने तक की सजा व 4000 रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया।

## कल से शुरू होगी गनवारा की रामलीला, तैयारियां पूरी

माहुल, आजमगढ़। क्षेत्र के गनवारा गांव की रामलीला और दुर्गापूजा 11 अक्टूबर से शुरू होगी जिसकी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। 1983 में राम-जानकी रामलीला समिति के तत्वावधान में गनवारा गांव में रामलीला की शुरुआत हुई। उसके बाद से अनवरत यह लीला हर वर्ष नए और अद्भुत तरीके से होती रही। इस गांव की रामलीला की सबसे खास बात यह है कि गांव के ही लोग आपस में मिल-जुलकर नौ दिन चलने वाली लीला का खर्च वहन करते हैं। इस वर्ष इसके मंचन के लिए समिति के कोषाध्यक्ष अमित कुमार सिंह के नेतृत्व में विगत एक माह से लगातार कलाकार रिहर्सल करते रहे। उन्होंने बताया कि इस वर्ष की रामलीला आधुनिक साज सज्जा के साथ होगी और कलाकार जीवंत प्रस्तुति करेंगे।

## जनता की समस्या सुन एसपी ने दिये निस्तारण के निर्देश

आजमगढ़। पुलिस अधीक्षक डा. अनिल कुमार द्वारा पुलिस कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई के दौरान आमजन की शिकायतों एवं समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना गया। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक यातायात पंकज श्रीवास्तव व क्षेत्राधिकारी कार्यालय किरन पाल सिंह उपस्थित रहे। जनसुनवाई के दौरान विभिन्न क्षेत्रों से आए फरियादियों द्वारा प्रस्तुत शिकायतों को ध्यानपूर्वक सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को प्रत्येक प्रकरण का निष्पक्ष, गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। साथ ही निर्देशित किया गया कि शिकायतों के निस्तारण में पारदर्शिता बनाए रखते हुए पीड़ित पक्ष को प्रभावी न्याय दिलाया जाए।

## छेड़खानी के मामले में दो चढ़े हत्थे

आजमगढ़। थाना सिधारी के एसआई जावेद सिद्दीकी एवं शिवम द्विवेदी की टीम ने गुरुवार की दोपहर लगभग सवा दो बजे झारखंडेय मंदिर, गेलवारा के पास से छेड़खानी के मामले में आरोपित पियूष निषाद पुत्र स्व. अविनाश चन्द एवं प्रांजल निषाद पुत्र संतोष निषाद निवासीगण ग्राम खोजापुर को कर चालान कर दिया। प्रकरण की विवेचना क्षेत्राधिकारी नगर द्वारा की जा रही है। इस मामले में 4 अक्टूबर को महिला ने तहरीर दी थी कि उनकी किशोरवय पुत्री के साथ घर के पीछे गली में कुछ व्यक्तियों द्वारा छेड़खानी एवं मारपीट की गई तथा जातिसूचक शब्दों का प्रयोग कर जान से मारने की धमकी दी गई।

## किशोरी बरामद, आरोपी पकड़ा गया

आजमगढ़। थाना रानी की सराय की एसआई श्वेता दुबे, आरक्षी प्रियंका सिंह एवं दीपक गुप्ता की टीम ने गुरुवार की रात लगभग पौने नौ बजे चेकपोस्ट तिराहे से किशोरी को अगवा करने के आरोपी गौतम उर्फ रामचन्द्र पुत्र हरिश्चन्द्र निवासी ग्राम मित्रसेनपुर को गिरफ्तार करने के साथ संबंधित किशोरी को सकुशल बरामद कर लिया। इस मामले में 8 अक्टूबर को एक व्यक्ति ने थाना रानी की सराय पर तहरीर दी थी कि गौतम उर्फ रामचन्द्र द्वारा 5 अक्टूबर की रात्रि करीब 10 बजे उनकी पुत्री को बहला-फुसलाकर ले जाया गया।

## चोरी की घटनाओं में वांछित को दबोचा

आजमगढ़। थानाध्यक्ष कप्तानगंज के नेतृत्व में एसएसआई गंगाराम बिंद एवं एसआई अमन तिवारी की टीम ने गुरुवार की आधी रात बाद लगभग एक बजे चेवता जाने वाली सड़क पर आगे से चोरी की घटनाओं में वांछित आरोपी विनोद यादव पुत्र स्व. लालधारी यादव निवासी ग्राम गोपालपुर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे व निशानदेही से चोरी की 3 साइकिल एवं 1 खाली गैस सिलेंडर बरामद किया गया। इस मामले में 3 अगस्त को प्राथमिक विद्यालय धनावांखास के रसोईघर का ताला तोड़कर गैस सिलेंडर चोरी किए जाने के संबंध में प्राप्त तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया गया था।

## साइबर ठगी के शिकार के खाते में २४ हजार वापस

आजमगढ़। फूलपुर कोतवाली पुलिस ने साइबर ठगी के शिकार के खाते में 23,849.10 रुपये वापस कराकर बड़ी राहत दी है। शिकायतकर्ता साहिल पुत्र सरवर निवासी चकशाह काफी खुरासो द्वारा साइबर क्राइम पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई गई कि अज्ञात व्यक्ति ने फोन कर उसके भाई के विदेश में फंसे होने की बात कहकर उससे 78 हजार की साइबर ठगी कर ली। शिकायत के आधार पर साइबर हेल्पडेस्क द्वारा कार्रवाई प्रारंभ की गई। साइबर हेल्पडेस्क थाना फूलपुर द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए संबंधित बैंक से समन्वय स्थापित कर ठगी की गई धनराशि में से 23,849.10 को होल्ड कराया गया। न्यायालय से आवश्यक आदेश प्राप्त कर संबंधित बैंक के नोडल अधिकारी के माध्यम से उक्त धनराशि पीड़ित के खाते में वापस कराई गई।

# सूरज तेजस्वी अध्यक्ष और अंगद बने संघ के जिला मंत्री

आजमगढ़। अधीनस्थ कृषि सेवा संघ जनपद शाखा का द्विवार्षिक अधिवेशन एवं नई कार्यकारिणी का चुनाव शुक्रवार को कृषि भवन सिधारी परिसर में हुआ। चुनाव में सूरज तेजस्वी को अध्यक्ष और अंगद यादव को जिलामंत्री निर्वाचित किया गया। अधिवेशन में कर्मचारियों के हितों की रक्षा, संगठन की मजबूती और विभागीय समस्याओं के समाधान पर जोर दिया गया। इसके अलावा ज्ञानशीष यादव को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, अभिनव मौर्य को कोषाध्यक्ष और संगीता कुमारी को संगठन मंत्री चुना गया। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने कर्मचारियों के हक, अधिकार और सम्मान की रक्षा के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करने का संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों की विभागीय समस्याओं को उचित मंच पर उठाकर उनके समाधान के लिए प्रभावी पहल की जाएगी। साथ ही, संगठन को मजबूत बनाने और कर्मचारियों के बीच आपसी समन्वय बढ़ाने पर भी विशेष ध्यान दिया जाएगा। अधिवेशन का समापन संगठन को नई ऊर्जा और दिशा के साथ आगे बढ़ाने तथा कर्मचारी हितों के लिए एकजुट होकर कार्य करने के संकल्प के साथ हुआ। इस मौके पर संघ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. योगेन्द्र यादव, प्रदेश कोषाध्यक्ष जयप्रकाश गुप्ता, अटेवा के जिलाध्यक्ष सुभाष चंद्र यादव तथा राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के जिलाध्यक्ष दुर्गा प्रसाद राय उपस्थित रहे। वक्ताओं ने कर्मचारी हितों के संरक्षण, संगठन की एकजुटता और लोकतांत्रिक परंपराओं को मजबूत बनाने की आवश्यकता पर अपने विचार रखे।



# नहर में डूबने से किसान की मौत, दो घंटे बाद मिला शव

बलरामपुर, आजमगढ़। होनी को कोई टाल नहीं सकता और मौत कब और किस बहाने से आ जाएगी, इसका भी पता किसी को नहीं होता। कुछ इसी तरह की तस्वीर रानी की सराय थाना क्षेत्र के तमौली गांव में गुरुवार की रात दिख। खेत की सिंचाई करने गए किसान की नहर में डूबने से मौत हो गई। करीब दो घंटे की तलाश के बाद उनका शव नहर से बरामद हुआ। घटना की जानकारी मिलते ही परिवार में चीख-पुकार मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच-पड़ताल के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

तमौली गांव निवासी 55 वर्षीय राजेंद्र यादव गुरुवार की रात करीब आठ बजे खेत की सिंचाई करने के लिए घर से निकले थे। उनका खेत नहर के किनारे स्थित है। गांव के अन्य लोग भी रात में अपने खेतों की सिंचाई कर रहे थे। रात करीब 10

**रानी की सराय थाना क्षेत्र के तमौली गांव का मामला**

बजे ग्रामीणों ने राजेंद्र के नहर में डूबने की सूचना उनके परिजनों को दी। इसके बाद परिवार के लोग और ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। पुलिस को भी घटना की जानकारी दी गई। इसके बाद ग्रामीणों ने नहर में उनकी तलाश शुरू की। करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद राजेंद्र का शव नहर में मिला। किसान की मौत से परिवार में मातम पसरा है। उनके एक बेटी और दो बेटे हैं। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## अहरौला थाने में शांति समिति की बैठक

शाहपुर, आजमगढ़। अहरौला थाने में आगमी त्योहारों को लेकर शांति कमेटी की बैठक की गई। एसडीएम चंद्रप्रकाश सिंह, क्षेत्राधिकारी बूढ़नपुर विजय सिंह गौर ने बताया कि क्षेत्र में 52 जगहों पर दुर्गा प्रतिमाओं की स्थापना, 12 जगहों पर रामलीला का मंचन और दो जगह पर दशहरे के दिन रावण दहन होगा। डीजे संचालकों से अपील की गई की दुर्गा पूजा और रामलीला मंचन के दौरान कहीं कोई अश्लीलता न होने पाए और बिना अनुमति के कोई आयोजन करना अपराध होगा। निर्धारित समय 10 बजे रात तक ही डीजे निर्धारित वॉल्यूम पर ही बजाएंगे। किसी भी अप्रिय घटना की सूचना तुरंत पुलिस को दें। अगर किसी भी पूजा समिति में अश्लील गाने या डांस पाया जाएगा तो सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# राष्ट्रीय बैडमिंटन खिलाड़ी आरुष श्रीवास्तव का यूपी पीएसी में चयन

आजमगढ़। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की खेल कोटे के तहत कुशल खिलाड़ियों की सीधी भर्ती

**जिले के खेल जगत में हर्ष, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सौंपा नियुक्ति पत्र**

योजना में आजमगढ़ के राष्ट्रीय बैडमिंटन खिलाड़ी आरुष श्रीवास्तव का चयन उत्तर प्रदेश पुलिस की प्रादेशिक आर्म्ड कांस्टेबलरी (पीएसी) में हुआ है। 8 अक्टूबर को लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने आरुष सहित चयनित 470 खिलाड़ियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए। आरुष ने दिसंबर 2023 में भर्ती के लिए आवेदन किया था। अप्रैल 2025 में ट्रायल के बाद चयन प्रक्रिया पूरी हुई और उन्हें नियुक्ति पत्र प्राप्त हुआ। उनकी इस उपलब्धि से परिवार सहित आजमगढ़ के खेल जगत में खुशी की लहर है। आरुष की सफलता पर उनके पिता अधिवक्ता संजय श्रीवास्तव, माता रोली श्रीवास्तव, बहन रिया श्रीवास्तव एवं मार्गदर्शक अजेंद्र राय ने प्रसन्नता व्यक्त की। जिला बैडमिंटन संघ के अध्यक्ष डा. डीपी राय, सचिव डा. पीयूष कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष रमाकांत वर्मा तथा पुनीत राय, राजेंद्र प्रसाद यादव, विजय सिंह, प्रवीण कुमार सिंह, प्रवीण राय, सत्येंद्र उपाध्याय, पवन पांडेय, राकेश सिंह, कुमार समर्थ, सत्य प्रकाश यादव, राजन यादव, प्रज्ञा राय, अंकिता यादव, वैष्णवी अवनी, वीरेंद्र प्रजापति, शशांक शेखर सिंह एवं स्रोत सिंह आदि ने आरुष को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## चोरी के आरोपी ने जेल में बितायी अवधि की सजा

आजमगढ़। चोरी के मुकदमे में सुनवाई पूरी करने के बाद गैंगस्टर/पॉक्सो कोर्ट के जज अमर सिंह ने शुक्रवार को एक आरोपी को जेल में बितायी गयी अवधि (1 वर्ष 9 माह 18 दिन) के कारावास व 5000 रुपये के अर्थदण्ड की सजा सुनाई। अभियोजन पक्ष के अनुसार वादी मुकदमा हरेंद्र निवासी खोजापुर ने 16 जून 2024 को थाने पर रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसके अनुसार आरोपी विशाल राजभर निवासी गौरी, थाना अहरौला द्वारा वादी के घर का ताला तोड़कर कीमती जेवर, टीवी व 20 हजार चोरी कर लिया गया। इस मामले में सुनवाई के दौरान शुक्रवार को आरोपी विशाल राजभर ने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया। तब अदालत ने जुर्म स्वीकारोक्ति के आधार विशाल राजभर की जेल में बितायी गयी अवधि (1 वर्ष 9 माह 18 दिन) के कारावास व 5000 रुपये के अर्थदण्ड की सजा सुनाई।

# गौ संरक्षण केंद्र में भाजपा कार्यकर्ताओं ने चलाया स्वच्छता अभियान

लालगंज, आजमगढ़। सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत शुक्रवार को विकास खंड पल्हना के भरथीपुर स्थित वृहद गो संरक्षण केंद्र मियापुर

**गो-वंशों के लिए गुड़ लेकर पहुंचे थे जिलाध्यक्ष ध्रुव सिंह**

बासदेवा में स्वच्छता अभियान चलाया गया। भाजपा जिलाध्यक्ष ध्रुव सिंह के नेतृत्व में आयोजित इस अभियान में भाजपा जिला एवं मंडल कार्यकारिणी के पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। अभियान के दौरान गो संरक्षण केंद्र परिसर की साफ-सफाई की गई। कार्यकर्ताओं ने परिसर में फैले कचरे को हटाया और गोवंशों के बैठने के स्थान को स्वच्छ बनाया। इसके बाद सभी ने गोवंशों को गुड़ व हरा चारा खिलाकर गोसेवा की। जिलाध्यक्ष ध्रुव सिंह ने कहा कि सेवा पखवाड़ा का उद्देश्य समाज में सेवा, स्वच्छता



और जनभागीदारी की भावना को मजबूत करना है। गोवंशों की सेवा और संरक्षण के साथ-साथ उनके आसपास स्वच्छ वातावरण बनाए रखना भी हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। और सेवा कार्यों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित करते हैं। उन्होंने अभियान में सहयोग करने वाले सभी पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, कार्यकर्ताओं तथा ग्रामवासियों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर प्रधान प्रतिनिधि रामानुज सिंह, उप मुख्य चिकित्साधिकारी वाईके यादव, ग्राम पंचायत अधिकारी अजय कुमार सिंह, एडीओ पंचायत प्रभारी चंदन सरोज, प्रधान इंद्रजीत यादव, सुदर्शन सिंह, जीत बहादुर सिंह, ओमकार यादव, मुन्ना सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष कृष्ण बिहारी सिंह, बलवंत सिंह, अजीत सिंह, श्याम कन्हैया, राजपत राजभर, संजय राजभर, कृष्ण राम सिंह मुन्ना, पंकज सिंह, राजेन्द्र राजभर, ओम प्रकाश सिंह आदि मौजूद रहे।

# एकल और समूह नृत्य में जिले की टीम ने जीता विजेता का खिताब

## संगीत वादन में बलिया, एकल संगीत गायन, वाद्यवृंद में मऊ का बेहतर प्रदर्शन

आजमगढ़। संयुक्त शिक्षा निदेशक की ओर से शुक्रवार को प्रतिभा निकेतन इंटर कॉलेज एटलस

**मंडल स्तरीय**

**प्रतिभा निकेतन में मंडल स्तरीय कला उत्सव का आयोजन**

पोखरा में मंडल स्तरीय कला उत्सव-2026 का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ संयुक्त शिक्षा निदेशक डॉ. राजेश कुमार आर्या ने दीप प्रज्ज्वलन एवं मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया। प्रतियोगिता में मंडल के आजमगढ़, मऊ और बलिया जिले के सैकड़ों प्रतिभागियों ने कुल 12



विधाओं में प्रतिभाग किया। एकल नृत्य में आजमगढ़ प्रथम, मऊ द्वितीय रहा। समूह नृत्य में आजमगढ़ प्रथम रहा। संगीत वादन में बलिया प्रथम, मऊ द्वितीय और आजमगढ़ तृतीय रहा। एकल संगीत गायन में मऊ प्रथम, आजमगढ़ द्वितीय और बलिया तृतीय रहा। एकल वादन में मऊ प्रथम और आजमगढ़ द्वितीय, संगीत वाद्यवृंद में मऊ प्रथम, समूह संगीत गायन में बलिया प्रथम, आजमगढ़ द्वितीय और मऊ तृतीय रहा। नाटक में मऊ प्रथम, आजमगढ़ द्वितीय और बलिया तृतीय रहा। कहानी वाचन में बलिया प्रथम, आजमगढ़ द्वितीय और मऊ तृतीय स्थान पर रहे। दृश्य कला के अंतर्गत

**तीनों जिलों के प्रतिभागियों ने १२ विधाओं में दिखायी अपनी प्रतिभा**

चित्रकला में मऊ प्रथम, आजमगढ़ द्वितीय और बलिया तृतीय, जबकि मूर्तिकला में मऊ प्रथम, बलिया द्वितीय और आजमगढ़ तृतीय रहा। खिलौना प्रतियोगिता में आजमगढ़ प्रथम और मऊ द्वितीय स्थान पर रहा। निर्णायक संजय कुमार, डॉ. इफ्तेखार खान, धीरेन्द्र सिंह, अनीता यादव, हरिकेश यादव, विधि सिंह, रमेश यादव, रेखा यादव समेत अन्य शिक्षक एवं निर्णायक मौजूद रहे। इस अवसर पर डॉ. राजेश कुमार आर्या ने कहा कि कला उत्सव बच्चों के सर्वांगीण विकास के साथ लोक परंपराओं को जीवंत बनाए रखने का माध्यम है। उन्होंने प्रतियोगिता में शामिल छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए स्वस्थ मन से प्रतिभाग करने की शुभकामनाएं दीं। विद्यालय के प्रधानाचार्य चंद्र मौर्य ने तीनों जनपदों से आए शिक्षकों और प्रतिभागियों का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि कला प्रतियोगिताओं के माध्यम से बच्चों में रचनात्मक क्षमता का विकास होता है। कार्यक्रम की आयोजक राजकीय बालिका इंटर कॉलेज सरायमीर की प्रधानाचार्या संध्या वर्मा ने कहा कि ऐसे आयोजनों से बच्चों में सीखने की प्रेरणा जागृत होती है।

# बीएलओ और बीएलए के बीच समन्वय पूरा होगा लक्ष्य

लालगंज, आजमगढ़। विधानसभा क्षेत्र 351 लालगंज में मतदाता सूची पुनरीक्षण एवं निर्वाचन

**मतदाता सूची पुनरीक्षण को लेकर एसडीएम की बैठक, दिये निर्देश**

संबंधी कार्यों को लेकर शुक्रवार को लालगंज तहसील सभागार में एसडीएम नेहा मिश्रा की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। एसडीएम ने कहा कि बीएलओ और बीएलए के बीच आपसी समन्वय बनाए रखते हुए कार्यों को समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाए, ताकि कोई भी पात्र मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने से वंचित न रहे।

बैठक में विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों, बीएलओ, सुपरवाइजरों और सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों ने भाग



लिया। नए मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में शामिल करने के लिए फॉर्म-6 भरवाने, मतदाता सूची में महिला-पुरुष अनुपात में सुधार करने,18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके युवाओं का पंजीकरण कराने तथा बीएलओ और बीएलए के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने पर चर्चा की गई। इसके साथ ही मतदाता सूची से संबंधित आपत्तियों के निस्तारण और घर-घर जाकर फॉर्म एकत्र करने की प्रक्रिया को प्रभावी बनाने पर भी जोर दिया गया। एसडीएम ने कहा कि मतदाता सूची को शुद्ध, पारदर्शी और त्रुटिरहित बनाने के लिए सभी संबंधित अधिकारियों,कर्मचारियों और राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की सहभागिता जरूरी है। इसके लिए व्यापक अभियान चलाया जाएगा, जिसके माध्यम से पात्र नागरिकों को मतदाता सूची में नाम जुड़वाने तथा आवश्यक संशोधन कराने के प्रति जागरूक किया जाएगा।

# सीमांकन के नाम पर रिश्वत मांगने के आरोप में लेखपाल निलंबित

## लेखपाल का रुपये लेने का वीडियो वायरल

**बभनी/आसनडीह( सोनभद्र )।** जनपद में राजस्व विभाग के कर्मचारियों पर अवैध वसूली का गंभीर आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शिकायत की गई है। शिकायतकर्ता लक्ष्मी प्रसाद ने क्षेत्रीय कानूनगो राजनाथ और लेखपाल विमलेश पर जमीन के सीमांकन के नाम पर 25 हजार रुपये मांगने का आरोप लगाया है। उन्होंने मामले की जांच कराकर दोषी पाए जाने पर संबंधित कर्मचारियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग की है। मुख्यमंत्री को भेजे गए शिकायती पत्र के अनुसार, लक्ष्मी प्रसाद निवासी अरझट, पोस्ट सेंधूर, तहसील दुद्धी, क्षेत्र बभनी, जनपद सोनभद्र ने बताया कि वह पिछले लगभग 10 वर्षों से भाजपा में विभिन्न दायित्वों पर कार्य कर रहे हैं। वर्तमान में वह मंडल महामंत्री के पद पर कार्यरत हैं। शिकायतकर्ता का आरोप है कि गाटा संख्या 716/717, देवरीहवां में जमीन का सीमांकन कराने के लिए क्षेत्रीय लेखपाल विमलेश और कानूनगो राजनाथ ने कथित तौर पर 25 हजार रुपये की मांग की थी। उनका दावा है कि काफी बातचीत के बाद 10 हजार रुपये देने पर सीमांकन का कार्य पूरा किया गया। उसी का वीडियो वायरल हो रहा है।लक्ष्मी प्रसाद के मुताबिक, उन्होंने 21 जुलाई 2026 को सीमांकन के लिए उपजिलाधिकारी के समक्ष प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया था। इसके बाद उपजिलाधिकारी ने टीम गठित कर सीमांकन कराने के निर्देश दिए थे। इसके बावजूद राजस्व कर्मियों की कथित मांग से वह काफी आहत हैं। शिकायतकर्ता ने अपने शिकायती पत्र में दावा किया है कि कथित अवैध वसूली से संबंधित साक्ष्य वीडियो उनके पास उपलब्ध हैं। उन्होंने यह भी कहा कि क्षेत्र में राजस्व विभाग के कर्मचारियों के खिलाफ इस तरह की अन्य शिकायतें भी सामने आ रही हैं। मामले में निष्पक्ष जांच कराकर आरोपों की सत्यता सामने लाने और दोषी पाए जाने पर संबंधित कर्मचारियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने की मांग की गई है।

### एसडीएम ने किया लेखपाल को निलम्बित

**बभनी( सोनभद्र )।** उपजिलाधिकारी दुद्धी अशोक कुमार गुप्ता ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांचोपरांत लेखपाल विमलेश को तत्काल प्रभाव से निलम्बित कर दिया है।

# रिहंद डैम में छोटी मछलियों के कथित शिकार से मचा हड़कंप

## रोजाना लाखों मछली के बच्चों के मारे जाने का आरोप

सोनभद्र। रिहंद डैम (गोविंद बल्लभ पंत सागर) में मत्स्य आखेट के नाम पर छोटी मछलियों के कथित बड़े पैमाने पर शिकार का गंभीर मामला सामने आया है। बीजपुर थाना क्षेत्र के बारां नदी एवं सिरसोती इलाके में 10 ग्राम से लेकर 500 ग्राम तक की छोटी मछलियों को पकड़कर सुखाने और बड़े बाजारों में बेचने का आरोप लगाया गया है। आरोप है कि इस गतिविधि के कारण प्रतिदिन लाखों की संख्या में मछली के बच्चे मारे जा रहे हैं। यदि ये आरोप सही पाए जाते हैं, तो यह रिहंद जलाशय के मत्स्य संसाधनों के भविष्य के लिए गंभीर खतरे का संकेत है। इस मामले को लेकर निषाद पार्टी के सोनभद्र जिलाध्यक्ष अनिकेत निषाद ने मत्स्य विभाग की निगरानी व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए ठेकेदारों और संबंधित अधिकारियों की भूमिका की निष्पक्ष जांच की मांग की है। उन्होंने सवाल उठाया कि यदि मत्स्य आखेट की निविदा में निर्धारित आकार से छोटी मछलियों को पकड़ने पर प्रतिबंध है, तो कथित रूप से उनका शिकार किसके संरक्षण में हो रहा है? शिकायतों के बाद भी कार्रवाई नहीं होने के आरोपों पर विभाग को स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए।

# १२ से ईवीएम,वीवीपैट की प्रथम स्तरीय जांच

## आयोग के मानकों के अनुरूप सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने का डीएम ने दिया निर्देश

सोनभद्र। आगामी विधानसभा सामान्य निर्वाचन-2027 को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के दृष्टिगत जनपद में निर्वाचन संबंधी तैयारियों को गति दी जा रही है। इसी क्रम में जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने ईवीएम एवं वीवीपैट की प्रथम स्तरीय जांच (एफएलसी) के लिए निर्धारित हॉल का निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया। जनपद में ईवीएम एवं वीवीपैट की एफएलसी प्रक्रिया 12 अक्टूबर से प्रारंभ होनी है। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने एफएलसी हॉल में साफ-सफाई, कमरे की रंगाई-पोताई तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का बारीकी से अवलोकन किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित मानकों के अनुरूप सभी आवश्यक तैयारियां समय से पूर्ण कर ली जाएं, ताकि एफएलसी की प्रक्रिया सुचारु एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न हो सके। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि एफएलसी हॉल में साफ-सफाई एवं सुव्यवस्थित वातावरण के साथ सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। निर्वाचन संबंधी कार्यों में किसी प्रकार की कमी न रहे तथा सभी तैयारियां निर्धारित समयसीमा के भीतर पूर्ण कर ली जाएं।




# फेसबुक पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने का आरोप

## थाने में दी गयी तहरीर

**रेणुकूट( सोनभद्र )।** सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म फेसबुक पर फोटो पोस्ट कर अभद्र टिप्पणियां करने और सामाजिक प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाने का आरोप लगाते हुए पिपरी निवासी भाजपा नेत्री इशिका चौबे ने थाने में प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने आरोप लगाया कि उनकी तस्वीर का इस्तेमाल कर फेसबुक पर आपत्तिजनक पोस्ट की जा रही हैं और उनके खिलाफटिप्पणियां की जा रही हैं। इशिका चौबे के अनुसार, वह राबर्ट्सगंज विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ने की तैयारी कर रही हैं। इसके लिए वह क्षेत्र के विभिन्न गांवों में जनसंपर्क कर रही हैं। इसी बीच फेसबुक पर पं. करुणाकर त्रिपाठी की प्रोफाइल से उनकी तस्वीर पोस्ट की गई। आरोप है कि पोस्ट में प्रत्याशी को लेकर टिप्पणी की गई है। इसके अतिरिक्त पोस्ट के नीचे नीतू शुक्ला सहित अन्य लोगों की टिप्पणियां भी दिखाई दे रही हैं। इशिका चौबे ने कृष्ण त्रिपाठी और नीतू शुक्ला पर भी फेसबुक के माध्यम से अभद्र टिप्पणियां करने का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि सोशल मीडिया पर इस तरह की पोस्ट और टिप्पणियों से उनकी सामाजिक छवि प्रभावित हो रही है। उन्होंने पूरे मामले की जांच कर संबंधित लोगों के खिलाफ उचित कानूनी कार्रवाई किए जाने की मांग की है। मामले को लेकर पिपरी थाना प्रभारी अजय श्रीवास्तव ने बताया कि इशिका चौबे की ओर से प्रार्थना पत्र प्राप्त हुआ है। शिकायत के आधार पर मामले की जांच की जा रही है। जांच में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि दोषी पाए जाने वालों को बख्शा नहीं जाएगा।

### न्यायालय के आदेश पर भागीरथी मौर्य की २८.१० लाख की संपत्ति जब्त

**रेणुकूट( सोनभद्र )।** पिपरी पुलिस ने शुक्रवार को न्यायालय के आदेश पर निवेश के नाम पर लोगों से करोड़ों रुपये की कथित अवैध संपत्ति अर्जित करने के मामले में आरोपी भागीरथी मौर्य की 28.10 लाख रुपये की संपत्ति जब्त करने की कार्रवाई की। पुलिस ने सदर तहसील के लोढ़ी गांव में स्थित भूखंड को जब्त किया। पिपरी क्षेत्राधिकारी हर्ष पांडेय ने बताया कि अभियुक्त भागीरथी मौर्य ने सिटी म्युचुअल बेनिफिट कंपनी बनाकर भोले-भाले लोगों को निवेश के लिए प्रेरित किया और उनसे धनराशि एकत्र कर करोड़ों रुपये की अवैध संपत्ति अर्जित की। मामले से संबंधित तथ्यों और संपत्ति का विवरण पिपरी पुलिस द्वारा न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया था। इस पर न्यायालय ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 107 के तहत आरोपी की संपत्ति जब्त करने का आदेश दिया। न्यायालय के आदेश के अनुपालन में शुक्रवार को पिपरी पुलिस की टीम लोढ़ी गांव पहुंची और वहां स्थित भूखंड को जब्त करने की कार्रवाई पूरी की। पुलिस के अनुसार, जब्त की गई संपत्ति का मूल्य 28.10 लाख रुपये आंका गया है। क्षेत्राधिकारी ने बताया कि अभियुक्त भागीरथी मौर्य के विरुद्ध इससे पहले भी इसी प्रकरण में एक करोड़ 31 लाख रुपये की संपत्ति जब्त करने की कार्रवाई की जा चुकी है। पुलिस मामले में आगे की विधिक कार्रवाई कर रही है।

# सोनभद्र में स्नातक निर्वाचन के लिये २१, शिक्षक निर्वाचन के लिए १३ मतदेय स्थल निर्धारित

## घोरावल से बीना तक निर्धारित मतदेय स्थलों पर होगा स्नातक, शिक्षक मतदाताओं का मतदान

**सोनभद्र।** जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी चर्चित गौड़ ने अवगत कराया है कि मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश, लखनऊ तथा आयुक्त वाराणसी मण्डल, वाराणसी,रिटर्निंग ऑफिसर, वाराणसी खण्ड स्नातक एवं खण्ड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के अनुपालन में विधान परिषद के वाराणसी खण्ड स्नातक एवं खण्ड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के निर्वाचन हेतु मतदेय स्थलों के प्रस्ताव अनुमोदित कर दिए गए हैं। निर्धारित मतदेय स्थलों पर संबंधित निर्वाचन क्षेत्र के पात्र मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे। वाराणसी खण्ड स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के लिए जनपद में कुल 21 मतदेय स्थल निर्धारित किए गए हैं। इनमें घोरावल में विकास खण्ड कार्यालय, करमा में विकास खण्ड कार्यालय, राबर्ट्सगंज में राजा शारदा महेश इंटर कॉलेज, चुर्क में जय ज्योति उच्च माध्यमिक विद्यालय, चतरा, नगवां, चोपन एवं कोन में संबंधित विकास खण्ड कार्यालय, ओबरा में ओबरा इंटर कॉलेज, दुद्धी में विकास खण्ड कार्यालय, बीजपुर में कंपोजिट विद्यालय बीजपुर, बभनी में विकास खण्ड कार्यालय, रेनुकूट में आदित्य बिरला इंटरमीडिएट कॉलेज रेनुकूट, पिपरी में राजकीय इंटर कॉलेज पिपरी, अनपरा में राजकीय इंटर कॉलेज अनपरा तथा बीना में प्राथमिक पाठशाला बीना प्रोजेक्ट को मतदेय स्थल बनाया गया है। इन मतदेय स्थलों के अंतर्गत संबंधित नगर पंचायतों, नगर पालिका परिषद तथा निर्धारित विकास खण्ड क्षेत्रों को शामिल किया गया है। इन मतदेय स्थलों पर केवल स्नातक मतदाता ही मतदान कर सकेंगे। इसी प्रकार, वाराणसी खण्ड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के लिए जनपद में कुल 13 मतदेय स्थल निर्धारित किए गए हैं। इनमें घोरावल, करमा, राबर्ट्सगंज, चतरा, नगवां, चोपन, ओबरा, कोन, दुद्धी, बभनी, रेणुकूट, अनपरा एवं बीना में संबंधित विकास खण्ड कार्यालयों, राजा शारदा महेश इंटर कॉलेज, इंटर कॉलेज ओबरा, आदित्य बिरला इंटरमीडिएट कॉलेज, राजकीय इंटर कॉलेज अनपरा तथा प्राथमिक पाठशाला बीना प्रोजेक्ट को मतदेय स्थल निर्धारित किया गया है। इन मतदेय स्थलों के अंतर्गत संबंधित नगर पंचायतों, नगर पालिका परिषद तथा निर्धारित ग्रामीण एवं विकास खण्ड क्षेत्रों को सम्मिलित किया गया है। इन मतदेय स्थलों पर केवल शिक्षक मतदाता ही मतदान कर सकेंगे। स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों के मतदेय स्थलों का निर्धारण संबंधित मतदाता वर्ग और निर्धारित मतदान क्षेत्र के अनुसार किया गया है। निर्वाचन से संबंधित मतदाता अपने क्षेत्र के लिए निर्धारित मतदेय स्थल की जानकारी प्राप्त कर लें, ताकि मतदान के समय किसी प्रकार की असुविधा न हो।

# अगले वर्ष तक किसानों के खेतों तक पहुंचेगा कनहर बांध का पानी

## मुख्य नहर और शाखा नहरों का निर्माण युद्धस्तर पर जारी, किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी उपलब्ध कराना प्रदेश सरकार की प्राथमिकता

सोनभद्र। खेतों में फसल लहलहाए, किसान मौसम की अनिश्चितता से कम और पानी की उपलब्धता को लेकर ज्यादा आश्वस्त रहें तथा ग्राम पंचायत क्षेत्र में आठ तक पहुंचाने के लिए मुख्य नहर और शाखा नहरों का निर्माण युद्धस्तर पर कराया जा रहा है। परियोजना को समय से पूरा करने के लिए बजट की भी पर्याप्त व्यवस्था की गई है और अधिकारियों के अनुसार निर्माण कार्य में धनराशि की कोई समस्या नहीं है।

### बांध बनकर तैयार, अब खेतों तक पानी पहुंचाने पर जोर

कनहर निर्माण खंड 3 के अधिशासी अभियंता विनोद कुमार ने बताया कि बांध का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। अब नहरों के निर्माण और उनसे जुड़ी संरचनाओं को तेजी से पूरा किया जा रहा है। 57.10 किलोमीटर लंबी मुख्य नहर में 50.400 किलोमीटर का निर्माण पूरा हो चुका है। वहीं 47.75 किलोमीटर लंबी शाखा नहरों में 18 किलोमीटर का निर्माण कार्य पूरा हो गया है। शेष कार्य भी तेजी से कराया जा रहा है।

### १०८ गांवों के किसानों के लिए सिंचाई का दायरा बढ़ेगा

कनहर परियोजना पूरी होने के बाद क्षेत्र में सिंचाई का दायरा बढ़ेगा। दुद्धी और ओबरा के 108 गांवों के लाखों किसानों को खेती के लिए पानी की उपलब्धता सुनिश्चित होगी। इससे किसानों की उत्पादन क्षमता बढ़ने के साथ उनकी आय में वृद्धि का मार्ग भी मजबूत होगा। सरकार की मंशा है कि किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी उपलब्ध हो और जल संसाधनों का अधिकतम उपयोग करते हुए कृषि क्षेत्र को मजबूत बनाया जाए। कनहर परियोजना इसी दिशा में सोनभद्र के किसानों के लिए एक महत्वपूर्ण आधार तैयार कर रही है।

### बजट की पर्याप्त व्यवस्था, निर्माण में नहीं है धनराशि की समस्या

परियोजना को समय से पूरा करने के लिए योगी सरकार ने बजट की पर्याप्त व्यवस्था की है। परियोजना की अतिरिक्त लागत के लिए प्रदेश सरकार ने अक्टूबर 2024 में 3हजार 394.65 करोड़ रुपये की स्वीकृति प्रदान की थी। वित्तीय वर्ष 2023-24 तक परियोजना पर 2हजार 296.54 करोड़ रुपये खर्च हो चुके हैं। शेष 1098.11 करोड़ रुपये की धनराशि का वित्त पोषण शासन द्वारा समयबद्ध तरीके से किया जा रहा है। अधिकारियों के अनुसार परियोजना के निर्माण कार्य में धनराशि की कोई समस्या नहीं है। इससे परियोजना के शेष कार्यों को निर्धारित गति से आगे बढ़ाने में मदद मिल रही है।

### २६४ मीटर तक पहुंचा बांध का जलस्तर, २६५.५५२ मीटर तक भंडारण का लक्ष्य

इस वर्षाकाल में बांध के तृतीय चरण के तहत 265.552 मीटर तक जल भंडारण का लक्ष्य रखा गया है। वर्तमान में बांध का जलस्तर 264 मीटर तक पहुंच चुका है। बांध में पर्याप्त पानी उपलब्ध है। इसके साथ ही नमामि गंगे-हर घर नल जल योजना के तहत पेयजल की उपलब्धता भी सुनिश्चित की जा रही है। दायीं कनहर नहर पर 1हजार 775 मीटर लंबे मलिया एक्वाडक्ट में 1हजार 475 मीटर का निर्माण पूरा हो चुका है, जबकि शेष 300 मीटर का कार्य तेजी से जारी है। वहीं 2हजार 660 मीटर लंबी सुरंग की खुदाई पूरी हो गई है और 1हजार 320 मीटर लाइनिंग का कार्य भी पूरा किया जा चुका है। शेष लाइनिंग का कार्य युद्धस्तर पर चल रहा है।

,इसी दिशा में प्रदेश सरकार सोनभद्र की महत्वाकांक्षी कनहर सिंचाई परियोजना को तेजी से पूरा करने में जुटी है। परियोजना के पूरा होने के बाद बड़ी संख्या में किसानों को सिंचाई के लिए नियमित और पर्याप्त पानी उपलब्ध हो सकेगा। अधिकारियों के मुताबिक निर्माण कार्य की

### निलंबित पेशकार की संपत्ति की जांच की मांग

लिलासी(सोनभद्र)। आरओ कार्यालय में तैनात रहे और घूस लेने के आरोप में निलंबित पेशकार की संपत्ति की जांच कराने की मांग क्षेत्रीय किसानों ने जिलाधिकारी से की है। नाम सार्वजनिक न करने का आग्रह करते हुए ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि सर्वे सेटलमेंट के समय से अब तक संबंधित पेशकार ने कथित रूप से अवैध कमाई की है और उससे जमीन खरीदने के साथ भवन निर्माण में निवेश किया है। बभनी बैंक के पास जमीन खरीदकर उस पर व्यावसायिक भवन का निर्माण कराया गया है। उन्होंने संबंधित व्यक्ति की संपत्ति और आय के स्रोतों की निष्पक्ष जांच कराकर आवश्यक कार्रवाई की मांग की है। हालांकि, इन आरोपों की स्वतंत्र जांच के बाद ही सच्चाई सामने होगी।

# वाराणसी-शक्तिनगर मार्ग बना राखड़युक्त

**अनपरा( सोनभद्र )।** वाराणसी-शक्तिनगर राष्ट्रीय राज्यमार्ग पर बिजली घरों की परियोजनाओं से निकलने वाली राख की ट्रांसपोर्टिंग लोगों के लिए परेशानी का सबब बनती जा रही है। आरोप है कि राख से लदे वाहन खुले बॉडी में राख लेकर सड़कों से गुजरते हैं, जिसके चलते राख सड़क पर गिरने के बाद जब यह सूखती है तो यह साथ-साथ हवा में भी फैलती है। इससे राहगीरों और आसपास के लोगों को प्रदूषण का सामना करना पड़ रहा है। अनपरा नगर पंचायत, बीना, शक्तिनगर, खड़िया, डिबुलगंज क्षेत्र का है, जहां वाराणसी-शक्तिनगर मार्ग पर राख की ट्रांसपोर्टिंग को लेकर स्थानीय लोगों में नाराजगी देखने को मिल रही है। नगरवासियों का कहना है कि बिजली घरों से निकलने वाली राख को जब खुले वाहनों में ले जाया जाता है, तो रास्ते में राख सड़क पर गिरती रहती है और वाहनों के गुजरने से धूल व राख का गुबार उड़ता है। स्थानीय लोगों के मुताबिक, इसका असर सड़क से गुजरने वाले राहगीरों के साथ-साथ आसपास रहने वाले लोगों पर भी पड़ रहा है।स्थानीय लोगों का कहना है कि अनपरा नगर पंचायत क्षेत्र में ऐसी पर्याप्त स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध नहीं है, जहां गंभीर स्थिति में मरीजों का समुचित उपचार हो सके। लोगों के मुताबिक, अगर कोई बड़ी दुर्घटना या गंभीर स्वास्थ्य समस्या सामने आती है, तो मरीज को जिला अस्पताल रॉबर्ट्सगंज या फिर वाराणसी ले जाना पड़ता है। ऐसे में सड़क पर बढ़ते प्रदूषण और दुर्घटना के खतरे को लेकर स्थानीय लोग चिंतित हैं। नगरवासियों का कहना है कि राख की ट्रांसपोर्टिंग करना गलत नहीं है, लेकिन इसे सुरक्षित तरीके से किया जाना चाहिए। लोगों की मांग है कि राख को खुले बॉडी वाले वाहनों के बजाय पूरी तरह ढके या बंद बॉडी वाले वाहनों में ले जाया जाए, ताकि राख सड़क पर न गिरे और हवा में न फैले।

### जन्मदिन पर छात्र-छात्राओं में फल वितरित

**करमा( सोनभद्र )।** आंनद केशरी ने अपने जन्मदिन पर विद्यालयों में छात्रों व शिक्षकों को फल वितरित करके मनाया। केकराही निवासी आंनद केशरी ने अपने जन्मदिन पर विद्यालयों में छात्रों व शिक्षकों को फल वितरित कर मनाया अपना जन्म दिन। आंनद केशरी सामाजिक कार्यकर्ता व भाजपा का कर्मठ सदस्य है।

# हादसे के बाद वाहन समेत चालक फरार

## सीसीटीवी फुटेज में चेहरा हुआ कैद

**सिंगरौली।** मोरवा थाना क्षेत्र के वार्ड क्रमांक-तीन स्थित बीईएमएल कॉलोनी के पास तेज रफ्तार एंबुलेंस ने जमकर कहर बरपाया। अनियंत्रित एंबुलेंस ने सोनी गेस्ट हाउस के सामने खड़े कई वाहनों को टक्कर मार दी। हादसे में एक व्यक्ति घायल हो गया, जिसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक एंबुलेंस चालक बेहद तेज रफ्तार में वाहन चला रहा था। संकरी सड़क पर नियंत्रण खोने के बाद एंबुलेंस ने एक के बाद एक कई वाहनों को टक्कर मारी और वहां मौजूद एक व्यक्ति को भी अपनी चपेट में ले लिया। घटना के बाद चालक एंबुलेंस समेत मौके से फरार हो गया। हादसे का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है, जिसमें एंबुलेंस तेज रफ्तार में आती और वाहनों को टक्कर मारती दिखाई दे रही है। घटना सब्जी मंडी के समीप की बताई जा रही है। खास बात यह है कि यह स्थान न तो नेशनल हाईवे पर है और न ही कोई चौड़ा मुख्य मार्ग, इसके बावजूद एंबुलेंस की रफ्तार काफी अधिक थी। प्रत्यक्षदर्शियों ने चालक के नशे में होने की आशंका जताई है। हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि पुलिस जांच के बाद ही हो सकेगी। घटना के बाद मोरवा पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर एंबुलेंस और चालक की पहचान करने के साथ ही घटनाक्रम की जानकारी जुटा रही है। घायल व्यक्ति का उपचार जारी है।

# ब्लाक सचिव की संपत्तियों की जांच की मांग

**अनपरा( सोनभद्र )।** विकास खंड म्योरपुर में तैनात सचिव की कथित संपत्तियों की जांच कराने की मांग जोर पकडने लगी है। इस संबंध में शिकायतकर्ता छोटेलाल ने 7 अक्टूबर को जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर सचिव तथा उनकी पत्नी के नाम पर अर्जित संपत्तियों की जांच कराने का अनुरोध किया है। शिकायती पत्र में उल्लेख किया गया है कि उनकी नियुक्ति वर्ष 2017 में विकास खंड म्योरपुर में सचिव के पद पर हुई थी। शिकायतकर्ता ने नियुक्ति के समय उनकी संपत्ति और वर्तमान में कथित रूप से अर्जित संपत्तियों का तुलनात्मक सत्यापन कराने की मांग की है। पत्र में आरोप लगाया गया है कि सचिव के पास बेबरी में सड़क किनारे करीब एक बीघा जमीन बीघा कृषि भूमि खरीदे जाने की

### आय से कई गुना अधिक चल-अचल सम्पत्ति का दावा

जानकारी मिली है।

### अवैध मादक पदार्थ की बिक्री धड़ल्ले से

**अनपरा( सोनभद्र )।** स्थानीय थाना क्षेत्र के दुर्गामंदिर, ममुआर, डीबुलगंज, औड़ीमोड रेलवे पुलिया के पास, कहुवानाला व अन्य क्षेत्रों में कथित रूप से खुलेआम अवैध गांजा बिक्री किए जाने की शिकायतें सामने आ रही हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि क्षेत्र में नशीले पदार्थों की कथित बिक्री से युवाओं एवं आम जनमानस पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है तथा सामाजिक वातावरण भी प्रभावित हो रहा है। स्थानीय नागरिकों के अनुसार, सार्वजनिक स्थानों के आसपास नशीले पदार्थों की उपलब्धता को लेकर लोगों में चिंता बनी हुई है। विशेष रूप से युवाओं के नशे की ओर बढ़ते रुझान को लेकर अभिभावकों में भी असुरक्षा की भावना देखी जा रही है। लोगों ने अनपरा पुलिस एवं जिला प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कराकर अवैध मादक पदार्थों की बिक्री पर प्रभावी रोक लगाने, संदिग्ध स्थानों पर नियमित गश्त बढ़ाने तथा दोषी पाए जाने वाले लोगों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

# खेलकूद में प्रतिभागियों ने दिखाया दम-खम

**चुर्क( सोनभद्र )।** स्वामी हरसेवानन्द पब्लिक स्कूल में तीन दिवसीय वार्षिक अर्न्तसदनीय खेल-कूद प्रतियोगिता का शुभारम्भ हुआ। विद्यालय के प्रणेता श्रीश्रीश्री 1008 स्वामी हरसेवानन्द जी महाराज के तैल चित्र पर सचिव व प्रबन्धक बाबा प्रकाशध्यानानन्द, प्रधानाचार्य एके वर्मा ने मार्ल्यापण किया। विद्यालयों में अनुशासन, अध्ययन-अध्यापन के साथ-साथ उनके स्वस्थ्य मन एवं तन के विकास के लिए खेलों का आयोजन एक महत्वपूर्ण पहल है। इसी श्रृंखला में स्वामी हरसेवानन्द पब्लिक स्कूल चुर्क के अर्न्तसदनीय खेल में चारो सदन विवेकानन्द, टैगोर, दयानन्द, और रमन के प्रतिभागी टीमों ने अपने-अपने खेल का आकर्षक प्रदर्शन किया। विद्यालय के सचिव व प्रबन्धक बाबा प्रकाशध्यानानन्द वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का लोकार्पित करते हुये बताया कि अर्न्तसदनीय प्रतिस्पर्धात्मक खेल मेला का आयोजन चुर्क शाखा में 08 से 10 अक्टूबर के बीच विद्यालय क्रीडांगन के बीच आयोजित किया गया है। खो-खो, बैडमिन्टन, स्पूनरेस, चेस, कैरम जैसे इण्डोर एवं आउटडोर गेम्स का आयोजन किया गया। इस मौके पर खेल प्रशिक्षक गोरखनाथ, विकास सिंह, चंचला मिश्रा, आलोक तिवारी, बीडी पाण्डेय, राघवमनि मिश्रा, सुप्रिया मौर्या, संतोष विश्वकर्मा, ओपी यादव, अंजना पाण्डेय मौजूद रहीं।



### पुलिस गश्त के बावजूद वारदात, सुरक्षा व्यवस्था पर उठे सवाल

मारकुंडी(सोनभद्र)। चोपन थाना क्षेत्र की गुरमा पुलिस चौकी अंतर्गत मारकुंडी रेलवे पुलिया स्थित गुरमा नगर पंचायत के वाटर सप्लाई भवन से अज्ञात चोरों ने समरसेबल पंप की करीब 30 मीटर केबल चोरी कर ली। शुक्रवार की भोर चार बजे के बाद हुई इस वारदात से पेयजल आपूर्ति बाधित हो गई, जिससे लोगों की परेशानी बढ़ गई है। वाटर सप्लाई कर्मचारी संजय गिरी ने घटना की जानकारी अधिशासी अधिकारी को लिखित प्रार्थना पत्र देकर उचित कार्रवाई की मांग की है। क्षेत्र में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से लोगों में दहशत है। पुलिस गश्त के बावजूद चोरों के बढ़ते हौसले सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर रहे हैं। अब देखना है कि पुलिस कब तक चोरी का खुलासा कर दोषियों को पकड़ती है और नगर पंचायत पेयजल आपूर्ति बहाल कराती है।

# प्लेसमेंट इंटरव्यू क्रैक करने के व्यवहारिक तरीका को समझाया

**चुर्क( सोनभद्र )।** राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज सोनभद्र तथा प्लेसमेंट प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में दो दिवसीय मिशन अपस्किल इंडिया कार्यशाला का समापन हुआ। इस इंडस्ट्री-एकेडेमिया संवाद कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्रों को भविष्य की तकनीकों के लिए तैयार करना और करियर मार्गदर्शन प्रदान करना था। कार्यक्रम में जनरल मैनेजर सारांश सक्सेना और असिस्टेंट मैनेजर यश शर्मा बतौर मुख्य वक्ता के रूप में मौजूद रहे। विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को एआई-संचालित दौर में उभरती स्किल्स, टूल्स के जरिए प्रभावी रेज्यूमे तैयार करने और प्लेसमेंट इंटरव्यू क्रैक करने के व्यवहारिक तरीके समझाए। साथ ही, वास्तविक तकनीकी चुनौतियों के समाधान पर प्रकाश डालते हुए छात्रों के सवालों के उत्तर दिए। डा. भवना अरोरा तथा डॉ. प्रशांत पाण्डेय ने बताया कि कार्यक्रम में करीब 200 छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्र-छात्राओं को वर्तमान समय के हिसाब से रोजगार संबंधित अपनी तैयारी से परिचित कराना था। संस्थान के निदेशक प्रोफेसर कृपा शंकर वर्मा ने छात्र-छात्राओं को अपने स्किल को वर्तमान समय के अनुसार तैयार करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में डा. देवेंद्र कुमार त्रिपाठी, डा. आमोद तिवारी, डा. आशीष रंजन मिश्रा, सिकंदर, दीपक, रोहित शुक्ला ,श्वेता मौजूद रहीं।



# मेले, पूजा स्थलों पर न होने पाये हुड़दंग जैसी घटनाएं-डीआईजी

## नवरात्रि, दुर्गा पूजा और दशहरा को लेकर डीआईजी ने की पीस कमेटी की बैठक, पंडालों में खुले बिजली तार और ज्वलनशील पदार्थों से बचने के निर्देश



महराजगंज। आगामी नवरात्रि, दुर्गा पूजा एवं दशहरा पर्व को शांतिपूर्ण एवं सकुशल संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में डीआईजी पूनम ने बुधवार को थाना औराई परिसर में पीस कमेटी की बैठक कर पूजा समितियों, पुलिस अधिकारियों एवं क्षेत्र के संभ्रांत लोगों के साथ संवाद किया। बैठक में पुलिस अधीक्षक भदोही अभिनव त्यागी, क्षेत्राधिकारी राजीव कुमार सिंह तथा क्षेत्राधिकारी ज्ञानपुर चमन सिंह चावड़ा समेत पुलिस अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में डीआईजी ने पूजा समितियों से त्योहार के दौरान आने वाली समस्याओं और सुझावों की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि सभी लोग आपसी भाईचारे और सौहार्द के साथ त्योहार मनाएं तथा किसी भी तरह की अफवाह या अराजकता को बढ़ावा न दें। डीआईजी ने पूजा पंडालों में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पंडालों में बिजली के तार खुले में न रहें और विद्युत कनेक्शन सुरक्षित तरीके से कराया जाए। आग की घटनाओं से बचाव के लिए ज्वलनशील पदार्थों का अनावश्यक इस्तेमाल न करने तथा आवश्यक अग्नि सुरक्षा इंतजाम सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने पंडालों में श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए प्रवेश और निकास की उचित व्यवस्था करने के साथ ही आपात स्थिति से निपटने के लिए पर्याप्त इंतजाम रखने के निर्देश दिए। डीआईजी ने पूजा समितियों और डीजे संचालकों को निर्धारित मानकों के अनुसार ही ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि डीजे अत्यधिक तेज आवाज में न बजाया जाए, जिससे आम लोगों को परेशानी न हो। उन्होंने पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिया कि पूजा पंडालों, मेला स्थलों और संवेदनशील क्षेत्रों में लगातार निगरानी रखी जाए। अराजक तत्वों पर विशेष नजर रखते हुए समय रहते कार्रवाई की जाए। मेले और पूजा स्थलों पर मारपीट, छेड़खानी तथा हुड़दंग जैसी घटनाएं किसी भी स्थिति में नहीं होनी चाहिए। डीआईजी ने महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा को लेकर विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। भीड़भाड़ वाले स्थानों और पूजा पंडालों में महिला पुलिसकर्मियों की तैनाती तथा महिला बूथ एवं हेल्प डेस्क को सक्रिय रखने को कहा। उन्होंने निर्देश दिया कि किसी भी महिला की शिकायत पर पुलिस तत्काल कार्रवाई करे। उन्होंने कहा कि त्योहार के दौरान पुलिस की मौजूदगी प्रमुख स्थानों पर स्पष्ट रूप से दिखाई देनी चाहिए। किसी भी सूचना पर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंचे और छोटी घटना को भी गंभीरता से लेते हुए समय रहते उसका समाधान करे। बैठक के दौरान डीआईजी ने पूजा पंडाल समितियों के पदाधिकारियों से बिजली, सुरक्षा, भीड़ प्रबंधन, पुलिस व्यवस्था सहित अन्य समस्याओं के बारे में जानकारी ली। समितियों की ओर से रखे गए सुझावों एवं समस्याओं के संबंध में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए। उन्होंने पूजा समितियों से पुलिस-प्रशासन के साथ समन्वय बनाकर कार्य करने तथा किसी संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि की जानकारी तत्काल पुलिस को देने की अपील की। पीस कमेटी की बैठक के बाद डीआईजी पूनम ने थाना औराई का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने महिला बूथ, बैरक तथा विभिन्न रजिस्टरों और अभिलेखों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उन्होंने पुलिसकर्मियों को अभिलेखों को अद्यतन रखने तथा थाना परिसर की साफ-सफाई एवं व्यवस्थाओं पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए।

## पितृ विसर्जन आज, पितरों के निमित्त होगा पिंडदान

कांवल। पितृपक्ष का अंतिम दिन सर्वपितृ अमावस्या शुक्रवार को श्रद्धा और आस्था के साथ मनाया जाएगा। इस अवसर पर लोग अपने पितरों के निमित्त पिंडदान, तर्पण और श्राद्ध कर्म कर उन्हें विदाई देंगे। धार्मिक मान्यता के अनुसार, इस दिन ज्ञात-अज्ञात पितरों का श्राद्ध करने से उनकी आत्मा की शांति और परिवार में सुख-समृद्धि की कामना की जाती है। डॉ. महेश त्रिपाठी ने बताया कि आश्विन मास की अमावस्या पितृपक्ष का अंतिम दिन होता है, जिसे पितृ विसर्जन या सर्वपितृ अमावस्या कहा जाता है। शास्त्रों में इस तिथि का विशेष महत्व बताया गया है। इस दिन स्नान, दान, जप, तर्पण और श्राद्ध करने के साथ ब्राह्मणों को भोजन कराने तथा अन्न-वस्त्र का दान करने की परंपरा है। उन्होंने बताया कि सर्वपितृ श्राद्ध के दिन उन पूर्वजों के निमित्त भी श्राद्ध किया जाता है, जिनकी मृत्यु की तिथि ज्ञात नहीं होती। धार्मिक मान्यता है कि विधि-विधान से श्राद्ध कर्म करने से पितरों को शांति मिलती है और परिवार में सुख-शांति तथा सौभाग्य की वृद्धि होती है। ब्राह्मण भोजन और दान के बाद गौ ग्रास देना भी शुभ माना जाता है। डॉ. त्रिपाठी के अनुसार, श्राद्ध के दौरान तुलसी, आम और पीपल के वृक्षों पर जल अर्पित करने तथा सूर्योदय के समय सूर्य देव को अर्घ्य देने की परंपरा है। सायंकाल घर के मुख्य द्वार पर दीप प्रज्ज्वलित कर श्रद्धापूर्वक पितरों का विसर्जन किया जाता है। ब्रह्मपुराण के अनुसार, पितृ अमावस्या पर विधिपूर्वक श्राद्ध करने से पुण्य की प्राप्ति होती है।

## पांच वाहनों की भीषण भिड़ंत में सात घायल

गोपीगंज। राष्ट्रीय राजमार्ग पर गेराई गुप्ता हॉस्पिटल के सामने विद्युत सब स्टेशन के पास प्रयागराज से वाराणसी मार्ग पर शुक्रवार को डायवर्जन के दौरान पांच वाहनों की भीषण भिड़ंत हो गई। हादसे में ऑटो सवार पांच लोगों और बाइक सवार दो युवकों समेत सात लोग घायल हो गए। सभी घायलों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका उपचार किया गया। वहीं, टूरिस्ट वाहन में सवार डेढ़ दर्जन से अधिक तीर्थयात्री बाल-बाल बच गए। जानकारी के अनुसार, प्रयागराज से वाराणसी की ओर जा रहे वाहनों की आवाजाही के बीच गुप्ता हॉस्पिटल के सामने राष्ट्रीय राजमार्ग की एक लेन बंद कर दी गई थी। वाहनों को दूसरी ओर मोड़ने के लिए टर्निंग बनाई गई थी। इसी दौरान तेज रफ्तार से आ रहे वाहनों के कारण अचानक टक्कर हो गई। एक मालवाहक पिकअप ऑटो से टकरा गई, जिसके बाद टूरिस्ट वाहन और ट्रेलर भी हादसे की चपेट में आ गए। इसी क्रम में ऑटो से बाइक भी टकरा गई। देखते ही देखते पांच वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गए। हादसे में ऑटो चालक प्रदीप कुमार दुबे (50) पुत्र लालचंद दुबे निवासी बैरी बीसा के अलावा ऑटो सवार सीता देवी (45) पत्नी रामजी यादव निवासी कोइलरा, कविता देवी (50) पत्नी राजधर निवासी संसारापुर, संमता देवी (50) पत्नी संतलाल बिंद निवासी बैरी बीसा और अनीता देवी (35) पत्नी दिलदार बिंद निवासी बैरी बीसा घायल हो गईं। वहीं, बाइक सवार रविंद्र कुमार हरिजन (28) पुत्र लालता प्रसाद और अनुराग (21) पुत्र सुरेश हरिजन, दोनों निवासी राजमला कोइरौना भी घायल हो गए। घटना के बाद राष्ट्रीय राजमार्ग पर अफरा-तफरी मच गई। हादसे के चलते आधे घंटे से अधिक समय तक जाम की स्थिति बनी रही। सूचना पर पुलिस और राष्ट्रीय राजमार्ग की टीम मौके पर पहुंची।

## वाराणसी खंड स्नातक के १५ और शिक्षक निर्वाचन के पांच मतदान स्थल अनुमोदित

### निर्वाचन आयोग ने भदोही जिले के प्रस्तावों को दी मंजूरी

ज्ञानपुर। वाराणसी खंड स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन-2026 के लिए भदोही जिले में मतदान स्थलों के प्रस्तावों को भारत निर्वाचन आयोग ने मंजूरी दे दी है। इसके तहत स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के लिए 15 और शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के लिए पांच मतदान स्थल निर्धारित किए गए हैं। कार्यालय मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश, लखनऊ की ओर से छह अक्टूबर को जारी पत्र के क्रम में आयोग ने जिले से भेजे गए प्रस्तावों को अनुमोदित किया है। इसके बाद निर्वाचन संबंधी तैयारियों को निर्धारित मतदान स्थलों के आधार पर आगे बढ़ाया जाएगा। स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के लिए खंड विकास अधिकारी कार्यालय अभोली, सुरियावां, भदोही, औराई एवं डीघ, नगर पालिका परिषद कार्यालय गोपीगंज और तहसील कार्यालय ज्ञानपुर में मतदान स्थल निर्धारित किए गए हैं। वहीं, शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के लिए खंड विकास अधिकारी कार्यालय सुरियावां, भदोही, औराई एवं डीघ तथा नगर पालिका परिषद कार्यालय गोपीगंज को मतदान स्थल बनाया गया है। अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी शुभांगी शुक्ला ने बताया कि निर्धारित मतदान स्थलों पर निर्वाचन से संबंधित आवश्यक व्यवस्थाएं नियमानुसार सुनिश्चित की जाएंगी।

## सेवा संकल्प अभियान के तहत जनकल्याणकारी कैंप आयोजित

गोपीगंज। गोपपुर स्थित सांसद कार्यालय पर शुक्रवार को 'सेवा संकल्प अभियान' के तहत एक विशाल जनकल्याणकारी कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में भदोही के सांसद डॉ. विनोद बिंद ने मौजूद विभिन्न विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि आम जनता को सरकारी योजनाओं और स्वास्थ्य सेवाओं का सीधा व त्वरित लाभ पहुंचाया जाए। कैंप में समाज कल्याण, स्वास्थ्य, और महिला कल्याण समेत कई प्रमुख विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मुस्तैद रहे। इस दौरान पात्र लाभार्थियों से वृद्धावस्था पेंशन, प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) और प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना जैसी महत्वपूर्ण योजनाओं के आवेदन लिए गए। साथ ही दिव्यांगजनों को ट्राईसाइकिल हेतु रजिस्ट्रेशन कराया गया । इस मौके पर संबंधित योजनाओं को लेकर आवश्यक जानकारी लाभार्थियों को दी गई। इस अवसर पर जिला समाज कल्याण अधिकारी गीता सरोज, पर्यवेक्षक आकाश दुबे, ब्लॉक प्रमुख प्रियंका बिंद, त्रिभुवन मौर्य, तनवीर, सांसद प्रतिनिधि संजय बिंद, सुशील मिश्रा, पंकज बिंद, दशरथ प्रधान, सुनील बिंद, शिवम तिवारी और स्वरूपा बिंद सहित कई गणमान्य लोग और भारी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।



## मतदान बूथों में बदलाव की मांग

ज्ञानपुर। औराई विधानसभा क्षेत्र में मतदान बूथों के निर्धारण और स्थान परिवर्तन की मांग उठाई गई है। सशक्त समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बैजनाथ यादव ने जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर मतदाताओं की सुविधा के लिए बूथों को नजदीकी और सुविधायुक्त भवनों में स्थानांतरित करने की मांग की है। ज्ञापन में कहा गया है कि विधानसभा क्षेत्र के टाउन एरिया घोसिया में बूथ संख्या 18 सहित कई मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की संख्या अधिक होने और जर्जर भवनों में कई बूथ बनाए जाने से मतदान के दिन भीड़ की स्थिति उत्पन्न होती है। इससे बुजुर्ग मतदाताओं समेत अन्य लोगों को कतार में खड़े होकर मतदान करने में परेशानी होती है। वहीं, मतदान कराने के लिए आने वाले कर्मचारियों को भी ठहरने और आराम करने में दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। बैजनाथ यादव ने ज्ञापन में बताया कि घोसिया क्षेत्र में राजेंद्र बरनवाल बालिका इंटर कॉलेज, टेंडर्स हार्ट्स स्कूल, शिवशंकर संस्कृत महाविद्यालय और मदरसा सहित कई ऐसे शिक्षण संस्थान हैं, जहां सीसीटीवी कैमरे, स्वच्छ शौचालय, फर्नीचर, प्रकाश व्यवस्था और सड़क मार्ग जैसी सुविधाएं उपलब्ध हैं।

## पुलिस चौकी से डेढ़ किमी दूर मकनपुर में चोरी

ज्ञानपुर। सुरियावां थाना क्षेत्र के अभोली ब्लॉक स्थित मकनपुर गांव में गुरुवार की रात चोरों ने एक घर को निशाना बनाकर जेवर, नकदी, पीतल के बर्तन समेत कीमती सामान पार कर दिया। हैरानी की बात यह है कि वारदात ख्योंखर पुलिस चौकी से महज डेढ़ किलोमीटर दूर घनी आबादी के बीच हुई। घटना से ग्रामीणों में दहशत है और पुलिस की रात्रिकालीन गश्त पर सवाल उठ रहे हैं। जानकारी के अनुसार, मकनपुर निवासी महेश मिश्रा के पिता शंभूनाथ मिश्रा परिवार के साथ घर में रहते हैं। गुरुवार की रात अज्ञात चोरों ने मुख्य दरवाजे का ताला तोड़कर घर में प्रवेश किया। इसके बाद करीब आधा दर्जन कमरों को खंगालकर सोने-चांदी के जेवर, नकदी, पीतल के बर्तन और अन्य कीमती सामान लेकर फरार हो गए। शुक्रवार सुबह परिजन उठे तो मुख्य दरवाजे का ताला टूटा मिला और कमरों में सामान बिखरा पड़ा था। यह देखकर उनके होश उड़ गए। परिजनों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच-पड़ताल शुरू कर दी है।

## अज्ञात कार की टक्कर से दो युवक घायल

गोपीगंज। कोतवाली गोपीगंज क्षेत्र के अंतर्गत नगर मे पड़ाव के पास सर्विस लेन पर शुक्रवार को अज्ञात कार की टक्कर से बाइक सवार दो युवक घायल हो गए। हादसे के बाद कार चालक वाराणसी की ओर भाग निकला। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) गोपीगंज पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद एक युवक की हालत को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार, गोपीगंज कोतवाली क्षेत्र के कौलापुर निवासी शिवांशु मिश्रा (19) पुत्र दिवेन्द्र मिश्रा और ऋषभ पांडेय छात्रवृत्ति का फार्म भरने के लिए गोपीगंज आ रहे थे। इसी दौरान पड़ाव के पास एक अज्ञात कार ने उन्हें टक्कर मार दी।

## पड़ाव स्टेशन रोड पर कजरी मुकाबला आज

गोपीगंज। नगर के पड़ाव स्टेशन रोड गिराई मे पितृ विसर्जन के दिन शनिवार को जबाबी कजरी का आयोजन किया गया। दिन मे 11 बजे से आयोजित कजरी मुकाबले के मुख्य अतिथि विधायक विपुल दुबे व विशिष्ट अतिथि नगर पालिका परिषद अध्यक्ष जितेंद्र गुप्ता,डा.आर के बिंद,माबूद खान,नरेंद्र बिंद, विजय बिंद होंगे। यह जानकारी सुशील बिंद ने दी बताया कि कजरी गायक रमेश भवरा भदोही,गायिका लक्ष्मी यादव मिर्जापुर के बीच मुकाबला होगा।

## चयन प्रतियोगिता ११ अक्तूबर को

ज्ञानपुर। तेलंगाना सरकार के सहयोग से 14 से 16 नवंबर तक हैदराबाद में आयोजित होने वाली 20वीं राष्ट्रीय अंतर जिला जूनियर एथलेटिक्स मीट के लिए भदोही में जिला स्तरीय चयन प्रतियोगिता 11 अक्टूबर को आयोजित की जाएगी। प्रतियोगिता काशी नरेश विश्वविद्यालय के हॉस्टल ग्राउंड पर सुबह नौ बजे से शुरू होगी।

## दस वर्षीय सुनैना बनीं एक दिन के लिए महिला थाना प्रभारी

ज्ञानपुर। महिलाओं और बालिकाओं में आत्मविश्वास तथा नेतृत्व क्षमता विकसित करने के उद्देश्य से शुक्रवार को प्लान इंडिया एनजीओ की ओर से 'सांकेतिक ओवरटेक कार्यक्रम' आयोजित किया गया। इसके तहत चकजोधी, थाना औराई निवासी 10 वर्षीय सुनैना को एक दिन के लिए महिला थाना प्रभारी निरीक्षक बनाया गया। पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी के निर्देशन और अपर पुलिस अधीक्षक शुभम अग्रवाल के पर्यवेक्षण में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य बालिकाओं को नेतृत्व की भूमिका में आगे आने के लिए प्रेरित करना और उन्हें पुलिस की कार्यप्रणाली से परिचित कराना रहा। इस पहल के माध्यम से महिलाओं एवं बालिकाओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होने तथा सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी निभाने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम के जरिए यह संदेश देने का प्रयास किया गया कि बालिकाओं को भी नेतृत्व के अवसर मिलने चाहिए, ताकि उनमें आत्मविश्वास बढ़े और वे भविष्य में विभिन्न क्षेत्रों में अपनी प्रभावी भूमिका निभा सकें। भदोही पुलिस ने कहा कि महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान, स्वावलंबन एवं सशक्तीकरण के लिए पुलिस निरंतर प्रतिबद्ध है।




### ११ से २० अक्तूबर तक मनेगा नवरात्रि उत्सव

ज्ञानपुर। थाना औराई क्षेत्र के भगौतीदापुर ग्राम सभा में समाजसेवी राहुल सिंह के आवास पर 11 से 20 अक्टूबर तक नवरात्रि उत्सव मनाया जाएगा। इस वर्ष उत्सव का छठवां साल है। आयोजन को लेकर गांव के लोगों में उत्साह है। समाजसेवी राहुल सिंह ने बताया कि गांव के सभी लोग मिलकर हर्षोल्लास के साथ नवरात्रि उत्सव मनाते हैं। इस आयोजन का उद्देश्य आपसी भाईचारे और सामाजिक एकता को मजबूत करना है। उन्होंने कहा कि नवरात्रि उत्सव के दौरान शांति और सौहार्द बनाए रखना सभी की जिम्मेदारी है।

## २३ को मतदान के लिए फोटो पहचान पत्र जरूरी

ज्ञानपुर। वाराणसी खंड स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के द्विवार्षिक निर्वाचन-2026 के तहत 23 अक्टूबर को होने वाले मतदान में मतदाताओं को अपनी पहचान साबित करने के लिए फोटोयुक्त मतदाता पहचान पत्र प्रस्तुत करना होगा। यदि किसी मतदाता के पास मतदाता फोटो पहचान पत्र उपलब्ध नहीं है, तो वह निर्वाचन आयोग की ओर से निर्धारित 10 वैकल्पिक दस्तावेजों में से कोई एक दिखाकर अपनी पहचान स्थापित कर सकता है। जिलाधिकारी एवं सहायक रिटर्निंग आफिसर शैलेष कुमार ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्णय के क्रम में मतदान के दौरान प्रतिरूपण रोकने और निष्पक्ष निर्वाचन सुनिश्चित करने के लिए यह व्यवस्था लागू की गई है। उन्होंने बताया कि मतदाता पहचान पत्र के विकल्प के रूप में आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड और भारतीय पासपोर्ट मान्य होंगे। इसके अलावा राज्य या केंद्र सरकार, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों, स्थानीय निकायों अथवा निजी औद्योगिक प्रतिष्ठानों की ओर से कर्मचारियों को जारी सेवा पहचान पत्र भी प्रस्तुत किया जा सकता है। सांसदों, विधायकों और पार्षदों को जारी सरकारी पहचान पत्र तथा संबंधित शिक्षक या स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के निर्वाचक के नियोजित शैक्षिक संस्थान की ओर से जारी सेवा पहचान पत्र भी मान्य होंगे। विश्वविद्यालय की ओर से जारी डिग्री या डिप्लोमा का मूल प्रमाण पत्र भी पहचान के लिए स्वीकार किया जाएगा। दिव्यांग मतदाता सक्षम प्राधिकारी की ओर से जारी दिव्यांगता संबंधी मूल प्रमाण पत्र अथवा सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार की ओर से जारी यूनिक डिसएबिलिटी आईडी (यूडीआईडी) कार्ड का उपयोग कर सकेंगे।

## सीतामढ़ी में नीम-हकीमों की कट रही चांदी, मरीजों की सेहत से खिलवाड़

सीतामढ़ी। क्षेत्र के कटरा बाजार, सीतामढ़ी समेत आसपास के बाजारों में इन दिनों झोलाछाप डॉक्टरों की भरमार देखने को मिल रही है। मेडिकल स्टोर की आड़ में कथित रूप से बिना पर्याप्त चिकित्सकीय योग्यता के मरीजों का इलाज किए जाने से लोगों की सेहत को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि कई जगहों पर मामूली बीमारी से लेकर गंभीर मर्ज तक का इलाज करने का दावा किया जाता है। बताया जाता है कि इन कथित चिकित्सकों के यहां मरीजों को ड्रिप चढ़ाने से लेकर इंजेक्शन लगाने तक का कार्य धड़ल्ले से किया जाता है। ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी और लोगों की मजबूरी का फायदा उठाकर मरीजों से उपचार के नाम पर मनमानी रकम वसूले जाने की भी शिकायतें सामने आती रहती हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि कई बार गलत दवा अथवा गलत उपचार से मरीजों की हालत बिगड़ने पर उन्हें बड़े अस्पतालों की ओर रेफर कर दिया जाता है।

### रामलीला में हुआ बारी-फुलवारी प्रसंग का मंचन

गोपीगंज। नगर के रामलीला मैदान में बघेल रामलीला समिति के नेतृत्व में आयोजित प्राचीन एवं ऐतिहासिक रामलीला के चौथे दिन शुक्रवार को बारी-फुलवारी प्रसंग का मंचन किया गया। रामनगर की प्रसिद्ध रामलीला की तर्ज पर आयोजित 17 दिवसीय रामलीला में भगवान श्रीराम और माता सीता के प्रथम दर्शन से जुड़े प्रसंग को कलाकारों ने भावपूर्ण अभिनय के माध्यम से प्रस्तुत किया। लीला देखने के लिए रामलीला मैदान में श्रद्धालुओं और नगरवासियों की भीड़ जुटी रही।

## जिला पंचायत सदस्य के घर भीषण चोरी

### १५ लाख के आभूषण और बर्तन चोरी का दावा

कोइरौना । थाना क्षेत्र के दुलही की बारी कोइरौना गांव में चोरों ने जिला पंचायत सदस्य व भाजपा नेता छाया राम मोहन मिश्र के घर को निशाना बनाया। गुरुवार की रात चोर छत के रास्ते घर में घुसे और चार कमरों के ताले बारी बारी से तोड़कर अंदर रखे आलमारी बक्से और सूटकेस को तोड़कर सोने-चांदी के आभूषण समेत पीतल के बर्तन व नगदी उठा ले गए। गृहस्वामी द्वारा चोरी गए सामान की कीमत करीब 15 लाख रुपये से अधिक बताई जा रही है। सूचना पर कोइरौना पुलिस और फोरेंसिक टीम ने वारदात की जांच की। पीड़ित परिवार के मुताबिक, घर के अधिकांश सदस्य दूसरे कमरे और बरामदे में सो रहे थे। इस दौरान उन्हें चोरी की भनक तक नहीं लगी। सुबह कमरे खुले मिले और बक्सों के ताले टूटे देखकर गृहस्वामी और परिजन सन्न रह गए। घटना की सूचना पर कोइरौना पुलिस मौके पर पहुंची। फोरेंसिक टीम ने भी घटनास्थल की जांच की। पुलिस पीड़ित पक्ष की तहरीर के आधार पर आवश्यक कार्रवाई में जुटी है। स्थानीय लोगों के मुताबिक, आसपास के गांवों में हाल के दिनों में चोरी की



आधा दर्जन से अधिक घटनाएं हो चुकी हैं। इनमें से किसी भी घटना का अब तक खुलासा नहीं हो सका है। लगातार हो रही चोरियों से क्षेत्र के लोगों में दहशत है और पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं।

### ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष नजरबंद

सुरियावां। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर आंदोलन कर रहे जिला कांग्रेस अध्यक्ष वसीम अंसारी को शुक्रवार शाम आवास पर नजरबंद कर दिया गया। युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष मृत्युंजय सिंह टोनी को भी गड़ौरा, अभोली स्थित आवास पर नजरबंद किए जाने की सूचना है। जानकारी मिलते ही कांग्रेस उपाध्यक्ष त्रिलोकी नाथ बिंद, सुरेश गौतम समेत कई कार्यकर्ता वसीम अंसारी के आवास पर पहुंचे और कार्रवाई का विरोध किया। वसीम अंसारी ने कहा कि नजरबंदी और मुकदमों से कांग्रेस का संघर्ष नहीं रुकेगा। लोकतंत्र और संविधान की रक्षा के लिए ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे तक आंदोलन जारी रहेगा।

## दुर्गा पंडाल का एसडीएम ने किया निरीक्षण

गोपीगंज। नगर के काली देवी स्थित मां सिंह वाहिनी श्रृंगार समिति (शिवम क्लब) के नेतृत्व में श्री सोमनाथ मंदिर की तर्ज पर भव्य दुर्गा पूजा पंडाल का निर्माण कराया जा रहा है। शुक्रवार को उपजिलाधिकारी अरुण दीक्षित ने निर्माण स्थल पर पहुंचकर पंडाल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निर्माण कार्य की प्रगति का जायजा लेते हुए संबंधित लोगों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उपजिलाधिकारी ने पंडाल की भव्यता, निर्माण व्यवस्था और आयोजन की तैयारियों का अवलोकन किया। उन्होंने निर्माण कार्य को निर्धारित समय में व्यवस्थित ढंग से पूरा कराने पर जोर दिया। साथ ही श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा और भीड़ प्रबंधन को ध्यान में रखते हुए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि दुर्गा पूजा के दौरान दर्शन-पूजन के लिए आने वाले लोगों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। इस दौरान समिति के रामकृष्ण खट्टू समेत शिवम क्लब के सदस्य मौजूद रहे।

## पुलिस अधीक्षक ने परेड का किया निरीक्षण

ज्ञानपुर। पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी ने शुक्रवार को पुलिस लाइन ज्ञानपुर में साप्ताहिक परेड की सलामी लेकर निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने टोलीवार ड्रिल और डॉग स्क्वॉड की सलामी का अवलोकन कर पुलिसकर्मियों को अनुशासन, एकरूपता और बेहतर टर्नआउट बनाए रखने के निर्देश दिए। इसके बाद पुलिस अधीक्षक ने पुलिस लाइन में नवनिर्मित टेबल टेनिस कोर्ट और पुलिस लाइब्रेरी का जायजा लिया। उन्होंने यूपी-112 के पीआरवी वाहनों और परिवहन शाखा का निरीक्षण कर वाहनों के रखरखाव, संचार उपकरणों तथा दंगा नियंत्रण और आपातकालीन संसाधनों की कार्यक्षमता परखी। एमटी कार्यालय और बैरक की साफ-सफाई व व्यवस्थाओं का भी निरीक्षण किया। अंत में अर्दली रूम में विभिन्न पटलों के रजिस्टर और महत्वपूर्ण अभिलेखों की समीक्षा की।

## लिफ्ट सुविधा वाला फुट ओवर ब्रिज बनाने को मिली मंजूरी

ज्ञानपुर। लाला नगर टोल प्लाजा के पास हाईवे पार करने में होने वाली परेशानी को देखते हुए लिफ्ट सुविधा वाले फुट ओवर ब्रिज के निर्माण को सैद्धांतिक स्वीकृति मिल गई है। सांसद डॉ. विनोद कुमार बिंद की मांग पर सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने पत्र भेजकर इसकी जानकारी दी है। लाला नगर टोल प्लाजा के समीप यातायात का दबाव अधिक होने के कारण स्थानीय नागरिकों, स्कूली बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों को हाईवे पार करने में परेशानी होती है। इस दौरान सड़क दुर्घटनाएं भी हो चुकी हैं। इसे देखते हुए सांसद ने केंद्रीय मंत्री के समक्ष फुट ओवर ब्रिज के निर्माण का प्रस्ताव रखा था। केंद्रीय मंत्री ने पत्र में बताया है कि फुट ओवर ब्रिज की तकनीकी डिजाइन तैयार करने, आवश्यक भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया और निविदा दस्तावेज तैयार करने का कार्य प्रगति पर है।

## दुर्गा पूजा पंडालों में सीसीटीवी और अग्निशमन संसाधन अनिवार्य

ज्ञानपुर। कलेक्ट्रेट सभागार में शुक्रवार को डीएम शैलेष कुमार और एसपी अभिनव त्यागी की अध्यक्षता में दुर्गा पूजा व दशहरा को लेकर पीस कमेटी की बैठक हुई। डीएम ने बिजली, पानी और साफ-सफाई की व्यवस्था समय से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। पंडालों में अस्थायी विद्युत कनेक्शन अनिवार्य किया गया। एसपी ने सीसीटीवी कैमरे, अग्निशमन संसाधन और गुणवत्तायुक्त विद्युत तार लगाने पर जोर दिया। जुलूस के साथ पुलिस बल तैनात रहेगा। सार्वजनिक मार्गों पर आवागमन बाधित करने वाले द्वार नहीं बनाए जाएंगे। अधिकारियों ने परंपरागत तरीके से त्योहार मनाने और आपसी सौहार्द बनाए रखने की अपील की।

## मतदाता सूची से छूटे नामों को जोड़ने के लिए चलेगा विशेष अभियान

ज्ञानपुर। मतदाता सूची में छूटे और विलोपित नामों को शामिल कराने के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा। शुक्रवार को जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी शैलेष कुमार ने कलेक्ट्रेट सभागार में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि बीएलओ घर-घर जाकर मतदाताओं की वर्तमान स्थिति का सत्यापन करेंगे। पात्र नागरिकों के नाम सूची में शामिल कराने में सहयोग भी करेंगे। डीएम ने राजनीतिक दलों से अभियान में सक्रिय भागीदारी और लोगों को जागरूक करने की अपील की। बैठक में एडीएम शुभांगी शुक्ला, भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक मिश्रा सहित विभिन्न दलों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## सपा कार्यालय पर में मना मान्यवर कांशीराम का परिनिर्वाण दिवस

ज्ञानपुर। समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय लोहिया ट्रस्ट, कंसापुर में शुक्रवार को बहुजन नायक मान्यवर कांशीराम जी का परिनिर्वाण दिवस मनाया गया। इस दौरान पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके सामाजिक योगदान को याद किया। कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष कल्लन यादव ने कहा कि मान्यवर कांशीराम भारतीय राजनीतिज्ञ और समाज सुधारक थे। उन्होंने दलितों, वंचितों और शोषितों के अधिकारों के लिए संघर्ष किया। इस मौके पर अंजनी सरोज, नरेंद्र बिंद, दिलीप भीम कनौजिया, बाबा बिंद, कमला महतो, मायापति प्रजापति, लालचंद बिंद, सुभाष यादव, महेंद्र गौड़, संजय मौर्य, करिया पाल, जटाशंकर यादव, मिल्लू यादव, प्रमोद पाल, विद्या पासी और गामा प्रसाद यादव सहित अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## अवैध शराब परिवहन मामले में आरोपी को सजा

ज्ञानपुर। सुरियावां थाना क्षेत्र में अवैध शराब परिवहन के 19 साल पुराने मामले में न्यायालय ने अभियुक्त सोहनलाल को जेल में बिताई गई अवधि और न्यायालय उठने तक की सजा सुनाई। साथ ही 500 रुपये का अर्थदंड लगाया। 21 फरवरी 2007 को पुलिस ने चेकिंग के दौरान कोछियां निवासी सोहनलाल को 12 शीशी अवैध शराब के साथ गिरफ्तार किया था। मामले में आबकारी अधिनियम की धारा 60 के तहत मुकदमा दर्ज कर आरोपपत्र न्यायालय भेजा गया था। आठ अक्टूबर 2026 को अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट आशीष कुमार सिंह ने अभियुक्त के जुर्म स्वीकार करने पर दोषसिद्ध कर सजा सुनाई।

## बेहतर कार्य करने वालों को मिली सराहना

ज्ञानपुर। नौ अक्टूबर को कौलापुर स्थित शक्ति ढाबा में भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) की ज्ञानपुर शाखा के विकास अधिकारी जितेंद्र तिवारी की टीम के अभिकर्ताओं का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान बेहतर कार्य करने वाले अभिकर्ताओं को विकास अधिकारी जितेंद्र तिवारी और शाखा प्रबंधक सिद्धार्थ श्रीवास्तव ने अंगवस्त्र पहनाकर और माला पहनाकर सम्मानित किया। सम्मानित होने वालों में नीरज कुमार, गोपाल राय, शक्तिकांत शुक्ला, चंद्रशेखर और राम बहादुर प्रजापति शामिल रहे।

## सांस्कृतिक महोत्सव में बच्चों की प्रस्तुति ने मोहा मन

घोसिया। गैरौली स्थित केयर एंड फेयर कारपेट एक्सएल स्कूल में कल्चरल फेस्ट-2026 का भव्य आयोजन किया गया। महोत्सव में विभिन्न विद्यालयों के बच्चों ने स्वागत गीत, सामाजिक संदेशपरक नाटक, कजरी, गुजराती डांडिया और स्टंट जैसी प्रस्तुतियों से दर्शकों का मन मोह लिया। बच्चों की प्रतिभा और आत्मविश्वास देखकर अतिथियों ने सराहना की। कार्यक्रम में केयर एंड फेयर ग्रुप से सूजन बूनो, प्रोजेक्ट माला के अनिल शाह, संस्था के अध्यक्ष प्रकाश मणि शर्मा, उपाध्यक्ष शमीम आलम, सचिव मो. अहसान रऊफ़ ट्रस्टी बाबू भाई, सीईओ केपी दुबे और इंचार्ज बाबू भाई सहित क्षेत्र के गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## नगर पालिका की लापरवाह नीति से कालोनीवासी परेशान

भदोही। भदोही औद्योगिक विकास प्राधिकरण द्वारा स्थापित आवासी कालोनी बीडा फेज-२ कालोनी में नागरिक सुविधाओ की जिम्मेदारी नगर पालिका परिषद भदोही को मिलने के बाद अव्यवस्थाओ का बोलबाला हो गया है। अपनी जिम्मेदारी को पूरा कर पाने में नगर पालिका नाकाम साबित हो रही है। बताया जाता है कि भदोही ओद्योगिक विकास प्राधिकरण द्वारा फेज-२ आवासीय योजना कालोनी में रहने वाले लोगो के समक्ष साफ सफाई से लेकर पेयजल जैसी महत्वपूर्ण आवश्यकता को पूरा कर पाना नगर पालिका के बस में नही रह गया है। बतादे कि इधर लगभग दो माह से भदोही औराई मार्ग जहां पर यह कालोनी स्थापित है वहां पर सड़क के किनारे पूरब पटरी पर जलनिकासी को लेकर नाली निर्माण का कार्य हो रहा है। नाली निर्माण कार्य में बीडा द्वारा पूर्व में जो आवास और दुकान आवंटियो को पेयजल के लिए पाइप लाइन सड़क के किनारे बिछाई गयी थी वह पूरी तरह से ध्वस्त हो चुकी है। बीते लगभग एक माह से सड़क के किनारे रहने वाले आवासीय और दुकान आवंटियो के लोगो तक पीने का पानी नही पहुच पा रहा है। स्थिति यह हो गयी है कि लोग टैकर से जहां अपने टैकियो में पानी भरने के लिए प्रतिदिन जदोजहद कर रहे है वही पीने के लिए बिसलरी बाटल खरीदना पड़ रहा है। इस अव्यवस्था के चलते वहां पर रहने वाले लोगो को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस सम्बंध में बीडा के लोगो से बात करने पर बताया गया कि पेयजल से लेकर साफ सफाई तक की जिम्मेदारी नगर पालिका को हैण्डओवर कर दी गयी है। वही दुसरी तरफ नगर पालिका की समस्या का समाधान कब तक कर पायेगा इसको बताने में असमर्थ है। नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी से बात करने पर उन्होने बताया कि पेयजल पाइप लाइन पर कार्य को अंजाम तक पहुचाने के लिए प्रयास जारी है। नागरिको के अनुसार जब तक व्यवस्था बीडा के अधीन थी तब तक कोई समस्या नही था। वही नगर पालिका के हाथ में जाते ही सारी व्यवस्थाये अस्त व्यस्त हो गयी। कालोनी के प्रभावित लोगो ने इस सम्बंध में जिलाधिकारी का ध्यान आकृष्ट कराते हुए मांग किया है कि नगर पालिका की लापरवाह और कछुआ चाल नीति में सुधार लाया जाय अन्यथा पानी के लिए मची त्राही त्राही के चलते और भी गम्भीर रूप ले सकती है।

**सुभाषित** *पिताकी सेवा करना जिस प्रकार कल्याणकारी माना गया है वैसा प्रबल साधन न सत्य है, न दान है और न ही यज्ञ है।* ❑ **महर्षि वाल्मिकी**



## महंगे उपहार अनैतिक

सर्वोच्च न्यायालयकी कड़ी टिप्पणीके बाद केन्द्र सरकारने कैंसरकी ११० दवाओंके मूल्योंमें बड़ी राहत दी है, जो उचित और स्वागतयोग्य है। इनमें ६८ दवाओंपर ३० प्रतिशत मुनाफा तय करनेका निर्णय किया गया है। इससे अधिकतम खुदरा मूल्य काफी कम हो जायेगा। अभीतक खुदरा मूल्य बहुत अधिक होनेसे मरीजोंके परिजनोंको काफी आर्थिक परेशानी उठानी पड़ रही है। निजी अस्पतालोंकी फार्मेसीसे जो दवाएं खरीदी जाती रही हैं उनमें खरीद और बिक्री मूल्यमें बहुत अधिक अन्तर है। ज्यादा मुनाफा कमानेके लिए अब महंगी दवाओंको बेचनेकी प्रथापर रोक लगानेका रास्ता साफ हो गया है। सरकारका उद्देश्य कैंसरकी जीवनरक्षक दवाओंकी कीमतोंमें होने वाली बेतहाशा वृद्धिपर रोक लगाना है जिससे मरीजोंके परिजनोंका शोषण समाप्त किया जा सके। साथ ही सरकारका यह भी प्रयास है कि बाजारमें ऐसी दवाओंकी पर्याप्त उपलब्धता बनी रहे। रसायन और उर्वरक मंत्रालयका दावा है कि आगामी दस दिनोंके अन्दर कैंसरकी दवाओंकी सूची जारी कर दी जायगी। इनमें ३५ पेटेंट दवाएं शामिल हैं। कुछ आयातित दवाओंपर भी यही नियम लागू रहेगा। इसके अतिरिक्त सर्वोच्च न्यायालयने एक बड़ा सवाल फार्मा कम्पनियोंकी कार्यशैलीपर खड़ा कर दिया है, जो सराहनीय है। न्यायमूर्ति विक्रमनाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहताकी पीठने फार्मा कम्पनियोंकी ओरसे डाक्टरोंको महंगे उपहार, विदेश यात्राएं और अन्य सुविधाएं देकर उन्हें प्रभावित करनेपर कड़ा रुख अपनाया है। पीठने केन्द्र सरकारको तीन सदस्यीय एक विशेषज्ञ समिति गठित करनेका निर्देश दिया है, जो फार्मा कम्पनियोंकी मार्केटिंग गतिविधियोंको नियंत्रित करनेके लिए कानूनी रूपसे बाध्यकारी व्यवस्थाकी जरूरत और उसके स्वरूपके बारेमें सिफारिशें देंगी। सर्वोच्च न्यायालयका मानना है कि फार्मा कम्पनियोंकी यह अनैतिक मार्केटिंग गतिविधि है जिसके तहत डाक्टरोंको प्रभावित करनेके लिए महंगे उपहार और विदेशी यात्राएं करायी जाती हैं। इसपर लगाम लगानेकी आवश्यकता है। यह सामान्य समझकी बात है कि जब फार्मा कम्पनियां इतना काफी धन डाक्टरोंपर खर्च करेगी तो निश्चित रूपसे उसकी भरपाई दवाओंका मूल्य बढ़ाकर किया जायगा और अन्तत: यह पूरा आर्थिक बोझ मरीजों और उनके परिजनोंपर पड़ेगा। यह भी आम बात हो गयी है कि नामी डाक्टर जेनरिक दवाएं नहीं लिखते हैं, क्योंकि वह बहुत सस्ती होती हैं और डाक्टरोंका उससे व्यक्तिगत लाभ नहीं होता है। जेनरिक दवाओंकी लोकप्रियतामें सबसे बड़े बाधक डाक्टर हैं, जो अपने निजी स्वार्थोंके लिए महंगी दवाएं खरीदनेके लिए विवश करते हैं।

## फर्जी दिव्यांगता प्रमाणपत्र

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) आजके दौरमें विशेष चर्चामें है, जो विकासके मार्गमें महत्वपूर्ण उपलब्ध मानी जायगी, लेकिन दुरुपयोगसे होने वाली क्षतिकी अनदेखी भी नहीं की जा सकती है। विज्ञान, विकासके साथ विनाश भी है, इस सचाईसे इनकार नहीं किया जा सकता है। एआईके साथ भी ये दोनों सम्भावनाएं जुड़ी हुई हैं जिससे सतर्क रहनेकी जरूरत है। इसका जीता-जागता सुबूत है फर्जी दिव्यांगता प्रमाणपत्र जो एआई टूल्सका इस्तेमाल करके तैयार किये जाते थे। ऐसे ही एक अन्तरराज्यीय गिरोहका दिल्ली पुलिसके स्पेशल सेलने बीते अगस्त माहमें मास्टरमाइण्डको गिरफ्तार कर पर्दाफाश किया है। यह गिरोह दिव्यांग कोटेसे शैक्षणिक संस्थानोंमें दाखिला दिलानेके लिए फर्जी आधार तैयार करानेसे लेकर विशिष्ट दिव्यांगता पहचान-पत्र पोर्टलपर आवेदन अपलोड कराने और सरकारी अस्पतालोंसे दिव्यांगता प्रमाण-पत्र जारी कराने तकका पूरा नेटवर्क चला रहा था। खास बात यह है कि इस सम्बन्धमें पुलिसने अबतक जिन नौ आरोपितोंको गिरफ्तार किया है, उनमें उत्तर प्रदेशके अलग-अलग सीएमओ कार्यालयोंमें तैनात कर्मचारी और दिव्यांगता बोर्डका सदस्य भी शामिल हैं, जो गम्भीर चिन्ताकी बात है। आरोपितोंसे २७ फर्जी दिव्यांगता प्रमाण-पत्र, ११ मोबाइल, लैपटाप, मैकबुक कम्प्यूटर, ७५ हजार रुपये और एक लग्जरी कार बरामद हुए थे। इनका प्रयोग दिव्यांग कोटेके तहत बीटेक और अन्य कोर्समें प्रवेश लेनेके लिए हो रहा था। यह गिरोह एआई टूल्सका इस्तेमाल करके छात्रोंके आधार कार्डमें उनके पते बदलकर उत्तर प्रदेशके बड़े जिले कर दिये जाते थे। फर्जी प्रमाण-पत्रके लिए छात्रोंसे बीससे तीस हजार रुपये ली जाती थी। इस तरहकी धोखाधड़ीपर अंकुश लगानेके लिए सरकारको कड़े कदम उठानेकी जरूरत है। सरकारी कर्मचारियोंकी संलिप्तता सरकारकी भ्रष्टाचारके खिलाफ लड़ाईको कमजोर करने वाली है। ऐसे कर्मचारियोंके विरुद्ध कठोर कारवाई होनी चाहिए।

## लोक संवाद

### भारतमें बढ़ती महंगी

महोदय,-महंगी केवल बाजारमें वस्तुओंकी कीमत बढ़नेका नाम नहीं है, बल्कि इसके पीछे कई घरेलू और वैश्विक कारण काम करते हैं। जब किसी देशमें विदेशोंसे आयातकी जाने वाली वस्तुओं या कच्चे मालकी कीमत बढ़ती है और उसका असर घरेलू बाजारकी कीमतोंपर पड़ता है तो इसे आयातित महंगी कहा जाता है। भारत जैसे देशके लिए यह चुनौती अधिक गम्भीर है, क्योंकि हमारी अर्थव्यवस्था ऊर्जाकी आवश्यकताओंके लिए काफी हदतक आयातित कच्चे तेलपर निर्भर है। वैश्विक बाजारमें कच्चे तेलकी कीमतोंमें होने वाला उतार-चढ़ाव इसलिए केवल पेट्रोल और डीजलकी कीमतोंतक सीमित नहीं रहता, बल्कि उसका असर परिवहन, उद्योग, कृषि, खाद्य पदार्थों और अंततः आम आदमीकी जेबतक पहुंचता है। भारत अपनी कच्चे तेलकी जरूरतका ८५ प्रतिशतसे अधिक हिस्सा आयात करता है। **-डा.सत्यवान, वाया ईमेल।**

# शरणार्थियोंपर संयुक्त राष्ट्रकी चुप्पी

**मलयेशियाने लगभग १५०० रोहिंग्या शरणार्थियोंको म्यांमार वापस भेजना शुरू कर दिया है। संयुक्त राष्ट्र और मानवाधिकार समूहोंकी चेतावनियोंके बावजूद कि म्यांमार उनके लिए सुरक्षित नहीं है, मलयेशियाका कहना है कि उनकी वापसी स्वेच्छासे हो रही है।**

❑ **पुष्परंजन**

मीडिया रिपोर्टोंके अनुसार यूएन हाई कमिश्नर फॉर रिफ्यूजीजको म्यांमारके नागरिकोंतक पहुंचनेकी अनुमति नहीं दी गयी, जिससे यह पता नहीं चल सका कि उनकी वापसी स्वेच्छासे हुई थी या नहीं। ६ अक्तूबरको उत्तर-पश्चिमी मलयेशियामें लुमुत नौसैनिक अड्डेके पास एक स्टेडियममें पुलिस सुरक्षाके साथ दर्जनों बसें पहुंचीं। पत्रकारोंको उस जगहसे दूर रखा गया। म्यांमारकी सेनाने देशके रोहिंग्या अल्पसंख्यक समुदायके खिलाफ बार-बार काररवाई की है, जिसमें २०१७ में हुई हिंसाकी लहर भी शामिल है। कई मानवाधिकार समूहोंने इसे नरसंहार बताया था। इस हिंसाके कारण एक बड़ा शरणार्थी संकट पैदा हुआ, जिसमें लाखों रोहिंग्या बंगलादेश, मलयेशिया, भारत और अन्य पड़ोसी देशोंमें भाग गये। म्यांमार आधिकारिक तौरपर रोहिंग्याओंको 'बंगाली' बताता है। एक तरह की छवि बन गयी है कि रोहिंग्या बंगलादेशी प्रवासी हैं। मलयेशियाई प्रधान मंत्री अनवर इब्राहिमने जुलाई २०२६ में कहा था कि म्यांमार ५,००० रोहिंग्याओंको किस्तोंमें वापस लेनेपर सहमत हो गया है। मंगलवारको वापसीके लिए चुने गये १५०० लोग उसी समूहका हिस्सा हैं। इस वास्ते म्यांमारके दो नौसैनिक युद्धपोतों और एक 'अस्पताल जहाज' का इस्तेमाल किया गया है। अब सवाल है, जब रोहिंग्या 'बंगलादेशी प्रवासी' हैं तो म्यांमार उन्हें क्यों वापस ले रहा है।



**प्रश्न है कि जब रोहिंग्या बंगलादेशी प्रवासी हैं तो म्यांमार उन्हें क्यों वापस ले रहा है? संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी उच्चायुक्तने कहा कि म्यांमारमें जारी संघर्षके दौरान रोहिंग्या शरणार्थियोंकी वापसी सही नहीं है। रोहिंग्याओंका प्रतिनिधित्व करनेवाले समूह अराकान रोहिंग्या नेशनल काउंसिलके सहअध्यक्षने बताया, नरसंहार कभी नहीं रुका। रोहिंग्याओंको वापस वहीं भेजना लोगोंको मौतके मैदानमें वापस भेजना है। हम मलयेशियासे मांग करते हैं कि जबतक हालात सुरक्षित न हों तबतक रोहिंग्याओंकी म्यांमार वापसी रोक दी जाये। शरणार्थियोंको म्यांमार वापस भेजनेका फैसला सही नहीं है।**

संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी उच्चायुक्त (यूएनएचसीआर) ने कहा कि म्यांमारमें जारी संघर्षके दौरान रोहिंग्या शरणार्थियोंकी वापसी सही नहीं है। रोहिंग्याओंका प्रतिनिधित्व करने वाले समूह, 'अराकान रोहिंग्या नेशनल काउंसिल' (एआरएनसी) के सह-अध्यक्ष नाय सैन ल्विनने बताया, 'नरसंहार कभी नहीं रुका। रोहिंग्याओंको वापस वहीं भेजना लोगोंको मौतके मैदानमें वापस भेजना है। हम मलयेशियासे मांग करते हैं कि जबतक हालात सुरक्षित न हों, तबतक रोहिंग्याओंकी म्यांमार वापसी रोक दी जाय।' नाय सैन ल्विनने तर्क दिया कि शरणार्थियोंको म्यांमार वापस भेजनेका मलयेशियाका फैसला ऐसे समयमें आया है, जब सेना और अराकान आर्मी सहित विद्रोही समूहोंके बीच भीषण लड़ाई चल रही है। उन्होंने कहा, 'म्यांमारकी सेनाका रोहिंग्याओंके ज्यादातर इलाकोंसे नियंत्रण खत्म हो गया है और अराकान आर्मीके साथ उसकी लड़ाई अभी भी जारी है, जिसमें रोहिंग्या लोग बीचमें फंसे हुए हैं। सेना और अराकान आर्मी, दोनों ही रोहिंग्याओंपर जुल्म कर रहे हैं।' बंगलादेशके कॉक्स बाजारमें स्थित सेंटर फॉर रोहिंग्या क्राइसिस स्टडीजके संस्थापक अध्यक्ष रो मय्यु इस्लामने भी मौजूदा हालातमें वापसीकी प्रक्रियाका विरोध किया। उन्होंने कहा, 'वापसीको समस्याका समाधान न समझें। रोहिंग्याओंको मलयेशियाके डिटेंशन सेंटरोंसे म्यांमार भेजनेसे रोहिंग्या संकट हल नहीं होता। उन हालातको ठीक करें, जिनकी वजहसे उन्हें भागना पड़ा और फिर वापसीको सचमुच सुरक्षित, स्वैच्छिक और लम्बे समयतक चलने वाला बनायें।'

बंगलादेश भी कन्फ्यूज्ड है। एक तरफ वह म्यांमारके खराब हालातके हवालेसे रोहिंग्याओंकी म्यांमारमें वापसीका सही समय नहीं समझता, दूसरी तरफ खुद ढाकाने न्येपिदोपर दबाव बनाना शुरू किया है। बंगलादेशका तटीय शहर कॉक्स बाजार, रोहिंग्या शरणार्थियोंका एपिसेंटर है। बंगलादेशकी ओरसे सौंपे गये ८,२०,००० नामोंमेंसे म्यांमारने कहा कि उसने लगभग ३,०८,००० लोगोंकी पहचानकी पुष्टि की है कि वे पहले हमारे यहांके निवासी थे, लेकिन वह उन्हें तबतक वापस नहीं लायेगा, जबतक कि गृहयुद्धसे जूझ रहे रखाइन राज्यमें सुरक्षा हालात बेहतर नहीं हो जाते। तो फिर म्यांमार किस खुशीमें मलयेशियासे रोहिंग्या शरणार्थियोंको वापस मंगा रहा है। संयुक्त राष्ट्रके अनुसार मुस्लिम-बहुल बंगलादेशमें अक्तूबर २०२६ तक लगभग १२ लाख रोहिंग्या शरणार्थी हैं, जिनमेंसे ज्यादातर दक्षिणी तटीय जिले कॉक्स बाजारके आसपास बने कैंपोंमें रह रहे हैं। म्यांमार रोहिंग्या लोगोंको अपने १३५ आधिकारिक तौरपर मान्यता प्राप्त जातीय समूहोंमेंसे एक नहीं मानता है। वह लम्बे समयसे उन्हें बंगाली कहता रहा है, जिसका मतलब है कि वे बंगलादेशसे आये प्रवासी हैं, जबकि रोहिंग्या समुदायकी कई पीढ़ियां रखाइनमें रह चुकी हैं। यूरोपीय संघने इस साल बंगलादेशके लिए २३.४ मिलियन यूरोकी मानवीय सहायता राशि मंजूर की है, जिसका ज्यादातर हिस्सा रोहिंग्या शरणार्थियों और उन्हें पनाह देने वाले समुदायोंकी मददके लिए है। इसके अलावा जून २०२६ में यूएनएचसीआरके जरिये १४ मिलियन यूरोकी डेवलपमेंट ग्रांटकी भी घोषणा की गयी थी। लेकिन यह समस्याका स्थायी समाधान नहीं है। भारतमें इस समय लगभग ४०,००० रोहिंग्या शरणार्थी दिल्ली, जम्मू, हैदराबाद, नूंह (मेवात), असम और पश्चिम बंगाल जैसे क्षेत्रोंमें बसे हुए हैं, जिनमेंसे करीब २२,७०० संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी उच्चायुक्तके साथ पंजीकृत हैं। भारतमें ऐन चुनावके समय 'रोहिंग्या' राजनीतिक मुद्दा बन जाता है, फिर मुद्दा उठाने वाले नेता भी चादर तान कर सो जाते हैं। भारत सरकार आधिकारिक तौरपर यूएनएचसीआर द्वारा जारी शरणार्थी कार्डको मान्यता नहीं देती है और बिना रजिस्ट्रेशन वाले रोहिंग्या लोगोंको घुसपैठिया मानती है। युद्धग्रस्त देश म्यांमारके नेताकी कुआलालंपुर यात्रासे पहले मलयेशिया द्वारा म्यांमारके नागरिकोंको वापस भेजना, न्येपिदोके साथ संबंध सुधारनेकी कोशिश कर रहे अन्य आसियान देशोंके प्रयासों जैसा ही लगता है।

म्यांमारकी राजधानी न्येपिदोमें बैठे विश्लेषकोंके अनुसार 'दक्षिण-पूर्व एशियाई देशोंके संघटन (आसियान) के कई सदस्योंने हालमें द्विपक्षीय स्तरपर म्यांमारके साथ बातचीत बढ़ाई है, जिससे यह सवाल उठ रहा है कि धीरे-धीरे सामान्य होते संबंध वहां गृहयुद्ध खत्म करनेकी कोशिशोंको कमजोर कर सकते हैं।' भारत जिस तरह लुक ईस्ट पॉलिसीको आगे बढ़ाता रहा, उसे चाहिए था कि अपने पड़ोसमें शांतिकी पहलमें सक्रियता दिखाये। लेकिन जो हालत इंडिया-म्यांमार सड़ककी है, यहांकी भूराजनीतिक स्थिति भी वैसी ही है। भारत-म्यांमार-थाईलैंड (आईएमटी) राजमार्गको भारतमें मणिपुरके मोरेहसे म्यांमारके तामू, कलेवा, मंडाले, न्येपिदो होते हुए थाईलैंडके मेसोततक जाना था। भारत सरकारने २०२३ में घोषणा की थी कि राजमार्गका लगभग ७० प्रतिशत निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। लेकिन तीन सालमें इसका ३० प्रतिशत पूरा नहीं हो पाया। इस सड़कसे ही समझ सकते हैं, भारत-म्यांमार कूटनीतिकी रफ्तार!

# दस गुनेसे अधिक दवामें मुनाफा

**उत्तर प्रदेश खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासनकी जांचमें अस्पतालोंकी २१४ फार्मेसियोंसे जुटाये गये आंकड़ोंमें १३० दवाओंके विश्लेषणमें ३६ दवाओंकी खरीद कीमतसे दस गुनेसे अधिक मिली। कुछमें यह अंतर ६७ गुनेतक पहुंच गया।**

❑ **अशोक कुमार द्विवेदी**

दवा जीवन बचानेका माध्यम है। लेकिन उत्तर प्रदेश खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासनकी जांचमें ३६ दवाओंकी एमआरपी खरीद कीमतसे दस गुनेसे अधिक मिली और कुछ मामलोंमें यह अंतर ६७ गुनेतक पहुंच गया। सबसे चौंकाने वाला उदाहरण गम्भीर रक्त संक्रमण/सेप्सिस रोगके लिए पॉलीमाइक्सिन-बी इंजेक्शनका है। जिसकी खरीद मूल्य ७४.०९ रुपये जबकि पैकपर अधिकतम खुदरा मूल्य ४९८०.९४ रुपये था। यानी जिस दवाको अस्पतालकी फार्मेसी करीब ७४ रुपयेमें प्राप्त कर रही थी उसीपर मरीजके लिए करीब पांच हजार रुपयेकी कीमत अंकित थी। हालांकि हर एमआरपी और खरीद मूल्यके अंतरको अपने आप अवैध वसूली कहना उचित नहीं होगा। दवाकी कीमतमें उत्पादन, अनुसंधान, विपणन, वितरण, टैक्स और व्यापारिक मार्जिन जैसे अनेक घटक होते हैं। लेकिन जब खरीद कीमत और मरीजसे वसूली जाने वाली कीमतके बीच असाधारण अंतर दिखाई दे तब उस अंतरका सार्वजनिक और स्वतंत्र परीक्षण आवश्यक हो जाता है। यह सिर्फ सामान्य दवाओंतक सीमित नहीं है। जांचमें गम्भीर संक्रमण, आईसीयू एवं जटिल चिकित्सकीय स्थितियोंमें इस्तेमाल होने वाली इंजेक्टेबल दवाओंमें भी बड़े अंतर सामने आये। लिवरकी गम्भीर बीमारीमें इस्तेमाल होने वाले एक इंजेक्शनकी खरीद कीमत ५६ रुपये बतायी गयी। जबकि उसकी एमआरपी तीन हजार ५० रुपये थी। कैंसर और जीवनरक्षक दवाओंमें भी कीमतोंके बड़े अंतरने चिन्ता बढ़ायी है। इनोटुजुमैब ओजोगामाइसिन एक एमजी ब्लड कैंसरकी इस दवाकी संस्थागत आपूर्तिमें एमआरपी ३०२६१० रुपये और ३३०००० दर्ज हुई। यानी २७३९० का अंतर सामने आया। मेनैक्ट्रा वैक्सीन सनोफी पाश्चर एमआरपीमें २५० रुपयेका अंतर दर्ज किया गया। एंटी-डी ३०० एमसीजी भारत सीरम्स एमआरपीमें २९७ रुपयेका अंतर सामने आया। १४-वैलेंट न्यूमोकोकल वैक्सीन, बायोलॉजिकल ई एमआरपीमें ३३५ रुपयेका अंतर दर्ज हुआ। मामला केवल ५९४०.८६ रुपयेके अंतर वाली टेनेक्टेप्लेस ४० एमजीतक सीमित नहीं है। ह्यूमन एल्ब्यूमिन २० प्रतिशतमें २७३८ रुपये ब्लड कैंसरकी इनोटुजुमैब ओजोगामाइसिन १एमजीमें २७३९० रुपये तथा विभिन्न टीकोंमें २५० से ३३५ रुपयेतकका एमआरपी अंतर सवाल खड़ा करता है कि एक ही उपचार सामग्रीकी कीमत अलग-अलग संस्थागत आपूर्तिमें इतनी क्यों बदल रही है।

साधारण बुखारकी दवा हो या कैंसर, संक्रमण, हृदय, गुर्दे, लिवर अथवा आईसीयूमें इस्तेमाल होने वाली जीवनरक्षक दवाएं उस समय मरीजके लिए वह कोई सामान्य बाजारू वस्तु नहीं होती। वह रोगीकी जिन्दगीसे जुड़ी आवश्यकता होती है। गम्भीर बीमारीमें मरीज या उसका परिवार दवाकी कीमतपर मोलभाव नहीं करता। डाक्टरकी पर्ची लेकर सीधे काउंटरपर जाता है। यही मजबूरी यदि अत्यधिक कीमत वसूलनेका आधार बन जाय तो स्वास्थ्य सेवा और व्यापारके बीचकी नैतिक सीमा टूटने लगती है। सर्वोच्च न्यायालयकी हालिया टिप्पणी इस बहसको और गम्भीर बना देती है। दवाओंकी अत्यधिक कीमतोंपर सुनवाईके दौरान सुप्रीम कोर्टने उस स्थितिपर सवाल उठाया, जिसमें लगभग २७ सौ रुपयेमें रिटेलरको मिलने वाली कैंसरकी दवापर करीब २७ हजार रुपयेतक एमआरपी अंकित होनेकी बात सामने आयी। अदालतने इसे मरीजोंके साथ दिनदहाड़े डकैती जैसा बताया और दवाओंको व्यापक मूल्य नियंत्रणके दायरेमें लानेकी आवश्यकतापर सवाल उठाये। कोर्टकी यह टिप्पणी किसी एक दुकान, अस्पताल या कम्पनीको दोषी ठहरानेका अंतिम फैसला नहीं है। लेकिन यह जरूर है कि दवाओंकी कीमतोंमें असामान्य अन्तर अब केवल उपभोक्ता शिकायतका विषय नहीं रहा। यह सार्वजनिक स्वास्थ्य एवं नीतिका बड़ा प्रश्न बन चुका है। भारतमें आवश्यक दवाओंकी कीमतोंको नियंत्रित करनेके लिए ड्रग्स प्राइस कंट्रोल ऑर्डर २०१३ और राष्ट्रीय औषधि मूल्य निर्धारण प्राधिकरण (एनपीपीए) की व्यवस्था मौजूद है। एनपीपीएने जून २०२६ तक ९३५ निर्धारित दवा-संयोजनोंके अधिकतम मूल्य तय किये थे। लेकिन सभी दवाएं समान रूपसे मूल्य-नियंत्रणके दायरेमें नहीं आतीं। यही वह क्षेत्र है जहां मरीजोंके हितमें पारदर्शिता और प्रभावी निगरानीको और मजबूत करनेकी जरूरत महसूस होती है। यूपी सरकारकी ओरसे अब अस्पतालोंकी फार्मेसियोंमें दवाओंकी खरीद और बिक्रीकी कीमतोंको सार्वजनिक करनेकी पहल महत्वपूर्ण है। रोगी मोबाइलसे यह देख सके कि अस्पतालकी फार्मेसीने दवा कितनेमें खरीदी और उसे कितनेमें बेचा। यह व्यवस्था केवल पारदर्शिता नहीं, बल्कि मरीजोंको जानकारीके अधिकारसे जोड़नेकी दिशामें महत्वपूर्ण कदम है। यही पारदर्शिता अब अस्पतालोंकी चारदीवारीसे बाहर भी पहुंचनी चाहिए। सरकारी अस्पतालोंमें इलाज कराने वाला गरीब और मध्यमवर्गीय मरीज जब अस्पतालसे बाहर निकलता है तो अक्सर सामने मौजूद निजी मेडिकल स्टोरसे ही दवा खरीदता है। देशके लगभग हर छोटे-बड़े सरकारी अस्पतालके आसपास निजी दवाकी दर्जनों दुकानें दिखाई देती हैं। वहां भी मरीज डाक्टरकी पर्ची लेकर पहुंचता है और उसके सामने वही समस्या होती है। दवा कितनेमें खरीदी गयी उसका वास्तविक मूल्य क्या है। उसका अधिकतम खुदरा मूल्य कितना है और बाजारमें उसी दवाका कोई कम कीमत वाला समान विकल्प उपलब्ध है या नहीं। सरकारको अब यह विचार करना चाहिए कि अस्पताल परिसरकी फार्मेसीकी तरह अस्पतालोंके आसपास संचालित निजी मेडिकल स्टोरोंपर भी दवाओंसे संबंधित जरूरी मूल्य और लाइसेंस संबंधी जानकारी सार्वजनिक करनेकी व्यवस्था लागू की जाय और यह व्यवस्था केवल सरकारी अस्पतालोंके आसपासकी दुकानोंतक सीमित न रहे, बल्कि चरणबद्ध ढंगसे सामान्य बाजारकी सभी लाइसेंस प्राप्त दवा दुकानोंतक पहुंचायी जाय प्रत्येक मेडिकल स्टोरपर एक क्यूआर कोड लगाया जा सकता है। मरीज उसे मोबाइलसे स्कैन करके दुकानका लाइसेंस, पंजीकृत फार्मासिस्ट, दवाका नाम, निर्माताए जेनेरिक नाम, अधिकतम खुदरा मूल्य और उपलब्ध मूल्य संबंधी आवश्यक जानकारी देख सके। जहां नियामकीय रूपसे संभव हो खरीद मूल्य और बिक्री मूल्यकी जानकारी भी डिजिटल रूपसे उपलब्ध कराई जा सकती है। इससे न केवल मरीज जागरूक होगा, बल्कि ईमानदारीसे कारोबार करने वाले दवा विक्रेताओंका भरोसा भी बढ़ेगा।

सरकारी एवं प्राइवेट अस्पतालोंके आसपासकी निजी दवा दुकानोंके मामलेमें यह व्यवस्था प्राथमिकताके आधारपर लागू की जा सकती है। जिस अस्पतालमें गरीब, ग्रामीण एवं जरूरतमंद मरीज इलाज कराने पहुंचता है उसके आसपास दवाकी दुकानोंमें भी मूल्य पारदर्शिता क्यों न हो। सरकार अस्पतालकी फार्मेसीमें खरीद और बिक्री मूल्य दिखा सकती है तो अस्पतालके ठीक बाहर दवा बेचने वाले प्रतिष्ठानोंको पूरी तरह इस व्यवस्थासे अलग रखनेका औचित्य भी स्पष्ट होना चाहिए। लेकिन सिर्फ कीमत सार्वजनिक कर देना पर्याप्त नहीं है। सरकारको असाधारण खरीद-मूल्य एवं बिक्री-मूल्यके अंतर वाली दवाओंका नियमित ऑडिट कराना चाहिए। मरीजको जेनेरिक विकल्प, उपलब्ध ब्रांड और अधिकतम कीमतकी जानकारी देना अनिवार्य होना चाहिए। दवा बाजारमें मुनाफा कमाना आम है। औषधि उद्योगको अनुसंधान, उत्पादन, गुणवत्ता नियंत्रण और वितरणके लिए उचित आर्थिक प्रोत्साहन चाहिए। बीमारी पहले ही इंसानको तोड़ देती है। इलाजका खर्च उसे आर्थिक रूपसे भी न तोड़े यही किसी संवेदनशील स्वास्थ्य व्यवस्थाकी पहली कसौटी होनी चाहिए।

**आत्मबोध**

## आध्यात्मिक परम्परा

❑ **अनुज आचार्य**

भारतकी आध्यात्मिक परम्पराने सदियोंसे पूरी मानवताको सत्य, करुणा, प्रेम, सह-अस्तित्व और सद्भावका संदेश दिया है। इसी विराट आध्यात्मिक परम्परामें श्री गुरु ग्रंथ साहिब जीका स्थान अत्यंत विशिष्ट और श्रद्धापूर्ण है। यह केवल सिख समुदायका पवित्र ग्रंथ नहीं, बल्कि मानव जीवनको नैतिकता, आध्यात्मिकता और मानवीय गरिमाकी राह दिखाने वाला अनुपम ग्रंथ है। श्री गुरु ग्रंथ साहिब जीके प्रथम प्रकाशका इतिहास भारतीय आध्यात्मिक चेतनाकी एक महत्वपूर्ण घटना है। वर्ष १६०४ में श्री गुरु अर्जुन देव जीने विभिन्न गुरुओं, संतों और भक्तोंकी वाणीको संकलित और संपादित करके इसे एक व्यवस्थित आध्यात्मिक ग्रंथका स्वरूप प्रदान किया था। श्री हरिमंदिर साहिब जीमें इसके प्रथम प्रकाशके समय बाबा बुद्ध जीको प्रथम ग्रंथी नियुक्त किया गया। आगे चलकर दशम गुरु श्री गुरु गोबिंद सिंह जीने १७०८ में श्री गुरु ग्रंथ साहिब जीको शाश्वत गुरुके रूपमें प्रतिष्ठित किया। यही कारण है कि सिख परम्परामें श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी केवल पढ़े जाने वाला धर्मग्रंथ नहीं, बल्कि जीवंत श्री गुरुके रूपमें पूजनीय है। 'अवलि अलह नूरु उपाइआ कुदरति के सभ बंदे' की भावना मनुष्यको याद दिलाती है कि सभी प्राणियोंमें उसी एक परम प्रकाशका अंश विद्यमान है। इसी प्रकार 'एकु पिता एकसके हम बारिक' का संदेश मानवताको एक परिवारके रूपमें देखनेकी दृष्टि देता है। जब पिता एक है और समस्त मानव उसकी संतान हैं तो ऊंच-नीच, भेदभाव और घृणाके लिए कोई स्थान नहीं बचता। श्री गुरु ग्रंथ साहिब जीकी महानता इस तथ्यसे भी स्पष्ट होती है कि इसमें केवल सिख गुरुओंकी वाणी ही नहीं, बल्कि भारतकी विविध संत परम्पराओंकी आध्यात्मिक चेतना भी समाहित है। इसमें प्रथम गुरु श्री गुरु नानक देव जीसे लेकर पंचम गुरु श्री गुरु अर्जुन देवजीतक तथा नवम गुरु श्री गुरु तेग बहादुर जी सहित छह सिख गुरुओंकी वाणी संकलित है। इसके साथ संत कबीर, संत रविदास, संत नामदेव, शेख फरीद, संत धन्ना, संत पीपा, संत भीखन, संत परमानंद और सूरदास जैसे संतों-भक्तोंकी वाणी भी इसमें स्थान पाती है। यह समावेश बताता है कि आध्यात्मिक सत्य किसी एक जाति, क्षेत्र या संप्रदायकी सीमामें बंधा नहीं होता। गुरु वाणी धर्मको केवल कर्मकांड और बाहरी पहचानतक सीमित नहीं करती। वह मनुष्यको अपने भीतर झांकने, अहंकारको त्यागने, सत्यके मार्गपर चलने और परिश्रमसे जीवन जीनेकी प्रेरणा देती है। 'मन जीतै जगु जीतु' का संदेश बताता है कि संसारपर विजय प्राप्त करनेसे पहले मनुष्यको अपने मनके विकारों, लोभ, क्रोध, मोह और अहंकारपर विजय पानी होगी। स्तविक आध्यात्मिक परिवर्तन बाहरसे नहीं, भीतरसे शुरू होता है। यही विचार आजके तनावपूर्ण और भौतिकतावादी जीवनमें भी उतना ही प्रासंगिक है।

# जीवनशैलीमें सुधारसे ही बेहतर होगा स्वास्थ्य

❑ **डा. प्रीतम भी. गेडाम**

आजके युगमें स्वार्थ, लालच, द्वेष, चरित्रहीनता, भ्रष्टाचार, नशाखोरी, मिलावटखोरी, प्रदूषण, भेदभाव और मनुष्यकी असीमित इच्छाओंकी पूर्तिके लिए चल रहा कभी न खत्म होने वाला संघर्ष जिन्दगीका सुकून छीन रहा है। हर कोई अपने ख्वाबोंको पूरा करनेके लिए भेड़चालमें भाग रहा है। किसीके पास रोजगार नहीं, किसीके पास प्रेम नहीं, परिवार नहीं, चरित्रवान जीवनसाथी नहीं, निरोगी शरीर नहीं, संस्कारशील बच्चे नहीं, सहयोगी परिवार और मित्र नहीं, समय नहीं, नाम और शोहरत नहीं, कोई सहारा नहीं तो किसीके पास धन-दौलत नहीं। दुनियामें कोई भी व्यक्ति जीवनकी सभी खुशियों, सुकून और सुख-सुविधाओंके साथ परिपूर्ण नहीं हो सकता। समस्याएं सभीके जीवनमें होती हैं, लेकिन उनके कारण पूरे जीवन परेशान रहकर और डर-डरकर जीना उचित नहीं है। हमारे पास जो उपलब्ध है, उसे समाधान माननेके बजाय मनुष्य असंतोषी बनकर अपने जीवनको स्वयं ही कष्टमय बना रहा है। मनुष्य अपने जीवनमें खुशीकी परिभाषा बदल रहा है। वह दूसरोंके दु:खमें खुशी और दूसरोंकी खुशीमें ईर्ष्यासे भर जाता है। अपने स्वार्थके लिए प्रकृतिका दोहन करता है और फिर स्वयं ही अशुद्ध हवा, पानी, भोजन और बीमारियोंकी समस्याओंसे परेशान होता है। भौतिक सुविधाओंके पीछे भागते हुए आज पैसा ही ईश्वर बन चुका है, यह साबित करनेपर लोग तुले हुए हैं। आज मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं अत्यधिक तेजीसे बढ़ी हैं, लेकिन लोग इन समस्याओंसे समझौता करके घुट-घुटकर जी रहे हैं। तनावके कारण सिजोफ्रेनिया और मनोविकार, द्विध्रुवी और मनोदशा विकार, प्रमुख अवसादग्रस्तता विकार, पोस्ट-ट्रॉमेटिक स्ट्रेस डिसऑर्डर और गम्भीर चिन्ता, खानेके विकार, मादक द्रव्योंके सेवन संबंधी विकार, टाइप-२ मधुमेह और चयापचय सिंड्रोम, हृदय रोग, मोटापा, क्रॉनिक ऑब्सट्रक्टिव पल्मोनरी डिजीज, तंत्रिका संबंधी और मस्कुलोस्केलेटल समस्याएं, क्रॉनिक दर्द सिंड्रोम, माइग्रेन, ऑस्टियोपोरोसिस और गति संबंधी विकार, गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल तथा प्रतिरक्षा संबंधी विकार जैसे अनेक गम्भीर विकार होते हैं। मानसिक स्वास्थ्यके प्रति जागरूकता बढ़ानेके लिए दुनियाभरमें हर साल १० अक्तूबरको विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस मनाया जाता है। वर्ष २०२६ में विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवसकी थीम 'निजी अनुभवोंको सुनना: असली आवाजें, असली बदलाव' है।

मनुष्यको पशुओंकी भांति सरल जीवन जीना चाहिए, लेकिन झूठे दिखावे और आधुनिकताकी होड़में वह अपने मानसिक स्वास्थ्यको बर्बाद कर रहा है। कई बार जीवनमें दूसरोंकी खुशीके लिए इंसान अपनी खुशी भी त्याग देते हैं। यह सिलसिला चलता रहता है और दूसरोंकी खुशीका ख्याल रखते-रखते हम अपनी मानसिक शांति खो बैठते हैं। जीवनमें सबसे ज्यादा जरूरी मानसिक सुकून है, जिसके कारण मनुष्य चैनकी सांस लेता है। मानसिक सुकून हमारे मनकी खुशीसे जुड़ा होता है। इसे हम खरीद नहीं सकते, बल्कि अपने सत्कर्मों और अच्छे आचरणसे ही प्राप्त कर सकते हैं।कुछ समय पहले मैंने एक खबर पढ़ी थी कि अमेरिकाकी सिलिकन वैलीके एक भारतीय उद्यमीने अपनी सौ करोड़ रुपयेकी संपत्ति और आलीशान जीवनशैली त्यागकर भारतके एक छोटेसे गांवमें आकर बस गया। उसने भौतिक सुख-सुविधाओंके बजाय मानसिक सुकून, प्रकृतिके निकट जीवन और आत्मिक संतुलनको प्राथमिकता दी। यह केवल एक उदाहरण नहीं है। दुनियामें ऐसे अनेक उदाहरण देखनेको मिल जायंगे। जीवनमें मानसिक शांति नहीं हो तो हमारे पास सब कुछ होते हुए भी हम भीड़में खुदको तनहा पाते हैं। हमारा जीवन सबसे अनमोल है और मानसिक शांति हमारे जीवनकी असली सफलताको दर्शाती है कि हम कितने सुकूनसे जी रहे हैं। पैसा केवल क्षणिक सुविधाएं खरीद सकता है।

हमारे देशमें मजदूर और किसान वर्गमें आत्महत्याकी घटनाएं अधिक देखनेको मिलती हैं। छोटे व्यापारी वर्ग, छात्र, गृहिणी, युवा और सरकारी कर्मचारी वर्गमें भी आत्महत्याकी घटनाएं बढ़ी हैं। इसके मुकाबले राजनीतिक रसूख वाले व्यक्तियों और नेताओंमें यह समस्या नजर नहीं आती। नेता अच्छे हों या बुरे, लेकिन मानसिक तनावका बेहतर प्रबंधनकी कला उनसे सीखनी चाहिए। उन्हें अनेक बार राजनीतिक, सामाजिक और व्यक्तिगत दबावोंका सामना करना पड़ता है। चुनाव हारना, आरोपोंका सामना करना, घोटालोंमें जांच एजेंसियोंकी काररवाई, मीडियामें आलोचना, अदालतोंमें मामले, राजनीतिक मतभेद, धमकियां या आर्थिक-सामाजिक नुकसान जैसी परिस्थितियां उनके सामने आती रहती हैं। इसके बावजूद अनेक नेता कठिन परिस्थितियोंमें भी अपने सार्वजनिक दायित्वोंको निभाते हुए संयम और आत्मविश्वास बनाये रखते हैं। चुनावी दौरमें उम्रदराज होनेके बावजूद कई नेता लगातार सैकड़ों-हजारों किलोमीटरकी यात्रा करते हैं। बारिश, धूप, ठंड, तूफान और खराब मौसमके बीच भी वे कम नींद और कम आरामके बावजूद लगातार शारीरिक एवं मानसिक दबावमें काम करते हैं। रैलियों और सभाओंमें उनका उत्साह तथा ऊर्जा दिखाई देती है। हालांकि हर व्यक्तिकी तनाव सहने और उससे निबटनेकी क्षमता अलग-अलग होती है। इसलिए नेताओंके सार्वजनिक जीवनसे यह सीख ली जा सकती है कि कठिन परिस्थितियोंमें संयम, आत्मविश्वास कायम रखना और तनावका सकारात्मक ढंगसे प्रबंधन करना जीवनके लिए उपयोगी गुण हैं। हर कोई अपने फायदेके लिए दूसरोंके मनसे खेलता है। दूसरोंकी खुशीके लिए अपनी खुशियोंका गला मत घोंटिये। जो व्यक्ति हमारे बुरे वक्तमें हमारा साथ देता है, भावनाओंकी कद्र करता है और हमारी परवाह करता है, हमें भी उसकी कद्र करनी चाहिए। बाकी लोग अपने स्वार्थके हिसाबसे खेलते हैं, उन्हें अपने जीवनके साथ खेलनेका मौका मत दीजिए। किसीकी कठपुतली मत बनिये। ऐसे लोगोंसे सावधान रहें और उनसे दूर रहें। अपनी आत्मिक खुशीका अर्थ समझिये। भौतिक सुविधाएं ही सब कुछ नहीं हैं। निश्चिंत होकर जीना सीखिए। तनावसे कोई फायदा नहीं, बल्कि केवल नुकसान होता है। जीवनकी हर समस्याको एक अवसर मानकर हंसते हुए पार कीजिए। संघर्ष जीवनका हिस्सा है। डरना नहीं, डटना है। दुनियाकी महानतम शख्सियतोंने भी अपने जीवनको संघर्षोंसे सींचा है, तब जाकर उन्होंने नाम और शोहरत हासिल की है।

समय परिवर्तनशील है, हमारा भी समय बदलेगा। जैसे वातावरणमें हम रहते हैं, वैसा ही हमारे शरीर और मनपर असर पड़ता है। इसलिए बुरे विचारों वाले लोगों और बुरी आदतोंसे हमेशा दूर रहें। घर-परिवारकी जिम्मेदारीके साथ अपनी खुशीका भी ख्याल रखें। स्वस्थ रुचियों, व्यायाम, पशुप्रेम, समाजसेवा, परोपकारिता और प्रकृतिसे निकटता बढ़ायें। ये जीवनमें सुकून लेकर आते हैं। पौष्टिक भोजन करें, संगीत सुनें, यात्रा करें, सामूहिक श्रमदानका हिस्सा बनें और अपनी खूबियोंको जानें। जिस विषयमें रुचि हो, उसपर काम करें। बस, हमारी वजहसे किसीको परेशानी नहीं होनी चाहिए। यह अनमोल जिन्दगी एक बार मिलती है। जिन्दगी जीनेके लिए है, काटनेके लिए नहीं। व्यस्तताका बहाना छोड़ें और अपनी खुशीके लिए समय निकालना सीखें। अपना बेहतर कर्म करते रहें और आगे बढ़ते रहें। सबसे ज्यादा स्वयंकी मानसिक शांतिको प्राथमिकता दें, खुश रहें और तनावमुक्त जीवन जियें।

## नई खबर...

### अमेज़न ग्रेट इंडियन फेस्टिवल 2026 की ऐतिहासिक शुरुआत

अमेज़न ने आज घोषणा की कि अमेज़न ग्रेट इंडियन फेस्टिवल 2026 की शुरुआत ऐतिहासिक रही है यह इस शॉपिंग इवेंट की अब तक की सबसे बड़ी शुरुआत है। भारत अमेज़न.इन पर रिकॉर्ड खरीदारी कर रहा है, जहाँ ग्राहकों ने पिछले साल के मुकाबले 100प्रतिशत से अधिक प्रोडक्ट्स ऑर्डर किए हैं। भारत के हर एक पिन-कोड से ग्राहकों ने स्मार्टफोन्स, कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स, फैशन, ब्यूटी, होम, किचन और रोज़मर्रा की ज़रूरतों के सामानों के लिए पहले ही ऑर्डर दे दिए हैं, जिससे यह इस शॉपिंग इवेंट के इतिहास का सबसे ज़्यादा खरीदारी वाला पहला दिन बन गया है। अमेज़न इंडिया के वाइस प्रेसिडेंट, सौरभ श्रीवास्तव ने कहा अमेज़न ग्रेट इंडियन फेस्टिवल 2026 के शुरुआती रुझानों ने हमारी सबसे सकारात्मक उम्मीदों को भी पीछे छोड़ दिया है। हमने आधी रात को सभी ग्राहकों के लिए शुरुआत की और कस्टमर एंगेजमेंट, ऑर्डर वॉल्यूम और डिलीवरी की स्पीड के मामले में पहले ही नए रिकॉर्ड बना दिए हैं। हमने ऑर्डर किए गए प्रोडक्ट्स में रिकॉर्ड 100प्रतिशत की बढ़ोतरी देखी है। प्राइम मेंबर्स के लिए एक्स्ट्रा सेविंग्स, इंस्टेंट बैंक डिस्काउंट, एक्सचेंज, नो-कॉस्ट ईएमआई, अमेज़न पे लेटर और कई अन्य वैल्यू-ड्राइविंग प्रोग्राम्स के ज़रिए लोगों की इच्छाओं को पूरा होते देख हमें बेहद खुशी हो रही है। महानगरों से लेकर सबसे छोटे कस्बों तक पूरा भारत बेहतरीन डील्स, सबसे बड़े सिलेक्शन और सबसे तेज़ डिलीवरी के लिए अमेज़न.इन पर खरीदारी करना चुन रहा है। त्योहारों का सीज़न अभी शुरू ही हुआ है, और हम देश भर के हर ग्राहक को खुश करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं।

### एशियन पेंट्स ने ब्यूटीफुल होम्स पेंटिंग सर्विसेज के साथ बेफिक्र उत्सव का संदेश दिया

विवाह या त्योहार का अवसर अक्सर घर को नया रूप देने और परिवार एवं मित्रों के स्वागत के लिए उसे तैयार करने का समय होता है। लेकिन घर को तैयार करने के साथ रंगों का चयन, समय-सीमा और रंग-रोगन की पूरी प्रक्रिया संभालना अन्य तैयारियों के बीच एक चुनौती बन सकता है। इसी आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए एशियन पेंट्स ने अपनी ब्यूटीफुल होम्स पेंटिंग सर्विसेज के माध्यम से एक नया अभियान शुरू किया है, जिसमें घर को सहज और बिना किसी परेशानी के नया रूप देने के अनुभव को दर्शाया गया है। घर में विवाह की तैयारियों की पृष्ठभूमि पर आधारित यह अभियान परिवार के साथ बिताए जाने वाले पलों और किसी विशेष अवसर के लिए घर को तैयार करने के उत्साह को दर्शाता है। इन फिल्मों में दिखाया गया है कि घर के मालिक अलग-अलग सजावटी विकल्पों को देख सकते हैं, कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित रंग दृश्यांकन सुविधा के माध्यम से रंगों और दीवार पर लगाए जाने वाले कागजी आवरणों को पहले ही देखकर समझ सकते हैं तथा पूरी कार्य प्रक्रिया को समय पर पूरा कराने के लिए विशेषज्ञों पर भरोसा कर सकते हैं। एक फिल्म में सब्यसाची द्वारा तैयार किए गए दीवार सज्जा कागजी आवरणों को दर्शाया गया है और बताया गया है कि अलग-अलग संयोजन किस प्रकार परिवार की व्यक्तिगत पसंद और शैली को प्रतिबिंबित करते हैं। वहीं दूसरी फिल्म में कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित रंग दृश्यांकन सुविधा को प्रमुखता दी गई है, जिसकी सहायता से घर के मालिक काम शुरू होने से पहले यह देख सकते हैं कि उनके चुने हुए रंग या दीवार सज्जा कागजी आवरण उनके घर में किस प्रकार दिखाई देंगे।

### 'आइडिया टू आईपीओ' इंटरैक्टिव वर्कशॉप का आयोजन

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया (एनएसई) ने उत्तर प्रदेश सरकार और कोटक महिंद्रा बैंक के सहयोग से 8 अक्टूबर, 2026 को वाराणसी में एसएमई आईपीओ पर 'आइडिया टू आईपीओ' विषय पर एक इंटरैक्टिव वर्कशॉप का सफल आयोजन किया।कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इसमें कई वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए, जिनमें उत्तर प्रदेश सरकार के एमएसएमई एवं निर्यात प्रोत्साहन विभाग के सचिव श्री प्रांजल यादव, आईएएस; उत्तर प्रदेश लघु उद्योग निगम (यूपीएसआईसी) के प्रबंध निदेशक श्री रोहित आनंद, आईएएस; एनएसई के वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री कृष्णन अय्यर और कोटक महिंद्रा बैंक में चैनल सेगमेंट एवं स्ट्रैटेजी की प्रमुख सुश्री नूपुर शर्मा शामिल थीं।इस कार्यक्रम में शहर के चुनिंदा एसएमई उद्यमियों, कारोबारियों, वित्तीय पेशेवरों और पूँजी बाजार से जुड़े लोगों ने हिस्सा लिया। एनएसई के मुख्य व्यवसाय विकास अधिकारी श्री श्रीराम कृष्णन ने कहा,एनएसई इमर्ज एसएमई को आसानी से पूँजी जुटाने और स्टॉक एक्सचेंज में सूचीबद्ध होकर अपनी पहचान बढ़ाने का अवसर देता है। उन्होंने कहा,उत्तर प्रदेश से एनएसई पर सूचीबद्ध होने वाली कंपनियों की संख्या तेजी से बढ़ी है। इस रफ्तार को बनाए रखने के लिए हम सरकार के साथ मिलकर नियमित रूप से ऐसे जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करेंगे। अब तक विभिन्न क्षेत्रों की 764 कंपनियाँ एनएसई इमर्ज प्लेटफॉर्म पर सूचीबद्ध हो चुकी हैं। इन कंपनियों ने मिलकर 24,520 करोड़ रुपए से अधिक की पूँजी जुटाई है। इन सभी कंपनियों का कुल बाजार मूल्य लगभग 2,78,000 करोड़ रुपए है।

# सेंसेक्स 879 अंक उछला

## शेयर बाजार में जोरदार वापसी, निफ्टी 22,520 पर बंद

मुंबई। पिछले कारोबारी सत्र में भारी गिरावट के बाद भारतीय शेयर बाजार में आज शानदार रिकवरी देखने को मिली। दोपहर 2ः44 बजे सेंसेक्स 1,011.61 अंक यानी 1.41 फीसदी की बढ़त के साथ 72,604.85 पर कारोबार कर रहा था। वहीं, निफ्टी 50 में 329.70 अंक यानी 1.48 फीसदी की तेजी आई और यह 22,561.50 के स्तर पर पहुंच गया। कारोबार के अंत में सेंसेक्स 879.09 अंक की तेजी के साथ 72,472.33 पर बंद हुआ। वहीं, निफ्टी 288.65 अंक की बढ़त के साथ 22,520.45 के स्तर पर पहुंच गया।
बाजार में आई इस तेजी के पीछे आईटी और बैंकिंग शेयरों में जोरदार खरीदारी का अहम योगदान रहा। निचले स्तरों पर निवेशकों की खरीदारी से प्रमुख सूचकांकों को सहारा मिला। बाजार के



प्रमुख सेक्टरों में भी मजबूती देखने को मिली। निफ्टी बैंक 849.20 अंक बढ़कर 55,364.25 पर पहुंच गया, जबकि बीएसई बैंकेक्स में 793.08 अंकों की तेजी दर्ज की गई और यह 62,335.42 पर कारोबार कर रहा था। ब्रॉडर मार्केट में भी खरीदारी का माहौल रहा। निफ्टी मिडकैप-100 में 1.62 फीसदी की बढ़त आई और यह 58,822.75 के स्तर पर पहुंच गया। वहीं, निफ्टी आईटी इंडेक्स 3.16 फीसदी उछलकर 28,615 पर कारोबार करता नजर आया।
आईटी सेक्टर में तेजी की प्रमुख वजह टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज के वित्तीय नतीजे और कंपनी के शेयर में खरीदारी बताई गई। उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, कंपनी का मुनाफा दूसरी तिमाही में सालाना आधार पर 15 फीसदी बढ़कर 13,884 करोड़ रुपए रहा। इसके साथ ही कंपनी ने 12 रुपए प्रति शेयर के डिविडेंड का ऐलान किया। ञ्जष्टस् के शेयर में करीब 4 फीसदी की तेजी से आईटी सेक्टर के दूसरे शेयरों को भी समर्थन मिला। आईटी शेयरों में खरीदारी- टीसीएस के नतीजों और डिविडेंड की घोषणा से निवेशकों का रुझान आईटी शेयरों की ओर बढ़ा। निचले स्तरों पर खरीदारी- पिछले सत्र की भारी गिरावट के बाद निवेशकों ने कम कीमतों पर शेयर खरीदने में दिलचस्पी दिखाई।
वैश्विक बाजारों से समर्थन- अमेरिकी वायदा बाजारों में बढ़त के संकेतों ने घरेलू बाजार के कारोबारी माहौल को मजबूती दी।

## बिजली संयंत्रों को कोयले की आपूर्ति सितंबर के निचले स्तर से 36 प्रतिशत बढ़ी

नयी दिल्ली। कोयला मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि ऊर्जा क्षेत्र को कोयले की दैनिक आपूर्ति सितंबर के निचले स्तर से करीब 36 प्रतिशत बढ़ गई है। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि बिजली संयंत्रों में कोयले के भंडार में कमी आने की रफ्तार धीमी हुई है और रेल के जरिये कोयले की ढुलाई में सुधार हुआ है। बयान के मुताबिक, कोयले के भंडार में दैनिक कमी सितंबर के 2.43 लाख टन से घटकर अक्टूबर में 1.16 लाख टन रह गई है। अक्टूबर में रेल के जरिये कोयले की औसत दैनिक ढुलाई 465 रेक से अधिक रही। लगातार तीन दिन 470 रेक प्रतिदिन का लक्ष्य भी हासिल किया गया। सड़क समेत अन्य माध्यमों से कोयले की आपूर्ति में भी सुधार हुआ है। बिजली संयंत्रों में कोयले का भंडार कम होने से देश में बिजली की कमी का जोखिम बढ़ने संबंधी मीडिया रिपोर्ट पर मंत्रालय ने कहा कि %गंभीर भंडार% का वर्गीकरण निर्धारित मानकों के आधार पर किया जाता है। इसके तहत उन बिजली संयंत्रों को चिह्नित किया जाता है, जिनके पास तय मानक की तुलना में कोयले का भंडार कम होता है। मंत्रालय ने कहा कि इस व्यवस्था का उद्देश्य ईंधन की वास्तविक कमी होने या बिजली उत्पादन प्रभावित होने से पहले ही ऐसे संयंत्रों के बारे में चेतावनी देना है। कोयला मंत्रालय ने स्पष्ट किया कि गंभीर भंडार की सूची में किसी संयंत्र का नाम होने का मतलब यह नहीं है कि वहां कोयला खत्म हो गया है या उसके जल्द बंद होने का खतरा है।

## सिनेपोलिस और कोका-कोला पर 85,000 का जुर्माना, पानी की बोतल बनी वजह

पटना। बिहार की राजधानी पटना में उपभोक्ता आयोग ने सिनेपोलिस सिनेमा और कोका-कोला कंपनी पर 85,000 रुपए का जुर्माना लगाया है। मामला सिनेमा हॉल में दर्शक को अपनी पानी की बोतल ले जाने से रोकने और परिसर के अंदर अधिक कीमत पर पैकेज्ड पानी खरीदने के लिए मजबूर करने से जुड़ा है। यह आदेश शिकायतकर्ता रजत तिवारी द्वारा कंज्यूमर कोर्ट में केस दायर करने के लगभग एक दशक बाद आया है। शिकायतकर्ता ने 23 सितंबर 2016 को पटना के सिनेपोलिस सिनेमा हॉल में फिल्म पिंक देखने गए थे। थिएटर में प्रवेश के दौरान सुरक्षा कर्मचारियों ने उन्हें अपनी पानी की बोतल अंदर ले जाने से रोक दिया।
इसके बाद उन्हें सिनेमा परिसर में ही किनले की पानी की बोतल 50 रुपए में खरीदनी पड़ी, जबकि बाहर इसी बोतल का खुदरा मूल्य 20 रुपए था। इस घटना के बाद तिवारी ने अनुचित व्यापार व्यवहार का आरोप लगाते हुए उपभोक्ता आयोग में शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने मानसिक परेशानी के लिए मुआवजे और कानूनी खर्च की मांग की थी। सुनवाई के दौरान सिनेपोलिस ने दलील दी कि उत्पादों की कीमत तय करने में उसकी कोई भूमिका नहीं है। वहीं, कोका-कोला कंपनी ने कीमतों का बचाव करते हुए कहा कि उसकी मूल्य निर्धारण व्यवस्था माप विज्ञान संबंधी नियमों के अनुरूप थी। हालांकि, आयोग के अध्यक्ष प्रेमरंजन मिश्रा और सदस्य रजनीश कुमार की पीठ ने दोनों कंपनियों की दलीलों को स्वीकार नहीं किया। आयोग ने दर्शक को बाहर से पानी लाने से रोकने और एक ही उत्पाद के लिए अलग-अलग कीमत वसूलने के मामले में दोनों कंपनियों को जिम्मेदार ठहराया। उपभोक्ता आयोग ने दोनों कंपनियों को भुगतान करने का निर्देश दिया:
25,000 रुपये रजत तिवारी को मानसिक परेशानी के मुआवजे के रूप में। 10,000 रुपये शिकायतकर्ता के कानूनी खर्च के लिए। 50,000 रुपये राज्य उपभोक्ता कल्याण कोष में जमा करने के लिए। आयोग ने निर्देश दिया कि यदि 45 दिनों के भीतर निर्धारित राशि जमा नहीं की जाती है, तो कुल रकम पर ब्याज लगाया जाएगा। आयोग ने पैकेज्ड खाद्य पदार्थों और पेय पदार्थों की बिक्री करने वालों को सभी उत्पादों पर अधिकतम खुदरा मूल्य स्पष्ट रूप से प्रदर्शित करने और एक ही उत्पाद के लिए अलग-अलग कीमत वसूलने से बचने का निर्देश दिया। यह मामला उपभोक्ताओं के अधिकारों और सिनेमा हॉल जैसे सार्वजनिक मनोरंजन स्थलों पर वस्तुओं की कीमतों को लेकर महत्वपूर्ण सवाल उठाता है।

## छोटे उद्यमों के लिए फंसे कर्ज के वर्गीकरण नियमों में बदलाव की जरूरत- नागेश्वरन

नयी दिल्ली। मुख्य आर्थिक सलाहकार वी. अनंत नागेश्वरन ने शुक्रवार को भारतीय रिजर्व बैंक से सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यमों (एमएसएमई) के लिए गैर-निष्पादित परिसंपत्ति (एनपीए) के वर्गीकरण संबंधी नियमों पर फिर से विचार करने की वकालत की। उन्होंने कहा कि इन नियमों को वैश्विक स्तर पर एक समान व्यवस्था के अनुरूप बनाने के बजाय देश की कारोबारी परंपराओं और नकदी प्रवाह के तौर-तरीकों के अनुरूप बनाया जाना चाहिए। नागेश्वरन ने कहा कि नीतिगत स्तर पर वित्त मंत्रालय इन मानदंडों की समीक्षा की वकालत करता रहा है। विभिन्न क्षेत्रों में काम करने वाले एमएसएमई की कार्यशील पूंजी की जरूरतें और नकदी प्रवाह की स्थिति अलग-अलग होती हैं। मौजूदा व्यवस्था के तहत, बकाया भुगतान की अवधि के आधार पर कर्ज को विशेष उल्लेख खातों (एसएमए) के रूप में वर्गीकृत किया जाता है। इसकी श्रेणियां 30 दिन, 60 दिन और 90 दिन के बकाया भुगतान के अनुरूप हैं। आम तौर पर, यदि ब्याज या मूलधन का भुगतान 90 दिन से अधिक समय तक बकाया रहता है तो खाते को गैर-निष्पादित परिसंपत्ति (एनपीए) यानी फंसा कर्ज घोषित कर दिया जाता है। सीईए ने कहा कि एसएमए श्रेणी में आने से ही कर्ज लेने वालों पर गंभीर असर पड़ सकता है। कारोबारियों को औपचारिक रूप से एनपीए घोषित किए जाने से पहले ही मुश्किलों का सामना करना पड़ सकता है। नागेश्वरन ने यहां सा-धन द्वारा आयोजित समावेशी वृद्धि पर 21वें राष्ट्रीय सम्मेलन में कहा, %%जैसे ही किसी खाते को एसएमए के रूप में वर्गीकृत किया जाता है, वह कानूनी रूप से नहीं तो व्यवहार में लगभग उसी स्थिति में पहुंच जाता है।%% उन्होंने कहा कि वैश्विक स्तर पर एक समान मानक अपनाने के बजाय ऐसे मानदंड विकसित किए जाने चाहिए, जो भारत में कारोबार करने के तौर-तरीकों और एमएसएमई के नकदी प्रवाह के स्वरूप के अनुरूप हों। सीईए ने कहा, हमें वैश्विक स्तर पर एक समान व्यवस्था अपनाने के बजाय ऐसे मानदंड विकसित करने होंगे, जो हमारी कारोबारी गतिविधियों और नकदी प्रवाह के स्वरूप के अनुरूप हों। एमएसएमई क्षेत्र के लिए हमें ऐसे ही कुछ कदम उठाने होंगे, क्योंकि यह बड़े पैमाने पर रोजगार देता है।%% कारोबार सुगमता के बारे में नागेश्वरन ने कहा कि इसका असर बड़े कारोबारों के मुकाबले एमएसएमई पर अधिक पड़ता है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार मंत्रिमंडल सचिव के नेतृत्व में पिछले करीब दो वर्षों से एमएसएमई के लिए जमीनी स्तर पर नियमों में ढील देने की दिशा में भी काम कर रही है। छोटे कारोबारों पर नियमों के अनुपालन का असमान रूप से अधिक बोझ पड़ता है। यह बोझ धन और समय, दोनों के रूप में होता है। इसे कम करने से वे अपने सीमित संसाधनों और समय का इस्तेमाल कारोबार चलाने तथा अधिक लोगों को रोजगार देने में कर सकेंगे। इससे जमीनी स्तर पर रोजगार पैदा होगा और ठोस लाभ मिलेंगे। नागेश्वरन ने सुझाव दिया कि एमएसएमई की वृद्धि की व्यापक रणनीति में नियमों में ढील देने, कौशल विकास, व्यापार समझौतों का अधिक उपयोग करने और विभिन्न राज्यों की विशिष्ट जरूरतों तथा परिस्थितियों के अनुरूप विकास के अलग-अलग मॉडल अपनाने पर ध्यान दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा, हमें उन व्यापार समझौतों का पूरा लाभ उठाना होगा, जिन पर हम हस्ताक्षर कर रहे हैं।

## दैनिक मंडी समीक्षा

नयी दिल्ली। दाल मिलों की मांग बढने् से दहलनों में चना-उड़द के भाव 100/200 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गए। जबकि मांग कमजोर होने से मसूर में 100 रुपये की नरमी रही। स्टाकिस्टों की बिकवाली कमजोर होने से बिनौला व तिल तेल के भाव 100/500 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गए। जबकि ग्राहकी कमजोर होने से सरसों व इसके तेल के भाव 50/100 रुपये नीचे आ गए। आवक कमजोर होने से गुड़ व शक्कर की कीमतों में स्थिरता रही। हाजिर में माल की कमी तथा बिकवाली कमजोर होने से चीनी में तेजी का रुख रहा। किराना जिंसों में मांग बढने् से मैथी-धनिया-जीरा-सौंफ के भाव 400/700 रुपये प्रति क्विंटल तेज हो गए। बिकवाली कमजोर होने से काली मिर्च में 5 रुपये की सुर्खी रही।

**अनाज-दाल**

दाल मिलों की मांग बढने् से उड़द 200 रुपये बढक़र देसी माल के भाव 9300/9800 रुपये प्रति क्विंटल हो गए। आयातकों की बिकवाली कमजोर होने से रंगूनी उड़द भी 100/200 रुपये बढक़र एफएक्यू 10100/10125 रुपये तथा एसक्यू 10500/10550 रुपये प्रति क्विंटल हो गया। हाजिर में माल की कमी के कारण राजस्थानी चना भी 100 रुपये बढक़र 7675/7700 रुपये प्रति क्विंटल हो गया। दलहनों में तेजी का रुख होने के कारण बिकवाली घटने से उड़द दाल 300 रुपये बढक़र 12300/13300 रुपये तथा चना दाल 150 रुपये बढक़र 8750/9200 रुपये प्रति क्विंटल हो गई। जबकि ऊंचे भाव पर मांग कमजोर होने से राजस्थानी में 200 रुपये घटकर 8700/9000 रुपये तथा कनाडा की मसूर 100 रुपये घटकर 6200/6225 रुपये व देसी बिल्टी के भाव 6800/6825 रुपये प्रति क्विंटल रह गए।

**तेल-तिलहन**

सप्लाई कमजोर होने तथा मांग बढने् से तिल तेल 500 रुपये बढक़र 18500 रुपये प्रति क्विंटल हो गया। रिफाइंड वालों की मांग से बिनौला तेल भी 100 रुपये बढक़र 14800 रुपये प्रति क्विंटल हो गया। जबकि ऊंचे भाव पर मुनाफा वसूली आने से सरसों तेल 100 रुपये घटकर 17350 रुपये प्रति क्विंटल रह गया। लारेंस रोड पर सरसों भी तेल मिलों की मांग सुस्त पडने् से 50 रुपये मुलायम होकर 8600/8650 रुपये प्रति क्विंटल रह गया। अखाद्य तेलों में पेंट निर्माताओं की मांग कमजोर होने से अरंडी तेल 50 रुपये घटकर 16800/16900 रुपये प्रति क्विंटल रह गया।

**गुड़-चीनी**

पश्चिमी उत्तर प्रदेश की मंडियों से नए मालों की आवक न बढने् तथा ग्राहकी निकलने से गुड़ पेड़ी के भाव 4900/5000 तथा ढैया के भाव 5300/5400 रुपये प्रति क्विंटल पर मजबूत रहे। सीमित बिकवाली के कारण शक्कर व खांडसारी की कीमतों में स्थिरता रही। महाराष्ट्र में भी बिकवाली कमजोर होने से चीनी के भाव 130/160 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ाकर एस-ग्रेड 4832/4952 रुपये तथा एम-ग्रेड के भाव 4932/5092 रुपये प्रति क्विंटल हो गए। दो दिनों के अंतराल में इसमें 300 रुपये क्विंटल उल्लेखनीय तेजी आ गई। त्योहारी मांग निकलने तथा हाजिर में माल की कमी के कारण स्थानीय बाजार में हाजिर चीनी 700 रुपये उछलकर 5700/5900 रुपये प्रति क्विंटल के उच्च स्तर पर जा पहुंची। यूपी की मिलों द्वारा अंडर बिलिंग किए जाने की चर्चा जोरों पर थी।

**किराना-मेवे**

स्टाकिस्टों की मांग निकलने तथा बिकवाली कमजोर होने से जीरा 700 रुपये बढक़र 26500/27000 रुपये प्रति क्विंटल हो गया। बिकवाली कमजोर होने से धनिया 500 रुपये बढक़र 17300/20200 रुपये प्रति क्विंटल के उच्च स्तर पर पहुंच गई। हाजिर में माल की कमी के कारण सौंफ के भाव 600 रुपये बढक़र 14500/27300 रुपये प्रति क्विंटल हो गए। मैथी दाना भी बिकवाली कमजोर होने से 400 रुपये बढक़र 8200/9100 रुपये प्रति क्विंटल हो गया। काली मिर्च भी पूछपरख बढने् से 5 रुपये बढक़र 765/820 रुपये प्रति किलो हो गई। मेवों में रुपया कमजोर होने के कारण आयातकों की बिकवाली घटने तथा ग्राहकी निकलने से बादाम कैलीफोर्निया के भाव 29000/30000 रुपये प्रति 40 किलो तथा इसकी गिरी के भाव 1100/1200 रुपये प्रति किलो पर मजबूत रहे। अंजीर भी घटे भाव पर मांग निकलने से 21800/53000 रुपये प्रति 40 किलो पर मजबूत रहा।

**सर्राफा**

अंतर्राष्ट्रीय बाजार में बुलियन की कीमतों में तेजी का रुख होने तथा सोने के भाव 1600 रुपये प्रति 10 ग्राम तथा चांदी के भाव 5000 रुपये प्रति किलो बढ़ गए।
अमेरिकन डॉलर में गिरावट आने तथा निवेशकों की लिवाली बढने् से अंतर्राष्ट्रीय बाजार में सोने के भाव 60 डॉलर बढक़र 4190 डॉलर प्रति ओंस हो गए। विदेशों में आई तेजी के कारण बिकवाली घटने से सोना 1600 रुपये बढक़र किलोबार 153500 तथा स्टैंडर्ड 154300 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गए। इसके समर्थन में 8 ग्राम वाली गिन्नी के भाव भी 1000 रुपये बढक़र 114000 रुपये हो गए। विदेशों में चांदी के भाव 155 सेंट बढक़र 6145 सेंट प्रति ओंस हो जाने से चांदी हाजिर 5000 रुपये बढक़र 230000 रुपये प्रति किलो हो गई। स्टोरिया लिवाली से चांदी वायदा भी 221000 से उछलकर 225000 रुपये हो गया।


## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
## ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड- वाराणसी
### पता:- विकास भवन, पंचम तल, वाराणसी

पत्रांक:- 2404/ग्रा.अ.वि./निविदा पत्राली/पत्रावली सं. 01/अनु.सहायक/2026-27 दिनांक:- 30.09.2026

**निविदा की प्रेस सूचना**

महामहिम राज्यपाल, उ0प्र0 की ओर से अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड-वाराणसी के द्वारा ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, उ0प्र0 में ए0बी0सी0डी0 एवं ई श्रेणी में कार्य की लागत की सीमा के अनुरूप पंजीकृत निविदा दाताओं से मैन्यूवल विधि से प्रतिशत दर के आधार पर नीचे दर्शाये गये कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदादाता किसी एक कार्य अथवा सभी कार्यों के लिए निविदा दे सकता है।
1. कार्य से सम्बंधित विवरण निम्नवत् है:-

| क्र0सं0 | जनपद का नाम | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख रू0 में) जी0एस0टी0 रहित | बिड सिकुरिटी (इ0एम0डी0) (लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य जी.एस.टी. सहित (यदि आवश्यक हो) (रू0में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि वर्षाऋतु सहित |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| निधि-विधायक निधि | | | | | | |
| 1 | वाराणसी | लल्लापुरा वार्ड में गेट नं0 2 के सामने तेजाब खाना मलिन बस्ती कालोनी में इण्टरलॉकिंग कार्य। | 5.03 | 0.251 | 225+18% GST+500=766 | 3 माह |
| 2 | | लल्लापुरा खुर्द में अन्नपूर्णा एन्कलेव कालोनी काशी विद्यापीठ गेट नं0 2 के सामने सड़क पर निर्माण कार्य। | 6.66 | 0.333 | 225+18% GST+500=766 | 3 माह |
| 3 | | महेशपुर सुद्धिपुर में धनराज पाल से राजेन्द्र पटेल तक इण्टरलॉकिंग का नव निर्माण कार्य। | 8.14 | 0.407 | 225+18% GST+500=766 | 3 माह |
| 4 | | वार्ड सरसौली में श्यामपुरी कालोनी ब्लॉक-बी में बन्दना चतुर्वेदी के मकान में बुधराम सोनकर के मकान से होते हुए आनन्द सिंह के मकान से अमित सिंह के मकान तक मार्ग पर इण्टरलॉकिंग कार्य। | 8.15 | 0.408 | 225+18% GST+500=766 | 3 माह |
| 5 | | वार्ड शिवपुर में पंचकोशी परिक्रमा मार्ग लाल जी कुआ जी अजय कुमार सिंह के घर के आगे तक गली में इण्टरलॉकिंग कार्य। | 1.69 | 0.084 | 150+18% GST+500=677 | 3 माह |
| 6 | | वार्ड अकथा पैगम्बरपुर में आजाद सिंह फौजी के घर से महेन्द्र गोड के घर तक इण्टरलॉकिंग निर्माण कार्य। | 2.31 | 0.116 | 150+18% GST+500=677 | 3 माह |
| 7 | | शिवपुर वार्ड में फलहारी बाबा अखाड़ा पॉचो पाण्डवां में गददा/मैट स्थापना का कार्य। | 4.89 | 0.244 | 225+18% GST+500=766 | 3 माह |
| 8 | | पाण्डेयपुर वार्ड में महावीर व्यायामशाला मन्दिर परिसर में गददा/मैट सीपना का कार्य। | 4.89 | 0.244 | 150+18% GST+500=677 | 3 माह |
| 9 | | चौकाघाट वार्ड में स्वास्तिक व्यायामशाला वेदान्ती ढेलवरिया में गद्दा/मैट स्थापना का कार्य। | 4.89 | 0.244 | 150+18% GST+500=677 | 3 माह |
| 10 | | खोजवां के गुलरिया मोड के पास श्री शिव मूरत सिंह के आवास से मुख्य मार्ग तक इण्टरलॉकिंग कार्य। | 0.76 | 0.038 | 225+18% GST+500=766 | 3 माह |
| 11 | | नेवादा के राजेन्द्र विहार कालोनी की गली नं0 11 का इण्टरलॉकिंग निर्माण कार्य। | 5.41 | 0.270 | 225+18% GST+500=766 | 3 माह |
| 12 | | नेवादा के इंदिरा नगर कालोनी के पार्क में चहारदीवारी, मेन गेट, पाथवे, 4 बेंच का निर्माण कार्य। | 2.22 | 0.111 | 225+18% GST+500=766 | 3 माह |
| 13 | | सुंदरपुर में श्री प्रभात सिन्हा के आवास संख्या एन 3/75-डी-2-जे-के से श्री अनुपम के आवास संख्या एन 2/136-डी तक इण्टरलॉकिंग निर्माण कार्य। | 1.93 | 0.097 | 225+18% GST+500=766 | 3 माह |
| 14 | | भेलूपुर के खोजवां में श्री राजेश कुमार गुप्ता के आवास से श्री अशोक सोनकर के आवस तक इण्टरलॉकिंग निर्माण कार्य। | 0.47 | 0.024 | 150+18% GST+500=677 | 3 माह |
| 15 | | सरायनन्दन वार्ड में श्री छोटू गुप्ता के आवास से श्री पवन यादव के आवास तक व कुए से ग्लोरियस पब्लिक स्कूल होते हुए श्री अरविन्द मौर्या के आवास तक इण्टरलॉकिंग निर्माण कार्य। | 3.64 | 0.182 | 150+18% GST+500=677 | 3 माह |
| 16 | | सरायनन्दन के दशमी में श्री धनन्जय सिंह के आवास से श्री लख नारायण सिंह के आवास तक इण्टरलॉकिंग निर्माण कार्य। | 6.17 | 0.308 | 225+18% GST+500=766 | 3 माह |
| 17 | | नेवादा में श्री रंजीत मेडिकल से श्रेया हॉस्पीटल तक इण्टरलॉकिंग सड़क निर्माण कार्य। | 0.86 | 0.043 | 150+18% GST+500=677 | 3 माह |

2 निविदा सूचना में अंकित कार्यालयों में बिड डाक्यूमेन्ट की उपलब्धता की तिथि 02.11.2026 से 03.11.2026 तक।
3 निविदा प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि समय व स्थान-03.11.2026 को 12.00 बजे से 4.00 बजे तक कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड-वाराणसी, अधीक्षण अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, परिमण्डल-वाराणसी एवं जिलाधिकारी जनपद-वाराणसी।
4 टेण्डर प्रकिया से पूर्व का कोई भी शपथ पत्र मान्य नहीं होगा।
5 अधोहस्ताक्षरी के पास बिना कारण बताये एक/समस्त निविदाओं को निरस्त करने का पूर्ण अधिकार सुरक्षित है।
6 निविदा डालने की तिथि 05.11.2026 को 12.00 बजे तक एवं निविदा खोलने की तिथि 05.11.2026 को अपरान्ह 12.30 बजे।
7 व्यय वित्त समिति सचिवालय के पत्र0सं0-527/01/प्रा0र0मू0प्र0/2024, दिनांक 25.02.2025 में निहित प्राविधान के अनुसार कार्य कुशलता/Competitive Price efficiency के रूप में कार्य की लागत में नियमानुसार 05 प्रतिशत की कटौती कर भुगतान की कार्यवाही की जाएगी।
8 अधिक जानकारी के लिए कृपया नियोक्ता कार्यालय अर्थात अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड-वाराणसी में कार्यदिवस में सम्पर्क करें।

उ.प्र.:- 257470
दिनांक:- 05.10.2026

अधिशासी अभियन्ता
ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड-वाराणसी
श्री राज्यपाल उ.प्र. की ओर से
वेबसाईटः- www.upgov.nic.in पर उपलब्ध है।



## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
## निर्माण खण्ड, लो.नि.वि., आजमगढ़

पत्र संख्या:- 2760/14ए दिनांक:- 03.10.2026

**ई-प्रोक्योरमेन्ट निविदा सूचना**

1. महामहिम राज्यपाल महोदय, उ0प्र0 की ओर से लोक निर्माण विभाग उ0प्र0 में पंजीकृत निविदादाताओं से ई-टेन्डरिंग के माध्यम से नीचे दर्शाये गये कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है।
2. कार्यों का विवरण निम्नवत् है :-

| SL No | DIST-RICT | Name of Work | Estimated cost (Rs. In Lakhs) | Bid Security (Rs. In Lakhs) | Cost of Document (in Rs.) | Time of completion on work | Address of Executive Engineer of the Executing the work | Address of S.E. | Address of C. E. | Contractor Class |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | Azamgarh | जनपद आजमगढ़ में कार्यालय मुख्य अभियन्ता /अधीक्षण अभियन्ता में दिव्यांगजन एवं महिलाओं हेतु डेडिकेटेड टायलेट का निर्माण। | 9.70 | 0.97 | Tender Cost+ Stationery Charges+ GST Rs. 944.00 | 2 Month | CD, PWD, Azamgarh | Azamgarh Circle, PWD, Azamgarh | Azamgarh Zone, PWD, Azamgarh | A.B. C.D. (Building) |

3. निविदा प्रपत्र विभागीय वेबसाईट https://etender.up.nic.in पर दिनांक 12.10.2026 अपरान्ह 12.00 बजे से 19.10.2026 को अपरान्ह 12.00 बजे तक डाउनलोड की जा सकती है।
4. ई-टेण्डरिंग के माध्यम से ऑनलाईन निविदा वेबसाईट https://etender.up.nic.in पर सबमिट करने की अन्तिम तिथि 19.10.2026 को अपरान्ह 12.00 बजे तक है तथा निविदाओं की तकनीकी बिड दिनांक 19.10.2026 को अपरान्ह 12.30 बजे कार्यालय अधि"ाासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0, आजमगढ़ में खोली जायेगी। यदि किसी कारणव"ा निविदा खोलने की तिथि को कार्यालय बन्द होता है तो उक्त निविदा अगले कार्य दिवस में ऑनलाईन खोली जायेगी तथा निविदा खोलने का समय तथा वैधता पूर्ववत् होगा। ऑनलाईन फाईनेन्"ियल बिड खोलने हेतु समय एवं तिथि वेबसाईट पर बाद में द"ााई जायेगी।
5. शासनादे"ा सं0-1/2018-3070/78-2-2018/42आई0टी0/2017(22) दिनांक 03.01.2018 में निहित व्यवस्थानुसार निविदा की तकनीकी एवं वित्तीय बिड खोले जाने के उपरान्त निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख व्यक्तिगत रूप से विभाग/कार्यालय में प्रस्तुत किये जाने है। निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख प्रस्तुत न किये जाने की द"ाा में शासनादे"ा में निहित प्राविधानों के अनुरूप कार्यवाही की जायेगी।
6. शासनादे"ा सं0-86/2026/649/2026/23-7099/106/2025 लो0नि0अनु0-7 दिनांक 23.05.2026 में दिये गये निर्दे"ा निविदा में प्रभावी होंगे।
नोट :- निविदा की समस्त शर्ते https://etender.up.nic.in पर देखी जा सकती है।

उ.प्र.:- 257783
दिनांक:- 08.10.2026

(इं. आनन्द वर्मा)
अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड, लो.नि.वि., आजमगढ़
वेबसाईटः- www.upgov.nic.in पर उपलब्ध है।



## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
## सिंचाई निर्माण खण्ड, राबर्ट्सगंज, सोनभद्र

**अल्पकालीन ई-निविदा सूचना संख्या:-01/अधि.अभि./2026-27 दिनांक**

महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश की ओर से ई-प्रोक्योरमेंट बेब साइट http://etender.up.nic.in के माध्यम से निम्नलिखित कार्यो हेतु प्रीक्वालिफिकेशन टेक्निकल एवं फाइनेंशियल बिड सिंचाई विभाग में वर्गीकृत श्रेणी में पंजीकृत अनुभवी ठेकेदारों से दिनांक-12-10-2026 के पूर्वाहन 12.00 से दिनांक 26-10-2026 को अपरान्ह 2:00 बजे तक बजट की प्रत्याशा में आमंत्रित की जाती है। प्रीक्वालिफिकेशन टेक्निकल बिड दिनांक 26-10-2025 को पूर्वाहन 03.00 बजे निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार अधिशासी अभियन्ता, सिंचाई निर्माण खण्ड, राबर्टसगंज की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, सिंचाई निर्माण खण्ड, राबर्टसगंज में खोली जायेगी। प्रीक्वालिफिकेशन टेक्निकल बिड में सफल निविदा दाताओं की फाइनेंशियल बिड खोलने तथा तिथियों में परिवर्तन की सूचना आनलाइन उपलब्ध करायी जायेगी। बिड दिनांक- 12.10-2026 के पूर्वाहन 12.00 से दिनांक- 26-10-2026 को अपरान्ह 2:00 बजे तक डाउनलोड/अपलोड किया जा सकता है।

तालिका सं0-01

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | अनुमानित मात्रा | अनुमानित लागत (रू0 लाख में) | अर्नेस्ट मनी (रू0 लाख में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य सभी कर सहित रू0 में। | ठेकेदार की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | जनपद सोनभद्र में शिवगढ माइनर के किमी0 0.400 से किमी0 1.500 तक की सर्विस रोड का नवीनीकरण का कार्य। | बिल ऑफ क्वाटिटी के अनुसार | 18.90 | 0.38 | 20 दिन | 306.00 + 18% G.S.T. | "C" श्रेणी या उच्च |
| 2. | जनपद सोनभद्र में लेडुआ माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 0.600 तक की सर्विस रोड का नवीनीकरण का कार्य। | बिल ऑफ क्वाटिटी के अनुसार | 10.35 | 0.21 | 20 दिन | 300.00 + 18% G.S.T. | "C" श्रेणी या उच्च |
| 3. | जनपद सोनभद्र में उम्भा माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 1.200 तक की सर्विस रोड का नवीनीकरण का कार्य। | बिल ऑफ क्वाटिटी के अनुसार | 19.98 | 0.40 | 20 दिन | 306-00 + 18% G.S.T. | "C" श्रेणी या उच्च |
| 4. | जनपद सोनभद्र में मुर्तिया बन्धी टॉप रोड के किमी0 0.000 से किमी0 1.075 तक की सर्विस रोड का नवीनीकरण का कार्य। | बिल ऑफ क्वाटिटी के अनुसार | 20.83 | 0.42 | 20 दिन | 300.00 + 18% G.S.T. | "B" श्रेणी या उच्च |
| 5. | जनपद सोनभद्र में जोगेन्द्रा माइनर के किमी0 0.500 से किमी0 1.500 तक की सर्विस रोड का नवीनीकरण का कार्य। | बिल ऑफ क्वाटिटी के अनुसार | 15.00 | 0.30 | 20 दिन | 300.00 + 18% G.S.T. | "C" श्रेणी या उच्च |
| 6. | जनपद सोनभद्र में नगवा बाँध के बायी किनारे टॉप रोड किमी0 0.000 से किमी0 1.450 तक की नवीनीकरण का कार्य। | बिल ऑफ क्वाटिटी के अनुसार | 22.37 | 0.45 | 20 दिन | 300.00 + 18% G.S.T. | "B" श्रेणी या उच्च |
| 7. | जनपद सोनभद्र में नगवा बाँध बाटम के किमी0 0.000 से किमी0 1.679 तक की सर्विस रोड का नवीनीकरण का कार्य। | बिल ऑफ क्वाटिटी के अनुसार | 26.16 | 0.52 | 20 दिन | 300.00 + 18% G.S.T. | "B" श्रेणी या उच्च |
| 8 | जनपद सोनभद्र में लेडुआ माइनर के किमी0 1.100 से किमी0 2.400 तक की सर्विस रोड का गड्ढामुक्ति का कार्य। | बिल ऑफ क्वाटिटी के अनुसार | 3.60 | 0.08 | 15 दिन | 300.00 + 18% G.S.T. | "C" श्रेणी या उच्च |
| 9 | जनपद सोनभद्र में नगवा बाँध के दायी किनारे टॉप रोड किमी0 0.000 से किमी0 1.150 तक की गड्ढामुक्ति का कार्य। | बिल ऑफ क्वाटिटी के अनुसार | 3.22 | 0.07 | 15 दिन | 300.00 + 18% G.S.T. | "C" श्रेणी या उच्च |

01- इस ई-निविदा की सूचना, विवरण व शर्ते उ0प्र० सरकार की वेबसाईट http://etender.up.nic.in सूचना विभाग की वेबसाइट http://information.up.nic.in तथा सिंचाई विभाग की वेबसाईट http://idup.nic.in एवं http://idup.gov.in भी उपलब्ध है।
02- इस ई-निविदा की सूचना से सम्बन्धित शेष सूचनाएँ, शर्ते एवं शुद्धीकरण सम्बन्धी सूचनायें वेबसाईट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध रहेंगी। निविदादाता कृपया उक्त बेवसाईट पर निरन्तर अवलोकन करनें का कष्ट करें।

तालिका सं0:-2

| Sr. No. | Particulars | Date | Time |
|---|---|---|---|
| 1- | Upload on website | 12-10-2026 | 12.00 PM |
| 2- | Bid Submission Start | 12-10-2026 | 12.00 PM |
| 3- | Bid Submission End | 26-10-2026 | 3.00 PM |
| 4- | Technical Bid Opening | 26-10-2026 | 2.00 PM |
| 5- | Financial Bid Opening | Date and place to be decided after technical bid evaluation and will be communicated on-line to successful bidders in technical bid. | |

1. यह निविदा/बिड सूचना उ0प्र0 सरकार की बेवसाईट http://etender.up.nic.in, सूचना विभाग की बेवसाईट http://information.up.nic.in/ तथा सिंचाई विभाग की बेवसाईट http://idup.gov.in/पर भी उपलब्धहै।
2. निविदा सूचना एवं प्रपत्र बेवसाईट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। निविदा/बिड की विस्तृत शर्ते निविदा/बिड प्रपत्र के साथ उपलब्ध होंगी। वेवसाइट पर ड्राइंग उपलब्ध न होने की स्थिति में कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, सिंचाई निर्माण खण्ड, राबर्टसगंज, सोनभद्र, उत्तर प्रदेश से ड्राइंग आदि प्राप्त कर सकेगें।

उ.प्र.:- 257805
दिनांक:- 08.10.2026

(उमेश कुमार सिंह)
अधिशासी अभियन्ता
सिंचाई निर्माण खण्ड, राबर्ट्सगंज, सोनभद्र
वेबसाईटः- www.upgov.nic.in पर उपलब्ध है।

# अवैध डीजल लदे टैंकर को पुलिस ने पकड़ा

**चंदौली।** सदर कोतवाली पुलिस ने चेकिंग के दौरान चंदौली-मझवार स्टेशन के समीप मुखबिर की सूचना पर अवैध रूप से डीजल का परिवहन और कालाबाजारी किए जाने के मामले में 25 हजार लीटर हाई स्पीड डीजल से भरा टैंकर पकड़ा। इस दौरान टैंकर से कूटरचित बिल्टी, इनवॉइस और ई-वे बिल बरामद किया। पुलिस ने टैंकर को नवीन मंडी परिसर में सुरक्षित कर आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई में जुट गई हैं। इस दौरान सदर कोतवाल बिंदेश्वर पांडेय ने बताया कि क्षेत्र में चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली थी अवैध डीजल के साथ एक टैंकर वाहन बिहार की तरफ जा रहा है। उक्त सूचना पर पुलिस ने चंदौली मझवार स्टेशन के समीप टैंकर को धरा गयाए जिसमें 25 हजार लीटर अवैध हाई स्पीड डीजल बरामद किया गया। साथ ही चालक अवधेश कुमार निवासी देवगलपुर, थाना मऊ को हिरासत में लेकर जांच सप्लाई इंस्पेक्टर से जांच कराया जा रहा है। मामले में 1 मुकदमा दर्ज किया गया है। इस दौरान उपनिरीक्षक मारकंडेय सिंह, कांस्टेबल सागर, कुमार अभिषेक कुमार,अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

# विधानसभा चुनाव २०२७ को लेकर ईवीएम मशीनों की तैयारियां तेज

**चन्दौली।** आगामी विधानसभा सामान्य निर्वाचन-2027 को पारदर्शी और निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराने के लिए प्रशासनिक स्तर पर तैयारियां तेज हो गई हैं। इसी क्रम में जिला निर्वाचन अधिकारी व जिलाधिकारी चंद्र मोहन गर्ग ने कलेक्ट्रेट परिसर स्थित फर्स्ट लेवल चेकिंग की तैयारियों का जायजा लिया। जिले में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) और वीवीपैट मशीनों की एफएलसी (फस्ट लेवल चेकिंग) प्रक्रिया 12 अक्टूबर, 2026 से कलेक्ट्रेट परिसर स्थित वेयरहाउस में शुरू होगी। डीएम चंद्र मोहन गर्ग ने निरीक्षण के दौरान वेयरहाउस की त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरों की कार्यप्रणाली और प्रकाश व्यवस्था को देखा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि एफएलसी के दौरान

### राजनीतिक दलों की उपस्थिति में होगी जांच

सुरक्षा में किसी भी प्रकार की चूक नहीं होनी चाहिए और सीसीटीवी कैमरों की 24 घंटे की रिकॉर्डिंग सुनिश्चित की जाए। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के तहत एफएलसी प्रक्रिया पूरी तरह से पारदर्शी होगी। जांच प्रक्रिया इंजीनियरों की तकनीकी टीम द्वारा संपन्न कराई जाएगी। जिले के सभी मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय और राज्यस्तरीय राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में मशीनों की सीलिंग और मॉक पोल कराया जाएगा। इसके लिए सभी राजनीतिक दलों के जिलाध्यक्षों और सचिवों को सूचना जारी कर समय पर उपस्थित रहने की अपील की गई है। डीएम ने वेयरहाउस परिसर में साफ-सफाई, अग्निशमन यंत्रों की क्रियाशीलता और बैरिकेडिंग दुरुस्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ईवीएम की चेकिंग में शामिल होने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों को आयोग के गाइडलाइंस के अनुसार ही प्रवेश दिया जाए। बिना वैध पास के किसी भी व्यक्ति का प्रवेश पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। विधानसभा चुनाव-2027 की तैयारियों के क्रम में ईवीएम की जांच प्रक्रिया को महत्वपूर्ण चरण माना जा रहा है, जिससे मशीनों की कार्यक्षमता और तकनीकी स्थिति का परीक्षण किया जा सके। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी वित्त/उप जिला निर्वाचन अधिकारी राजस्व राजेश कुमार, सहायक निर्वाचन अधिकारी सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी गण उपस्थित रहे।



मशीनों की जांच पड़ताल करते डीएम। छाया: आज

# डीएम ने पीस कमेटी की बैठक में अधिकारियों को दिये सख्त निर्देश

**चन्दौली।** आगामी नवरात्रि, दुर्गापूजा और दशहरा पर्व को जनपद में सकुशल, सुरक्षित और सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराने के लिए जिलाधिकारी चन्द्र मोहन गर्ग एवं पुलिस अधीक्षक आकाश पटेल की अध्यक्षता में पुलिस लाइन सभागार में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने त्योहारों के दौरान जनसुविधाओं, सुरक्षा व्यवस्था और बुनियादी इंतजामों को समय से दुरुस्त करने के लिए विभागीय अधिकारियों को स्पष्ट और कड़े निर्देश दिए। जिलाधिकारी चन्द्र मोहन गर्ग ने आयोजनों के दौरान आमजन और श्रद्धालुओं की सुविधा को प्राथमिकता पर रखते हुए निर्देश उपजिलाधिकारी और क्षेत्राधिकारी संयुक्त रूप से संवेदनशील और प्रमुख आयोजन स्थलों का स्थलीय निरीक्षण करें तथा जो भी कमियां मिलें, उन्हें तत्काल दूर कराएं। त्योहारों के दौरान सड़कों पर आवागमन बाधित न हो और न ही कोई दुर्घटना घटे, इसके लिए छुट्टा पशुओं को पकड़ने व उनके प्रबंधन के लिए तत्काल प्रभावी कार्रवाई की जाए। नगर निकायों और पंचायत विभागों को निर्देश दिया गया कि सभी पूजा पंडालों, विसर्जन मार्गों और रावण दहन स्थलों पर विशेष साफ-सफाई तथा पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। खाद्य सुरक्षा विभाग को निर्देशित किया गया कि त्योहारों के मद्देनजर बाजारों में बिकने वाले खोया, पनीर और अन्य खाद्य पदार्थों के सैंपल लेकर सघन जांच अभियान चलाया जाए। मिलावट पाए जाने पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए।



### मानदेय बढ़ोत्तरी को लेकर आशा संगिनी ने दिया धरना

**चंदौली।** मानदेय में बढ़ोतरी समेत विभिन्न मांगों को लेकर संगिनी स्वास्थ्य संघ ने सीएमओ कार्यालय पर धरना-प्रदर्शन किया। इस दौरान संघ ने मुख्य चिकित्साधिकारी को पत्रक सौंपकर अपनी मांगों पर कार्रवाई की अपील की। साथ ही मांगें पूरी नहीं होने पर 22 अक्टूबर को लखनऊ के ईको गार्डन में अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल और धरना-प्रदर्शन शुरू करने की चेतावनी दी। संघ का कहना है कि आशा संगिनी लंबे समय से अपनी मांगों को लेकर संघर्ष कर रही हैं, लेकिन उनकी समस्याओं पर गंभीरता से विचार नहीं किया जा रहा है। संघ ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, पंचायत सहायकों और शिक्षामित्रों के मानदेय में वृद्धि का हवाला देते हुए आशा संगिनियों के मानदेय में बढ़ोतरी नहीं होने पर नाराजगी जताई। संघ की प्रमुख मांगों में 24 दिन के बजाय 30 दिन का मानदेय देना, सुपरविजन विजिट भत्ता 300 रुपये से बढ़ाकर 700 रुपये करना और आशा संगिनियों को राज्य स्वास्थ्य कर्मचारी का दर्जा देना शामिल है।

# बारिश में जर्जर मकान ढहा, एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल

**चकिया।** क्षेत्र के तिलौरी गांव में लगातार हो रही बारिश के बीच गुरुवार की शाम एक जर्जर पक्का मकान अचानक भरभराकर गिर गया। हादसे में 40 वर्षीय हिमांशु पुत्र जयप्रकाश गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और परिजनों में चीख-पुकार शुरू हो गई। जानकारी के अनुसार, आठ अक्टूबर की शाम करीब छह बजे मकान ढहने की घटना हुई। इसी दौरान वहां से गुजर रहे चकिया कोतवाल संजय सिंह की नजर घटनास्थल पर जुटी भीड़ पर पड़ी। उन्होंने तत्काल वाहन रोककर स्थिति का जायजा लिया और घायल हिमांशु को अपने वाहन से संयुक्त चिकित्सालय चकिया पहुंचाया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर हालत को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए वाराणसी स्थित ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। हादसे के बाद हिमांशु की पत्नी नीलम देवी और उनके दोनों पुत्र सूर्य मोदनवाल व अनिकेत मोदनवाल का रो-रोकर बुरा हाल है। अचानक हुई इस घटना से परिवार के सामने संकट खड़ा हो गया है। वहीं,अस्पताल में मौजूद तहसीलदार चकिया के प्रभार में तैनात निर्मल चंद्र भारती और गांव के लेखपाल अभय कुमार श्रीवास्तव ने पीड़ित परिवार को हरसंभव सहायता उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। लगातार बारिश के बीच मकान गिरने की इस घटना ने क्षेत्र में जर्जर भवनों की सुरक्षा को लेकर एक बार फिर चिंता बढ़ा दी है।

## संक्षिप्त

### शादी का झांसा देकर भगाने वाला गिरफ्तार

**सकलडीहा।** चंदौली जिले के सकलडीहा कोतवाली क्षेत्र के एक गांव से एक नाबालिग लड़की को शादी का झांसा देकर भगाने वाले आरोपी अनुज कुमार को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी अनुज बिहार के नालंदा जिले का रहने वाला है और एक कंपनी में ऑनलाइन सामान की डिलीवरी का काम करता था। उसने इसी साल 12 अगस्त को लड़की को भगाया था। सकलडीहा पुलिस ने उसे बुधवार को पटना से गिरफ्तार कर गुरुवार को जेल भेज दिया है। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया था। पुलिस ने 48 घंटे के भीतर नाबालिग लड़की को तो बरामद कर लिया था,लेकिन अनुज फरार हो गया था। बताया जा रहा है कि लड़की के पिता पटना में नौकरी करते थे, जहां लड़की का आना-जाना था। वहीं अनुज ने उसे अपने प्रेम जाल में फंसाया था। कोतवाली प्रभारी भूपेंद्र कुमार निषाद ने बताया कि आरोपी पर अपहरण, एससी-एसटी एक्ट समेत कई धाराओं में केस दर्ज किया गया है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में अजय कुमार शर्मा,अभिषेक सिंह और देवेंद्र मौर्य शामिल थे।

### नवरात्रि मेला पर मेमू मेला स्पेशल का परिचालन

**मुगलसराय।** विंध्याचल में लगने वाले शारदीय नवरात्रि मेला के मद्देनजर यात्रियों की अतिरिक्त भीड को देखते हुए पटना और प्रयागराज के मध्य 11अक्टूबर से 26 अक्टूबर तक प्रतिदिन एक अनारक्षित मेमू मेला स्पेशल का परिचालन किया जाएगा । गाड़ी सं. 04182 प्रयागराज-पटना मेमू मेला स्पेशल 11अक्टूबर से 26 अक्टूबर तक प्रयागराज से प्रतिदिन 11:15 बजे खुलकर 11:28 बजे नैनी, 11:50 बजे मेजा रोडए 12:10 बजे मांडा रोड, 12:35 बजे विंध्याचल, 12:53 बजे मिर्जापुर, 13:30 बजे चुनार, 15:40 बजे डीडीयू, 17:08 बजे बक्सर, 18:08 बजे आरा,19:00 बजे दानापुर रुकते हुए 20:15 बजे पटना जं. पहुंचेगी ।

### मैहर स्टेशन पर ट्रेनों का अस्थायी ठहराव

**मुगलसराय।** नवरात्रि मेला के अवसर पर रेलवे प्रशासन द्वारा श्रद्धालु यात्रियों की होने वाली अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुए निम्नलिखित गाड़ियों का 05 मिनट का अस्थाई ठहराव मैहर स्टेशन पर प्रदान किया गया है। वलसाड से 10 से 17 अक्टूबर,2026 तक खुलने वाली 19051 वलसाड-मुजफ्फरपुर एक्सप्रेस मैहर स्टेशन पर 15:05 बजे पहुँच कर 15:10 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी। छत्रपति शाहू महाराज टर्मिनल, कोल्हापुर से 16 अक्टूबर, 2026 को खुलने वाली 11045 छत्रपति शाहू महाराज टर्मिनल, कोल्हापुर-धनबाद एक्सप्रेस मैहर स्टेशन पर 17:20 बजे पहुँच कर 17:25 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी।

### मंडल रेल प्रबंधक ने रेलखंड का किया निरीक्षण

**मुगलसराय।** मंडल रेल प्रबंधक उदय सिंह मीना द्वारा 9 अक्टूबर को डीडीयू-गया रेलखंड का निरीक्षण किया गया। इस दौरान रेलखंड पर विकास कार्यों की प्रगति, रेल परिसंपत्तियों की स्थिति,संरक्षा तथा यात्री सुविधाओं का जायजा लिया गया। चंदौली मझवार स्टेशन पर निरीक्षण के दौरान पूर्व मध्य रेल मुख्यालय से आए मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (आरएसपी) निर्माण विभाग नीरज कुमार एवं मंडल रेल प्रबंधक उदय सिंह मीना ने अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत चल रहे विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान स्टेशन परिसर में निर्माण कार्यों के साथ यात्री सुविधाओं, साफ-सफाई तथा यात्रियों के आवागमन से संबंधित व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। निरीक्षण के क्रम में पहलेजा हॉल्ट के स्टेशन क्षेत्र में किलोमीटर पर रेलपथ का निरीक्षण किया गया। कुम्हऊ स्टेशन पर नए पैनल इंटरलॉकिंग भवन का जायजा लिया गया। गुरारू स्टेशन पर खड़ी मालगाड़ी का औचक तकनीकी निरीक्षण भी किया गया।

### यूपीआरटीओयू में प्रवेश की अंतिम तिथि बढ़ी

**इलिया ।** उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय के जुलाई सत्र में प्रवेश की अंतिम तिथि सात अक्टूबर से बढ़ाकर 13 अक्टूबर कर दी गई है। द्वितीय व तृतीय वर्ष में प्रवेश के साथ ही छूटे हुए विद्यार्थियों के लिए री-रजिस्ट्रेशन की तिथि भी बढ़ाई गई है। विश्वविद्यालय में 64 पाठ्यक्रमों में ऑनलाइन प्रवेश लिए जा रहे हैं। ने कोर्स में एमए लोक प्रशासन, एमए/एमएससी गणित, एमएससी जूलॉजी और एमएससी बॉटनी में भी प्रवेश का अवसर दिया गया है। वाराणसी कार्यालय के क्षेत्रीय समन्वयक डॉ.एसके सिंह ने बताया कि विश्वविद्यालय का उद्देश्य गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा को अधिक से अधिक विद्यार्थियों तक पहुंचाना है। विद्यार्थियों को अंतिम तिथि 13 अक्टूबर से पहले ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया पूरी कर लेनी होगी।

# पत्नी संग जबरदस्ती करने के विरोध करने पर किया जमकर पिटाई

**चहनियां।** बलुआ थाना क्षेत्र के मटियरा गांव विगत तीन दिन पूर्व बलात्कार करने की नीयत से घर में घुसे गांव के ही चार युवकों द्वारा सफलता न मिलने पर उसके पति 35 वर्षीय युवक कमलेश कुमार को लाठी, डंडे और चाकू से मारपीट कर घायल कर दिया । उसी दिन परिजनों ने बलुआ थाने, क्षेत्राधिकारी और पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है। मटियरा गांव के रहने वाले कमलेश कुमार 6 अक्टूबर बुधवार को सुबह 9 बजे नहर के पास सब्जी खरीदने गया था । उनकी पत्नी फूलमती घर में अकेली थी । आरोप है कि सूरती खाने के बहाने गांव के ही शिवम, डिम्पल और राधे ने घर में घुसकर अकेली देख जोर जबरदस्ती करने का प्रयास किया। पत्नी के शोर मचाने लगी । तब तक पति भी आ गया। विरोध करने पर लाठी, डंडे, चाकू और टांगी लेकर मारने पीटने लगे। किसी प्रकार से वहां से जान बचाकर भागा। जो दौड़ाकर हमलावरों ने पकड़ कर फिर मारा पीटा। परिजन तत्काल बलुआ पुलिस को सूचना दिया। उसी दिन पुलिस अधीक्षक कार्यालय और क्षेत्राधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर जान मॉल की गुहार लगाई । प्रार्थना पत्र में यह भी आरोप लगाया है कि विपक्षी पूर्व में बलात्कार पास्को जैसे संगीन अपराध में जेल जा चुके है। आज भी जान से मारने की धमकी दे रहे है । परिजनों ने पुलिस अधिकारियों से जान मॉल और न्याय की गुहार लगाई है ।

# लोकोमोटिव अनुरक्षण,सुरक्षा,आधुनिकीकरण पर विशेष जोर

**मुगलसराय।** पूर्व मध्य रेल के पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल के डीजल शेड द्वारा रेल परिचालन की विश्वसनीयता, सुरक्षा एवं लोकोमोटिव की उपलब्धता सुनिश्चित करने की दिशा में निरंतर उत्कृष्ट कार्य किया जा रहा है। शेड में आधुनिक तकनीकों को अपनाते हुए लोकोमोटिव अनुरक्षण की गुणवत्ता में सुधार के साथ-साथ संसाधनों के बेहतर उपयोग एवं ऊर्जा संरक्षण पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। डीडीयू डीजल शेड में वर्तमान में कुल 100 लोकोमोटिव (83 इलेक्ट्रिक एवं 17 डीजल) का अनुरक्षण किया जा रहा है। निर्धारित शेड्यूल के अनुसार अनुरक्षण के साथ-साथ आवश्यकतानुसार विशेष मरम्मत एवं निवारक अनुरक्षण भी किया जाता है, जिससे लोकोमोटिवों की विश्वसनीयता एवं उपलब्धता में वृद्धि हो रही है। डीडीयू डीजल शेड द्वारा अनुरक्षित लोकोमोटिवों की पर्याप्त उपलब्धता से मुख्यत: प्रयागराज मंडल सहित धनबाद मंडल की ओर मालगाड़ियों का निर्बाध परिचालन सुनिश्चित करने में मदद मिलती है। डीडीयू मंडल द्वारा प्रतिदिन 400 से अधिक मालगाड़ियों का निकटस्थ मंडलों के साथ इंटरचेंज किया जाता है, ऐसे में डीजल शेड द्वारा लोकोमोटिवों का प्रभावी अनुरक्षण एवं उपलब्धता डीडीयू मंडल में उच्च परिचालन दक्षता बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। रेल परिचालन की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए शेड में लोकोमोटिवों के महत्वपूर्ण सुरक्षा उपकरणों की नियमित जांच एवं अनुरक्षण किया जाता है। विभिन्न सुरक्षा एवं नियंत्रण प्रणालियों की कार्यक्षमता सुनिश्चित करने के लिए निर्धारित मानकों के अनुरूप परीक्षण किए जाते हैं।



# सड़कों पर गंदगी,स्वच्छता अभियान की खुल रही पोल

**कमालपुर।** स्थानीय क्षेत्र के विकास खण्ड धानापुर और बरहनी के सड़कों पर शौच शासन प्रशासन के स्वच्छता अभियान तथा दी जाने वाली घर घर में शौचालय की पोल खुले आम दिखाई दे रही है। सरकार स्वच्छता अभियान के तहत गरीब असमर्थ परिवार के हर घर शौचालय बनवाने पर लाखों रुपये खर्च कर रही है, पर धानापुर और बरहनी विकासखंड के कमालपुर क्षेत्र में सड़कों पर खुले में शौच की समस्या परेशानियां की हकीकत उजागर कर रही है। इससे राहगीरों को दुर्गंध और गंदगी के बीच आवागमन करना पड़ रहा है। कमालपुर से निकलने वाली मुख्य सड़क सहित पिपरी, पसाई, देवकली, मोहनभिट्टी, सेवखरी इनायतपुर, बहेरी असवरियां जमुर्खा, खड़ान, कवयी पहाड़पुर आदि गांवों के मार्गों पर गंदगी के कारण लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही है। बड़े वाहनों के गुजरने से सड़क पर शौच फैल जाता है, जिससे पैदल चलने वाले लोगों को नाक-मुंह ढककर गुजरना पड़ता है। शासन की ओर से गरीब, असहाय और मजदूर परिवारों को शौचालय उपलब्ध कराने के लिए धनराशि खर्च की गई है। इसके बावजूद सड़कों पर खुले में शौच होना शौचालयों की उपलब्धता, गुणवत्ता उनके उपयोग और स्वच्छता के प्रति जागरूकता पर सवाल खड़ा कर रहा है साथ ही सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन और निगरानी की व्यवस्था पर भी सवाल उठ रहे हैं। स्थानीय लोगों ने उच्च अधिकारियों से खुले में शौच करने वालों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई के नियम बनाने की मांग की थी, लेकिन अधिकारी का स्थानांतरण के बाद मामला आगे नहीं बढ़ सका। अब क्षेत्रीय लोगों को उम्मीद है कि प्रशासन समस्या का संज्ञान लेकर शौचालयों की स्थिति,परिस्थिति की जांच कराएगा।

# कंपोजिट विद्यालय वर्दीसांडा में बच्चों को बांटी गयी कापी-पेन और फल

**चंदौली।** अपनों की यादों को समाजसेवा से जोड़ते हुए स्वर्गीय राम अवतार तिवारी की पुण्यतिथि पर शिक्षा और सेवा की अनूठी पहल की। इस अवसर पर कंपोजिट विद्यालय वर्दीसांडा में बच्चों के बीच कॉपी, पेन और केले वितरित किए गए। इस पहल के जरिए बच्चों को शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करने और उनके चेहरों पर मुस्कान लाने का प्रयास किया गया। यह कार्यक्रम वीसी खबर के फाउंडर रोहित तिवारी,उनके भाई राहुल तिवारी, रामप्रवेश तिवारी (प्रोपराइटर) राजन ट्रेडर्स, शिवदासीपुर और समाजसेवी आलोक तिवारी के तत्वावधान में आयोजित किया गया। परिवार के सदस्यों ने विद्यालय पहुंचकर बच्चों को पढ़ाई की सामग्री और फल वितरित किए। स्वर्गीय राम अवतार तिवारी की पुण्यतिथि पर आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य दिवंगत बाबा की स्मृति को सामाजिक सेवा से जोड़ना और बच्चों को पढ़ाई के लिए प्रेरित करना रहा। कॉपी-पेन पाकर बच्चों में उत्साह देखने को मिला। परिवार की ओर से यह संदेश देने का प्रयास किया गया कि शिक्षा ही बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव है। तिवारी परिवार का मानना है कि अपने बुजुर्गों की स्मृतियों को समाज के हित में किए गए कार्यों के जरिए जीवंत रखना उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि देने का एक माध्यम है। जरूरतमंद बच्चों की मदद और शिक्षा के प्रति जागरूकता इस पहल का प्रमुख उद्देश्य रहा। इस अवसर पर ग्राम प्रधान ओमप्रकाश गिरी, प्रदीप मिश्रा, अरुण उर्फ छोटन गिरी, राजन तिवारी, रुद्र तिवारी सहित अन्य लोग मौजूद रहे। स्वर्गीय राम अवतार तिवारी की पुण्यतिथि पर आयोजित इस कार्यक्रम ने परिवार की भावनाओं को सामाजिक सरोकार से जोड़ने का संदेश दिया।



### सचिव ने बाल संप्रेक्षण गृह रामनगर का लिया जायजा

**चंदौली।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की पूर्णकालिक सचिव निकिता गौड़ द्वारा राजकीय बाल संप्रेक्षण गृह रामनगर का निरीक्षण किया गया। इस दौरान वहां तैनात कर्मियों ने बताया कि जनपद चंदौली के कुल 28 किशोर अपचारी है। सचिव द्वारा किशोर अपचारी से उनकी समस्याओं के बारे में पूछा गया। इस पर किशोर अपचारी द्वारा बताया कि उन्हें किसी प्रकार की कोई समस्या नहीं है। पूर्ण कालिक सचिव निकिता गौड़ द्वारा राजकीय संप्रेक्षण गृह के पाकशाला का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान किशोर अपचारियों से मिले पाकशाला में भोजन की गुणवत्ता और स्वच्छता का ध्यान देने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने किशोरों को पढ़ने के लिए जागरूक किया तथा बाल संरक्षण से जुड़े कानूनी ढांचे के संबंध में किशोरों के बीच जागरूकता पैदा करने के लिए पॉक्सो एक्ट 2012 के बारे में जागरूक किया।

### जीटी रोड के व्यापारी अधिशासी अधिकारी से मिले

**मुगलसराय।** शुक्रवार को जीटी रोड पर नाली निर्माण के नाम पर दुकानों को चार फीट पीछे हटाने के लिए नगर पालिका की ओर से कराए गए अनाउंसमेंट को लेकर व्यापारियों में फैली चिंता और आक्रोश के बीच राहत भरी खबर सामने आई। नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी धर्मराज सिंह ने स्पष्ट किया कि दुकानों को चार फीट पीछे हटाकर नाली निर्माण कराने की न तो कोई योजना है और न ही इस संबंध में कोई प्रस्ताव पारित हुआ है। उन्होंने व्यापारियों को आश्वस्त किया कि वर्तमान में दुकानें जिस स्थिति में हैं,वे यथावत रहेंगी। मामले को लेकर उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के प्रदेश मंत्री चंदेश्वर जायसवाल के नेतृत्व में व्यापारियों ने नगर पालिका परिषद पहुंचकर अधिशासी अधिकारी से मुलाकात की।

### गोष्ठी,आत्मा कृषक भ्रमण कार्यक्रम

**चंदौली।** 09 अक्टूबर, 2026 को कृषि विज्ञान केन्द्र चन्दौली परिसर में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा एवं पोषण मिशन योजनान्तर्गत न्यूट्री सीरियल्स घटक अन्तर्गत जनपद स्तरीय मिलेट्स महोत्सव, खरीफ उत्पादकता गोष्ठी एवं आत्मा कृषक भ्रमण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) रतन वर्मा द्वारा प्रांगण में लगे सभी स्टालों का अवलोकन किया गया एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। डा0 नरेन्द्र रघुवंशी, अध्यक्ष /वरिष्ठ वैज्ञानिक, कृषि विज्ञान केन्द्र, चन्दौली द्वारा मिलेट्स की फसलों की उत्पादन तकनीकी एवं उसके लाभ के विषय में विस्तृत जानकारी दी गयी। उद्यान विभाग से शीतल वर्मा द्वारा मिलेट्स के साथ-साथ फल-फूल एवं सब्जी की खेती एवं कीट-रोग नियंत्रण के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गयी।

# रामलीला में नारद मोह प्रसंग का सजीव मंचन,कलाकारों ने मोहा दर्शकों का मन

**चहनियां ।** रामगढ़ की 153 वर्षों से अधिक पुरानी ऐतिहासिक एवं सुप्रसिद्ध रामलीला में गुरुवार, 8 अक्टूबर को नारद मोह लीला का भव्य मंचन किया गया। इस दौरान कलाकारों ने देवर्षि नारद के तप, मोह, अहंकार तथा भगवान विष्णु की दिव्य लीला से जुड़े प्रसंगों को अपने प्रभावशाली अभिनय एवं सजीव संवादों के माध्यम से मंच पर प्रस्तुत कर दर्शकों को भावविभोर कर दिया। रामलीला के मंच पर नारद मोह प्रसंग के माध्यम से यह दर्शाया गया कि किस प्रकार कठोर तपस्या और साधना के बाद भी मनुष्य के मन में अहंकार का भाव उत्पन्न हो सकता है। देवर्षि नारद को अपनी तपस्या पर अभिमान हो जाता है। इसके बाद भगवान विष्णु अपनी माया के माध्यम से उन्हें यह एहसास कराते हैं कि संसार में मोह और अहंकार से कोई भी सहज ही प्रभावित हो सकता है। अंतत: नारद जी को अपनी भूल का बोध होता है और उन्हें विनम्रता तथा प्रभु की महिमा का वास्तविक ज्ञान प्राप्त होता है। नारद मोह लीला के मंचन में कलाकारों ने अपने अभिनय, भाव-भंगिमाओं और संवाद अदायगी से कथा के विभिन्न दृश्यों को जीवंत बना दिया। नारद जी की तपस्या से लेकर मोह में पड़ने और अंतत: अपनी भूल समझने तक के प्रसंगों को आकर्षक ढंग से प्रस्तुत किया गया। भगवान विष्णु की लीला के दृश्यों ने दर्शकों का विशेष ध्यान आकर्षित किया। पूरे प्रसंग में भक्ति, माया, मोह और अहंकार के बीच के अंतर को प्रभावी ढंग से दर्शाया गया। रामलीला देखने पहुंचे दर्शकों ने कलाकारों की प्रस्तुतियों का आनंद लिया।



# अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस पर खडेहरा में कार्यक्रम आयोजित

**सकलडीहा।** सकलडीहा क्षेत्र अंतर्गत खडेहरा गांव स्थित अमर ज्योति संस्था द्वारा शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में क्षेत्र की लगभग 450 किशोरियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का औपचारिक शुभारंभ एसडीएम आकांक्षा सिंह और उप मुख्य चिकित्साधिकारी कल्पना सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। यह आयोजन मुख्य रूप से शिक्षा, स्वास्थ्य, साइबर सुरक्षा और नेतृत्व विकास जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर केंद्रित रहा। कार्यक्रम के दौरान किशोरियों ने सामाजिक कुरीतियों को मिटाने, बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने और महिला सशक्तिकरण पर आधारित विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। इस अवसर पर बेहतर प्रदर्शन करने वाली 15 उत्कृष्ट किशोरियों को संस्था की ओर से सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एसडीएम आकांक्षा सिंह ने कहा कि शिक्षा ही महिलाओं के सशक्तिकरण का सबसे सशक्त जरिया है। उन्होंने उपस्थित सभी किशोरियों को अपना लक्ष्य निर्धारित कर पूरे आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। वहीं उप मुख्य चिकित्साधिकारी कल्पना सिंह ने किशोरियों को स्वास्थ्य और स्वच्छता से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां दीं। इसके साथ ही साइबर सेल की टीम ने ऑनलाइन सुरक्षा के उपाय और विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों के प्रयोग के बारे में विस्तार से जागरूक किया। इस अवसर पर संस्था के निदेशक उपनिरीक्षक अभिमन्यु राय, प्रेमचंद, कोऑर्डिनेटर सुजीत कुमार, रीमा यादव, आकाश मौर्या, चिंतामढ़ी, संभा यादव, काजल,कविता सहित कई सामाजिक कार्यकर्ता और गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# समाचार पत्र विक्रेता संघ के महामंत्री का मना जन्मदिन

**मुगलसराय।** भारतीय समाचार पत्र विक्रेता संघ द्वारा अखबार सेंटर पर बड़े ही धूमधाम से प्रदेश महामंत्री भागवत नारायण चौरसिया का 66 वा जन्मदिवस तिलक लगाकर माल्यार्पण आरती आतिशबाजी कर केक काटकर मनाया गया। मिठाई व केक वितरण किया गया लोगों ने दीर्घायु उत्तम स्वास्थ्य की कामना व बधाई दिया। प्रदेश महामंत्री भागवत नारायण चौरसिया ने कहा कि आप लोगों का प्यार सहयोग मिलने से मुझे संघर्ष करने का आत्म बल मिलता है, आप लोगों के उत्थान के लिए मेरा संघर्ष जारी रहेगा। जिला अध्यक्ष विजय जायसवाल ने बधाई देते हुए उत्तम स्वास्थ्य व दीर्घायु होने की कामना किया कहा कि मित्र को के लिए जो योगदान आपने दिया है। वह ऐतिहासिक है भारतीय चौरसिया महासभा के प्रदेश अध्यक्ष पारस चौरसिया ने अंगवस्त्रम वह पूर्व राज्यसभा सदस्य व लोक अदालत के जनक स्वर्गीय डॉक्टर शिवदयाल सिंह चौरसिया का स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। वह काहे की पिछड़ी गरीबों मजदूरों के दिशा में आपका संघर्ष जारी रहता है। उनका हक आप दिलवाते हैं राष्ट्रीय लोकदल के जिला अध्यक्ष समर नाथ सिंह यादव एडवोकेट ने कहा कि समाज के दबे कुचले लोगों का आवाज है। चौरसिया के आवाज के वजह से भ्रष्टाचारी शोषण कारी भयभीत रहते हैं । नगर के प्रमुख व्यवसायी समाजसेवी टोनी खरवार ने कहा कि ईश्वर आपको लंबी उम्र दे, गरीबों मजदूरों को न्याय दिलाते रहे। अभी सब्जी मंडी का हड़ताल हुआ था मंच से विचार व्यक्त किया और उसी दिन हड़ताल समाप्त हो गया आपको आंदोलन करने का मौका ही नहीं मिला आपका आंदोलन ऐतिहासिक होता है । इस अवसर पर पारस नाथ चौरसिया, समरनाथ सिंह यादव, एडवोकेट टोनी खरवार, विजय जायसवाल, धर्मेंद्र कुशवाहा, राजेश सिंह, कयामुद्दीन अंसारी, संजय सिंह, बृजेश निगम, मुन्ना गुप्ता, कमलेश विश्वकर्मा, निरंजन पांडे ,बच्चन, राम छोटू यादव, सुनील नेता, मदन यादव, आनंद गुप्ता, रमेश पटेल, आदि लोग उपस्थित थे।



## ढोल-नगाड़ों के साथ हुआ बड़ी सिपाह की प्रसिद्ध 'राजरानी' का भव्य आगमन

जौनपुर। शारदीय नवरात्र के पावन पर्व पर ऐतिहासिक नगरी जौनपुर में भक्ति, उत्साह और आस्था का अनुपम संगम देखने को मिल रहा है। बड़ी सिपाह की प्रसिद्ध



'राजरानी' का गाजे-बाजे और ढोल-नगाड़ों की गूंज के साथ भव्य आगमन हुआ। बड़ी सिपाह की प्रसिद्ध 'राजरानी' के आगमन के दौरान पूरा क्षेत्र 'जय माता दी' और मां दुर्गा के जयकारों से गुंजायमान हो उठा। भक्तों ने फूलों की होली खेलते हुए माता रानी की विशाल प्रतिमा का भव्य स्वागत किया। जुलूस में स्थानीय श्रद्धालुओं, नवयुवकों और संस्था के सदस्यों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। ढोल-नगाड़ों की थाप और आतिशबाजी के बीच भक्त झूमते नजर आए। माता रानी के स्वागत में मार्ग को आकर्षक रंगोलियों और तोरणद्वारों से सजाया गया। श्रद्धालुओं ने अपने घरों और दुकानों के सामने से माता रानी पर पुष्प वर्षा कर आशीर्वाद प्राप्त किया। न्यू कादंबरी संस्था, सिपाह के पदाधिकारियों ने बताया कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी बड़ी सिपाह की प्रसिद्ध 'राजरानी' के दर्शन के लिए जौनपुर सहित आसपास के जनपदों से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। पूजा पंडाल को भव्य और आकर्षक रूप दिया जा रहा है। नवरात्र के नौ दिनों तक विशेष पूजा-अर्चना, आरती एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। माता रानी के भव्य आगमन से पूरे क्षेत्र का माहौल भक्तिमय हो गया है। श्रद्धालुओं में माता रानी के दर्शन और पूजा-अर्चना को लेकर खासा उत्साह देखने को मिल रहा है।

## बेटी की सगाई में शामिल होने घर आ रहे ठेकेदार की मौत

### हादसे की खबर से परिवार में मचा कोहराम

सिकरारा। बक्शा थाना क्षेत्र के जौनपुर प्रयागराज मार्ग पर स्थित फतेहगंज-पकड़ी चौराहा के पास शुक्रवार को ट्रक और पल्सर मोटरसाइकिल के बीच हुई जोरदार टक्कर में बाइक सवार रशिद निवासी पराहित, मछलीशहर की मौके पर ही मौत हो गई। बताया जा रहा है कि रशिद वाराणसी में रहकर ठेकेदारी का काम करते थे। शुक्रवार को उनके घर में बेटी की सगाई का कार्यक्रम होना था, जिसमें शामिल होने के लिए वह घर आ रहे थे। लेकिन घर पहुंचने से पहले ही रास्ते में हुए दर्दनाक हादसे ने परिवार की खुशियों को मातम में बदल दिया। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों और शुभचिंतकों में शोक की लहर दौड़ गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, रशिद वाराणसी में रहकर ठेकेदारी का काम करते थे। शुक्रवार को उनकी बेटी की सगाई



होनी थी। इसी दौरान बक्शा थाना क्षेत्र के फतेहगंज-पकड़ी चैराहा के पास उनकी मोटरसाइकिल की ट्रक से जोरदार टक्कर हो गई। हादसा इतना गंभीर था कि बाइक सवार रशिद की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जिस पिता के घर पहुंचने का परिवार बेसब्री से इंतजार कर रहा था, उसके असमय निधन की खबर ने परिजनों को झकझोर कर रख दिया। इसी दौरान फतेहगंज पकड़ी के पास दोनों वाहनों के बीच टक्कर हो गई।

टक्कर के बाद घटनास्थल पर लोगों की भीड़ जुट गई। हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। हालांकि, दुर्घटना किन परिस्थितियों में हुई और टक्कर किसकी गलती से हुई, इसकी विस्तृत जानकारी अभी सामने नहीं आई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। घटना की सूचना मिलने पर बक्शा पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। पुलिस टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण कर आवश्यक कार्रवाई शुरू की। मृतक की पहचान और उसके परिजनों तक सूचना पहुंचाने के लिए मोटरसाइकिल के पंजीकरण नंबर के आधार पर जानकारी जुटाई गई। मौके पर फतेहगंज हल्का प्रभारी सकलदीप सिंह, कांस्टेबल अंकुश तथा डायल 112 की टीम मौजूद रही। पुलिस ने शव और दुर्घटनाग्रस्त वाहन को कब्जे में लेकर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू की। बेटी की सगाई जैसे महत्वपूर्ण पारिवारिक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए घर आ रहे रशिद की मौत से परिवार की खुशियां मातम में बदल गईं। जिस घर में सगाई की रस्म को लेकर उत्साह और तैयारियां चल रही थीं, वहां हादसे की खबर पहुंचने के बाद शोक का माहौल बन गया। घटना ने परिवार के साथ-साथ परिचितों और शुभचिंतकों को भी दुखी कर दिया। फिलहाल पुलिस दुर्घटना के कारणों की जांच कर रही है। हादसे से संबंधित अन्य जानकारियां जांच पूरी होने के बाद सामने आने की उम्मीद है।

## एक नज़र इधर भी

### हाथापायी के बाद चली गोली से पट्टीदार घायल, आरोपी को भी लगी चोट

**लाइसेंसी बंदूक पुलिस के कब्जे में, मुकदमा दर्ज**

केराकत। कोतवाली क्षेत्र के सरौनी पूरब पट्टी गांव में शुक्रवार की सुबह भूमि विवाद को लेकर कन्हैया मौर्य ने अपने पट्टीदार समरबहादुर मौर्य (55) को गोली मार दी। बाईं जांघ में गोली लगने से समरबहादुर गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं, हाथापाई के दौरान बंदूक की बट से वार किए जाने से कन्हैया भी घायल हो गए। दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया। पुलिस ने कन्हैया के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लाइसेंसी बंदूक कब्जे में ले ली है। बताया जाता है कि गुरुवार की शाम कन्हैया मौर्य और उनकी पत्नी सुभावती देवी समरबहादुर के खेत में गोबर की खाद डाल रहे थे। समरबहादुर ने विरोध करते हुए खाद खेत से हटवा दी और दोबारा ऐसा नहीं करने की चेतावनी दी। शुक्रवार की सुबह दोनों फिर खेत में खाद डालने लगे। इस पर समरबहादुर और उनके चचेरे भाई अमरबहादुर ने विरोध किया। आरोप है कि इसके बाद कन्हैया घर से बंदूक लाए और अमरबहादुर पर निशाना साधा, लेकिन वह शोर मचाते हुए घर के भीतर भाग गए। इसके बाद कन्हैया ने समरबहादुर पर गोली चला दी। गोली उनकी बाईं जांघ में लगी। इसके बाद समरबहादुर ने कन्हैया को दौड़ाकर बंदूक छीन ली और उसकी बट से वार कर उन्हें घायल कर दिया। इस दौरान समरबहादुर भी घायल होकर गिर पड़े। सूचना पर पहुंची पुलिस ने बंदूक कब्जे में लेकर कन्हैया को हिरासत में ले लिया। दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया। अमरबहादुर मौर्य ने आरोप लगाया कि करीब 70 वर्षीय कन्हैया मौर्य सेना की नौकरी छोड़ने के बाद गांव में रहने लगे थे। उनके पास लाइसेंसी बंदूक है, जिसे दिखाकर वह पट्टीदारों को धमकाते रहते हैं। क्षेत्राधिकारी गिरेंद्र सिंह ने बताया कि कन्हैया मौर्य के शस्त्र लाइसेंस के निरस्तीकरण की कार्रवाई की जा रही है।

### युवक ने इंस्टाग्राम पर हर्ष फायरिंग का वीडियो किया पोस्ट, मुकदमा दर्ज

जफराबाद। क्षेत्र के समोपुर कला गांव निवासी एक युवक ने इंस्टाग्राम पर असलहे से हर्ष फायरिग का वीडियो पोस्ट कर दिया। जानकारी होते ही पुलिस ने उक्त युवक पर मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्यवाही शुरू कर दी। हल्के के उप निरीक्षक मुख्तार राम को जब उक्त मामले की जानकारी हुई तो उन्होंने गुरुवार की रात में थानाध्यक्ष कमलनयन दूबे को घटना से अवगत कराया। उन्होंने वताया कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर अपनी आईडी पर उक्त गांव के शिवानन्द यादव के द्वारा असलहे से हर्ष फायरिंग का प्रदर्शन किया जा रहा है। उप निरीक्षक ने साक्ष्य के रूप में स्क्रीन शॉट दिया। थाने के उप निरीक्षक मुख्तार राम के तहरीर के आधार पर पुलिस ने गुरुवार की देर रात आरोपी शिवानन्द यादव निवासी समोपुर कला के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्यवाही शुरू कर दी है। थानाध्यक्ष कमलनयनं दूबे ने बताया कि आरोपी पर सम्बंधित धारा में मुकदमा दर्ज कर उसके लाइसेंसी असलहे को जब्त कर लिया गया है। लाइसेंस रद्द करने की संस्तुति कर अधिकारियों के पास अग्रसारित कर दी गयी है।

### मानसिक स्वास्थ्य के प्रति किया जागरूक

जौनपुर। उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जौनपुर की ओर से 6 अक्टूबर को बीआरपी इंटर कॉलेज में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जनपद न्यायाधीश सुशील कुमार शशि के निर्देशन और प्राधिकरण के सचिव सुशील कुमार सिंह की देखरेख में आयोजित शिविर में मानसिक स्वास्थ्य और विधिक सेवाओं की जानकारी दी गई। सचिव सुशील कुमार सिंह ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति तक न्याय और सुविधाएं पहुंचाना आवश्यक है। उन्होंने समस्याओं के समाधान के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सहायता लेने तथा सोशल मीडिया और इंटरनेट का सावधानीपूर्वक उपयोग करने की अपील की। डिप्टी चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल डॉ. दिलीप कुमार सिंह सहित अन्य विशेषज्ञों ने मानसिक स्वास्थ्य के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि लगातार तनाव, चिंता और उदासी होने पर चिकित्सकीय परामर्श लेना चाहिए। उन्होंने मानसिक रोगों के प्रति भेदभाव न करने और उचित उपचार के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार की ओर से अतिथियों को सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन सत्य प्रकाश ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन प्रधानाचार्य डॉ. प्रमोद कुमार श्रीवास्तव ने किया। शिविर में शिक्षक, प्राधिकरण के कर्मचारी और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### बालिकाओं को सर्वाइकल कैंसर के प्रति किया जागरूक

जौनपुर। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देश पर जिला विधिक सेवा




प्राधिकरण जौनपुर के तत्वावधान में 7 अक्टूबर को राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जनपद न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष सुशील कुमार शशि के निर्देशन तथा प्राधिकरण के पूर्णकालिक सचिव सुशील कुमार सिंह की देखरेख में आयोजित शिविर में अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस, सर्वाइकल कैंसर और विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से दी जाने वाली सुविधाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में सचिव सुशील कुमार सिंह ने स्वस्थ नारी शक्ति के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक न्याय और सरकारी सुविधाएं पहुंचाना आवश्यक है। उन्होंने लोगों से अपनी समस्याओं के समाधान के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सहायता लेने की अपील की। साथ ही सोशल मीडिया, इंटरनेट, मोबाइल और टेलीविजन का उपयोग स्वास्थ्य एवं सुरक्षा संबंधी जागरूकता बढ़ाने के लिए सावधानीपूर्वक और रचनात्मक ढंग से करने का संदेश दिया। उप मुख्य प्रतिरक्षा सलाहकार डॉ. दिलीप कुमार सिंह ने नारी स्वास्थ्य, सर्वाइकल कैंसर और अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस के महत्व पर जानकारी दी। उन्होंने मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य को एक-दूसरे का पूरक बताया। साथ ही राष्ट्रीय, राज्य और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की कार्यप्रणाली, मध्यस्थता, पैरा लीगल वालंटियर, डिफेंस काउंसिल सिस्टम और फ्रंट ऑफिस के माध्यम से मिलने वाली सहायता के बारे में बताया। डॉ. एसके जायसवाल, डॉ. सीमा सिंह और पैनल अधिवक्ता देवेंद्र कुमार यादव सहित अन्य वक्ताओं ने सर्वाइकल कैंसर के लक्षण, बचाव, समय पर जांच और उपचार के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि जागरूकता, चिकित्सकीय परामर्श, नियमित जांच और एचपीवी टीकाकरण से इस बीमारी के जोखिम को कम करने में मदद मिलती है। समय पर बीमारी की पहचान होने से उपचार अधिक प्रभावी हो सकता है। वक्ताओं ने छात्राओं को स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने और किसी भी समस्या की स्थिति में योग्य चिकित्सक से परामर्श लेने की सलाह दी। कार्यक्रम का संचालन आदर्श वर्मा ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन प्रधानाचार्या डॉ. मंजूलता वर्मा ने किया। इस अवसर पर कॉलेज की शिक्षिकाएं, छात्राएं तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कर्मचारी उपस्थित रहे।

### फोन पर जान से मारने की धमकी, दहशत में पीड़ित ने थाने में दी तहरीर

मुंगराबादशाहपुर। थाना क्षेत्र के सोहासा गांव निवासी एक व्यक्ति को पडोसी गांव के व्यक्ति द्वारा फोन पर जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने थानाध्यक्ष को प्रार्थना पत्र देकर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है। इस सम्बन्ध में थाना क्षेत्र के सोहासा गांव निवासी रामबली मिश्रा पुत्र राम कैलाश मिश्रा ने थानाध्यक्ष को दी गई तहरीर में बताया कि 7 अक्टूबर 2026 को शाम 4 बजकर 45 मिनट पर उनके मोबाइल नंबर 9769090929 पर मोबाइल नंबर 9795925048 से दो बार फोन आया। आरोप है कि फोन करने वाला फतूपुर निस्फी गांव निवासी आनंद पुत्र फूलचंद था, जिसने फोन पर ही भद्दी-भद्दी गालियां दी और हत्या करवाने की धमकी दी। पीड़ित का कहना है कि वह शांतिप्रिय व्यक्ति है, और इस धमकी के बाद से वह डरा व सहमा हुआ है, उसे किसी अनहोनी की आशंका है। पीड़ित ने पुलिस से आरोपी के खिलाफ सुसंगत धाराओं में प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई करने की गुहार लगाई है।

## शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार के लिए विश्वविद्यालय प्रतिबद्ध-वाइसचांसलर

### कुलपति सभागार में संबद्ध महाविद्यालय शिक्षक संघ का परिचय समारोह

### शैक्षणिक विकास एवं शिक्षकों की समस्याओं पर हुई चर्चा

सरायख्वाजा। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के कुलपति सभागार में शुक्रवार को वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय संबद्ध महाविद्यालय शिक्षक संघ द्वारा परिचय समारोह का आयोजन शुक्रवार को किया गया। इस अवसर पर संगठन के पदाधिकारियों ने विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राकेश कुमार सिंह से मुलाकात कर संगठन की विभिन्न गतिविधियों, शिक्षकों की समस्याओं तथा विश्वविद्यालय की शैक्षणिक उन्नति से जुड़े विषयों पर चर्चा की। कुलपति प्रो. राकेश कुमार सिंह ने कहा कि विश्वविद्यालय के कुलपति के रूप में कार्यभार ग्रहण करने के बाद से ही वह विद्यार्थियों एवं शिक्षकों की समस्याओं के समाधान के लिए निरंतर प्रयासरत हैं। उनका उद्देश्य विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के साथ ही महाविद्यालयों के विद्यार्थियों को समय से अंकपत्र उपलब्ध कराना और उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करना है।

इसके लिए विश्वविद्यालय में आईटी इन्फ्रास्ट्रक्चर विकसित किया जा रहा है, जिससे शैक्षणिक एवं प्रशासनिक कार्यों को अधिक सुगम और प्रभावी बनाया जा सके। उन्होंने कहा कि शिक्षक संघ विद्यार्थियों के हितों को सर्वोपरि रखते हुए कार्य करेगा, ऐसी उन्हें पूरी उम्मीद है। शिक्षकों की समस्याओं को भी प्राथमिकता के आधार पर दूर करने का प्रयास किया जाएगा। इस अवसर पर वित्त अधिकारी विनोद कुमार ने कहा कि शिक्षकों की समस्याओं के समाधान के लिए हरसंभव प्रयास किया जाएगा। वित्त विभाग की ओर से



शिक्षकों को किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाएगा। इस अवसर पर संबद्ध महाविद्यालय शिक्षक संघ की ओर से नवागत वित्त अधिकारी विनोद कुमार का स्वागत भी किया गया। संगठन के अध्यक्ष डॉ. राहुल सिंह ने शिक्षकों से जुड़े विभिन्न विषयों पर अपने विचार रखे। डॉ. नरेंद्र पाठक एवं डॉ. पवन पांडेय ने गीत के माध्यम से अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन संगठन के महामंत्री डॉ. शैलेंद्र सिंह ने किया। इस अवसर पर प्रो. विजय सिंह, प्रो. हिमांशु सिंह, प्रो. राकेश यादव, डॉ. गंगेश दीक्षित, डॉ. विशाल सिंह, डॉ. सुजीत पटेल, डॉ. प्रिया शुक्ला, डॉ. रेखा त्रिपाठी, डॉ. ओ.पी. मिश्रा, डॉ. रणधीर पांडेय, प्रो. अमित श्रीवास्तव सहित अनेक शिक्षक एवं संगठन के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### दो पक्षों में मारपीट, दोनों तरफ से मुकदमा दर्ज

पवांरा। मड़वा दोदक गांव में दावत खाने की बात को लेकर दो पक्षों में हुई मारपीट में पुलिस ने दोनो पक्षों की तरफ से मुकदमा दर्जकर आवश्यक विधिक कार्रवाई में जुट गयी है। जानकारी के अनुसार थानाक्षेत्र के मड़वा दोदक गांव में गुरुवार की शाम करीब सात बजे दावत खाने की बात को लेकर दो पक्षों में गाली-गलौज शुरु हो गया और देखते ही देखते दोनो पक्षों में लात-घूंसे व लाठी-डण्डे चलने लगे जिसमें एक पक्ष से दो लोग व दूसरे पक्ष से एक लोग घायल हो गये। घटना की सूचना पर पुलिस पहुंची और घायल लोगों को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सतहरिया ले जाकर प्राथमिक उपचार करवायी। पुलिस एक पक्ष की तहरीर के आधार पर हिमांशु बुल्लू व तीन अज्ञात व दूसरे पक्ष की तहरीर के आधार पर दिवाकर, अंकित व चन्द्रभान के खिलाफ मारपीट, गाली-गलौज व जान से मारने की धमकी देने संबंधी धाराओं में मुकदमा दर्जकर लिया है। इस प्रकरण में प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार ने बताया कि दोनों तरफ से मुकदमा दर्जकर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## प्रख्यात ज्योतिषी डा. अवनीश गुरुजी से मिलने पहुंचे दिग्गज

**जनप्रतिनिधियों, राजनेताओं और नौकरशाहों का लगा जमावड़ा**

सरायख्वाजा। प्रख्यात ज्योतिषाचार्य डॉ. अवनीश सिंह 'गुरुजी' के यहाँ को उनके पैतृक गांव खुदौली में गुरुवार की देर शाम तक उत्सव जैसा माहौल रहा। सुबह से ही उनसे आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए जनप्रतिनिधियों, राजनेताओं, नौकरशाहों और विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े लोगों के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया, जो देर शाम तक चलता रहा। शुभचिंतकों ने उन्हें पुष्पगुच्छ व शुभकामनाएं देकर स्वस्थ, सुखी एवं दीर्घायु जीवन की कामना की। शाहगंज विधायक रमेश सिंह समेत बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधियों और गणमान्य लोगों ने खुदौली पहुंचकर डॉ. अवनीश सिंह को जन्मदिन की बधाई दी। इस दौरान लोगों ने उनके सामाजिक एवं धार्मिक कार्यों से जुड़े योगदान की भी चर्चा की। उनके



जन्मोत्सव को लेकर क्षेत्र के लोगों में भी खासा उत्साह नजर आया। वहीं, उत्तर प्रदेश सरकार से जुड़े कई जनप्रतिनिधियों, दिग्गज राजनेताओं और नौकरशाहों ने इंटरनेट मीडिया के माध्यम से डॉ. सिंह को जन्मोत्सव की बधाई और शुभकामनाएं दीं। दिनभर फोन कॉल और संदेशों के जरिए भी बधाई देने का क्रम जारी रहा। इसके चलते खुदौली स्थित उनके आवास पर सुबह से देर शाम तक लोगों की आने का क्रम बना रहा। जन्मोत्सव में आने वाले लोगों की संख्या को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था को लेकर खेतासराय पुलिस भी सतर्क रही।

थानाध्यक्ष प्रदीप सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर मौजूद रहे और आवागमन सहित आसपास की व्यवस्था पर नजर बनाए रखी। इस मौके पर प्रमुख रूप से सांसद दरोगा प्रसाद, आरपी सिंह कमिश्नर, ओमकार पांडेय, अजीत प्रजापति जिलाध्यक्ष भाजपा, सहजानन्द रॉय, अंकुर वर्मा एसडीएम। शाहगंज, प्रदीप जायसवाल, अजय सिंह ब्लॉक प्रमुख, उदयभान मौर्या, अजय खरचू समेत हाईकोर्ट और सचिवालय के अधिकारी मौजूद रहे।

## करेण्ट की चपेट में आने से युवक की मौत

सुजानगंज, जौनपुर। शिवरिहा निवासी सुमित कुमार पाल (20 ) की मोबाईल चार्ज मे लगाते समय विद्युत की चपेट में आने से गुरुवार देर रात मौत हो गयी। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत शिवरिहा में गुरुवार रात अचानक विद्युत प्रवाह तेज होने के कारण संबंधित ट्रांसफार्मर से लगे सभी घरों में अफरा तफरी मच गई। कई वोर्ड जल गए तथा कई इलेक्ट्रिक व इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जलकर खाक हो गए। इसी समय सुमित पुत्र शैल कुमार पाल मोबाइल चार्ज में लगाने लगे ।विद्युत तेज प्रवाहित होने के कारण विद्युत की चपेट में आ गए जिससे मौके पर ही सुमित की मौत हो गई ।सुमित कुमार दो भाईयो में बड़े थे। गांव मे अन्य कई लोगों को भी विद्युत के झटके लगे । विजयपाल की पत्नी को भी परिवार के लोगों ने तत्परता दिखाते हुए चपेट में आने से बचा लिया फिर भी उन्हें एक दो जगह करंट से घाव लग गया जिनको सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सुजानगंज ले जाया गया जहां उपचार के बाद डॉक्टरों ने खतरे से बाहर बताया और दवा देकर छोड़ दिया। गांव के ही अखिलेश पुत्र मोतीलाल कलावती , आदित्य को भी शरीर में हल्के-फुल्के करेंट के निशान लगे हैं जब तक विद्युत प्रवाह तेज था जो भी उसके संपर्क में आया सभी घायल हुए। प्रत्यक्ष दर्शियो के अनुसार कुछ दूर पर ही पावर हाउस है वहां भी तार में आग की लपट देखी गई। लोगों के बुलाने के बाद भी किसी ने भी ध्यान नहीं दिया न ही फोन उठाया ।विद्युत सप्लाई तब तक बंद नहीं हुई जब तक पावर हाउस पर जलने वाला तार कटकर नीचे नहीं गिर गया। सूचना मिलते ही रात में ही पुलिस मौके पर पहुंची तथा शव को क़ब्ज़े में लेकर विधिक कार्रवाई करते हुए अंत्यपरीक्षण हेतु भेज दिया।

## साइबर ठग ने पेट्रोल पंप कर्मी के साथ की ७५ लाख की ठगी

जौनपुर। जलालपुर थानान्तर्गत असबरनपुर स्थित रत्नेश्वर महादेव फीलिंग स्टेशन (पेट्रोल पंप) के एकाउंटेंट के मोबाइल फोन पर मालिक बनकर मैसेज भेजकर ठग ने दो बैंक खातों में दो बार में 75 लाख रुपये ट्रांसफर करा लिए। पेट्रोल पंप संचालिका स्नेहलता पत्नी आलोक कुमार की तहरीर पर साइबर क्राइम थाना पुलिस मुकदमा दर्ज कर छानबीन में जुट गई है। साइबर थाने में दी गई स्नेहलता की तहरीर के अनुसार गत 7 अक्टूबर को पंप के एकाउंटेंट सचिन मिश्र के मोबाइल फोन पर साइबर ठग ने मैसेज भेजकर खुद को मालिक के रूप में प्रस्तुत किया। पेट्रोल पंप के बैंक खाते में अवशेष रकम के बारे में पूछा। एकाउंटेंट के मैसेज के माध्यम से जवाब देने के बाद दो अलग-अलग बैंक खातों में 75 लाख रुपये ट्रांसफर करने को कहा। मोबाइल में नंबर मालिक के नाम से सेव होने के कारण अकाउंटेंट ने विश्वास कर पहले निर्देश पर दोपहर 12.50 बजे इंडसइंड बैंक के लखदातक एंटरप्राइजेज नामक खाते में 30 लाख रुपये फिर 3.10 बजे आइडीएफसी बैंक के दूसरे खाते में 45 लाख रुपये ट्रांसफर कर दिए। बाद में संपर्क कर बातचीत के दौरान धोखाधड़ी का पता चला। स्नेहलता ने तहरीर में उक्त मोबाइल फोन नंबर का जिक्र किया है, जिससे एकाउंटेंट को मैसेज भेजा गया था। उन्होंने मुकदमा दर्ज कर त्वरित कार्रवाई करने और धनराशि वापस दिलाने का आग्रह किया। साइबर क्राइम थाना प्रभारी निरीक्षक देवानंद रजक ने बताया तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर छानबीन की जा रही है।

### एक नामजद सहित तीन लोगों पर प्राथमिकी दर्ज

तेजीबाजार। हैदरपुर स्थित रामलीला मंच पर शराब पीकर गाली गलौज करने तथा असलहे से फायर करने का मामला सामने आया हैं। हैदरपुर गांव निवासी उत्कर्ष सिंह पुत्र भोला ने आरोप लगाया है कि बीते छः अक्टूबर को रामलीला मंच पर कुछ लोग मदिरा का सेवन कर रहे थे और गाली गलौज बक रहे थे, आर्यन सिंह को मैने पहचान लिया लेकिन अंधेरा होने के कारण अन्य दो लोगों की पहचान नहीं कर पाया। पीड़ित ने थानाध्यक्ष से उक्त मामले में कार्यवाही करने की गुहार लगाई है। इस सम्बन्ध में थानाध्यक्ष सतेंद्र भाई पटेल ने बताया कि तहरीर के आधार पर उक्त गांव के आर्यन सिंह और दो अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जांच पड़ताल की जा रही है।

### जमीन विवाद और पुरानी रंजिश में ११ लोग पुलिस हिरासत में

बरसठी। स्थानीय थाना क्षेत्र में जमीनी विवाद और पुरानी रंजिश को लेकर शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस ने शुक्रवार को 11 लोगों को हिरासत में लेकर कार्रवाई की। प्रभारी निरीक्षक जयप्रकाश यादव के नेतृत्व में पुलिस टीम ने अलग-अलग गांवों से सभी को पकड़कर शांतिभंग में चालान करते हुए न्यायालय भेज दिया, पुलिस के अनुसार, गोठांव निवासी मुन्नालाल गौतम, रामधनी, अमित कुमार उर्फ कमलेश, ऋषिकांत उर्फ लाला गौतम, कूसा निवासी प्रकाश भारती, अंकित गौतम, मंगरी निवासी चंद्रशेखर, कौड़र निवासी अर्जुन गौतम तथा जरौटा निवासी सुरेंद्र सरोज, और दो अन्य के खिलाफ बीएनएसएस की धारा 170 के तहत कार्रवाई की गई।

### नहर किनारे मिला विशालकाय अजगर, वन विभाग ने किया रेस्क्यू

केराकत। तहसील क्षेत्र के भैंसा गांव में नहर किनारे एक विशालकाय अजगर मिलने से इलाके में हलचल मच गई। अजगर को देखने के लिए मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। अचानक अजगर दिखाई देने से लोगों में कौतूहल के साथ भय का माहौल बन गया। स्थानीय निवासी ने तत्काल डायल 112 पर पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मामले की जानकारी सर्प मित्र और वन विभाग की टीम को दी। सूचना मिलते ही टीम मौके पर पहुंच गई और अजगर को सुरक्षित पकड़ने के लिए रेस्क्यू अभियान शुरू किया। काफी प्रयास के बाद टीम ने अजगर को सुरक्षित पकड़ लिया। इसके बाद वन विभाग की टीम उसे सुरक्षित स्थान पर ले जाकर छोड़ आई। अजगर के पकड़े जाने के बाद ग्रामीणों ने राहत की सांस ली।

## पूर्व विधायक ने अनोखे तरीके से मनाया अपना जन्मदिन

डोभी। केराकत विधानसभा क्षेत्र




से भाजपा के पूर्व विधायक दिनेश चौधरी ने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा शुरु किए गए सेवा संकल्प अभियान के तहत सेवा के कार्य से अपने जन्मदिन को महोत्सव में बदल दिया। कार्यक्रम को अर्पण महोत्सव का रूप देकर के पूर्व विधायक दिनेश चौधरी ने केराकत नगर पंचायत के सफाई कर्मचारियों का विधिवत स्वागत सत्कार करते हुए उनके पैरों को धोया, उन्हें अंगवस्त्र पहनाकर के तिलक, आरती किया। महिलाओं को साड़ी प्रदान किया, तत्पश्चात उनके साथ अपने जन्मदिन का केक काटकर के उन्हीं लोगों के मध्य बैठकर के भोजन किया। सफाई कर्मचारियों में पूरा जश्न का माहौल था। उन्होंने कहा कि आज तक कोई ऐसा कार्यक्रम नहीं किया था और सार्वजनिक जगहों पर इतना सम्मान हम लोगों को कोई प्रतिनिधि नहीं दिया था। आज हम लोगों में बहुत खुशी है। तत्पश्चात पूर्व विधायक ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र केराकत पर जाकर के अस्पताल में भर्ती मरीजों में फल वितरित करते हुए वृक्षारोपण किया एवं प्रधानमंत्री के स्वच्छता के संकल्प को दोहराते हुए साफ सफाई भी की। पूर्व विधायक के जन्मदिन पर बधाई देने के लिए समर्थकों एवं शुभचिंतकों की भारी भीड़ थी। लोगों ने फूल माला,बुके से बधाई देकर के सामूहिक तौर पर केक भी कटवाया। नारेबाज़ी की। पूर्व विधायक ने कहा कि मेरे शुभचिंतक और समर्थक ही मेरी ताकत है। मैं आज जो कुछ भी हु इन्हीं के बदौलत हूं। इन लोगों का प्यार,आशीर्वाद मुझे मिलता रहे यही ईश्वर से प्रार्थना है। प्रमुख तौर पर केराकत भाजपा के अध्यक्ष मिथिलेश गिरी,थानागद्दी के अध्यक्ष योगेश मिश्रा, जिला मंत्री हरिराम पाल,पूर्व जिला उपाध्यक्ष बृजेश सिंह,पूर्व जिला मंत्री महेंद्र प्रजापति, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि डोभी प्रवीण सिंह बबलू संजय सिंह विनय सिंह,वीना सिंह रघुवंशी, केराकत के नगर पंचायत अध्यक्ष के प्रतिनिधि गोलू जायसवाल, रणजीत सिंह, पवन चौहान सहित भारी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## किसानों की समस्याओं पर भाकियू की महापंचायत, सात सूत्रीय मांगपत्र सौंपा

जंघई। विकास खंड मुंगराबादशाहपुर क्षेत्र के जंघई बस स्टॉप परिसर में शुक्रवार को भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) की महापंचायत में किसानों, मजदूरों और गरीब परिवारों की समस्याएं उठाई गईं। मुख्यमंत्री को संबोधित सात सूत्रीय मांगपत्र तहसीलदार मछली शहर दिनेश कुमार को सौंपकर समस्याओं के समाधान की मांग की गई। प्रदेश सचिव राजनाथ यादव की अध्यक्षता और वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष अक्षयवर नाथ पटेल के संचालन में हुई महापंचायत में किसानों के खिलाफ पुलिस की कथित मनमानी और उत्पीड़नात्मक कार्रवाई पर रोक लगाने की मांग की गई। यूनियन ने पात्र परिवारों को 300 यूनिट मुफ्त बिजली, गलत बिजली बिल निरस्त करने और किसान क्रेडिट कार्ड के तहत कृषि ऋण माफ करने की मांग उठाई। किसानों ने सरकारी केंद्रों पर पर्याप्त डीएपी और गुणवत्तापूर्ण बीज उपलब्ध कराने, सरकारी विद्यालयों में शिक्षकों की तैनाती तथा विलय के कारण बंद प्राथमिक विद्यालयों को जरूरत के अनुसार दोबारा खोलने की मांग की। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर चिकित्सकों, स्वास्थ्यकर्मियों, दवाओं और चिकित्सा उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया। भाकियू टिकैत ने जंघई जंक्शन के नए निर्माण में कोच इंडिकेटर, सामुदायिक शौचालय सहित अन्य जरूरी यात्री सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए स्टेशन प्रबंधक रंजीत कुमार को अलग मांगपत्र दिया। महापंचायत में धर्मराज पटेल, रमीज नकवी, राकेश मौर्य, पूनम पाल, रीना राय, रामसूरत पटेल, अखिलेश पाल, अमित मौर्य और राजकुमार सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## समाजसेविका सुखराजी देवी का निधन

**महिला जागरूकता और गरीबों की मदद के लिए रहीं समर्पित**

जौनपुर। सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के मोकलपुर का निवासी समाजसेविका सुखराजी देवी का 92 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। उनके निधन की खबर से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। सामाजिक कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाने वाली सुखराजी देवी ने महिलाओं के उत्थान और उनमें जागरूकता लाने के लिए महत्वपूर्ण प्रयास किए थे। समाज के प्रति उनके योगदान और जरूरतमंदों की सहायता करने की भावना के



चलते क्षेत्र में उन्हें विशेष सम्मान प्राप्त था। सुखराजी देवी पत्नी स्व. जसई हमेशा गरीबों, असहायों और दीन-दुखियों की मदद के लिए तत्पर रहती थीं। जरूरतमंद लोगों की सहायता करना और उनके सुख-दुख में सहभागी बनना उनके स्वभाव का हिस्सा था। महिलाओं को जागरूक करने तथा उनके उत्थान के लिए किए गए उनके प्रयासों को क्षेत्र के लोग आज भी याद कर रहे हैं। उनके निधन से परिवार सहित क्षेत्र में शोक का माहौल है। निधन की सूचना मिलने पर बड़ी संख्या में लोग उनके आवास पर पहुंचे और शोक संवेदना व्यक्त करते हुए शोकाकुल परिवार को ढांढस बंधाया। सुखराजी देवी, महेंद्र यादव, राजमणि यादव, राजेन्द्र, सुभाषचंद यादव व विनोद यादव की माता थीं। उनका अंतिम संस्कार वाराणसी के मणिकणिका घाट पर किया गया। उनके मझले पुत्र सुभाष चंद्र यादव कतर में प्रोजेक्ट मैनेजर है, उन्होने ने कहा कि माता हमेशा असहाय लोगों कि मदत लिए खड़ी रहती थी। महिलाओ के हित से उनका विशेष जुडाव था।

## ९८ नमूने फेल, ३४ दुकानदारों पर ४.८५ लाख का जुर्माना

मीरजापुर। जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की जिला स्तरीय कमेटी की बैठक हुई। इसमें खाद्य पदार्थों में मिलावट रोकने और आमजन को सुरक्षित खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के लिए सख्त निर्देश दिए गए। बैठक में सहायक आयुक्त खाद्य-द्वितीय सुशील कुमार सिंह ने बताया कि अप्रैल 2026 से अब तक खाद्य सुरक्षा विभाग ने जिले में 925 दुकानों का निरीक्षण किया। इस दौरान 162 विधिक और 241 सर्वे नमूनों सहित कुल 403 नमूने लेकर जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे गए। इनमें 100 विधिक और 117 सर्वे नमूनों की रिपोर्ट प्राप्त हुई। जांच में 58 नमूने मानकों के विपरीत पाए गए, जिनके मामलों में न्यायालय में वाद दायर किए गए हैं। वहीं, अब तक 34 दुकानदारों पर कुल 4.85 लाख रुपये का जुर्माना लगाया जा चुका है। जिलाधिकारी ने कार्रवाई पर संतोष जताते हुए दूध, खोया, मिठाई, घी, खाद्य तेल और नमकीन सहित ब्रांडेड व स्थानीय उत्पादों की विशेष जांच करने के निर्देश दिए। उन्होंने थोक दुकानों पर 15 किलोग्राम के देशी घी के डिब्बों से नमूने लेने पर जोर दिया। आगामी नवरात्रि को देखते हुए विंध्याचल मेला क्षेत्र, होटलों, रेस्टोरेंट और स्ट्रीट फूड विक्रेताओं के यहां सघन निरीक्षण एवं छापेमारी करने को कहा गया। संदिग्ध दुग्ध उत्पादों के अधिक से अधिक नमूने लेकर मिलावटखोरों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई के निर्देश भी दिए गए। विभाग की टीम मेला क्षेत्र में लगातार निरीक्षण और नमूना संग्रहण कर रही है। बैठक में अपर जिलाधिकारी विनोद कुमार सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी और कमेटी के सदस्य मौजूद रहे।



बैठक में मौजूद जिलाधिकारी व अन्य। छाया:आज

## नहर टूटने से खेत जलमग्न, ४०० बीघा जमीन की अटकी सिंचाई

इमिलियाचट्टी। सिंचाई विभाग की उदासीनता से किसानों में रोष व्याप्त है। ग्राम सभा बैरमपुर के पास पटिहटा माइनर की नहर टूटने से पानी खेतों में व्यर्थ बह रहा है, जबकि दूसरी ओर किसान सिंचाई के लिए परेशान हैं। किसानों के मुताबिक, करीब एक सप्ताह से अहरौरा बांध से पटिहटा माइनर में पानी छोड़ा जा रहा है। बैरमपुर गांव के पास रामसुभाग के खेत के निकट नहर टूटने से पानी खेत में भर गया है। वहीं, ढबही, एकली और सोनपुर गांवों के किसानों की लगभग 400 बीघा जमीन की सिंचाई अभी बाकी है। सोनपुर और एकली गांव नहर के टेल पर स्थित हैं। ऐसे में नहर टूटने से पानी की आपूर्ति प्रभावित होने की आशंका से किसान चिंतित हैं। किसानों का कहना है कि एक तरफ नहर से पानी बर्बाद हो रहा है, तो दूसरी तरफ खेतों की सिंचाई नहीं हो पा रही है। किसानों ने सिंचाई विभाग के अधिकारियों से शिकायत भी की, लेकिन अब तक टूटी नहर को बंद कराने की कार्रवाई नहीं हुई।

## संविदा स्वास्थ्य कर्मियों के कार्य बहिष्कार से लड़खड़ायी स्वास्थ्य सेवाएं

हलिया। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में तैनात संविदा चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मचारियों के शुक्रवार से अनिश्चितकालीन कार्य बहिष्कार पर चले जाने से स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित होने लगी हैं। अपनी प्रमुख मांगों को लेकर कर्मचारियों के आंदोलन पर जाने से अस्पताल पहुंचने वाले मरीजों और उनके परिजनों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। संविदा चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मचारियों ने अपनी मांगों को पूरा कराने के लिए कार्य बहिष्कार शुरू किया है। कर्मचारियों का कहना है कि वे लंबे समय से अपनी मांगों को लेकर प्रयासरत हैं। मांगों का समाधान नहीं होने के कारण उन्होंने अनिश्चितकालीन कार्य बहिष्कार का निर्णय लिया है। कर्मचारियों के इस कदम से स्वास्थ्य केंद्र की व्यवस्था पर असर पड़ने लगा है।कार्य बहिष्कार में डॉक्टर रीना, डॉक्टर निर्मल, डॉक्टर सुरेश कन्नौजिया, डॉक्टर आलोक कुमार, अखिलेश तिवारी, दीप मंजरी, बबीता, संतोष, निधि मौर्य सहित अन्य संविदा चिकित्सक एवं स्वास्थ्य कर्मचारी शामिल हैं। स्वास्थ्य केंद्र पर आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग उपचार कराने पहुंचते हैं। ऐसे में संविदा चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मचारियों के कार्य बहिष्कार से मरीजों को उपचार के लिए परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। इस संबंध में प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर अवधेश कुमार ने बताया कि संविदा स्वास्थ्य कर्मी सीएचओ, एनएम अपने मागों को लेकर एक हफ्ते से हड़ताल पर है। इमरजेंसी सेवाएं चल रही हैं। कोई समस्या नहीं आ रही है। ओपीडी के समय कुछ समस्याएं आर ही है। मरीजों का उपचार चल रहा है।

## चुस्त, दुरुस्त रहेगी व्यवस्था

चुनार। शारदीय नवरात्र के दृष्टिगत शुक्रवार को पुलिस क्षेत्रादिकारी गायत्री यादव ने अपने मातहतो संग दुर्गा मंदिर परिसर मे भ्रमण कर सुरक्षा एवं शान्ति ब्यवस्था की जायजा लेते हुए कोतवाल विजय शंकर सिंह को निर्देशित करते हुए कहा की मंदिर परिसर व आस पास आवश्यकतानुसार पुलिस की तैनाती करे। ताकि, दर्शनार्थियो को किसी प्रकार की परेशानी न हो सके। संवेदनशील परिसर में किसी भी अप्रिय घटना या असमाजिक तत्वों की गतिविधियों को रोकने के लिए ड्रोन कैमरों का सहारा लिया जाएगा। साथ ही सभी दुकानदारो को भी कहा गया कि दुकान पर अपना नाम व मोबाइल नंबर लिखें और किसी भी तरह की समस्या के दौरान तत्काल पुलिस को सूचना दें। इस दौरान उपनिरीक्षक विनोद मिश्रा भानू यादव सहित अन्य पुलिस कर्मी रहें।

## तीसरी बार पिछड़ा वर्ग आयोग के उपाध्यक्ष बने सोहन लाल श्रीमाली

मीरजापुर। उत्तर प्रदेश राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के उपाध्यक्ष एवं राज्यमंत्री दर्जा प्राप्त सोहन लाल श्रीमाली ने लगातार तीसरी बार जिम्मेदारी मिलने के बाद पत्रकार वार्ता कर भाजपा कार्यकर्ताओं और जनपदवासियों के प्रति आभार जताया। ओझला पुल स्थित सेवाधाम कार्यालय, कंतित में आयोजित वार्ता के दौरान उन्होंने पत्रकारों को अंगवस्त्र पहनाकर सम्मानित किया और पिछड़े वर्गों के हितों से जुड़े मुद्दों पर अपनी बात रखी। सोहन लाल श्रीमाली ने कहा कि पिछड़ा वर्ग आयोग का उद्देश्य पिछड़े और वंचित वर्गों की समस्याएं सुनना, उनके अधिकारों की रक्षा करना और शिकायतों को संबंधित स्तर पर उठाना है। उन्होंने कहा कि शिक्षा, रोजगार, छात्रवृत्ति और सामाजिक न्याय से जुड़े मामलों में आयोग अपनी भूमिका निभाएगा। उन्होंने प्रदेश की योगी सरकार की योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाने पर भी जोर दिया। समाजवादी पार्टी पर निशाना साधते हुए श्रीमाली ने आरोप लगाया कि पार्टी में परिवारवाद को प्राथमिकता दी जाती रही है। उन्होंने कहा कि राजनीति में समाज के सभी वर्गों को अवसर मिलना चाहिए और परिवारवाद के बजाय योग्यता को महत्व दिया जाना चाहिए। दिव्या मित्तल के इस्तीफे के बाद चुनाव लड़ने की संभावनाओं से जुड़े सवाल पर श्रीमाली ने कहा कि जिलाधिकारी रहते हुए भी वह सामाजिक कार्यों के माध्यम से बेहतर योगदान दे सकती थीं। उन्होंने कहा कि जिलाधिकारी बनना और विधायक बनना, दोनों ही बड़ी उपलब्धियां हैं। बड़े राजनीतिक दल से चुनाव लड़ने की स्थिति में परिस्थितियां अलग हो सकती हैं।

## दुर्गा पंडालों का निर्माण प्रारंभ

अदलहाट। क्षेत्र में इधर कई वर्षों से दुर्गा पूजा का प्रचलन बढ़ गया है। क्षेत्र के दर्जनों ग्रामों में दुर्गा प्रतिमाओं की स्थापना कर नवरात्र में पूजन अर्चन किया जाता है। जहां सप्तमी से दशमी तक भव्य मेले का रूप देखने को मिलता है। ग्रामीण श्रद्धालु भक्त दर्शन कर शीश नवाते हैं इसके अतिरिक्त आधा दर्जन प्रतिमाएं कस्बे में जगह-जगह स्थापित होती है, जिसमें गांधी चौतरा तथा शर्मा रोड में स्थापित मूर्ति अपने आप में वृहद व अलौकिक छटा बिखेरती है। हर पंडालों का निर्माण प्रारंभ हो चुका है। कहीं बांस बल्ली तो कहीं लोहे की पाइप एंगिल का उपयोग कर पंडाल बनाए जा रहे हैं, जिनकी सजावट दो-चार दिनों में प्रारंभ हो जाएगी।

## प्रशासन ने नहीं ली सुधि, ग्रामीणों ने श्रमदान से दुरुस्त कराया क्षतिग्रस्त रपटा

हलिया अदवा नदी में आई बाढ़ से क्षतिग्रस्त कोटार धाम जाने वाले रपटे को शुक्रवार को समाजसेवियों और ग्रामीणों ने श्रमदान कर दुरुस्त कराया। मिट्टी, गिट्टी और कंक्रीट डालकर आवागमन बहाल करने की पहल की गई। रपटा टूटने से भगवान शिव-पार्वती के दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं को काफी परेशानी हो रही थी। कोटार धाम अदवा नदी के बीच स्थित टीले पर विराजमान भगवान शिव और माता पार्वती का प्रसिद्ध धार्मिक स्थल है। यहां जनपद के अलावा मध्य प्रदेश के कई जिलों से श्रद्धालु दर्शन-पूजन के लिए पहुंचते हैं। भारी बारिश के कारण नदी में आई बाढ़ से रपटे के दोनों तरफ क्षति पहुंची थी। ग्रामीणों के मुताबिक, शिकायतों के बावजूद संबंधित विभाग ने इसकी मरम्मत नहीं कराई। स्थानीय निवासी समाजसेवी मुन्ना बाबू सिंह ने ग्रामीणों से जनहित में आगे आने की अपील की। इसके बाद शुक्रवार को बड़ी संख्या में ग्रामीण जेसीबी और ट्रैक्टर लेकर पहुंचे और श्रमदान से मरम्मत कार्य शुरू कराया। रपटे से सोठिया, गोलरा, बेदउर, बरडीहा, कोटार, मवई कला, डोहर, बरी और बसुहरा समेत करीब 25 से 30 गांवों के लोगों का आवागमन होता है। ग्रामीणों का कहना है कि क्षतिग्रस्त रास्ते के कारण श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही थी। नवरात्रि में दर्शनार्थियों की सुविधा को देखते हुए उन्होंने स्वयं मरम्मत की जिम्मेदारी उठाई।

## जमीन विवाद को लेकर मारपीट, एक गंभीर

चील्ह। थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत रामपुर में आज शुक्रवार सुबह जमीनी विवाद को लेकर दो पटीदारों के बीच जमकर मारपीट हो गई। इस घटना में एक युवक की आंख में गंभीर चोट आई है। मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने दोनों पक्षों को छुड़ाकर मामला शांत कराया। पंकज दुबे पुत्र सभाशंकर दुबे, उम्र 36 वर्ष और अतुल दुबे पुत्र हौसिला प्रसाद दुबे के बीच आज सुबह जमीन को लेकर कहासुनी हुई। कहासुनी देखते ही देखते मारपीट में बदल गई, जिसमें पंकज दुबे की आंख में चोट लग गई। घटना के बाद पीड़ित पक्ष पंकज दुबे अपनी दादी शिव देवी के साथ तहरीर लेकर चील्ह थाने पहुंचा और विपक्षी अतुल दुबे पर गंभीर आरोप लगाया। पंकज का आरोप है कि विपक्षी ने आज चाकू से उस पर हमला कर दिया, जिससे उसकी आंख में गंभीर चोट आई है।घटना की सूचना पर 100 नंबर पुलिस भी मौके पर पहुंची थी। इस संबंध में जब दैनिक आज टीम ने हल्का इंचार्ज उप निरीक्षक प्रहलाद यादव, चील्ह से बात की तो उन्होंने बताया कि दोनों व्यक्ति खास पटीदार हैं और जमीनी विवाद को लेकर दोनों पक्षों में काफी दिनों से विवाद चल रहा है। पुलिस ने घायल पंकज दुबे को उपचार के लिए पीएचसी चील्ह भेज दिया है और तहरीर ले ली है। पुलिस ने चाकूबाजी की घटना से इनकार किया है। उप निरीक्षक ने बताया कि पुलिस मौके पर जांच कर रही है और मेडिकल परीक्षण के बाद एफआईआर दर्ज की जाएगी।


घायल युवक। छाया:आज

## पीएम सूर्य घर योजना को गति देने की पहल तेज

मीरजापुर। प्रधानमंत्री की महत्वाकांक्षी पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना को जिले में व्यापक स्तर पर पहुंचाने और अधिक से अधिक परिवारों को रूफटॉप सोलर से जोड़ने के लिए शुक्रवार को विकास भवन के मीटिंग हॉल में विशेष जागरूकता एवं संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिला प्रशासन, यूपीनेडा, बैंक, डिस्कॉम प्रतिनिधि, सोलर वेंडर तथा उद्योग जगत के प्रतिनिधियों ने योजना के प्रभावी क्रियान्वयन, वित्तीय सुविधा, गुणवत्तापूर्ण स्थापना और जनजागरूकता बढ़ाने पर विस्तार से चर्चा की। कार्यक्रम का आयोजन पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के उत्तर प्रदेश राज्य चैप्टर एवं फर्स्टव्यू द्वारा उत्तर प्रदेश नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा विकास अभिकरण (यूपीनेडा) के सहयोग से किया गया। यह पूर्वांचल के सात जिलों में आयोजित की जा रही जिला स्तरीय जागरूकता एवं आउटरीच कार्यक्रमों की श्रृंखला का हिस्सा है। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों को पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिह्न भेंट कर किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि मुख्य विकास अधिकारी विजय कुमार सिंह, आईएएस ने कहा कि उत्तर प्रदेश पीएम सूर्य घर योजना में देश में प्रथम स्थान पर है, इसकी सफलता को बनाये रखने के लिए जिला प्रशासन, सरकारी विभागों, बैंकों और सोलर वेंडरों के बीच प्रभावी समन्वय बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि हर पात्र परिवार तक योजना का लाभ बिना देरी पहुंचे, इसके लिए आवेदनों का समयबद्ध निस्तारण और गुणवत्तापूर्ण सोलर स्थापना सुनिश्चित की जान चाहिए। उन्होंने सभी संबंधित विभागों से आपसी समन्वय के साथ कार्य करने का आह्वान किया, ताकि मिर्जापुर इस योजना के क्रियान्वयन में उल्लेखनीय प्रगति कर सके। जिला विकास अधिकारी राजीव कुमार शर्मा ने कहा कि योजना की जानकारी ब्लॉक और ग्राम स्तर तक पहुंचाने के लिए विशेष प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि बड़ी संख्या में परिवारों को अभी भी रूफटॉप सोलर पर मिलने वाली सब्सिडी और अन्य सुविधाओं की पूरी जानकारी नहीं है। कार्यक्रम के अंत में पीएचडीसीसीआई उत्तर प्रदेश राज्य चैप्टर के वरिष्ठ रेजिडेंट ऑफिसर शैलेन्द्र श्रीवास्तव ने जिला प्रशासन, यूपीनेडा, बैंकों, सोलर वेंडरों और सभी प्रतिभागियों के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि पूर्वांचल में इस तरह के जागरूकता कार्यक्रम आगे भी जारी रहेंगे, ताकि सौर ऊर्जा का लाभ अधिक से अधिक परिवारों तक पहुंचाया जा सके।


बैठक में जानकारी देते लोग। छाया:आज

### जिला प्रशासन, बैंक, डिस्काम और सोलर वेंडरों ने रूफटाप सोलर का दायरा बढ़ाने के लिए किया मंथन

## वृद्धा पेंशन न मिलने की शिकायत, जांच की मांग

छानबे। ग्राम चौपाल रायपुर मे विधवा व वृद्धा पेंशन रूकने तथा आवास की मांग की गई। चौपाल में खंड विकास अधिकारी रामपाल व एडीओ समाज कल्याण प्रेमचंद पटेल ने योजनाओं की जानकारी देते हुए समस्याओं को सुना झालो देवी ने विधवा पेंशन व नौटंकी देवी ने वृद्धा पेंशन खाते में न आने की शिकायत की जबकि रसीदा बेगम ने आवास की मांग किया। ग्राम पंचायत सचिव राजेश कुमार गौतम ने ग्रामीणों को आवास पेंशन आदि की जानकारी दी ग्राम प्रधान प्रशासक संतोष कुमार तिवारी ने ग्राम पंचायत में कराये गए विकास कार्यों व प्रस्तावित कार्यों की जानकारी दी। इस दौरान आँगनबाड़ी, स्वास्थ्य, शिक्षा से सम्बन्धित चौपाल में मौजूद कर्मचारियों ने जानकारी दिया। ग्राम पंचायत चडैचा में 11:30 बजे तक चौपाल में नोडल सहित सचिव व प्रधान आदि के न पहुंचने पर आशा आंगनवाड़ी सहित फरियादी बैरंग वापस लौट गए सचिव धन्नजय कुमार ने बताया कि उनकी डियूटी विन्ध्याचल क्षेत्र में लगी है।

## फील्ड ट्रेनरों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

मीरजापुर। जीडी बिन्नानी महाविद्यालय के सभागार में 7 से 9 अक्टूबर तक आयोजित जनगणना द्वितीय चरण के फील्ड ट्रेनरों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शुक्रवार को संपन्न हुआ। जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार की अध्यक्षता में आयोजित प्रशिक्षण में जनगणना कार्य को सुचारु, पारदर्शी और त्रुटिरहित ढंग से संपन्न कराने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने कहा कि जनगणना एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य है, जिसे पूरी जिम्मेदारी और गंभीरता के साथ पूरा किया जाना चाहिए। उन्होंने फील्ड ट्रेनरों से कहा कि वे प्रशिक्षण में मिली जानकारी अपने अधीनस्थ प्रगणकों और संबंधित कर्मचारियों तक स्पष्ट रूप से पहुंचाएं। निर्धारित प्रक्रियाओं और मानकों का पालन करते हुए सूचनाओं का सही संकलन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने जनगणना के दौरान आने वाली समस्याओं का निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुसार समाधान करने तथा जरूरत पड़ने पर उच्चाधिकारियों से मार्गदर्शन लेने को कहा। साथ ही समयबद्धता, अनुशासन और कार्य के प्रति निष्ठा बनाए रखने पर जोर दिया। जिलाधिकारी ने बताया कि 16 नवंबर से 30 नवंबर तक स्वगणना की प्रक्रिया निर्धारित है। इस दौरान परिवारों के सूचीकरण और सदस्यों से संबंधित जानकारी जुटाने के साथ जातिगत जनगणना को भी शामिल किए जाने का उल्लेख किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व विनोद कुमार सिंह, प्रशिक्षक और अन्य संबंधित कार्मिक उपस्थित रहे।

## संक्षेप

### तकनीकी खेती का उप निदेशक ने जाना हाल

पटेहरा। विकास खंड के अमोई पुरवा में शुक्रवार को यूपी एग्रीज योजना द्वारा कराई सीधी बिजाई में धान की फसल को देखने कृषि उप निदेशक विकेश सिंह पटेल, डीपीआईयू टीम व आईआरआरआई टीम सयुक्त रूप से पहुंच कर सीधी बिजाई में कराई खेती का निरीक्षण कर हाल जाना। विकास खंड के तीस राजस्व गांव को यूपी एग्रिज योजना द्वारा सीधी बिजाई हेतु अंतर्राष्ट्रीय धान अनुसंधान केंद्र वाराणसी के वैज्ञानिकों द्वारा किसानों को तकनीक दी गई थी, जिसके तहत कृषि विभाग द्वारा मुफ्त में खर-पतवार नासी दवा और बीज दिए गए थे। कृषि उप निदेशक ने सीधी बिजाई के धान की अच्छी फसल देख संस्था के वैज्ञानिक डॉक्टर अजय सिंह से तमाम जानकारी साझा करते हुए फसल के अवशिष्ट यानी पराली नही जलाने हेतु किसानों को निर्देश देने हेतु बल दिया। साथ ही उपस्थित किसानों को पराली जलाने से मिट्टी में पल रहे जीवाश्म को समाप्त होने पर तमाम नुकसानिया गिनाई। जांच में डीडी डॉ. विकेश सिंह पटेल के साथ एडीओ डॉ. अंकित सिंह पटेल, डॉ. अजय सिंह वैज्ञानिक, शिवम पांडेय, मनोज कुमार व स्वतंत्र कुमार पाल रहे।

### स्थायी लोक अदालत में दो पदों पर भर्ती, २२ तक करें आवेदन

मीरजापुर। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव आनंद कुमार द्वितीय ने बताया कि स्थायी लोक अदालत में पेशकार और आशुलिपिक हिंदी ग्रेड-2 के एक-एक पद पर भर्ती के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। दोनों पदों पर जिला न्यायालय या कलेक्ट्रेट न्यायालय के सेवानिवृत्त कर्मचारी आवेदन कर सकते हैं, जिनकी आयु आवेदन की अंतिम तिथि तक 65 वर्ष से कम हो। चयनित अभ्यर्थियों को नौ हजार रुपये प्रतिमाह मानदेय मिलेगा। नियुक्ति अधिकतम दो वर्ष के अनुबंध पर होगी। कंप्यूटर का ज्ञान रखने वाले अभ्यर्थियों को वरीयता दी जाएगी। इच्छुक अभ्यर्थी निर्धारित प्रारूप में आवेदन 22 अक्टूबर को शाम पांच बजे तक जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय में जमा कर दें। इसके बाद आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

### पुलिस ने चलाया चेकिंग अभियान, सात बाइक, कार सीज

ड्रमंडगंज। पुलिस ने शुक्रवार को आपराधिक गतिविधियों पर लगाम लगाने हेतु सघन चेकिंग अभियान चलाया। थानाध्यक्ष ड्रमंडगंज जितेंद्र कुमार एसआई पुनीत गुप्ता व एसआई शिवाकांत पांडेय के साथ रीवा वाराणसी राष्ट्रीय राजमार्ग देवहट तथा भैसोड़ बलाय पहाड़ गांव में आपराधिक गतिविधियों में शामिल लोगों व संदिग्ध वाहनों की धर पकड़ के मद्देनजर वाहनों की चेकिंग की। पुलिस ने यूपी एमपी बार्डर स्थित भैसोड़ बलाय पहाड़ गांव में चालक द्वारा कार का कोई कागजात नही दिखाने पर कार को सीज कर दिया। भैसोड़ बलाय पहाड़ गांव में चार बाइकों पर नंबर प्लेट व बाइक का कोई कागजात नही होने पर पुलिस ने सीज की कार्रवाई की। देवहट गांव में सड़क किनारे तीन बाइक लावारिस हालत में मिलने पर सीज कर दिया। पुलिस के सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाने से बिना कागजात व बिना नंबर प्लेट के दो पहिया और चार पहिया वाहन चालकों में हड़कंप मचा रहा। थानाध्यक्ष जितेंद्र कुमार ने बताया कि उच्चाधिकारियों के निर्देश पर सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान एक कार सहित सात बाइक को थाने पर लाकर सीज की कार्रवाई की गई है।

## प्रसव के दौरान नवजात की मौत, जांच की मांग

मीरजापुर। प्रसव के दौरान नवजात की मौत और प्रसूता की हालत गंभीर होने के मामले में शुक्रवार को पीड़ित परिवार ने जिला मुख्यालय पहुंचकर जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की। मामले को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार ने सीएमओ को जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने के कड़े निर्देश दिए हैं। हलिया विकास खंड के नौगवां गांव निवासी लवकुश पटेल ने जिलाधिकारी को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि 29 सितंबर को उनकी पत्नी दीपा को प्रसव पीड़ा होने पर गांव की आशा कार्यकर्ता के साथ ड्रमंडगंज स्थित एक निजी अस्पताल ले जाया गया था। आरोप है कि प्रसव के दौरान पेट पर दबाव डालने के बाद नवजात की मौत हो गई और उनकी पत्नी की हालत गंभीर हो गई।

## रोमांचक फाइनल में मीरजापुर ने हलिया को दी पटखनी

हलिया। पंचायत भवन मैदान में आयोजित डे-नाइट कबड्डी प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला बृहस्पतिवार की देर रात बेहद रोमांचक रहा। कांटे की टक्कर में मीरजापुर की टीम ने हलिया को दो अंकों से पराजित कर विजेता ट्राफी पर कब्जा जमा लिया। मीरजापुर की टीम ने 18 अंक हासिल किए, जबकि हलिया की टीम 16 अंकों पर ही सिमट गई। मुकाबले के दौरान खिलाड़ियों ने शानदार खेल कौशल का प्रदर्शन कर दर्शकों को रोमांचित किया। अंतिम समय तक दोनों टीमों के बीच कड़ा संघर्ष देखने को मिला। मैच समाप्त होने के बाद मुख्य अतिथि हलिया प्रधान संघ अध्यक्ष शिवबाबू सेठ ने विजेता मीरजापुर की टीम को ट्राफी के साथ 5 हजार 100 रुपये का नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया। वहीं, उपविजेता हलिया की टीम को भी ट्रॉफी और 3 हजार 100 रुपए पुरस्कार प्रदान किया गया। मैदान में जुटे दर्शकों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। दूधिया रोशनी में देर रात तक चले मुकाबले का दर्शकों ने भरपूर आनंद उठाया। इस अवसर पर प्रधान संघ अध्यक्ष शिवबाबू सेठ ने कहा कि कबड्डी जैसे पारंपरिक खेलों को बढ़ावा देने के लिए इस तरह की प्रतियोगिताओं का आयोजन बेहद जरूरी है। ऐसे आयोजनों से ग्रामीण क्षेत्रों में छिपी खेल प्रतिभाओं को अपनी क्षमता और कला-कौशल दिखाने का अवसर मिलता है।

## डाक कर्मचारियों ने निकाली जागरूकता रैली

मीरजापुर। विश्व डाक दिवस के अवसर पर शुक्रवार को डाक सेवाओं के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से प्रधान डाकघर मीरजापुर के कर्मचारियों ने जागरूकता रैली निकाली। सुबह आठ बजे से नौ बजे तक आयोजित रैली में प्रधान डाकघर के सभी कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। रैली प्रधान डाकघर से शुरू होकर पेट्रोल पंप तिराहा, कलेक्ट्रेट, रामबाग, पूर्व तिराहा और रमईपट्टी तिराहा होते हुए पुनः प्रधान डाकघर पहुंचकर संपन्न हुई। इस दौरान लोगों को भारतीय डाक विभाग की विभिन्न सेवाओं और उनकी उपयोगिता के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम में पोस्टमास्टर चंद्रमा प्रसाद, जनसंपर्क निरीक्षक राजीव कुमार सिंह, सहायक डाकपाल मेल शमीम सिद्दीकी, सहायक डाकपाल बचत बैंक रितुराज, सहायक डाकपाल लेखा अर्चना और पत्राचार सहायक संजय गुप्ता सहित प्रधान डाकघर के समस्त कर्मचारी मौजूद रहे।


निकाली गयी जागरुकता रैली। छाया:आज

## तीन दिवसीय अभिमुखीकरण कार्यक्रम का समापन

मीरजापुर। काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के राजीव गांधी दक्षिणी परिसर में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के नवप्रवेशित विद्यार्थियों के लिए आयोजित तीन दिवसीय अभिमुखीकरण कार्यक्रम का शुक्रवार को समापन हुआ। न्यू लेक्चर थिएटर के सभागार में आयोजित समारोह में शिक्षकों, अधिकारियों और विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ, वाराणसी के कुलपति प्रो. एके त्यागी तथा विशिष्ट अतिथि बीएचयू के पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान संकाय के अधिष्ठाता प्रो. अमित राज गुप्ता रहे। समारोह का शुभारंभ दीप प्रज्वलन, अतिथियों के सम्मान और विश्वविद्यालय के कुलगीत के गायन से हुआ। परिसर प्रभारी प्रो. बीएमएन कुमार ने अतिथियों का स्वागत करते हुए विद्यार्थियों को अनुशासन, समर्पण और निरंतर सीखने की प्रवृत्ति अपनाने के लिए प्रेरित किया। छात्र सलाहकार डॉ. कुलदीप बौद्ध ने तीन दिवसीय कार्यक्रम की रिपोर्ट प्रस्तुत की और विभिन्न गतिविधियों की जानकारी दी। विशिष्ट अतिथि प्रो. अमित राज गुप्ता ने विद्यार्थियों को शैक्षणिक ज्ञान के साथ व्यावहारिक कौशल विकसित करने तथा सामाजिक जिम्मेदारियों को समझने का संदेश दिया।


कार्यक्रम में मौजूद प्रोफेसर व अन्य। छाया:आज

## किशोरी को फुसलाकर भगाने का आरोप

छानबे। जिगना थाना क्षेत्र के एक गांव से 23 सितम्बर से लापता इंटरमीडिएट की छात्रा के सम्बन्ध मे किशोरी के पिता ने बृहस्पतिवार को शंका के आधार पर एक युवक के खिलाफ 16 वर्षीय पुत्री को बहका फुसलाकर कर भगा ले जाने की प्राथमिकी दर्ज कराई है। पुलिस तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज की किशोरी की बरामदगी में जुटी है। दर्ज प्राथमिकी के अनुसार किशोरी 23 सितम्बर को घर से बिहसडा बाजार के लिए निकली थी। अभी लापता है, उससे एक युवक से मोबाइल पर बात होती है। आशंका है कि वहीं बहका फुसलाकर भगा ले गया है।थानाध्यक्ष संजय कुमार सिंह ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर खोजबीन की जा रही है।

## पुलिस के सदविचारों की क्षेत्र में हो रही प्रशंसा

अदलहाट। स्थानीय थानाध्यक्ष वैद्यनाथ सिंह के सद विचारों की इन दिनों क्षेत्र में काफी प्रशंसा हो रही है। क्षेत्र के पहले ऐसे प्रभारी निरीक्षक हैं, जिनके द्वारा कार्यभार संभालने के बाद से सप्ताह के प्रत्येक शनिवार को सायंकाल थाना प्रांगण स्थित हनुमान मंदिर पर क्षेत्र के अमन चैन एवं शांति के लिए रामचरितमानस के सुंदरकांड का पाठ कराया जा रहा है। लोगों का कहना है कि इस सुकर्म का फल भी देखने को मिल रहा है। पहले की अपेक्षा मौजूदा समय में यदा-कदा छोड़ हर तरह की शांति व्यवस्था देखने को मिल रही है। श्री सिंह की श्रद्धा भक्ति एवं सद विचारों की क्षेत्र में हर जगह चर्चा व्याप्त है।

## तड़का वध हुआ मंचन

चुनार। नगर के सुप्रसिद्ध रामलीला मंच पर श्रीराघवेन्द्र रामलीला नाट्य समिति के तत्वावधान में चलने वाले 21 दिवसीय रामलीला मंचन के छठवें दिन बृहस्पतिवार की रात ताड़का वध, मारीच सुबाहू की लड़ाई, सुबाहू वध, आहिल्या तरण, गंगा दर्शन जनकपुर निवास लीला का मंचन किया गया। लीला मंचन में बबलू खरवार, गोविंद जायसवाल,रमाशंकर पांडेय, चन्द्रहास गुप्ता, पवन जायसवाल, सौरभ पुजारी,करतार सिंह आदि ने बखूबी अपना अभिनय निभाया। लीला को सकुशल संपन्न कराने में संरक्षक बचाऊ लाल सेठ, अध्यक्ष लक्ष्मीकांत पांडेय,डायरेक्टर अविनाश अग्रवाल, संजय साहू, रामआसरे दास, फूलचंद,महेन्द्र वर्मा, ब्रह्मानंद कुशवाहा, श्याम सुन्दर शाह, बृजनंदन कुशवाहा, लक्ष्मी गुप्ता, महेन्द्र साहू सहित रामलीला कमेटी के सदस्य के लोग लगे रहे।

## बिहार समाचार

# खड़े ट्रक-बाइककी टक्करमें एक की मौत

डेहरी ऑन सोन (आससे.)। तिलौथू थाना क्षेत्र के इंद्रपुरी पंचायत भवन के समीप गुरुवार को सड़क किनारे खड़े ट्रक में बाइक की जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक की पहचान नरारी थाना क्षेत्र के नरारी गांव निवासी अनिल यादव, पिता भोला यादव के रूप में हुई है। घायल की पहचान प्रमोद यादव (35), पिता लक्ष्मण यादव के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार दोनों युवक डेहरी में मजदूरी करते थे और तिलौथू में रिश्तेदार से मिलकर लौट रहे थे। टक्कर इतनी तेज थी कि अनिल की घटनास्थल पर ही मौत हो गई।सूचना पर पहुंची गश्ती पुलिस ने घायल को स्थानीय सीएचसी पहुंचाया, जहां से गंभीर स्थिति में सासाराम रेफर कर दिया गया। पुलिस ने परिजनों को सूचना दी है और शव को सीएचसी में रखा है।

# दिनदहाड़े बस स्टैंड पर खड़े छात्र को बदमाशों ने मारी गोली

डेहरी ऑन सोन (आससे.)। रोहतास जिले के कछवां थाना क्षेत्र में शुक्रवार को स्कूल जाने के दौरान बस स्टैंड पर खड़े एक युवक को बाइक सवार बदमाशों ने गोली मार दी घायल छात्र का गंभीर हालत में अस्पताल भेजा गया । छात्र की पहचान कछवां थाना के कैथी गांव निवासी दिनेश सिंह के 15 वर्ष के पुत्र आशीष कुमार के रूप में हुई है। घटना के बाद कछुवां थाने के पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। हालांकि, फिलहाल अपराधियों की पहचान और गोली मारने के कारणों का अभी तक खुलासा नहीं हो सका है।

## पुलिस स्टिकर लगी कार से 144 लीटर शराब जब्त

डेहरी ऑन सोन ( आससे.)। शराबबंदी के बावजूद तस्करों के हथकंडे जारी हैं। राजपुर थाना पुलिस ने राजपुर-नोखा मार्ग पर बड़ी कार्रवाई करते हुए एक स्विफ्ट कार से 144.93 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद की है। पुलिस के अनुसार गश्ती के दौरान दिल्ली नंबर की संदिग्ध स्विफ्ट कार आती दिखी। कार पर पुलिस का स्टिकर लगा था ताकि चेकिंग से बचा जा सके। पुलिस को देख तस्कर चलती गाड़ी से कूदकर अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए।तलाशी में कार से विभिन्न ब्रांड की 144.93 लीटर शराब बरामद हुई। थानाध्यक्ष सुशांत कुमार ने बताया कि कार जब्त कर थाने लाई गई है। अज्ञात तस्करों और वाहन मालिक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर कारवाई की जा रही है। फरार तस्करों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है।

# छह बाइक,120 लीटर देसी शराब के साथ एक गिरफ्तार

डेहरी ऑन सोन (आससे.)। रोहतास जिले में शराब बेचने और पीने के खिलाफ चलाए जा रहे हैं विशेष अभियान के तहत पुलिस ने छह मोटरसाइकिलें ,120 लीटर देसी शराब के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। रोहतास के पुलिस कप्तान मिस्टर राज ने बताया कि यह कारवाई पुलिस ने दरिगांव थाना के मांझर कुंड पहाड़ पर करते हुए 6 बाइक ,120 लीटर देसी शराब के साथ गुड्डू सिंह थाना धनकड़ा ग्राम धौडाढ़ को गिरफ्तार किया है।

**ज्ञानमण्डल प्राइवेट लिमिटेड** के लिए ज्ञानमण्डल यंत्रालय, संत कबीर मार्ग, **वाराणसी** से- **ओम प्रकाश शर्मा** द्वारा मुद्रित और प्रकाशित। **सम्पादक- शार्दूल विक्रम गुप्त,** स्थानीय कार्यकारी **सम्पादक- शिवशंकर व्यास। गोरखपुरः** बैंक रोड, **प्रयागराजः** 3,लीडर रोड, **कानपुरः** बांसमण्डी, **झांसीः** झोंकन बाग, **लखनऊः** 1,जापलिंग रोड, **आगराः** महात्मा गांधी रोड, **बरेलीः** रोड नं. 3 परसाखेड़ा, **पटनाः** फ्रेजर रोड, **रांचीः** नामकुम इण्डस्ट्रियल एरिया, **जमशेदपुरः** न्यू काली माटी रोड-साकची।

वर्ष-107 पू.सं. 899678131022445
आर. एन. आई. रजिस्ट्रेशन नं. 2026/ 57
फोन:- 2393981 से 2393987 तक
E-Mail:ajvaranasi.1920@gmail.com
Website : www.ajhindidaily.com
पी.आर.बी. अधिनियम के अन्तर्गत समाचार चयन के लिए ओम प्रकाश शर्मा जिम्मेदार होंगे तथा समस्त विवाद वाराणसी न्यायालय के अधीन होंगे।

## हथियार, अपाची बाइक के साथ तीन गिरफ्तार

डेहरी ऑन सोन (आससे.)। सासाराम नगर थाना के गौरक्षणी के समीप पुलिस ने अपाची बाइक पर सवार दो युवकों और एक विधि विरुद्ध बालक समेत तीन लोगों को शुक्रवार को हथियार के साथ गिरफ्तार कर लिया। रोहतास के पुलिस कप्तान मिस्टर राज ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर आरा की तरफ से आ रहे हैं अपाची सवार तीन लोगों को गौरक्षणी के पास रोका गया। तलाशी के दौरान एक लोडेड देशी पिस्टल ,तीन जिंदा कारतूस के साथ संतोष कुमार 26 वर्ष, द्वारकापुरी रांची वर्तमान में कोचस देवरिया, सत्यम कुमार 22 वर्ष थाना हंटरगंज ग्राम चकला तथा एक विधि विरूद्ध बालक को दबोच लिया गया। तीनों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

**पूर्वोत्तर रेलवे** अधिसूचना संख्या 20/2026

(यह आवेदन रेलवे में नौकरी के लिए नहीं है)

पूर्वोत्तर रेलवे के वाराणसी मण्डल के हाल्ट/फ्लैग स्टेशनो पर हाल्ट स्टेशन से अनारक्षित टिकटों की बिक्री करने हेतु हाल्ट अभिकर्ता के चयन के लिए सील्ड आवेदन पत्र (फोटोयुक्त) संचालित किये जाने वाले हाल्ट स्टेशन से सम्बन्धित जिले में निवास करने वाले व्यक्तियों से आमंत्रित किये जाते हैं। आवेदन पत्र दिनांक 05-11-2026 को प्रातः 10:00 बजे से 17:00 बजे के मध्य उपस्थित होकर कार्यालय में जमा किया जा सकता है। निर्धारित समय के बाद किसी भी आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा। यदि अन्तिम तिथि के दिन किसी भी प्रकार का कोई अवकाश रहने की स्थिति में अगले कार्य दिवस में कार्यालय खुलने की तिथि/समय अन्तिम तिथि होगी।

| क्र. | हाल्ट स्टेशन का नाम | स्टेशनों के मध्य स्थित | | नियंत्रक स्टेशन |
|---|---|---|---|---|
| 1. | देवरहवा बाबा रोड | सतराँव (हाल्ट) | सलेमपुर | सलेमपुर |
| 2. | अहिल्यापुर | नूनखार | देवरिया | नूनखार |
| 3. | गंगौली | केराकत | मुफ्तीगंज | औड़िहार |
| 4. | संवरा | चिलकहर | रसड़ा | रसड़ा |
| 5. | गुरली रामगढवा | सिसवा बाजार | खड्डा | सिसवा बाजार |
| 6. | महुअवा खुर्द | बोदरवार | पिपराइच | पिपराइच |
| 7. | रजमलपुर | रसड़ा | रतनपुरा | रसड़ा |
| 8. | बहेड़वाँ | राजातालाब | निगतपुर | बनारस |
| 9. | तेनुआ डुमरिया | छपरा कचहरी | खैरा | खैरा |
| 10. | फरीदहा | औड़िहार जं. | डोभी | औड़िहार जं. |
| 11. | खन्जा | दीदारगंज रोड | शाहगंज | खोरासन रोड |
| 12. | छाता आसचौरा | बाँसडीह | सहतवार | सहतवार |
| 13. | बन्नी महम्मन पट्टी | खैरा | पटेरही | खैरा |
| 14. | सराय जगदीश | ज्ञानपुर रोड | भिटी | ज्ञानपुर रोड |
| 15. | मठिया बरघाट | लक्ष्मीगंज | कप्तानगंज | कप्तानगंज |
| 16. | करछुई | मैरवाँ | जीरादेई | मैरवाँ |
| 17. | जिगनीखास | फेफना | चिलकहर | बलिया |
| 18. | सहेडी | नन्दगंज | औंकुशपुर | औंकुशपुर |
| 19. | मुरादपुर | इन्दारा जं. | दोहरीघाट (हाल्ट) | इन्दारा जं. |
| 20. | शहबाजकुली | गाजीपुर सिटी | युसुफपुर | युसुफपुर |

क्रम सं.-01 से क्रम सं.-20 तक के लिये रिमार्क : नयी अधिसूचना

इस कार्य हेतु सफल निविदादाता द्वारा मोबाइल फोन/डिवाइस और इंटरनेट कनेक्शन स्वयं खरीदा जाना है एवं टिकटों की छपाई के लिए आवश्यक ब्लूटूथ सक्षम मोबाइल थर्मल प्रिंटर/डेस्कटाप थर्मल प्रिंटर रेलवे द्वारा क्रय कर हाल्ट अभिकर्ताओं को प्रदान किया जाना है, जिसके लिए हाल्ट अभिकर्ताओं को बैंक गारंटी/सावधि जमा धन रसीद/डिमांड ड्राफ्ट राशि लगभग (प्रिन्टर की राशि) रूपया 36000/- जमा करना होगा, साथ ही MUTS के माध्यम से टिकटों की बिक्री कराये जाने हेतु MUTS टिकट रेल के सिक्योरिटी डिपाजिट के रूप में रू. 25000/- का बैंक गारंटी/सावधि जमा/मनी रसीद/डिमांड ड्राफ्ट जमा करना होगा। सफल हाल्ट अभिकर्ता को अनुबंध के पूर्व जमानत राशि रु. 2000/- अभिकर्ता को अग्रिम रुप में जमा करना अनिवार्य होगा। उपरोक्त हाल्ट/फ्लैग स्टेशन के लिए निर्धारित आवेदन पत्र के प्रारूप में वर्णित अनिवार्य प्रमाण पत्रों का विस्तृत विवरण इस कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में उपस्थित होकर अथवा नियन्त्रक स्टेशन के स्टेशन अधीक्षक से प्राप्त किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त अधिसूचना सं 20/2026 एवं आवेदन पत्र का प्रारुप एवं अनिवार्य प्रमाण पत्रों की सम्पूर्ण जानकारी पूर्वोत्तर रेलवे के वेबसाइट *https://ner.indianrailways.gov.in* पर उपलब्ध है, जिससे जानकारी प्राप्त की जा सकती है। विषयगत हाल्ट पर अभिकर्ता की नियुक्ति रेलवे बोर्ड के मास्टर सरकुलर सं. 2017/TG-IV/RB/05/Halt Policy दिनांक 18-11-2019 के नियम सहित लागू होगा। आवेदन पत्र मण्डल कार्यालय में दिनांक 05-11-2026 को 17:00 बजे तक उपस्थित होकर आवेदन प्रपत्र कार्यालय में जमा किया जा सकता है।

मुजाधि/वाणिज्य-162 मण्डल रेल प्रबन्धक (वाणिज्य), वाराणसी

गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।

# भाजपा सरकार ने अयोध्यावासियों के साथ किया बहुत भेदभाव-अखिलेश

लखनऊ (आससे)। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा कि अयोध्या में प्रभु श्रीराम के मंदिर में चढ़ावा और चंदा की चोरी हुई। मुख्यमंत्री जी ने कहा था कि 15 दिन में दूध का दूध और पानी का पानी हो

### बलिया के गोसांईपुर पहुंचकर रामगोविन्द चौधरी की तेरहवीं में हुये शामिल

जाएगा। क्या दूध का दूध और पानी का पानी हो गया, अगर मुख्यमंत्री जी इतने आश्वस्त है तो मेरा सुझाव है कि अयोध्या से चुनाव लड़े। यह बातें उन्होने शुक्रवार को बलिया के गोसाईंपुर में पूर्व नेता विरोधी दल स्व. रामगोविन्द चौधरी के तेरहवीं कार्यक्रम में शामिल होने के बाद मीडिया से बातचीत में व्यक्त कीं। एक सवाल के जवाब में श्री यादव ने कहा कि सनातन सत्य और सेवा का



रास्ता है। सनातन समाजवादी और भाईचारे का रास्ता है। सनातन वसुधैव कुटुम्बकम का रास्ता दिखाता है। लेकिन जो लोग भेदभाव और नफरत करते है वे सनातनी नहीं हो सकते है। जो खुद को सेल्फ अटेस्टेड सनातनी कहते हैं उनकी देखरेख में भगवान श्रीराम के मंदिर में चढ़ावा और चंदे की चोरी हो गयी। श्रद्धालुओं ने श्रद्धा के साथ जो दान किया था उसकी लूट हो गयी। इस चोरी और लूट में भाजपा के लोग शामिल है। उन्होने कहा कि रामगोविन्द चौधरी जमीन से जुड़े नेता थे। उनकी बातों में जनता का दु:ख दर्द होता था। उन्होंने किसानों, नौजवानों, गरीबों, मजदूरों की लड़ाई लड़ी, उनको सम्मान दिलाने के लिए पूरा जीवन लगा दिया। वे पक्ष एवं विपक्ष सभी गंभीरता से सुनते थे। उनकी बाते विवेक भरी होती थी। उनके तीखे तर्को का कोई विपक्षी जवाब नहीं दे पाता था। वह एक विचार देकर गये हैं। हम सबकी जिम्मेदारी और संकल्प है कि उनके विचार और संघर्ष को आगे बढ़ाये। वह बलिया के बल थे। राजनीति में वे कभी झुके नहीं। इस अवसर पर श्री यादव ने कहा कि भाजपा सरकार ने अयोध्यावासियों के साथ बहुत भेदभाव किया है। उनके दुकान-मकान और जमीनें छीन ली गयी। जमीनों का बाजार भाव नहीं मिला। अयोध्या में डबल और ट्रिपल सभी सरकार भाजपा की है। लेकिन अयोध्यावासियों के साथ न्याय नहीं हुआ। भाजपा ने उन्हें धोखा दिया।

## परिवार संग सीजेपी के प्रदर्शन में शामिल होंगे केजरीवाल

नयी दिल्ली (आससे)। आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने शुक्रवार को घोषणा की कि वह और उनका परिवार कल यानी 10 अक्तूबर को जंतर-मंतर पर होने वाले कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के विरोध प्रदर्शन में शामिल होंगे। यह प्रदर्शन मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर आयोजित किया जा रहा है। सीजेपी ने मतदाता सूची में कथित धांधली और वोट चोरी का आरोप लगाते हुए मुख्य निर्वाचन आयुक्त के इस्तीफे की मांग की है। पत्रकारों से बात करते हुए अरविंद केजरीवाल ने केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला और वोटिंग लिस्ट से छेड़छाड़ करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि जो लोग भाजपा को वोट नहीं देते, उनके नाम मतदाता सूची से हटाए जा रहे हैं और फर्जी वोट जोड़े जा रहे हैं। यह सब ज्ञानेश कुमार की देखरेख में खुलेआम हो रहा है।

## 39 सहायक विकास अधिकारी बने संयुक्त खण्ड विकास अधिकारी

लखनऊ (आससे)। उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य की पहल व उनके निर्देश पर उत्तर प्रदेश में ग्राम्य विकास विभाग के अंतर्गत कार्यरत अधिकारियों के पदोन्नति की प्रक्रिया को गति देते हुए एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। उत्तर प्रदेश के ग्राम्य विकास आयुक्त श्री प्रमोद कुमार उपाध्याय की अध्यक्षता में दिनांक 8 अक्टूबर, 2026 को विभागीय चयन समिति (डीपीसी) की महत्वपूर्ण बैठक मानव सम्पदा पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आयोजित की गई।बैठक के दौरान सहायक विकास अधिकारियों (ग्राम्य विकास) के सेवा रिकॉर्ड, वरिष्ठता और विभागीय मापदंडों की गहन समीक्षा की गई। पारदर्शी व्यवस्था के तहत समीक्षा के उपरांत समिति द्वारा सर्वसम्मति से 39 सहायक विकास अधिकारियों (ग्राम्य विकास) को संयुक्त खण्ड विकास अधिकारी के पद पर पदोन्नत करने का निर्णय लिया गया।

# कांशीरामको पुण्यतिथि पर मायावती ने दी श्रद्धांजलि

लखनऊ (आससे)। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की अध्यक्ष मायावती ने पार्टी के संस्थापक कांशीराम की पुण्यतिथि पर शुक्रवार को उन्हें श्रद्धांजलि दी और केंद्र सरकार से उन्हें देश के सर्वोच्च

### बसपा सुप्रीमोने की मान्यवर को भारत रत्न दिलानेकी मांग

नागरिक सम्मान भारत रत्न से सम्मानित किए जाने की मांग की। मायावती ने सामाजिक परिवर्तन एवं आर्थिक मुक्ति के लिए कांशीराम के योगदान को याद किया। मायावती ने कहा कि कांशीराम के मिशन की बदौलत उत्तर प्रदेश में उनके (मायावती के) नेतृत्व में बसपा की सरकार चार बार बनी और सामाजिक परिवर्तन एवं आर्थिक मुक्ति की दिशा में ऐतिहासिक कार्य किए गए। मायावती ने सोशल मीडिया मंच



एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि कांशीराम ने सदियों से जाति के आधार पर शोषित और पिछड़े बहुजन समाज के करोड़ों दलितों, आदिवासियों, पिछड़ों और अन्य कमजोर वर्गों को वोट की ताकत से सत्ता की मास्टर चाबी दिलाने के लिए काम किया। उन्होंने कहा, कांशीराम ने इन वर्गों को शोषित से शासक वर्ग बनाने और उनके मसीहा बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर के आत्मसम्मान एवं स्वाभिमान के रुके और बिखरे हुए कारवां को उसकी मंजिल तक पहुंचाने के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। मायावती ने बसपा परिवार की ओर से कांशीराम की पुण्यतिथि पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। बसपा अध्यक्ष ने कहा, कांशीराम के मिशनरी संकल्प का ही यह सुखद परिणाम था कि उत्तर प्रदेश जैसे विशाल एवं महत्वपूर्ण राज्य में मेरे नेतृत्व में बसपा की सरकार चार बार बनी।

# लखनऊ स्थित नौसेना शौर्य संग्रहालय का होगा विस्तार

लखनऊ (आससे)। लखनऊ में पर्यटन को नया आयाम देने के लिए विकसित किए जा रहे नौसेना शौर्य संग्रहालय का विस्तार होगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में शुक्रवार को हुई कैबिनेट बैठक में संग्रहालय के तीसरे चरण के तहत वाटर बॉडी विकसित करने के लिए करीब 6.8 एकड़ जमीन पर्यटन विभाग को उपलब्ध कराने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। साथ ही संग्रहालय परिसर के संचालन और रखरखाव की जिम्मेदारी लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) को सौंपने का भी निर्णय लिया गया। वाटर बॉडी विकसित करने के लिए एलडीए संबंधित 6.8 एकड़ भूमि पर्यटन विभाग को एक लाख रुपये की टोकन मनी पर उपलब्ध कराएगा। परियोजना के तहत नौसेना के जहाजों की प्रतिकृतियां, बोटिंग, लाइट एंड साउंड शो के साथ जलीय जीवन और समुद्री जैव विविधता से जुड़ी प्रदर्शनियां विकसित की जाएंगी। इससे नौसेना शौर्य संग्रहालय को एक ऐसे पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करने की योजना है, जहां लोग देश के समुद्री इतिहास और नौसेना की तकनीक को करीब से जानने के साथ मनोरंजन का भी आनंद ले सकेंगे। उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग भारतीय नौसेना के सहयोग से नौसेना शौर्य संग्रहालय विकसित कर रहा है। इसका उद्देश्य पर्यटकों को देश की समुद्री विरासत और नौसेना की सामरिक ताकत से रूबरू कराने के साथ अनुभवात्मक व ज्ञान आधारित पर्यटन को बढ़ावा देना है। संग्रहालय में नौसेना के उपकरणों, समुद्री इतिहास और देश की रक्षा क्षमताओं की झलक देखने को मिलेगी।

# नवरात्रि से पहले मिलावटखोरों पर यूपी में बड़ा शिकंजा

लखनऊ (आससे)। नवरात्रि पर्व में श्रद्धालुओं को शुद्ध, सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराने के लिए खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, उत्तर प्रदेश ने मिलावटखोरों के खिलाफ कार्रवाई और तेज कर दी है। 'शुद्ध ही शुभ है' अभियान के तहत 8 और 9 अक्टूबर को प्रदेशभर में व्यापक प्रवर्तन अभियान चलाया। अभियान में घी, मिल्क क्रीम, खाद्य तेल, वनस्पति, कुटू एवं सिंघाड़े के आटे और अन्य फलाहारी खाद्य पदार्थों के निर्माण, भंडारण और बिक्री प्रतिष्ठानों की सघन जांच की गई। प्रदेश में हुई कार्रवाई के समेकित आंकड़ों के अनुसार करीब 22,642 किलोग्राम खाद्य पदार्थ जब्त किए गए, जिनका अनुमानित मूल्य करीब 1.04 करोड़ रुपये है। वहीं एटा में 1,500 किलोग्राम पनीर, जिसकी कीमत 3.97 लाख रुपये थी, मौके पर ही नष्ट कराया गया। गंभीर अनियमितताओं के मामलों में हापुड़ और एटा में दो प्राथमिकी भी दर्ज कराई गई हैं।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर/कार्य, वास्ते मुख्य कारखाना प्रबन्धक, यांत्रिक कारखाना, गोरखपुर द्वारा नीचे लिखे कार्य के लिये आनलाईन (ई-टेण्डरिंग) के माध्यम से खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती हैं।

क्रम सं.-01, ई-निविदा सूचना सं. एवं निविदा कार्य का विवरण: टेण्डर नं.: "24-जीकेपी-एमडब्लूएस-2026-27", "रिपेयरिंग एंड मॉडिफिकेशन ऑफ व्हील सेट अर्थिंग इक्विपमेंट ऑफ एलएचबी बोगीज ऐट मैकेनिकल वर्कशॉप, गोरखपुर।", अनुमानित लागत (रू०में): ₹ 2,08,84,584/-, धरोहर राशि (रू०में): ₹ 4,17,700/-, निविदा प्रपत्र का मूल्य: शून्य, निविदा समापन की तिथि एवं अवधि: 11:00 बजे दिनांक 31-10-2026, संविदा की अवधि: 12 माह। क्रम सं.-02, ई-निविदा सूचना सं. एवं निविदा कार्य का विवरण: टेण्डर नं.: "28-जीकेपी-एमडब्लूएस-2026-27", "रेडिनेस एण्ड अप-ग्रेडेसन ऑफ आईसीएफ कोचिंग स्टॉक फॉर अपकमिंग कुम्भ मेला ऐट उज्जैन, नासिक एण्ड हरिद्वार, क्वान्टिटी-03 रैक (60 कोचेज) सैक्संड अंडर पीएच-21 वाईड बल्क आरएसपी पिंक बुक नंबर 840/26-27 & एलोकेशन कैप फॉर जीकेपीएस", अनुमानित लागत (रू०में): ₹ 1,78,82,665.20, धरोहर राशि (रू०में): ₹ 3,57,700/-, निविदा प्रपत्र का मूल्य: शून्य, निविदा समापन की तिथि एवं अवधि: 11:00 बजे दिनांक 31-10-2026, संविदा की अवधि: 06 माह।

• उपरोक्त ई-निविदाओं का पूर्ण विवरण एवं निविदा में भाग लेने हेतु भारतीय रेल की वेबसाइट *http://www.ireps.gov.in* पर देखें।

उप मुख्य यांत्रिक इंजी०/कार्य, यां० कार०

मुजाधि/यांत्रिक-93 गोरखपुर

गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।

## कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी बिरनों-गाजीपुर

### अति अल्पकालिक ई-निविदा सूचना

एतद द्वारा वाणिज्य कर / आयकर कार्यालय में पंजीकृत फर्मो को सूचित किया जाता है कि डा.बी. आर. अम्बेडकर मूर्ति विकास योजनान्तर्गत कराये जाने वाले कार्यों पर सामग्री की आपूर्ति एवं निर्माण सम्बन्धित समस्त कार्य कराने हेतु दिनांक 10/10/26 को दोपहर 3:00 बजे से दिनांक 27/10/26 दोपहर 12 तक ई-निविदा आमंत्रित किया जाता है, जो उसी दिन दिनांक 27.10.26 को 12 बजे के बाद अधोहस्ताक्षरी द्वारा कय समिति एवं टेण्डर दाताओं (जो उपस्थित रहना चाहते हैं) के समक्ष खोला जायेगा । ई-निविदा दिनांक 10.10.2026 से 27.10.2026 दोपहर 12 बजे तक ई-टेण्डर की वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध रहेगा। नियम एवं शर्त कार्यालय दिवस में प्रात: 10.00 बजे से सायं 5.00 बजे तक देखी व पढ़ी जा सकती है। शर्ते निम्नवत है-

1- फर्म वाणिज्य / जी०एस०टी०, आयकर कार्यालय में पंजीकृत होना चाहिए। निविदादाता विकास खण्ड में पंजीकृत होना अनिवार्य हैं।
2- जिस फर्म का आपूर्ति दर सबसे कम होगा उसी को आपूर्ति करने एवं निर्माण कार्य कराने हेतु स्वीकृति प्रदान की जायेगी परन्तु दर पी.डब्लू.डी. की दर से अधिक नहीं होना चाहिए।
3- निविदा दर में सभी कर सम्मिलित रहना चाहिए। विभाग द्वारा कर के रूप में कोई अतिरिक्त देय नहीं होगा।
4 बिना कारण बतायें किसी भी समय निविदा निरस्त किये जाने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा।
5- राशर्त निविदा स्वीकार नही किया जायेंगा।
6- कार्यस्थल एवं अन्य किसी भी प्रकार की जानकारी विकास खण्ड कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है।
7- टेण्डर स्वीकृति के उपरान्त निविदा मूल्य का 10 प्रतिशत अनुबन्ध के समय देना अनिवार्य होगा।
8- टेण्डर उसी फर्म का स्वीकार होगा जो स्वीकृत धनराशि का 2 प्रतिशत जमानत की धनराशि फिक्सडिपोजिट या एन०एस०सी० खण्ड विकास अधिकारी, विरन्नों-गाजीपुर के नाम से बन्धक एवं निविदा प्रपत्र के मूल्य की राशि का बैंक ड्राफ्ट खण्ड विकास अधिकारी के नाम जमा करेगा।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | प्राक्कलित ला./अन. ला (लाख में) | धरोहर की धनराशि (2%) (रू. में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | ग्राम पंचायत धनेशपुर में डॉ बी०आर० अम्बेडकर मूर्ति के चहारदिवारी व सुन्दरीकरण का कार्य। | 10.00 | 20000.00 | 677.00 | 03 माह |
| 2 | ग्राम पंचायत ताँती में डॉ बी०आर० अम्बेडकर मूर्ति के चहारदिवारी व सुन्दरीकरण का कार्य। | 10.00 | 20000.00 | 677.00 | 03 माह |
| 3 | ग्राम पंचायत मुस्तफाबाद में डॉ बी०आर० अम्बेडकर मूर्ति के चहारदिवारी व सुन्दरीकरण का कार्य । | 10.00 | 20000.00 | 677.00 | 03 माह |
| 4 | ग्राम पंचायत नखतपुर में डॉ बी०आर० अम्बेडकर मूर्ति के चहारदिवारी व सुन्दरीकरण का कार्य । | 10.00 | 20000.00 | 677.00 | 03 माह |
| 5 | ग्राम पंचायत हरिहरपुर में डॉ बी०आर० अम्बेडकर मूर्ति के चहारदिवारी व सुन्दरीकरण का कार्य । | 10.00 | 20000.00 | 677.00 | 03 माह |

निविदा विवरण आनलाइन http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है जो दिनांक 10.10.2026 से देखा व डाउनलोड किया जा सकता है। विस्तृत विवरण एवं अन्य जानकारियां कार्यालय से सम्पर्क कर प्राप्त की जा सकती हैं।

खण्ड विकास अधिकारी
बिरनों-गाजीपुर

पत्रांक: 984/ ई-निविदा/2026-27/ दिनांक-06.10.2026

## शेष

### नरेन्द्र मोदी...

प्रधानमंत्री जी ने सरकार के मुखिया के रूप में 25 वर्षों की निरंतर और समर्पित सार्वजनिक सेवा पूरी की। यह भारतीय लोकतांत्रिक इतिहास का गौरवपूर्ण अध्याय है। 25 वर्षों की यह यात्रा 'सेवा, समर्पण और राष्ट्र प्रथम' की भावना से संचालित रही है। यह यात्रा केवल सत्ता या शासन की यात्रा नहीं, बल्कि 'जनसेवा से जनकल्याण और जनभागीदारी से जनविश्वास' की यात्रा है। लखनऊ में पर्यटन को नया आयाम देने के लिए विकसित किए जा रहे नौसेना शौर्य संग्रहालय का विस्तार होगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में शुक्रवार को हुई कैबिनेट बैठक में संग्रहालय के तीसरे चरण के तहत वाटर बॉडी विकसित करने के लिए करीब 6.8 एकड़ जमीन पर्यटन विभाग को उपलब्ध कराने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। साथ ही संग्रहालय परिसर के संचालन और रखरखाव की जिम्मेदारी लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) को सौंपने का भी निर्णय लिया गया। वाटर बॉडी विकसित करने के लिए एलडीए संबंधित 6.8 एकड़ भूमि पर्यटन विभाग को एक लाख रुपये की टोकन मनी पर उपलब्ध कराएगा। परियोजना के तहत नौसेना के जहाजों की प्रतिकृतियां, बोटिंग, लाइट एंड साउंड शो के साथ जलीय जीवन और समुद्री जैव विविधता से जुड़ी प्रदर्शनियां विकसित की जाएंगी।

### राज्य कर्मचारियों...

को आर्थिक सुरक्षा मिलेगी। इसके अतिरिक्त, कर्मचारियों को 30 लाख रुपये तक का अतिरिक्त स्वास्थ्य बीमा कवर भी उपलब्ध कराया जाएगा। इसके लिए मात्र सात रुपये प्रतिदिन के नाममात्र प्रीमियम की व्यवस्था की गई है। इससे कर्मचारियों और उनके परिवारों को गंभीर बीमारी अथवा आकस्मिक स्वास्थ्य खर्चों के समय अतिरिक्त वित्तीय सुरक्षा मिल सकेगी। व्यवस्था के तहत आश्रित बच्चों की शिक्षा के लिए आठ लाख रुपये तक की अतिरिक्त सहायता का प्रावधान भी किया गया है। इसके साथ ही कर्मचारियों को 10 लाख रुपये का सावधि जीवन बीमा कवर भी मिलेगा। एमओयू के तहत कर्मचारियों के लिए विशेष वेतन खाता उपलब्ध कराया जाएगा। इसमें विभिन्न बैंकिंग सुविधाओं के साथ सुरक्षा और कल्याण से जुड़े अतिरिक्त लाभ भी मिलेंगे।

### मैं कारोबार...

इंटरनेट सेवाओं को कथित तौर पर घरेलू कारोबारी हितों के कारण रोके जाने के आरोपों को भारत सरकार ने खारिज किया है। इसी विवाद के बीच एलन मस्क ने सवाल उठाया था कि क्या मुकेश अंबानी भारत के असली बॉस हैं। मस्क ने एक्स पर लिखा था, स्टारलिंक को 165 से अधिक देशों में लाइसेंस मिला हुआ है। कंपनी ने भारत सरकार के हर कानून और शर्त का पालन करने में पांच साल बिताए हैं। फिर भी अब तक लाइसेंस क्यों नहीं मिला? उन्होंने आगे सवाल किया, क्या अंबानी भारत के असली बॉस हैं? मस्क की पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए राहुल गांधी ने लिखा, भारत में आपका स्वागत है, एलन। दूसरे शख्स के बारे में जानने के बाद इंतजार कीजिए। राहुल गांधी के जवाब पर मस्क ने उन्हें धन्यवाद दिया और कहा कि यह वास्तव में चिंता का विषय है।

### प्रदर्शनसे पूर्व...

संपत्ति को संभावित नुकसान या किसी व्यक्ति के घायल होने की आशंका को देखते हुए प्रतिष्ठान बंद रखने का फैसला लिया है। व्यापारियों ने बताया कि सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए यह कदम एहतियात के तौर पर उठाया है। मौजूदा परिस्थितियों को देखते हुए व्यापारियों और कर्मचारियों की सुरक्षा सबसे महत्वपूर्ण है। नमो भारत यात्रियों के लिए महत्वपूर्ण सूचना है। दिल्ली में प्रस्तावित प्रदर्शन के चलते सराय काले खां और न्यू अशोक नगर नमो भारत स्टेशन 9 अक्तूबर की रात नौ बजे से 10 अक्तूबर की रात 10 बजे तक बंद रहेंगे। इस दौरान दोनों स्टेशनों पर यात्रियों का प्रवेश और नमो भारत ट्रेन सेवाओं का संचालन उपलब्ध नहीं रहेगा। एनसीआरटीसी के अनुसार, आनंद विहार (दिल्ली) से मोदीपुरम (उत्तर प्रदेश) के बीच नमो भारत ट्रेन सेवाएं अपने निर्धारित समय के अनुसार सुचारू रूप से चलती रहेंगी। यात्रियों को सलाह दी गई है कि वे दोनों स्टेशनों के बंद रहने की अवधि को ध्यान में रखते हुए अपनी यात्रा की योजना बनाएं। यात्रियों को होने वाली असुविधा के लिए संबंधित एजेंसी ने खेद जताया है।

### प्रदर्शनको लेकर...

मेट्रो ट्रेनों की आवाजाही पर पूरी तरह रोक नहीं लगाई जाएगी। पीठ ने कहा कि कुछ मेट्रो स्टेशनों पर सेवाएं पूरी तरह रोकने के बजाय उन्हें नियंत्रित तरीके से चलाने पर विचार किया जाना चाहिए। एहतियाती कदम उठाते समय आनुपातिकता के सिद्धांत का पालन जरूरी है। अदालत ने अधिकारियों को सेवाओं के संचालन संबंधी फैसलों का व्यापक प्रचार करने और यात्रियों की सुविधा के लिए ट्रैफिक एडवाइजरी जारी करने का भी निर्देश दिया। सुनवाई के दौरान शांतिपूर्ण प्रदर्शन के लिए सुविधायुक्त वैकल्पिक स्थान तय करने का सुझाव भी आया। सॉलिसिटर जनरल ने इस पर विचार करने की सहमति जताई, जिसके बाद अदालत ने केंद्र से उचित स्थान निर्धारित करने के संबंध में निर्णय लेने को कहा। प्रस्तावित प्रदर्शन से पहले दिल्ली के 57 मेट्रो स्टेशन बंद करने और नई दिल्ली तथा हजरत निजामुद्दीन रेलवे स्टेशनों पर आने वाली कई ट्रेनों को रद्द करने या उनके समय में बदलाव की आशंका को लेकर चिंता जताई गई थी।

### यूपीमें राज्यसभा...

अनुसार भाजपा गठबंधन आठ और सपा दो सीटों पर काबिज रही। बसपा का राज्यसभा में प्रतिनिधित्व समाप्त हो गया। रिटर्निंग अधिकारी ने निर्विरोध निर्वाचन की औपचारिक घोषणा कर दी है। नवनिर्वाचित राज्यसभा सदस्यों को यूपी विधानसभा में चुनाव सर्टिफिकेट मिल गये हैं। नवनिर्वाचित राज्यसभा सांसद प्रकाश पाल ने कहा कि मैं पिछले 36 वर्षों से पार्टी के विभिन्न दायित्वों की जिम्मेदारी उठा रहा हूं। अब सदन में प्रदेश और देश की जनता की समस्या उठाने का काम करूंगा। आज 10 में से आठ सीटें भाजपा जीती है और ये परिणाम का ट्रेंड विधानसभा चुनाव तक चलेगा।

### सीजेपी के...

के खिलाफ प्रदर्शन का ऐलान किया है। पार्टी का आरोप है कि विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के कारण लाखों पात्र मतदाताओं के नाम वोटर लिस्ट से हटाए गए हैं। प्रस्तावित प्रदर्शन के मद्देनजर दिल्ली में सुरक्षा बढ़ा दी गई है। मेट्रो के 57 स्टेशनों को बंद करने और कई ट्रेनों को रद्द करने का फैसला किया गया है। पुलिस और रैपिड एक्शन फोर्स (आरएएफ) की भी तैनाती की जा रही है।

### उपचुनाव : बंगालमें...

ने शुक्रवार को असम, पश्चिम बंगाल और पुडुचेरी के उपचुनावों में बीजेपी-एनडीए को आशीर्वाद देने के लिए लोगों का आभार जताया और कहा कि यह जीत एक बार फिर दिखाती है कि लोगों का गठबंधन के सुशासन के एजेंडे से गहरा जुड़ाव है। उपचुनाव के नतीजों पर नंदीग्राम से बीजेपी की उम्मीदवार हासीरानी रथ ने कहा, यह रिकॉर्ड जीत सुवेंदु अधिकारी के मुख्यमंत्री होने का नतीजा है। पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के समय में हमारे कार्यकर्ताओं का उत्पीड़न किया जाता था और उन्हें वोट नहीं डालने दिया जाता था, लेकिन अब ऐसा नहीं है। नंदीग्राम सबसे अशांत इलाका था, मुख्यमंत्री के कारण यहां लोकतंत्र फिर से बहाल हुआ है। इस बार चुनाव में कोई खून-खराबा नहीं हुआ; न तो बम फेंके गए और न ही गोलियां चलाई गईं।

### भारतवंशी नवी...

हिस्सा माना जा सकता है। इसी मामले में उनकी दूरदर्शिता से एक और कानूनी सफलता मिली, जब पहली बार केवल नफरती प्रोपेगैंडा फैलाकर नरसंहार भड़काने के आधार पर किसी आरोपी पर मुकदमा चलाया गया। उन्होंने अपनी निष्पक्षता, विशेषज्ञता और दृढ़ता से यह साबित किया कि कानूनी तंत्र युद्ध और हिंसा के कृत्यों को रोकने में कारगर हो सकते हैं। वे हमारे समय की सबसे सम्मानित अंतरराष्ट्रीय कानूनविदों में से एक हैं। रवांडा नरसंहार मामले में अहम भूमिका नवी पिल्लई ने रवांडा के लिए गठित अंतरराष्ट्रीय आपराधिक न्यायाधिकरण में न्यायाधीश और अध्यक्ष के रूप में काम किया।

### धोखेबाजीका खेल...

प्रदेश सूचना आयोग को निर्देशित किया कि जन सूचना अधिकारी कार्यालय जिला विद्यालय निरीक्षक गाज़ीपुर के विरुद्ध आरोपित अर्थदण्ड पच्चीस हजार रुपए की वसूली उनके वेतन से दो समान किस्तों में कराया जाना सुनिश्चित करें तथा वसूली की गयी धनराशि निर्धारित लेखा शीर्ष में जमा कराई जाय और अनुपालन आख्या उपलब्ध कराई जाय। शिकायतकर्ता अंगद यादव के अनुसार, आरोपी कोमल सिंह यादव ने वर्ष 1988 में पीएन इण्टर कालेज मरदह गाज़ीपुर से इण्टर की परीक्षा दी जिसमें व अनुत्तीर्ण रहे। इसके उपरांत कोमल सिंह यादव ने वर्ष 1989 में पीएन इण्टर कालेज मरदह गाज़ीपुर से इण्टर की परीक्षा में संस्थागत और जनता आदर्श इण्टर कालेज लहुरापुर से व्यक्तिगत छात्र के रूप में आवेदन किया। परीक्षाफल गजट के अनुसार वे संस्थागत परीक्षा में अनुपस्थित (डब्ल्यूई) तथा व्यक्तिगत परीक्षा में (डब्ल्यूई) दर्ज है। इसके बाद कोमल सिंह यादव ने सत्र 1996-97 में शांति निकेतन इण्टर कालेज बरही में इण्टर में प्रवेश लिया और 1997 में इण्टर की परीक्षा द्वितीय श्रेणी से उत्तीर्ण की। इसके बाद उन्होंने श्री राधा रमण महाविद्यालय आदर्शों विद्यापीठ रुहीपुर गाज़ीपुर में संस्थागत छात्र के रूप में प्रवेश लिया। इसके साथ ही जिला विद्यालय निरीक्षक ने आरटीआई में सूचना दी थी कि एक सितम्बर 1993 से शांति निकेतन इण्टर कालेज बरही में प्रबन्धक द्वारा कोमल सिंह यादव एलटी ग्रेड में शिक्षक नियुक्त हैं और उनकी योग्यता बीए, बी-एड दर्शायी गयी है। शिकायतकर्ता अंगद सिंह यादव ने माननीय मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश शासन, अपर मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश सहित अन्य अधिकारियों को सारे अभिलेख उपलब्ध कराते हुए कहा कि कोमल सिंह यादव ने वर्ष 1997 में इण्टर की परीक्षा पास की जबकि इससे पहले ही वह फर्जी आधार पर 1993 में कैसे शिक्षक बनाये गये, इसकी वास्तविक रूप से जांच कराया जाना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि यदि मामले में निष्पक्ष जांच और कार्यवाही नहीं हुई तो इसका सत्य उजागर करने के लिए वह माननीय उच्च न्यायालय में भी वाद दाखिल करेंगे ताकि शिक्षा विभाग में फैले भ्रष्टाचार का पर्दाफाश हो सके और दोषियों को दण्ड मिल सके।





# भारत १९वीं बार २०० के पार

## दूसरा टी-२० :सैमसन ने जड़ा अर्द्धशतक, किशन, तिलक, अय्यर भी गरजे, वेस्टइण्डीज को मिला २५० रन का लक्ष्य



**रांची।(आससे)।** संजू सैमसन (८२) के विस्फोटक अर्द्धशतक तथा उनकी ईशान किशन (४३) के साथ दूसरे विकेट के लिए ४३ गेंद में की गयी ९७ रन और कप्तान श्रेयस अय्यर (४०) तथा तिलक वर्मा (अजेय ४४) के बीच पांचवें विकेट के लिए ३२ गेंद में की गयी ८३ रन की साझेदारी के दम पर भारत ने पांच मैच की टी-२० शृंखला के दूसरे मुकाबले में शुक्रवार को वेस्टइण्डीज के खिलाफ २० ओवर में पांच विकेट पर २४९ रन का बड़ा स्कोर खड़ा कर दिया। टी-२० में भारत ने १९वीं बार २०० से अधिक का आंकड़ा पार किया। लोकल ब्वाय वैभव सूर्यवंशी को फिर मौका नहीं मिला और टास हर कर बल्लेबाजी को बाध्य भारत की मजबूत नींव तैयार करने संजू सैमसन और अभिषेक शर्मा की जोड़ी २२ गज की पट्टी पर उतरी। इधर वेस्टइण्डीज की तरफ से गेंदबाजी की कमान संभाली बायें हाथ के स्पिनर अकील हुसैन ने जिनकी अन्तिम गेंद पर अभिषेक ने छक्का जड़ आत्मविश्वास हासिल किया। आत्मविश्वास मिला तो अभिषेक अपने चिर परिचित अंदाज में आ गये और उन्होंने दूसरे छोर से आये रोमारियो शेफर्ड की दो गेंदों को चार रनों के लिए सीमा रेखा के पार भेंज इस ओवर से टीम के खाते में १० रन जोड़ दिये। कई मैचों से बल्ले से निराश कर रहे संजू सैमसन ने अकील के दूसरे ओवर की पहली गेंद का स्वागत चौके से किया फिर नो बाल पर मिली फ्री हिट का फायदा उठाते हुए उसे लांग आन से छह रनों के लिए सीमा रेखा के पार करा दिया। अकील हुसैन का दूसरा ओवर भी मंहगा साबित हुआ जिसमें भारतीय बल्लेबाजों ने १४ रन हासिल किए। कैरेबियाई टीम के कप्तान शाई होप ने एक ओवर बाद ही रोमारियो शेफर्ड को हटा कर रोस्टन चेज को मोर्चे पर लगाया जिनका स्वागत सैमसन ने चौके से किया लेकिन चेज ने अपने कप्तान के भरोसे को टूटने नहीं दिया और अभिषेक शर्मा को गुडाकेश मोती के हाथों कैच करा भारत को बड़ा झटका दे दिया। अभिषेक ने मिड-ऑन के ऊपर से शॉट खेलने की कोशिश की लेकिन गेंद बल्ले पर ठीक से नहीं आई और मोती ने आसान कैच पकड़ लिया। अभिषेक ने १२ गेंद में दो चौके, एक छक्के की मदद से २० रन बनाये। इधर रन के भूखे संजू लय में आ चुके थे और उन्होंने तीसरा ओवर लेकर आये अकील हुसैन की बेरहमी से धुनाई करते हुए दो चौका, दो छक्का जड़ दिये। अकील ने इस ओवर में २२ रन लुटाए। सैमसन ने गेंदबाजी को वापस लौटे रोमारियो शेफर्ड की गेंद पर दो चौका लगा २१ गेंद में अर्द्धशतक पूरा किया और राहत भरी सांस ली। हालांकि इस दौरान उन्हें दो बार जीवनदान भी मिला। सैमसन की इस पारी का नतीजा रहा कि भारत ने पावरप्ले में एक विकेट पर ७९ रन बना लिए। पावर प्ले के बाद ईशान किशन ने हाथ खोला और पहले गुडाकेश मोती पर छक्का फिर रोस्टन चेज पर चौका जड़ अपने इरादे जता दिये। होप अपने सभी गेंदबाजों को बदल-बदल कर लगा रहे थे लेकिन भारतीय बल्लेबाजों को कोई भी बांध नहीं सक रहा था और रन तेजी से भारत के खाते में जुड़ते जा रहे थे। आखिरकार रोस्टन चेज ने इस जोड़ी को ईशान किशन को बोल्ड कर तोड़ा जिन्होंने २२ गेंद में छह चौके, दो छक्के की मदद से ४३ रन बनाये और सैमसन के साथ दूसरे विकेट के लिए ४३ गेंद में ९७ रन जोड़े। बल्लेबाजी क्रम में ऊपर भेजे गये शिवम दूबे मौके का फायदा नहीं उठा सके और केवल सात रन बना कर चेज के तीसरे शिकार हो गये। इसके बाद संजू सैमसन की भी लय टूट गयी और वे ४१ गेंद में नौ चौके, चार छक्के की मदद से ८२ रन बना कर शमर स्प्रिंगर को अपना विकेट दे बैठे। भारत को चौथा झटका १६२ रन पर लगा। इसके बाद कप्तान श्रेयस अय्यर के साथ तिलक वर्मा ने मोर्चा संभाल लिया और आक्रामक तेवर के साथ गेंद को सीमा रेखा के पार पहुंचाते हुए तेजी से रन बटोरने लगे जिससे भारत ने २० ओवर में पांच विकेट पर २४९ रन का बड़ा स्कोर खड़ा कर लिया। श्रेयस ने पवेलियन लौटने से पहले १८ गेंद में तीन चौके, तीन छक्के की मदद से ४० रन बनाये जबकि तिलक वर्मा १८ गेंद में इतने ही चौके, छक्के की सहायता से ४४ रन बना कर अजेय लौटे। दोनों ने पांचवें विकेट के लिए ३२ गेंद में ८३ रन जोड़े। रोस्टन चेज ने तीन विकेट चटकाये।

# विश्वकप से पहले भारत को सुलझानी होगी चयनकी गुत्थी

### बैकअप ओपनर तैयार नहीं, मध्यक्रम भी चुनौती

**नयी दिल्ली (एजेन्सियां)।** एकदिनी विश्वकपका कार्यक्रम घोषित हो चुका है और इसके साथ ही इस वैश्विक टूर्नामेंटका काउंटडाउन भी शुरू हो गया है। दक्षिण अफ्रीका, नामीबिया और जिम्बाब्वेकी संयुक्त मेजबानी में अगले साल यह विश्वकप खेला जाना है। टीम मैनेजमेंट और चयनकर्ताओंके सामने भारतीय टीमको लेकर कई बड़े सवाल हैं जिनका जवाब और समाधान वक्त रहते खोजना है। भारतीय टीम अपने अभियानकी शुरुआत सात अक्तूबर को गत चैम्पियन आस्ट्रेलियाके खिलाफ करेगी। ये मुकाबला केप टाउनमें खेला जायेगा। इसके बाद भारतका सामना चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तानसे १० अक्तूबर को जोहानिसबर्ग में होगा। फिर भारतीय टीम १४ अक्तूबरको अफगानिस्तान, १७ अक्तूबरको क्वालिफायर-ए टीम और ग्रुप चरणके अंतिम मैच में २४ अक्तूबर को सह मेजबान जिम्बाब्वेका सामना करेगी। शुभमन गिल और रोहित शर्मा पारी का आगाज करेंगे यह बात तो अब लगभग तय नजर आ रही है लेकिन अगर इन दोनों बल्लेबाजोंमें से कोई एक चोटिल हो जाता है तो भारतने अब तक बैकअप ओपनर तैयार नहीं किये हैं। यशस्वी जायसवालको हर बार एकदिनी टीम में चुना जाता है लेकिन वह बेंच पर ही बैठे रह जाते हैं। यशस्वीने अपने एकदिनी करियरमें कुल छह मैच खेले हैं जबकि इस साल उन्हें सिर्फ दो एकदिनी खेलनेका मौका मिला है। टीम मैनेजमेंट अगर ईशानको विकल्पके तौर पर देख रहा है तो उन्होंने भी साल २०२६ में महज पांच एकदिनी मैच खेले हैं। भारतीय टीम के सामने मध्यक्रम भी बड़ी चुनौती नजर आ रही है। इंगलैण्डके खिलाफ हुई एकदिनी शृंखलामें ईशान किशन एक मैचमें नंबर चारपर खेले थे तो एक मुकाबलेमें श्रेयस अय्यरको इस स्थान पर उतारा गया था। केएल राहुलका बल्लेबाजी क्रम भी लगातार बदला गया है। कई बार खिलाड़ियोंके चोटिल होने से टीम प्रबंधनको संयोजनमें बदलाव करने पड़ रहे हैं। भारतको एकदिनी विश्वकपसे पहले अब ११ एकदिनी मैच और एशिया कप ही खेलना है ऐसेमें मध्यक्रमका संयोजन क्या होगा यह तय करना जरूरी है। निचला क्रम भी चिंता का विषय है क्योंकि वाशिंगटन सुंदर और अक्षर पटेलका प्रदर्शन उम्मीदके मुताबिक नहीं रहा है। विश्वकपमें विकेटकीपरकी जिम्मेदारी संभालनेके प्रबल दावेदार केएल राहुल हैं। राहुल आमतौर पर एकदिनीमें विकेटके पीछे जिम्मेदारी निभाते हुए नजर आये हैं। हालांकि दक्षिण अफ्रीकामें राहुलके लिए विकेटकीपिंग एक चुनौती साबित हो सकती है। ऋषभ पंतको टीमसे बाहर करके यह संदेश दे दिया गया है कि वह शायद टीमकी योजनामें फिट नहीं बैठ रहे हैं। ईशान किशनको बतौर विकेटकीपर एकदिनी में पर्याप्त मौके नहीं मिले हैं। ऐसे में यह देखना होगा कि दूसरा विकेटकीपर कौन होगा। दक्षिण अफ्रीका की परिस्थितिमें तेज गेंदबाजोंका रोल काफी अहम होगा। भारतीय टीमका तेज गेंदबाजी आक्रमण विश्वकपके लिए क्या होगा इसको लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं है। जसप्रीत बुमराहने पिछले विश्वकपके बादसे अब तक महज दो ही एकदिनी खेले हैं। वेस्टइण्डीजके खिलाफ हाल ही में हुई एकदिनी शृंखलामें बुमराहको एकदिनी टीममें नहीं रखा गया था। वहीं कुछ नये खिलाड़ियोंको डेब्यूका मौका दिया गया है जिससे पता चलता है कि टीम प्रबंधन इन खिलाड़ियोंको भी विश्वकपके लिए तैयार कर रहा है। प्रसिद्ध कृष्णाका बार-बार चोटिल होना चिंताका विषय है। अर्शदीप टी-२० की तरह एकदिनीमें उतने असरदार नजर नहीं आये हैं। गुरनूर बरारको तीसरे तेज गेंदबाके तौर पर आजमाया जा रहा है लेकिन वेस्टइण्डीजके खिलाफ हाल ही में हुई शृंखलामें वह काफी महंगे साबित हुए थे। हर्षित राणा भी इन दिनों चोटोंसे जूझते नजर आये हैं। बैकअप गेंदबाजके तौरपर मोहम्मद सिराज और अंशुल कंबोज कोई खास प्रदर्शन नहीं कर सके हैं। भुवनेश्वर कुमार की टी-२० टीम में वापसीके बाद यह भी देखना होगा कि क्या मोहम्मद शमी एकदिनी टीममें जगह बना पाते हैं।

# स्वप्निल कुसाले, सरबजोत सिंह करेंगे भारतकी अगुवाई



### आईएसएसएफ विश्वकप

**काहिरा (एजेन्सियां)।** ओलम्पिक कांस्य पदक विजेता स्वप्निल कुसाले और सरबजोत सिंह यहां शनिवार से शुरू होने वाले आईएसएसएफ राइफल-पिस्टल विश्व कप में २४ सदस्यीय भारतीय निशानेबाजी दल की अगुवाई करेंगे। भारतीय टीम देहरादून में एक से सात अक्तूबर तक राष्ट्रीय ट्रेनिंग शिविर में हिस्सा लेने के बाद काहिरा पहुंची। भारत आठ व्यक्तिगत ओलम्पिक स्पर्धाओं और दो मिश्रित टीम स्पर्धाओं में हिस्सा लेगा। भारतीय दल में अनुभवी ओलम्पियन के साथ उभरते हुए युवा निशानेबाज भी शामिल हैं। पुरुषों की ५० मीटर राइफल थ्री पोजिशंस स्पर्धा में स्वप्निल कुसाले के साथ अखिल श्योराण और एड्रियन करमाकर भारतीय चुनौती पेश करेंगे। ओलम्पियन अर्जुन बबूता पुरुषों की १० मीटर एयर राइफल टीम की अगुवाई करेंगे जिन्होंने नयी दिल्ली में आयोजित २०२६ एशियाई निशानेबाजी चैम्पियनशिप में रजत पदक जीता था। उनके साथ बधिर ओलम्पिक चैम्पियन धनुष श्रीकांत और पार्थ मखीजा भी शामिल होंगे। महिलाओं की राइफल स्पर्धाओं में दो बार की ओलंपियन अंजुम मौदगिल 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशंस टीम का नेतृत्व करेंगी जिसमें आयुषी पोद्दार और मानिनी कौशिक भी शामिल हैं। ब्यूनस आयर्स विश्वकप में रजत पदक जीतने वाली उभरती निशानेबाज आर्या राजेश बोर्से महिलाओं की १० मीटर एयर राइफल स्पर्धा में ख्याति चौधरी और इस्मिता भोवाल के साथ हिस्सा लेंगी। पुरुषों की पिस्टल स्पर्धा में पेरिस ओलंपिक २०२४ के कांस्य पदक विजेता सरबजोत सिंह १० मीटर एयर पिस्टल टीम की अगुवाई करेंगे। उनके साथ अजेंद्र सिंह चौहान और उदयवीर सिद्धू भी प्रतिस्पर्धा करेंगे। विजयवीर सिद्धू २५ मीटर रैपिड फायर पिस्टल स्पर्धा में सूरज शर्मा और अंकुर गोयल के साथ भारतीय चुनौती का नेतृत्व करेंगे। महिलाओं की पिस्टल टीम में एशियाई खेलों की चैम्पियन पलक शामिल हैं जो १० मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में मुस्कान और सुरभि राव के साथ निशाना साधेंगी। ओलम्पियन रिदम सांगवान, पूर्व विश्वकप स्वर्ण पदक विजेता चिंकी यादव और दिव्या टीएस महिलाओं की २५ मीटर पिस्टल स्पर्धा में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी। प्रतियोगिता के पहले दिन १० मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम और १० मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम स्पर्धाओं के फाइनल खेले जायेंगे। १० मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में अजेंद्र सिंह चौहान के साथ पलक और उदयवीर सिद्धू के साथ मुस्कान की जोड़ी प्रतिस्पर्धा करेगी। १० मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम स्पर्धा में पार्थ मखीजा और आर्या राजेश बोर्से की जोड़ी के साथ धनुष श्रीकांत और ख्याति चौधरी की जोड़ी भी चुनौती पेश करेगी। वहीं १०, २५ और ५० मीटर की स्पर्धाओं में व्यक्तिगत क्वालीफिकेशन दौर और फाइनल मुकाबले १५ अक्तूबर तक जारी रहेंगे।

## रविन्द्र जडेजा सौराष्ट्र की टीम में शामिल

**राजकोट (एजेन्सियां)।** भारत के स्टार आलराउंडर रविंद्र जडेजा सौराष्ट्र के २०२६-२७ रणजी ट्राफी सत्र के पहले मुकाबले में छत्तीसगढ़ के खिलाफ खेलेंगे जबकि दो बार की चैम्पियन टीम के लिए जयदेव उनादकट एक बार फिर कप्तान होंगे। बाएं हाथ के अनुभवी स्पिन गेंदबाजी आलराउंडर जडेजा को वेस्टइण्डीज के खिलाफ भारत की २-१ से एकदिनी शृंखला जीत के बाद सौराष्ट्र की १६ सदस्यीय टीम में शामिल किया गया है। उन्होंने वेस्टइण्डीज के खिलाफ दो मैच खेलते हुए दो विकेट लिए। हालांकि उन्हें बल्लेबाजी करने का मौका नहीं मिला। अगले महीने न्यूजीलैण्ड के खिलाफ भारत के दो टेस्ट मैच (वेलिंगटन में १९ से २३ नवम्बर, क्राइस्टचर्च में २७ नवम्बर से एक दिसम्बर) के दौरे से पहले जडेजा लाल गेंद से अभ्यास हासिल करना चाहेंगे। रणजी ट्राफी का ९२ वां चरण ११ अक्तूबर से शुरू होगा।

# विराट कोहली का सब कुछ चुराना चाहता हूं

### -अभिषेक शर्मा



**रांची (एजेन्सियां)।** भारतीय सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा अपने सीनियर विराट कोहली से उनका सबकुछ चुराना चाहते हैं। इतना ही नहीं वे रोहित शर्मा से टाइमिंग और पूर्व भारतीय कप्तान एमएस धोनी से फिनिशिंग की स्किल लेना चाहते हैं। दरअसल अभिषेक से दूसरे टी-२० से पहले भारत और वेस्टइण्डीज के दिग्गज खिलाड़ियों की स्किल चुराने पर सवाल पूछा गया। उनसे पूछा गया कि वे किस खिलाड़ी की कौन सी स्किल लेना चाहेंगे। विराट कोहली का नाम आने पर अभिषेक ने हंसते हुए कहा, 'सबकुछ'। उन्होंने युवराज सिंह की मैच जिताने की क्षमता, एमएस धोनी की मैच फिनिशिंग और रोहित शर्मा की टाइमिंग लेने की इच्छा जताई। विराट कोहली तीनों फार्मेट के बेहतरीन बल्लेबाज हैं। वे किसी भी परिस्थिति में ढलकर मैच का रुख बदल सकते हैं। उनके पास टाइमिंग, एक्यूरेसी, धैर्य और आक्रामकता जैसी कई खूबियां हैं। इन्हीं के दम पर उन्होंने २८ हजार से ज्यादा रन बनाए हैं। अभिषेक के युवराज सिंह रहे हैं। उन्होंने भारत को कई मैच जिताये हैं। २०११ विश्वकप के फाइनल में धोनी ने ९१ रन की पारी खेली थी। युवराज सिंह उस विश्वकप में प्लेयर आफ द टूर्नामेंट रहे थे। अभिषेक ने रोहित शर्मा की गेंद को टाइम करने की स्किल लेने की इच्छा भी जताई। अभिषेक ने कहा कि वे क्रिस गेल की तीनों फार्मेट में खेलने की मानसिकता अपनाना चाहेंगे। उन्होंने कहा कि वे ड्वेन ब्रावो के सेलिब्रेशन से काफी प्रभावित होते हैं। कीरोन पोलार्ड का नाम आते ही अभिषेक ने 'पावर' कहा। टी-२० क्रिकेट में पोलार्ड के नाम एक हजार से ज्यादा छक्के हैं।अभिषेक ने सुनील नरेन की शानदार इकोनामी रेट के साथ गेंदबाजी करने की स्किल लेने की बात कही। उन्होंने आंद्रे रसेल को कम्पलीट आलराउंडर बताया। अभिषेक ने रसेल की इसी स्किल को अपनाने की इच्छा जताई।

## उत्तर प्रदेशकी जीत में ओमवीर चमके



**वाराणसी।** प्लेयर आफ द मैच ओमवीर सेन (२२ रन, तीन विकेट) के हरफनमौला खेल की बदौलत उत्तर प्रदेशने यहां डाक्टर सम्पूर्णानंद स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स सिगरा में शुक्रवारसे शुरू प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर आयोजित सेवा संकल्प ट्राफी क्रिकेट प्रतियोगिता में बिहार को १० रन से पराजित कर विजयी आगाज किया। उत्तर प्रदेशने पहले खेलते हुए २० ओवर में १२० रन बनाये। ओमवीर के अलावा मेहताब ने २८ रन की पारी खेली। जवाब में बिहार की टीम २० ओवर में ११० रन ही बना सकी। इससे पहले प्रतियोगिता का उद्घाटन उत्तराखण्ड के पूर्व मुख्यमंत्री रमेश पोखरियाल निशंक ने दीप प्रज्जवलित कर किया जबकि पूर्व एमएलसी ब्रजेश सिंह और पद्मश्री विमल जैन ने खिलाड़ियोंसे परिचय प्राप्त किया। पैरा ओलम्पिक खेलमें हिस्सा ले चुके जुड़वा भाई रोहित और राहुल मुख्य आकर्षण रहे। इस मौकेपर एमएलसी अन्नपूर्णा सिंह, काशी क्षेत्र के भाजपा अध्यक्ष अशोक चौरसिया, आनंद वर्धन, सिद्धार्थ सिंह, संजय चौरसिया, उत्तम ओझा, रवि प्रताप सिंह, शैलेश त्रिपाठी, रामयश मिश्र, दिलीप मिश्र, हिमांशु सिंह, अखिलेश यादव, रोशन द्विवेदी, शशिभूषण त्रिपाठी, चंदन सिंह सिसोदिया आदि मौजूद रहे।

## भारत ए ने गंवायी शृंखला

**पुडुचेरी (एजेन्सियां)।** सैम कान्स्टास (६७), जाश फिलिपे (५८) की अर्द्धशतकीय पारियों और स्पेंसर जानसन (नाबाद १४, तीन विकेट) के हरफनमौला प्रदर्शन की बदौलत आस्ट्रेलिया ए ने शुक्रवार को दूसरे एकदिवसीय अनौपचारिक मुकाबले में भारत ए को ६९ रनों से हरा दिया। २७५ रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारत ए टीम आस्ट्रेलियाई गेंदबाजी आक्रमण के आगे ४५.२ ओवरों में २०६ रन पर सिमट गयी। इसी के साथ भारत ए ने तीन मैचों की शृंखला ०-२ से गंवा दी। अब आखिरी मैच रविवार को होगा। भारत के लिए रजत पाटीदार ने सर्वाधिक (६७) रन बनाये। उनके अलावा विप्रज निगम ने (२३), साई सुदर्शन ने (१३), ऋतुराज गायकवाड़ (१२), कुमार कुशाग्र (१७), निशांत सिंधु (१३), सूर्यांश शेडगे (१०) रन बनाकर आउट हुये। अनुकूल राय ने नाबाद ३४ रनों की पारी खेली। आस्ट्रेलिया ए के लिए स्पेंसर जानसन ने तीन विकेट लिये। रायली मेरेडिथ को दोविकेट मिले।

# आरसीबीने बुमराह पर दांव लगानेसे कर दिया था मना

### -पार्थिव पटेल



**नयी दिल्ली (एजेन्सियां)।** जसप्रीत बुमराह मौजूदा समय में दुनिया के सबसे बेहतरीन गेंदबाज हैं। वह किसी भी प्रारूप में किसी भी तरह के हालातों में अपने दम पर मैच पलटने का माद्दा रखते हैं। बुमराह की सबसे बड़ी ताकत उनका अनोखा एक्शन है लेकिन एक समय किसी को यकीन नहीं था कि वह इतने बड़े गेंदबाज बनेंगे। पूर्व भारतीय क्रिकेटर पार्थिव पटेल ने खुलासा किया है कि आरसीबी की टीम ने २०१४ में उन पर दांव लगाने से मना कर दिया था। हालांकि उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि उनका कहने का तरीका शायद सही नहीं था। इसी वजह से मैनेजमेंट ने उनकी बात को गंभीरता से नहीं लिया। पार्थिव ने कहा मैंने २०१४ में आरसीबी को जसप्रीत बुमराह की सिफारिश की थी। २०१४ की मेगा नीलामी में मुझे पहले दिन दोपहर के भोजन के समय के आसपास चुना गया था। जब मुझे उनसे मैसेज मिला तो मैंने उनसे कहा यहां एक खिलाड़ी है, उस पर गौर करें। शायद जिस तरह से मैंने उनसे कहा वह सही नहीं था। उस समय उन्हें नहीं लगा कि उसे खरीदना फायदेमंद होगा। कोई बात नहीं। जवाब ऐसा था कि ये बुमराह -वुमराह क्या कर लेंगे। पार्थिव और बुमराह दोनों एक ही टीम के लिए खेलते हैं। इसी वजह से पार्थिव को इस बात का बेहतर अंदाजा था कि यह उभरता हुआ तेज गेंदबाज क्या कर सकता है। अगर आरसीबी ने पार्थिव की बात की होती तो २० के दशक का सबसे महान बल्लेबाज और सबसे अच्छा गेंदबाज दोनों उनकी टीम में एक साथ खल रहे होते। आईपीएल के १५८ मैचों में बुमराह ने ७.३३ की इकानमी रेट से १८७ विकेट लेकर खुद को आईपीएल के सर्वकालिक महान खिलाड़ियों में भी शामिल कर लिया है।

# पैरा निशानेबाजों ने खेलमंत्री से मिल जताया विरोध

### चयन प्रक्रिया में लगाया भ्रष्टाचार का आरोप

**नागोया (एजेन्सियां)।** आइची-नागोया पैरा एशियन गेम्स के लिए चयन प्रक्रिया में कथित भ्रष्टाचार के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे पैरा निशानेबाजों ने शुक्रवार को केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया से मुलाकात की। खिलाड़ियों ने भारतीय पैरालम्पिक समिति (पीसीआई) के कामकाज और खेल के प्रशासन में कथित अनियमितताओं को लेकर अपनी शिकायतें मंत्री के सामने रखीं। तीन सदस्यीय निशानेबाजों के प्रतिनिधिमंडल ने आरोप लगाया कि पीसीआई ने १८ अक्तूबर से शुरू होने वाले पैरा एशियन गेम्स के लिए चयन मानदंडों में ढील देकर चार ऐसे निशानेबाजों को टीम में जगह दी जो निर्धारित योग्यताओं को पूरा नहीं करते थे। एशिया में तीसरे स्थान पर काबिज पैरा पिस्टल निशानेबाज संदीप कुमार ने पहले भी चयन प्रक्रिया में पक्षपात का आरोप लगाया था। उनका दावा है कि महाद्वीपीय रैंकिंग में १४वें स्थान पर मौजूद रुद्रांश खंडेलवाल को उनसे और मौजूदा एशियाई नंबर एक आकाश से पहले चुन लिया गया। खिलाड़ियों ने चयन प्रक्रिया में कथित वित्तीय भ्रष्टाचार, जबरन वसूली और हेरफेर की स्वतंत्र जांच कराने की मांग की है। खेल मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी के मुताबिक मंत्री ने खिलाड़ियों की बातें सुनी हैं और उनकी समस्याओं का व्यावहारिक समाधान निकालने की कोशिश की जा रही है। अधिकारी ने कहा कि इस मामले को सुलझाने के सर्वोत्तम तरीके पर चर्चा जारी है। इससे पहले बुधवार को खिलाड़ियों ने भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) के महानिदेशक को एक लिखित शिकायत सौंपी थी। इसमें उन्होंने पीसीआई के अधिकारियों और उसकी निशानेबाजी तकनीकी समिति पर कथित तौर पर अवैध धन वसूली, भ्रष्टाचार और खेल मंत्रालय के दिशा-निर्देशों के उल्लंघन के आरोप लगाए थे। खिलाड़ियों में इस बात को लेकर भी नाराजगी है कि चयन विवाद सामने आने के बाद पीसीआई ने कथित तौर पर खेलों के लिए मिले कोटे वापस कर दिए हैं।

## वाराणसी मण्डलकी कुश्ती टीम घोषित

**वाराणसी।** मीरजापुर में १३ से १५ अक्तूबर तक होनेवाली पंडित दीनदयाल उपाध्याय राज्यस्तरीय पुरुष सीनियर कुश्ती प्रतियोगिताके लिए वाराणसी मण्डल की टीम शुक्रवार को घोषित कर दी गयी। प्रभारी क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी नवीन कुमार के अनुसार चयनित टीम इस प्रकार है-फ्री स्टाइल : हरेन्द्र, बलराम यादव, प्रियांशु, बजरंगी, मुलायम यादव, विशाल, विनीत, रोहित यादव। ग्रीको रोमन : अवधेश, यशपाल, जाहिद अली, विशाल, रितेश, अनकल्प यादव, विष्णु गुप्त, हरिशचंद्र।

## शूटिंग, वालीबालका चयन २६ को

**वाराणसी।** काशी विद्यापीठ विश्वविद्यालय परिसरकी महिला-पुरुष शूटिंग एवं महिला वालीबाल टीम का चयन २६ अक्तूबर को किया जायेगा। विश्वविद्यालय क्रीड़ा परिषद की सचिव डा. उर्जस्विता सिंहके अनुसार चयन परीक्षणमें विश्वविद्यालय परिसर, एनटीपीसी, गंगापुर परिसर और भैरव तालाब परिसर के खिलाड़ी हिस्सा ले सकते हैं। इच्छुक प्रतिभागी डाक्टर राधे श्याम राय, प्रभारी शूटिंग एवं वालीबाल से संपर्क कर विस्तृत जानकारी ले सकते हैं।

# वाराणसी मण्डल क्वार्टर फाइनलमें



### सब जूनियर बालिका हैण्डबाल

**वाराणसी।** राष्ट्रीय खिलाड़ी रितिका प्रजापति और आकृति के शानदार खेल की बदौलत वाराणसी मण्डलने यहां चित्रकूटमें खेली जा रही प्रदेश स्तरीय सब जूनियर बालिका हैण्डबाल प्रतियोगिता में लखनऊ मण्डल को एकतरफा मुकाबले में १३-१ से पराजित कर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। वाराणसी मण्डलकी टीम ने शुरुआत से ही आक्रामक रणनीति अपनायी जिससे लखनऊ की टीम दबावमें आ गयी। इसका फायदा वाराणसीके खिलाड़ियोंने उठाया और मनचाहे अंदाज में गोल दागे। रितिका और आकृति ने अण्डर आर्म और स्पिन शाट के जरिये विपक्षी खिलाड़ियोंको भेदते हुए गेंद को जाल में उलझाया। इस दौरान लखनऊ ने भी काउंटर अटैक किये लेकिन वाराणसी की गोलकीपर सेजल सिंह ने उनके प्रयासोंको नाकाम कर दिया। पहले हाफ में वाराणसी मण्डलकी टीम ने ७-० की बढ़त ले ली। दूसरे हाफ में नैंसी यादव ने लेफ्ट विंग से आक्रमण की अगुवाई की जिनका साथ मानसी यादव और महिमा ने बैक पोजीशन से दिया। अंतिम सिटी बजने तक वाराणसी की टीम ने १३-१ से जीत दर्ज कर ली। विजेता टीमके लिए रितिका प्रजापति, आकृति और नैंसी यादव ने चार-चार तथा तनु विश्वकर्मा ने एक गोल किया।

## नीरज बने वुशू के कोच

**वाराणसी।** भारतीय इण्टर कालेज बैजनत्था के शारीरिक शिक्षक नीरज कुमार सिंह को उत्तर प्रदेश अण्डर-१७ वुशू बालक वर्ग की टीम का कोच नियुक्त किया गया है। यह टीम श्रीनगर में १५ से १९ अक्तूबर तक होनेवाली ७०वीं राष्ट्रीय वुशू प्रतियोगिता में हिस्सा लेगी। नीरज के कोच बनने पर विद्यालय के प्रधानाचार्य देवेन्द्र नाथ सिंह ने बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की।



**विमल जैन** हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न-परामर्शदाता, फलित अंक ज्योतिषी एवं वास्तुविद्
एस. 2/1-76 ए, द्वितीय तल, वरदान भवन, टैगोर टाउन एक्सटेंशन, भोजूबीर, वाराणसी-221002
09335414722

## आज का राशिफल शनिवार, 10 अक्टूबर 2026

मेष- आकस्मिक लाभ, महत्वपूर्ण उपलब्धि, मनोरंजन में रुचि, व्यय की अधिकता, यात्रा।
वृषभ- योजना फलीभूत, धनलाभ का सुयोग, परिवार में सुख-शांति, मानसम्मान की प्राप्ति।
मिथुन- समस्याएँ प्रभावी, प्रतिष्ठा पर आघात, धन हानि, स्वजनों से विवाद, व्यर्थ भ्रमण।
कर्क- आर्थिक पक्ष बेहतर, श्रेष्ठजनों से सम्पर्क, सुपरिणाम की प्राप्ति, शिक्षा में प्रगति।
सिंह- कार्यों में प्रगति, योजना की पूर्ति, हर्षोल्लास का वातावरण, मनोविनोद के अवसर।
कन्या- मनोरथ पूर्ण, धनप्राप्ति, अतिथि का आगमन, धर्म में आस्था, राजकीय पक्ष का सहयोग।
तुला- समय निराशाजनक, मनोबल में कमी, व्यवसायिकपक्ष से हानि, उन्नति में बाधा।
वृश्चिक- मनोबल में वृद्धि, धर्म में आस्था, निर्णय लाभदायक, परोपकार की भावना, खुशी।
धनु- दिन बेहतर, उलझनों में कमी, नौकरी मे पदोन्नति, मानसम्मान की प्राप्ति, प्रसन्नता।
मकर- यश की प्राप्ति, धन की वसूली, आनन्द की अनुभूति, मान-सम्मान में वृद्धि, यात्रा।
कुम्भ- कर्ज की अधिकता, सहयोगियों से कष्ट, मन दुविधामय, यात्रा असन्तोषजनक।
मीन- पराक्रम में वृद्धि, दाम्पत्य जीवन में मधुरता, आय के नवीन स्रोत, यात्रा का प्रसंग।

## आज है जिनका जन्मदिन 10 अक्टूबर

आपको जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएँ। जन्मदिनांक 10 का मूलांक 1 का स्वामी ग्रह सूर्य एवं माह का अधिपति ग्रह शुक्र है। जीवन कठिनाईयों से परिपूर्ण रहेगा। व्यक्तित्व दूसरों को अधिपति करने वाला होगा। कोमल प्रवृत्ति के उदार व्यक्ति होंगे। मैं दया व सहयोग की भावना विशेष रूप से विद्यमान रहेगा। न तो किसी के समक्ष झुकेंगे और न ही कार्य करेंगे। बहुत जल्दी उत्तेजित हो जायेंगे। आपके कार्यों में नवीनता की झलक मिलेगी। मित्रों व अधीनस्थों से सहयोग मिलता रहेगा। आपकी स्मरण शक्ति श्रेष्ठ होगी। दूसरों के मन की बात सहज ही जान लेंगे। दो भी कहेंगे स्पष्ट एवं दो टूक शब्दों में कहेंगे। खाली हाथ बैठना पसन्द नहीं करेंगे। राजनैतिगक व सामाजिक क्षेत्र में भी आपकी रुचि रहेगी। इष्ट देवी-देवता की आराधना नियमित रूप से करें। दैनिक जवन मे सुनहरा एवं नारंगी रंगों का इस्तेमाल अधिकतम करें। लाल रंग की वस्तुओं का दान भी करें। लाल वस्त्र में गेहूँ, गुड़, लाल फूल, तांबे का सिक्का का दक्षिणा सहित दान में देवें। सुख-समृद्धि व सफलता के लिए रत्न या उपरत्न तथा यन्त्र विधि-विधानपूर्वक धारण करें।

**आपके लिए शुभ**

मन्त्र : ॐ घृणि सूर्याय नमः
व्रत : रविवार
दिन : रविवार, बुधवार एवं गुरुवार
दिनांक : 1, 10, 19, 28
अंक : 2, 4, 7
मास : जनवरी, अक्टूबर एवं दिसम्बर
वर्ष : 1, 10, 19, 28, 37, 46, 55, 64
रंग : नारंगी, सुनहला एवं पीला
जन्मरत्न : माणिक्य उपरत्न : गार्नेट
जड़ी : बेल की जड़ दिशा : पूर्व
वर्ष का महत्वपूर्ण समय—22 मार्च से 28 अक्टूबर, 10 अक्टूबर से 20 अक्टूबर

**यन्त्र**

| | | |
|---|---|---|
| 6 | 1 | 8 |
| 7 | 5 | 3 |
| 2 | 9 | 4 |

## सुडोकू ४०७९

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | |
| | | 4 | | | | | | 1 |
| | 1 | | | 6 | | 5 | | |
| 8 | | | 4 | | | | | |
| | | 2 | 9 | | | | | |
| | 5 | | | | | 3 | 6 | |
| | | | 2 | | | | | 4 |
| | 3 | | | | 5 | | | |
| | | | | | | | | 9 |

हल ४०७८

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 2 | 1 | 7 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 6 | 3 | 4 | 1 | 2 |
| 3 | 5 | 4 | 9 | 1 | 2 | 7 | 6 | 8 |
| 4 | 6 | 2 | 1 | 3 | 5 | 9 | 8 | 7 |
| 8 | 3 | 9 | 2 | 4 | 7 | 1 | 5 | 6 |
| 5 | 1 | 7 | 6 | 9 | 8 | 2 | 4 | 3 |
| 1 | 4 | 5 | 3 | 2 | 6 | 8 | 7 | 9 |
| 9 | 7 | 3 | 8 | 5 | 1 | 6 | 2 | 4 |
| 2 | 8 | 6 | 4 | 7 | 9 | 5 | 3 | 1 |

# एसपी ने दागा सवाल,पत्रकारों ने किया सरेंडर

## नवागत एसपी ने संभाला कार्यभार,गिनायी प्राथमिकताएं

मऊ। नवागत एसपी सर्वेश कुमार मिश्रा ने शुक्रवार को कार्यभार ग्रहण किया। पुलिस लाइन सभागार में सायं पांच बजे पत्रकारों से परिचयात्मक बातचीत में उन्होंने बताया कि वे वर्ष 1998बैच के पीपीएस अधिकारी हैं। 2018 में उन्होंने आईपीएस में प्रोन्नति की। इसके पूर्व पुलिस उपाधीक्षक के रूप में उन्होंने अयोध्या, हरदोई, अमरोहा, सहारनपुर, रामपुर, मुरादाबाद, कानपुर,लखनऊ,उन्नाव में सेवाएं दी तो आईपीएस होने के बाद उन्होंने अपर पुलिस अधीक्षक के रूप में फिरोजाबाद,सीतापुर,लखनऊ सचिवालय,प्रयागराज में भी सुरक्षा-व्यवस्था की कमान संभाली। मऊ का एसपी नियुक्त होने के बाद उन्होंने कहा कि आगामी त्योहारों को सकुशल सम्पन्न कराना उनके लिए चुनौती है। मुख्यमंत्री की जीरो टालरेंस,महिला उत्पीड़न,बाल उत्पीड़न,साइबर क्राइम,यातायात व्यवस्था को दुरूस्त करना उनकी जिम्मेदारियों में शामिल है। एक्सीडेंट की दर आधी करना भी उनकी प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने पत्रकारों से सकारात्मक पत्रकारिता की अपेक्षा की और फर्जी समाचारों पर मीडिया सेल को निगरानी रखने के लिए निर्देशित किया। पुलिस अधीक्षक ने कार्यभार संभालने के दौरान ही गोली मारकर दो व्यक्तियों की हत्या की खबर का त्वरित संज्ञान लेते हुए उस कालर को भी ढूंढ निक.ाला,जो अधिवक्ता है और प्रथम दृष्टया बातचीत करने के बाद पुलिस को यह महसूस हुआ कि उसने नशे की हालत में यह फोन किया है। जिसकी सूचना का संज्ञान लेते हुए पुलिस के अफसरों को परेशान होना पड़ा। एसपी ने कहा कि अधिवक्ता की इस हरकत के लिए बार एसोसिएशन को पत्र लिखा जायेगा। अनौपचारिक बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि अपराध का विश्लेषण भी किया जायेगा कि आरा.ीपी ने अपराध किन परिस्थितिजन्य दशा में किया है। उन्होंने पत्रकारों से सवाल किया कि अगर,कोई चार दिन से भूखा है और उसने खाने के लिए रोटी चुराई तो क्या यह अपराध माना जायेगा? एसपी के इस सवाल ने पत्रकारों की बोलती बन्द कर दी और एसपी के प्रतिउत्पन्न मति का लोहा मानते हुए पत्रकारों ने उनके सामने खुद को सरेंडर कर दिया। यह अलग बात है कि एसपी की प्रेस कान्फ्रेंस में ज्यादातर सोशल मीडिया के ही पत्रकार पहुँचे हुए थे।



## प्रेस कान्फ्रेंस में सोशल मीडिया के पत्रकारों का रहा वर्चस्व

### स्कूटी सवार घायल

रतनपुरा(मऊ)। जगभानपुर के स्कूटी सवार रविन्द्र सिंह थलईपुर रेलवे क्रासिंग पर आटो के धक्के से घायल हो गये।

# सर्प दंश से महिला की मौत

अमिला(मऊ)। घोसी कोतवाली क्षेत्र के भैरोपुर खुर्मा ग्राम पंचायत के परानपुर नटवा उसर में बुधवार दोपहर पशुओं के लिए हरा चारा लेने गई महिला को जहरीले सांप ने डंस लिया। हालत बिगड़ने पर ग्रामीण उसे एंबुलेंस से साम.ुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बड़रांव ले गए। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर कर दिया। वहां उपचार के दौरान महिला की मौत हो गई। परानपुर नटवा उसर निवासी रुनिया देवी उम्र 60 वर्ष पत्नी स्व. सूबेदार चौहान बुधवार दोपहर पशुओं के लिए हरा चारा लेने गांव से कुछ दूर नाले के पास गई थीं। ग्रामीणों के अनुसार, इसी दौरान झाड़ियों के बीच मौजूद जहरीले सांप ने उन्हें डंस लिया। सांप के डंसने के बाद महिला के शोर मचाने पर आस-पास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों ने एंबुलेंस बुलाकर उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बड़रांव पहुंचाया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल में उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। गुरुवार देर शाम शव का पोस्टमार्टम कराया गया।रुनिया देवी के चार पुत्र हैं, जो बाहर रहकर नौकरी करते हैं। ग्रामीणों के मुताबिक, वह घर पर अकेली रहती थीं। महिला की मौत से परिवार में कोहराम मचा है।

# मधुबन पुलिस नहीं लिखती एफआईआर, न्यायालय की शरण ले रहे पीड़ित

मधुबन (मऊ)। स्थानीय थाना क्षेत्र के बखरिया में शौचालय का गड्ढा खोदने के दौरान एक महिला को भद्दी-भद्दी गालियां देते हुए लात घूसा से मारने एवं साड़ी ब्लाज फाड़ देने के मामले में न्यायलय के आद.ेश पर पुलिस ने कुल आठ लोगों के खिलाफ सम्बंधित धाराओं में मुक़दमा दर्ज किया है। चानमुनी पत्नी रामजन्म का आरोप है कि 24 जुलाई 2026 की सुबह साढ़े नौ बजे मैं अपने शौचालय का गड्ढा खोदवा रही थी कि उसी दौरान गांव के संतोष पुत्र रामपति, अभय पुत्र संग्राम, पार्वती पत्नी संग्राम, शशिकला पुत्री संग्राम, जितेंद्र पुत्र मोती, सावित्रा पत्नी जित.

### एक और महिला ने न्यायालय के आदेश पर कराया एफआईआर

ेंद्र, लीलावती पत्नी रामप्रीत लाठी डंडा लेकर मौके पर आगये और माँ बहन की भद्दी-भद्दी गालियां देने लगे। जब मैंने विरोध किया तो उपरोक्त लोग लात घुसा से मारते हुए जमीन पर पटक दिये, और घसीट-घसीट कर मारने लगे, एवं ब्लाउज साडी फाड़ दिये। यह कृत्य देख कर मेरा लड़का सोनू और सुजीत मौके पर पहुंचे तो उन दोनों को भी लाठी डंडा से मार कर घायल कर दिया । इस मामले में न्यायलय के आदेश पर पुलिस ने उपरोक्त सभी लोगों के खिलाफ सम्बंधित धाराओं में मुक.दमा दर्ज किया है । इस बाबत थाना प्रभारी कृष्ण कुमार गुप्त ने बताया की न्यायलय के आदेश पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया।

# रबी फसलों के बीज पर मिलेगा ५० प्रतिशत अनुदान

मऊ। उप कृषि निदेशक ने बताया कि जनपद के समस्त कृषकों को आगामी रबी फसल की बुवाई हेतु शासन द्वारा निर्धारित लक्ष्य के अनुसार विभिन्न फसलों के कुल 13,995 कुंतल बीज का वितरण 50 प्रतिशत अनुदान पर किया जाना है। इसके लिए किसानों को कृषि विभाग के पोर्टल पर आनलाइन बुकिंग कराना अनिवार्य है, ताकि उन्हें समय से बीज उपलब्ध कराया जा सके और रबी फसलों की बुवाई सुचारु रूप से संपन्न हो सके। उन्होंने जनपद के सभी किसान भाइयों से अपील की है कि वे रबी की बुवाई के लिए आवश्यक बीज प्राप्त करने हेतु कृषि विभाग के पोर्टल पर अपने किसान पंजीकरण के माध्यम से समय से आनलाइन बुकिंग सुनिश्चित करें।

### अशोक चौरसिया अध्यक्ष,बृजेश कुमार सिंह संरक्षक बने

रतनपुरा (मऊ)। सदर बाजार स्थित श्रीप्राचीन हनुमान मंदिर परिसर में आदर्श बाल दुर्गा पूजन समिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों की एक आवश्यक बैठक संरक्षक बृजेश कुमार सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में अशोक कुमार चौरसिया को अध्यक्ष तथा बृजेश कुमार सिंह को संरक्षक बनाया गया। 51सदस्यीय कमेटी का गठन किया गया।

### संवेदना प्रकट करने पहुंचे सांसद

मऊ। आप जिलाध्यक्ष की माता के निधन पर सांसद संजय सिंह ने उनके घर पहुँचकर संवे.दना प्रकट की।

# स्पोर्ट्स कालेज गोरखपुर विजेता



मऊ। डा. भीमराव अंबेडकर स्पोर्ट्स स्टेडियम, मऊ में 04 से 09 अक्टूबर 2026 तक आयोजित प्रदेश स्तरीय जूनियर बालिका हाकी प्रतियोगिता का समापन शुक्रवार को हुआ। प्रतियोगिता के अंतिम दिन फाइनल मुकाबला वीर बहादुर सिंह स्पोर्ट्स कालेज, गोरखपुर एवं अयोध्या छात्रावास की टीमों के बीच खेला गया। दोनों टीमों ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया। रोमांचक मुकाबले के अंतिम क्षणों में स्पोर्ट्स कालेज, गोरखपुर की टीम ने 1-0 से बढ़त बनाते हुए जीत हासिल की और प्रतियोगिता की विजेता बनी। प्रतियोगिता के समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि मुख्य विकास अधिकारी ध्रुव खाड़िया तथा विशिष्ट अतिथि अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद मऊ उपस्थित रहे। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में जमाल अर्पण समाज सेवी भी मौजूद रहे। जिला क्रीड़ाधिकारी डी.पी. सिंह ने अतिथियों का बुके देकर एवं बैज लगाकर स्वागत किया। अतिथियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में जिला हाकी संघ के अध्यक्ष ओमेंद्र सिंह, सचिव संजय सिंह, सहायक प्रशिक्षक संजय कुमार सिंह, राजीव कुमार जायसवाल, अखिलेश खरवार, भूपेंद्र नाथ, रितेश दास, सोनिया कुमारी, रीमा यादव सहित जनपद के खेल प्रेमी उपस्थित रहे। अंत में जिला क्रीड़ाधिक.ारी डी.पी. सिंह ने प्रतियोगिता को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी अतिथियों, खिलाड़ियों एवं खेल प्रेमियों के प्रति आभार व्यक्त किया।



















# विद्यालय का उद्देश्य सिर्फ शिक्षा नहीं,खेल प्रतिभाओं को मंच भी देना है-प्रमोद

## एसडीएम ने किया तहसील स्तरीय माध्यमिक एथलेटिक्स प्रतियोगिता का उद्घाटन

मधुबन(मऊ)। तहसील स्तरीय माध्यमिक एथलेटिक्स प्रतियोगिता का उद्घाटन उपजिलाधिकारी मधुबन दीपक सिंह व कालेज के प्रबंधक प्रमोद कुमार मल्ल ने मां सरस्वती के प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ शहीद इंटर कालेज मधुबन के प्रांगण में किया। उद्घाटन 400 मीटर सीनियर बालक एवं बालिका दौड़ से हुआ। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक प्रमोद कुमार मल्ल और प्रधानाचार्य विक्रमादित्य चौहान ने सहयोग प्रदान किया। उद्घाटन के बाद एसडीएम दीपक सिंह ने कहा कि खेल बच्चों में अनुशासन, आत्मविश्वास और टीम भावना का विकास करता है। तहसील स्तर से निकलने वाले खिलाड़ी जिला और मंडल स्तर पर भी अच्छा प्रदर्शन करेंगे। प्रबंधक प्रमोद कुमार मल्ल ने कहा कि शहीद इंटर कालेज का उद्देश्य सिर्फ शिक्षा नहीं, बल्कि खेल प्रतिभाओं को मंच देना भी है। सभी प्रतिभागियों को बधाई और विजेताओं को शुभकामनाएं दिया। 400 मी सीनियर बालक वर्ग में शहीद इंटर कालेज मधुबन के आकाश प्रथम और छोटू चौहान द्वितीय रहे, जबकि जनता शिक्षा निकेतन इंटर कालेज दुबारी के पीयूष गुप्ता तृतीय स्थान पर रहे। 400 मी सीनियर बालिका वर्ग में शहीद इंटर कालेज मधुबन की लालसा साहनी प्रथम, फतहपुर गर्ल्स इंटर कालेज की नंदिता द्वितीय और समाज सेवक इंटर कालेज भैरोपुर की लक्ष्मीना तृतीय रहीं। इसके अलावा 100 मी, 200 मी, 800 मी, 1500 मी, 3000 मी और 5000 मी दौड़, ऊंची कूद, लंबी कूद, ट्रिपल जंप, भाला फेंक, गोला फेंक और डिस्कस थ्रो का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में विजेताओं को उपजिला.धिकारी दीपक सिंह व प्रबंधक प्रमोद कुमार मल्ल द्वारा मेडल एवं प्रमाण पत्र दिए गए। इस अवसर पर उप प्रधानाचार्य धनंजय सिंह, व्यायाम शिक्षक वीरेंद्र विक्रम, भूपेंद्र वीर सिंह, श्रीराम बरनवाल, जयराम सिंह यादव, इफ्तेखार हुसैन, पवन प्रताप राय, इंद्रसेन मल्ल, सुनील कुमार रजक, राम लच्छन प्रसाद, प्रदीप कुमार राम, नरेंद्र प्रताप, शिवकुमार, संगीता मल्ल, शगुफ्ता जमाल, पूजा भारती, वरिष्ठ लिपिक तेज बहाद.ुर सिंह सहित तहसील के खेल शिक्षक गोविंद आर्या, दुर्गेश सिंह, राहत बानो , गिरीश यादव, संजय कुमार, श्रीनिवास मौर्य, मंगल राम, वकील सिंह, बीना पांडेय आदि उपस्थित रहे।



# संविदा स्वास्थ्य कर्मियों ने भरी हुंकार, तीन दिवसीय कार्य बहिष्कार शुरू

मऊ। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत कार्यरत संविदा स्वास्थ्य कर्मियों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर गुरुवार से आंदोलन का बिगुल फूंक दिया। प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर '8, 9 एवं 10 अक्टूबर 2026' को तीन दिवसीय धरना-प्रदर्शन एवं कार्य बहिष्कार शुरू किया गया। जनपद के विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों एवं चिकित्सालयों में कार्यरत संविदा कर्मियों ने 'मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय, मऊ' को धरना स्थल बनाकर अपनी मांगों के समर्थन में जोरदार प्रदर्शन किया। धरने में बड़ी संख्या में संविदा स्वास्थ्य कर्मियों ने शामिल होकर एकजुटता का प्रदर्शन किया। डा. सौरभ सिंह ने कहा कि संविदा स्वास्थ्य कर्मियों की मांगों पर शासन और प्रशासन को सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाते हुए शीघ्र निर्णय लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि कर्मचारी अपनी मांगों को शांतिपूर्ण एवं लोकतांत्रिक तरीके से शासन तक पहुंचा रहे हैं। संघ पदाधिकारियों ने स्पष्ट किया कि आंदोलन के दौरान 'आपातकालीन एवं आवश्यक स्वास्थ्य सेवाओं को बाधित नहीं किया जाएगा।

### पुण्यतिथि पर याद किये गये अनिल राय

सूरजपुर (मऊ)। दोहरीघाट ब्लाक क्षेत्र के रसूलपुर बाजार में समाजसेवी स्वर्गीय अनिल राय की दसवीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान उपस्थित लोगों ने उन्हें याद करते हुए श्रद्धासुमन अर्पित किए। वक्ताओं ने स्वर्गीय अनिल राय के सामाजिक योगदान को याद किया और उनके प्रति सम्मान व्यक्त किया। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष कोटेदार कल्याण समिति सुभाष चंद्र पटेल, प्रमोद नारायण सिंह, सनातन प्रसाद, विपिन बिहारी, राज.ेश राय, वीरेंद्र यादव, श्याम सुंदर, रमाकांत, मुकेश और सीता पटेल सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# सम्पर्क मार्ग जर्जर होने से परेशानी

मधुबन(मऊ)। विकासखंड फतहपुर मंडाव क्षेत्र के ग्राम पंचायत कटघरा शंकर अंतर्गत मधुबन-बेल्थरा रोड मार्ग एवं मधुबन-मऊ शहीद मार्ग को जोड़ने वाले संपर्क खड़ंजा मार्ग पर अव्यवस्था के चलते ग्रामीणों और राहगीरों को आवागमन में भारी

### आये दिन घायल हो रहे लोग

परेशानीयों का सामना करना पड़ रहा है। संपर्क मार्ग पर नाबदान का पानी बहने के साथ ही रास्ते में सीमेंट का बड़ा पाइप (बोमा) रख दिए जाने से दुर्घटना का खतरा बना हुआ है। संपर्क मार्ग पर रखे गए सीमेंट के पाइप के कारण रास्ता काफी संकरा हो गया है। विशेष रूप से रात के समय साइकिल और मोटरसाइकिल सवार लोगों को पाइप दिखाई नहीं देने के कारण आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं।



कई लोग असंतुलित होकर गिरने से चोटिल हो चुके हैं।

### एसडीएम ने किया स्थलीय निरीक्षण

घोसी(मऊ)। उपजिलाधिकारी न्यायालय में विचाराधीन राजस्व वाद के निस्तारण की प्रक्रिया के तहत उपजिलाधिकारी अशोक सिंह ने ग्राम अकोल्ही मुबारकपुर में स्थलीय निरीक्षण किया।

### घोसी में कोहरे का आगाज

घोसी(मऊ)। अक्टूबर की शुरुआत के साथ ही मौसम में बदलाव देखने को मिलने लगा है। घोसी में सुबह और शाम हल्की ठंड का एहसास होने लगा है। शुक्रवार 9 अक्टूबर की सुबह करीब छह बजे घोसी शहर कोहरे की चादर ने अपने आगोश में ले लिया। और दूर की चीजें धुंधली नजर आने लगीं।

# संक्षिप्त समाचार

### बेची गयी दवा को वापस मंगाने का निर्देश

मऊ। औषधि निरीक्षक, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, आशुतोष कुमार चौबे ने बताया कि ख्वाजाजहांपुर स्थित मेसर्स कृष फार्मा का निरीक्षण किया गया।निरीक्षण के दौरान संबंधित औषधि की बिक्री पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी गई। साथ ही, उपलब्ध स्टाक तथा उक्त औषधि के अन्य बैचों के क्रय-विक्रय एवं भंडारण से संबंधित अभिलेखों की जांच की गई। इस दौरान अन्य बैच की औषधि सहित कुल तीन औषधियों के नमूने परीक्षण हेतु संकलित किए गए। औषधि निरीक्षक ने बताया कि फर्म की स्वामिनी श्रीमती कंचन शुक्ला को निर्देशित किया गया है कि बाजार में वितरित संबंधित औषधि को विक्रेताओं से वापस मंगाकर अपने सप्लायर को वापस करें।

### दोहरीघाट में आज से शुरू होगी रामलीला

दोहरीघाट (मऊ)। नगर में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी पारंपरिक रामलीला का आयोजन किया जा रहा है। रामलीला का शुभारंभ शनिवार से होगा। आयोजन को लेकर नगर में उत्साह का माहौल है। रामलीला के माध्यम से भगवान श्रीराम के जीवन से जुड़े विभिन्न प्रसंगों का मंचन किया जाएगा। आयोजन के क्रम में दिन शनिवार शाम छह बजे सीता विवाह प्रसंग को लेकर विशेष कार्यक्रम आयोजित होगा। इस अवसर पर नगर भ्रमण के उपरांत सीता विवाह की लीला संपन्न होगी।

### शांतिभंग की आशंका में १८ का चालान

मुहम्मदाबाद गोहना (मऊ)। स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मीरपुर रहीमाबाद में मारपीट के मामले में शुक्रवार को पुलिस ने भंवरनाथ यादव, धर्म चौहान , ग्राम जोगरी कें मैरिज यादव एवं सारिक यादव,नगर पंचायत ललितपुर निवासी , नीरज मद्धेशिया दूसरे पक्ष के बेचन सोनकर के द्वारा 13 लोगों का शांति भंग में न्यायालय चालान किया गया।

### यूरिया आने से किसानों में खुशी की लहर

मुहम्मदाबाद गोहना (मऊ)। पीपीएल कंपनी की जय किसान नवरतना भारत यूरिया की प्रथम रेक मुहम्मदाबाद गोहना तहसील क्षेत्र के खुरहट में आने पर किसानों में खुशी की लहर दौड़ पड़ी। इस मौके पर अमित कुमार त्रिपाठी (विपणन विकास अधिकारी), अमित सिंह (विपणन अधिक.ारी), विपिन चौबे (लाजिस्टिक मैनेजर), सुमित राठी (असिस्टेंट मैनेजर) एवं गौरव चौरसिया ने बताया कि अब किसानों को यूरिया एवं डीएपी के लिए इधर-उधर नहीं भटकना पड़ेगा।

### बायोमेडिकल कचरे के निस्तारण का प्रतिदिन दें विवरण-सीडीओ

मऊ। मुख्य विकास अधिकारी ध्रुव खाड़िया की अध्यक्षता में जिला गंगा समिति, जिला वृक्षारोपण समिति, आर्द्रभूमि समितिएवं जिला पर्यावरण समिति की मासिक बैठक विकास भवन सभागार में आयोजित की गई। उन्होंने प्रत्येक अस्पताल से निकलने वाले बायोमेडिकल कचरे की मात्रा, उसके संग्रहण एवं निस्तारण की प्रक्रिया तथा संबंधित अस्पतालों और अधिकृत कचरा निस्तारण एजेंसियों के बीच किए गए अनुबंधों की स्थिति की जानकारी मांगी और नियमित रिपोर्ट तलब किया।

# आज दर्शक अपनी संस्कृति के बारे में और ज्यादा जानना चाहते हैं-तमन्ना भाटिया

**एक्ट्रेस तमन्ना भाटिया ने हनुमान अंश और सनातन संस्कृति पर बन रही फिल्मों की सफलता पर अपनी राय रखी है। इंटरव्यू में उन्होंने कहा कि सनातन संस्कृति जितनी स्पिरिचुअल है, उतनी ही साइंटिफिक भी है।**

आज दर्शक अपनी संस्कृति के बारे में और ज्यादा जानना चाहते हैं। डिमांड के कारण ऐसी कहानियां बनाई जा रही हैं और लोग इन्हें पसंद कर रहे हैं। इस बीच सनातन थीम पर आधारित फिल्म हनुमान अंश ने 56 दिनों में दुनियाभर में 414.06 करोड़ रुपए का बिजनेस कर लिया है। तमन्ना भाटिया ने कहा कि अर्बन इंडिया के लिए अपनी जड़ों और कल्चर को समझना बेहद जरूरी है। अक्सर लोग हर बात का पहले सबूत मांगते हैं और फिर विश्वास करते हैं, जबकि अध्यात्म का नियम है कि आप विश्वास करें तो अनुभव खुद मिल जाएगा। अपनी फिल्म वन में निभाए किरदार का हवाला देते हुए तमन्ना ने बताया कि साइंस और स्पिरिचुअलिटी अलग नहीं हैं, दोनों एक ही बात को कहने के दो अलग तरीके हैं। तमन्ना ने बताया कि कुछ समय पहले एक पब्लिक वॉशरूम में उनकी मुलाकात हनुमान अंश की महिला प्रोड्यूसर से हुई थी। वहां बातचीत के दौरान तमन्ना ने उन्हें फिल्म की सफलता पर बधाई दी। तमन्ना ने कहा कि मेकर्स ने बहुत कठिनाइयों के साथ यह फिल्म बनाई है और आज इसे जो रिस्पॉन्स मिल रहा है, उससे वे काफी खुश हैं। जब कोई फिल्म बॉक्स ऑफिस पर बड़े आंकड़े लेकर आती है, तो उसकी सफलता पर सवाल नहीं उठाया जा सकता। आगे भी धार्मिक या पौराणिक विषयों पर काम करने के सवाल पर तमन्ना ने कहा कि अगर किसी कहानी का लोगों पर अच्छा प्रभाव पड़ता है तो वे ऐसी फिल्मों का हिस्सा जरूर बनना चाहेंगी। भारतीय पौराणिक कथाओं में कई ऐसे किरदार हैं जिन्हें पर्दे पर उतारा जा सकता है। अपने एक पुराने अनुभव का जिक्र करते हुए उन्होंने बताया कि जब उन्होंने छठी मैया का गाना किया था, तब पटना के एक कॉलेज में किसी ने उनसे कहा था कि ऊपर वाले ने इस काम के लिए खुद आपको चुना है। सनातन और पौराणिक बैकग्राउंड पर बनी फिल्मों की सफलता का बड़ा उदाहरण हनुमान अंश का बॉक्स ऑफिस कलेक्शन है। फिल्म ने अपनी रिलीज के 56वें दिन 4,345 शो के जरिए 2.90 करोड़ रुपए का नेट कलेक्शन किया। इसके साथ ही भारत में फिल्म की कुल नेट कमाई 317.38 करोड़ रुपए और कुल ग्रॉस कलेक्शन 374.86 करोड़ रुपए तक पहुंच गया है। ओवरसीज मार्केट में फिल्म ने 56वें दिन 0.10 करोड़ रुपए जोड़कर कुल 39.20 करोड़ रुपए की कमाई की है। इन आंकड़ों को मिलाकर फिल्म का वर्ल्डवाइड ग्रॉस कलेक्शन 414.06 करोड़ रुपए हो गया है।

**जब कोई फिल्म बॉक्स ऑफिस पर बड़े आंकड़े लेकर आती है, तो उसकी सफलता पर सवाल नहीं उठाया जा सकता। आगे भी धार्मिक या पौराणिक विषयों पर काम करने के सवाल पर तमन्ना ने कहा कि अगर किसी कहानी का लोगों पर अच्छा प्रभाव पड़ता है तो वे ऐसी फिल्मों का हिस्सा जरूर बनना चाहेंगी। भारतीय पौराणिक कथाओं में कई ऐसे किरदार हैं जिन्हें पर्दे पर उतारा जा सकता है।**







# आलोचना के चलते खुद को नहीं बदलतीं एक्ट्रेस-कटरीना कैफ



एक्ट्रेस कटरीना कैफ मां बनने के बाद जब पब्लिकली स्पॉट हुईं तो लोगों ने उनके मोटापे पर तंज कसा। यहां तक कि नीता और मुकेश अंबानी की गणेश चतुर्थी पूजा में भी उनकी अपीयरेंस को लेकर सोशल मीडिया पर आलोचना हुई। तब कई सेलिब्रिटीज ने कटरीना कैफ की आलोचना करने वालों को लताड़ लगाई थी। यहां तक कि सलमान खान ने भी उन्हें सपोर्ट कर ट्रोल्स को खरी-खोटी सुनाई थी। अब कटरीना कैफ ने सोशल मीडिया पर मिलने वाली आलोचनाओं की वजह से पड़ने वाले प्रभाव के बारे में बात की है। कटरीना कैफ ने खुले तौर पर हालिया ट्रोलिंग के बारे में बात नहीं की है, लेकिन उन्होंने कहा कि वह कैसे सोशल मीडिया ट्रोल्स से डील करती हैं। लंदन के एक इवेंट में एक्ट्रेस ने कहा, मुझे लगता है कि हमें इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि सोशल मीडिया पर चल रही बातें हमारी अपनी अहमियत पर असर न डालें। अगर हम हर किसी की पसंद के हिसाब से चलने की कोशिश करने लगें, तो इससे खुद के लिए फैसले लेने की हमारी क्षमता पर बुरा असर पड़ता है। कटरीना कैफ ने आगे कहा, अगर मैं भी हर बार आलोचना या कमेंट्स के आधार पर अपने काम तय करती, तो शायद डर के मारे आगे ही नहीं बढ़ पाती और अपनी जिंदगी में कुछ नहीं कर पाती। कभी-कभी दुनिया आपकी तारीफ करती है और जश्न मनाती है तो कभी-कभी आपको खुद ही अपना सबसे बड़ा चीयरलीडर बनना पड़ता है। कटरीना कैफ ने पिछले साल नवंबर में एक बेबी ब्वॉय को जन्म दिया था जिसका नाम उन्होंने विहान कौशल रखा है। एक्ट्रेस भले ही मां बनने के बाद बड़े पर्दे से दूर हैं, लेकिन वह इवेंट्स या पार्टी में कभी-कभी स्पॉट होती हैं।

**अगर हम हर किसी की पसंद के हिसाब से चलने की कोशिश करने लगें, तो इससे खुद के लिए फैसले लेने की हमारी क्षमता पर बुरा असर पड़ता है। कटरीना कैफ ने आगे कहा, अगर मैं भी हर बार आलोचना या कमेंट्स के आधार पर अपने काम तय करती, तो शायद डर के मारे आगे ही नहीं बढ़ पाती**

# एक बार फिर हमें जिंदगी का सबसे बड़ा तोहफा मिलने वाला है-सिद्धार्थ मल्होत्रा

कियारा आडवाणी और सिद्धार्थ मल्होत्रा दूसरी बार माता-पिता बनने वाले हैं। दोनों ने सोशल मीडिया पर यह जानकारी दी। पोस्ट में कियारा और सिद्धार्थ ने लिखा, एक बार फिर हमें जिंदगी का सबसे बड़ा तोहफा मिलने वाला है। हमारे दिल प्यार और आभार से भर गए हैं।



कियारा आडवाणी और सिद्धार्थ मल्होत्रा की शादी 7 फरवरी 2023 को हुई थी। दोनों ने राजस्थान के जैसलमेर स्थित सूर्यगढ़ पैलेस में परिवार और करीबी दोस्तों की मौजूदगी में शादी की थी। दोनों की प्रेम कहानी फिल्म 'शेरशाह' के दौरान चर्चा में आई थी। फिल्म में दोनों ने साथ काम किया था। फिल्म की शूटिंग के दौरान उनकी नजदीकियां बढ़ी थीं। शादी के करीब दो साल बाद कियारा और सिद्धार्थ पहली बार माता-पिता बने थे। जुलाई 2025 में दोनों ने सोशल मीडिया पर बेटी के जन्म की जानकारी दी थी। कपल ने बताया था कि उनके घर बेटी आई है। बाद में नवंबर 2025 में दोनों ने अपनी बेटी का नाम भी बताया था। उन्होंने बेटी का नाम सरायाह मल्होत्रा रखा। नाम की घोषणा करते हुए दोनों ने बेटी को अपना आशीर्वाद और राजकुमारी बताया था। हाल ही में सिद्धार्थ मल्होत्रा ने पिता बनने के अनुभव के बारे में भी बात की थी। टीवी शो 'बिग बॉस 20' में पहुंचे सिद्धार्थ से सलमान खान ने उनकी शादीशुदा जिंदगी और पिता बनने को लेकर सवाल किया था। सिद्धार्थ ने कहा था कि पिता बनना उनके लिए सबसे खास भूमिका है। उन्होंने अपनी बेटी को बहुत प्यारा बताया था और कहा था कि वह लगातार नई चीजें सीख रही है। इसी बातचीत के दौरान सलमान खान ने मजाक में सिद्धार्थ से जल्द एक और बच्चा होने की बात कही थी। हालांकि, तब दूसरी प्रेग्नेंसी की कोई घोषणा नहीं हुई थी। वहीं, मां बनने के बाद अपनी जिंदगी में आए बदलावों के बारे में राज शमानी के पॉडकास्ट पर बात करते हुए कियारा ने कहा था कि मां बनने से पहले और बाद में उन्हें खुद में काफी बदलाव महसूस हुआ। उन्होंने कहा कि अब वह खुद को पूरी तरह अलग इंसान मानती हैं। कियारा आडवाणी और सिद्धार्थ मल्होत्रा आज बॉलीवुड के चर्चित कलाकारों में शामिल हैं। सिद्धार्थ ने करियर की शुरुआत मॉडलिंग से की थी। उन्होंने 2010 में फिल्म 'माई नेम इज़ खान' में असिस्टेंट डायरेक्टर के तौर पर काम किया। इसके बाद 2012 में 'स्टूडेंट ऑफ द ईयर' से एक्टिंग डेब्यू किया। 'हंसी तो फंसी', 'एक विलेन' और 'कपूर एंड सन्स' जैसी फिल्मों से उन्हें पहचान मिली। हाल ही में वो फिल्म 'द वन' में नजर आए थे। वहीं, कियारा ने 2014 में फिल्म 'फगली' से डेब्यू किया था। 2016 में 'एमएस धोनी- द अनटोल्ड स्टोरी' से उन्हें बड़ी पहचान मिली। इसके बाद उन्होंने 'लस्ट स्टोरीज', 'कबीर सिंह', 'गुड न्यूज', 'भूल भुलैया 2', 'जुगजुग जीयो' और 'सत्यप्रेम की कथा' जैसे प्रोजेक्ट्स में काम किया। आखिरी बार कियारा यश स्टारर फिल्म 'टॉक्सिक' में नजर आई थीं।

# तकनीक का गलत इस्तेमाल यौन उत्पीड़न जैसा-जान्हवी कपूर

अभिनेत्री जान्हवी कपूर ने अपनी फिल्म देवरा- पार्ट 1 के गाने चुट्टामल्ले पर बने प्रथम जनरेटेड अश्लील (डीपफेक) वीडियो पर कड़ी नाराजगी जताई है। इंस्टाग्राम स्टोरीज पर एक बयान जारी कर उन्होंने तकनीक के इस गलत इस्तेमाल को यौन उत्पीड़न के बराबर बताया। जान्हवी ने कहा कि बिना मर्जी के महिलाओं का ऐसा कंटेंट बनाना उनकी गरिमा का गंभीर उल्लंघन है। इसके साथ ही उन्होंने इस मुद्दे पर खुलकर बोलने और समर्थन देने के लिए अपने को-स्टार जूनियर एनटीआर, चिरंजीवी, विजय देवरकोंडा और खुशबू का आभार व्यक्त किया। जान्हवी कपूर ने अपने बयान में लिखा कि महिलाओं को केवल एक वस्तु की तरह दिखाना और उनकी सहमति के बिना एडिटेड कंटेंट फैलाना बेहद गंभीर मामला है। यह आपराधिक कृत्य लगभग यौन उत्पीड़न के ही समान है। उन्होंने कहा कि फिल्म इंडस्ट्री की लगभग हर महिला ने किसी न किसी रूप में इस परेशानी का सामना किया है। अब डिजिटल प्लेटफॉर्म्स पर हर जगह आम महिलाएं भी इसका शिकार हो रही हैं। एक्ट्रेस ने महिलाओं की पसंद और उनके शरीर के प्रति सम्मान देने की बात कही। उन्होंने कहा कि अगर कोई महिला पांच दिन 'हां' कहती है और छठे दिन 'ना', तो उस 'ना' का सम्मान किया जाना चाहिए। मिनीस्कर्ट पहनने का मतलब यह नहीं होता कि कोई उसके नीचे कैमरा लगाए या उसके शरीर का गलत इस्तेमाल करे। महिला किस चीज में सहज है और अपनी सीमा कहां तय करती है, यह फैसला पूरी तरह से उसी का होना चाहिए। जान्हवी ने आगे कहा कि ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों जगहों पर महिलाओं को सीमाओं के उल्लंघन का सामना करना पड़ता है। उन्होंने सलाह दी कि लोगों को सिर्फ अपनी बेटियों की सुरक्षा करने की बात कहने के बजाय अपनी सोच बदलनी होगी। समाज को ऐसी मानसिकता विकसित करने की जरूरत है जो लोगों को दूसरों की प्राइवेसी और सीमाओं का उल्लंघन करने से रोके। जान्हवी ने अपने को-स्टार जूनियर एनटीआर का खास तौर पर शुक्रिया अदा किया, जिन्होंने इस वायरल वीडियो के खिलाफ सार्वजनिक रूप से कड़ा बयान दिया था। जान्हवी के मुताबिक, बड़े स्टार्स का ऐसा स्टैंड लेना उन सभी महिलाओं को हिम्मत देता है जो इस तरह के बर्ताव से पीड़ित हैं। उन्होंने मामले में एकजुटता दिखाने के लिए दिग्गज अभिनेता चिरंजीवी, विजय देवरकोंडा और खुशबू सुंदर को भी धन्यवाद कहा। जूनियर ह्वक्रने मॉर्फ्ड 'चुट्टामल्ले' वीडियो बनाने और उसे फैलाने वालों को कड़ी चेतावनी दी थी। उन्होंने लिखा कि 'चुट्टामल्ले' के इस मॉर्फ्ड वीडियो को बनाने और फैलाने वालों के खिलाफ मैं हर संभव कानूनी कार्रवाई करूंगा। मैं उनमें से किसी को भी नहीं छोड़ूंगा।



# अपने बेबाक अंदाज के लिए जाने जाते थे राजकुमार



**बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता राजकुमार फिल्मों में आने से पहले मुंबई पुलिस में सब-इंस्पेक्टर थे और अपने बेबाक अंदाज के लिए जाने जाते थे।**

बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता राजकुमार को सिनेमा में उनके वर्सेटाइल रोल्स के लिए जाना जाता है। अपने बेबाक अंदाज, कड़क आवाज और लाजवाब डायलॉग डिलीवरी के लिए जाना जाता है। उनका जन्म पाकिस्तान के बलूचिस्तान में हुआ था और विभाजन के बाद वे मुंबई आ गए। लेकिन क्या आपको पता है कि सिनेमा को जानी का डायलॉग देने वाले राजकुमार असल में मुंबई पुलिस में सब-इंस्पेक्टर थे। जी हां, फिल्म जगत में कदम रखने से पहले, राज कुमार ने 1940 के दशक में मुंबई पुलिस में सब-इंस्पेक्टर के रूप में सेवा दी थी। बार यूं ही ड्यूटी पर रहते हुए फिल्म निर्माता सोहराब मोदी की नजर उन पर पड़ी और उन्होंने उन्हें एक फिल्म का प्रस्ताव दिया। राज कुमार ने पहले तो प्रस्ताव ठुकरा दिया, फिर बाद में उन्होंने अभिनय की ओर रुख किया। राजकुमार ने अपने करियर में कुछ शानदार रोल किए जिसमें साल 1957 में रिलीज हुई उनकी फिल्म मदर इंडिया , 1963 में आई दिल एक मंदिर , 1965 में आई वक्त , 1970 में आई हीर-रांझा और 1972 में आई पाकीजा शामिल हैं। राजकुमार जितने बेहतरीन कलाकार थे, उतने ही मुंहफट भी थे। फिल्मों को न कहना उन्हें बहुत आसान लगता था। एक ऐसा ही दिलचस्प किस्सा है निर्देशक रामानंद सागर के साथ। कहा जाता है कि एक बार अपनी फिल्म आंखें की कहानी लेकर रमानंद सागर राजकुमार के पास गए थे। उन्होंने राजकुमार को इसकी स्क्रिप्ट सुनाई। राजकुमार को ये स्क्रिप्ट कुछ खास पसंद नहीं आई। स्क्रिप्ट सुनने के बाद राजकुमार ने अपने पालतू कुत्ते को अपने पास बुलाया और उससे पूछा, क्या तुम यह रोल करना चाहोगे? कुत्ता अपनी जगह से उठकर चला गया। इस पर राजकुमार ने रामानंद सागर से हंसते हुए कहा, देखो, यह रोल तो मेरा कुत्ता भी नहीं करना चाहता, तो मैं कैसे कर सकता हूं? राजकुमार की लव लाइफ भी बेहद फिल्मी है। एक बार वो प्लेन से कही ट्रेवल कर रहे थे जब एक एयरहोस्टेस पर उनका दिल आ गया। उसका नाम जेनिफर था। राजकुमार उनके प्यार में इस कदर गिरफ्तार हुए कि उन्होंने जेनिफर से शादी करने का फैसला कर लिया। शादी के बाद जेनिफर ने अपना नाम बदलकर गायत्री रख लिया। दोनों के तीन बच्चे हुए जिनके नाम पुरु राजकुमार, पाणिनी राजकुमार और वास्तविकता राजकुमार हैं।

**राजकुमार ने अपने करियर में कुछ शानदार रोल किए जिसमें साल 1957 में रिलीज हुई उनकी फिल्म मदर इंडिया, 1963 में दिल एक मंदिर, 1965 में वक्त, 1970 में हीर-रांझा और 1972 में आई पाकीजा शामिल हैं। राजकुमार जितने बेहतरीन कलाकार थे, उतने ही मुंहफट भी थे।**